3 राजधानी
बटलर झील का होगा सौंदर्यीकरण

6 अभिमत
समानता के लिए जारी है संघर्ष

10 विदेश
ईरान में हिंसक प्रदर्शन जारी

12 स्पोर्ट्स
भारत ने आस्ट्रेलिया को छह विकेट से दी शिकस्त

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 331
लखनऊ, शनिवार, 24 सितंबर, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष बनने में मेरी दिलचस्पी नहीं: दिग्विजय सिंह

राष्ट्रीय-9

# विकास में बाधा बन रहे अर्बन नक्सल: मोदी

● प्रधानमंत्री का राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों से अनुरोध- पर्यावरण के नाम पर परियोजनाओं को अनावश्यक रूप से न रोकें

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया कि भारत में विकास की गति को रोकने के लिए अर्बन नक्सल (शहरी नक्सली) को विदेशी संगठनों से मोटा फंड मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने अपने गृह राज्य गुजरात का उदाहरण दिया और कहा कि ऐसी साजिशों को नाकाम करने में कुछ वक्त तो लगा, लेकिन राज्य के लोगों को उन पर विजय हासिल हुई।

गुजरात में नर्मदा जिले के एकता नगर में राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उद्घाटन करने के मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस ऐसे समय आयोजित की जा रही है जब भारत अगले 25 वर्षों के लिए नए लक्ष्य निर्धारित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। यह तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और लगातार अपनी पारिस्थितिकी को मजबूत कर रहा है। हमारा वन क्षेत्र बढ़ा है एवं वेटलैंड (झीलों) में भी तेजी से फैलाव हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण मंजूरी मिलने में आने वाली दिक्कतों की ओर संकेत करते हुए कहा कि आधुनिक आधारभूत ढांचे के विकास और आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयासों को बाधित किया गया। इसके लिए उन्होंने सरदार सरोवर बांध का उदाहरण दिया, जिसके निर्माण कार्य का शुभारंभ 1961 में पंडित नेहरू द्वारा किया गया था, लेकिन उसमें तमाम अड़चनें आती रहीं और कार्य पिछड़ता गया। इस कारण निर्माण कार्य कई दशकों में पूरा हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि अर्बन नक्सलियों ने विदेशी संगठनों एवं फाउंडेशनों से मोटा चंदा लेकर भारत का विकास बाधित किया। इनकी इन्हीं साजिशों के चलते वर्ल्ड बैंक ने सरदार सरोवर बांध की ऊंचाई बढ़ाने के लिए लोन देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि सरदार सरोवर बांध को पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बताया गया था, लेकिन यही बांध आज पर्यावरण की रक्षा करने का काम कर रहा है।

अर्बन नक्सलियों की साजिशों को नाकाम करने में देर तो लगी, लेकिन गुजरात के लोगों ने उन्हें हरा दिया। मालूम हो कि सामाजिक एवं पर्यावरण कार्यकर्ता मेधा पाटकर के नेतृत्व में नर्मदा बचाव आंदोलन के जरिए सरदार सरोवर बांध का विरोध किया गया था। उनका तर्क था कि इससे स्थानीय जनजातीय समुदाय पर बहुत विपरीत असर पड़ेगा और उन्हें विस्थापित होना पड़ेगा। साथ ही पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की बात कही गई थी। मोदी ने कहा कि इस परियोजना के पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के दावे के विपरीत, बांध के आसपास का क्षेत्र अब पर्यावरण प्रेमियों के लिए एक तीर्थ क्षेत्र बन गया है। मोदी मशहूर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और इस 182 मीटर ऊंचे स्मारक के आसपास बने प्रतिष्ठित पर्यटक आकर्षणों जैसे जंगल सफारी, फूलों की घाटी आदि का जिक्र कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने विभिन्न राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों से आग्रह किया कि यह सुनिश्चित करें कि व्यवसाय को सुगम बनाने या जीवन को आसान बनाने वाली परियोजनाओं को केवल पर्यावरण के नाम पर अनावश्यक रूप से रोका न जाए। उन्होंने राज्य सरकारों से विकास बाधित करने वालों की साजिशों से निपटने के लिए पर्यावरण संबंधी मंजूरी देने के वास्ते संतुलित दृष्टिकोण अपनाने को कहा। नक्सलवाद के प्रति सहानुभूति रखने वालों के साथ-साथ कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए कुछ राजनीतिक खेमे अक्सर शहरी नक्सली (अर्बन नक्सल) शब्द का इस्तेमाल करते हैं।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि शहरी नक्सलियों ने राज्य तथा कच्छ क्षेत्र को पानी व विकास से वंचित करने के लिए सरदार सरोवर बांध के निर्माण का विरोध किया था। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता एवं नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को शहरी नक्सली करार दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रियों को आगाह करते हुए कहा कि ये शहरी नक्सली अब भी सक्रिय हैं और पर्यावरण के (शेष पेज 4)

# कनाडा में रह रहे भारतीयों को सतर्क रहने की सलाह

● विदेश मंत्रालय ने जारी की एडवायजरी, हाल में वहां घृणा अपराध, नस्ली हिसा और भारत विरोधी घटनाओं में हुई है वृद्धि

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**विदेश** मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि कनाडा में घृणा अपराध, नस्ली हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों से जुड़ी घटनाओं में तीव्र वृद्धि हुई है, ऐसे में वहां भारतीय नागरिकों और छात्रों को सचेत एवं चौकस रहने की सलाह दी जाती है। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, कनाडा में भारत के नागरिकों एवं छात्रों के लिए जारी परामर्श में कहा गया कि कनाडा में घृणा अपराध, नस्ली हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों से जुड़ी घटनाओं में तीव्र वृद्धि हुई है।

विदेश मंत्रालय और कनाडा में हमारे उच्चायोग एवं महावाणिज्य दूतावास ने वहां के प्रशासन के समक्ष इन घटनाओं को उठाया है और ऐसे अपराध की जांच करने एवं उपयुक्त कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इसमें कहा गया है कि ऐसे अपराधों को अंजाम देने वालों को कनाडा में अब तक न्याय के कठघरे में नहीं खड़ा किया गया है। मंत्रालय ने कहा, ऐसे अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए कनाडा में भारतीय नागरिकों एवं छात्रों तथा वहां यात्रा शिक्षा के लिए जाने वालों को सचेत एवं सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

बयान में कहा गया है कि कनाडा में भारतीय नागरिक एवं छात्र ओटावा में भारतीय उच्चायोग या टोरंटो और वेंकूवर में महावाणिज्य दूतावास के साथ संबंधित वेबसाइट या मदद पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं। इसमें कहा गया है कि पंजीकरण कराने से उच्चायोग और महावाणिज्य दूतावास के लिए किसी भी जरूरत या आपात स्थिति में कनाडा में भारतीय नागरिकों से बेहतर ढंग से सम्पर्क करना सुगम होगा। एक दिन पहले ही, भारत ने कनाडा में तथाकथित खालिस्तानी जनमत संग्रह पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि यह (शेष पेज 4)

## रूस और यूक्रेन युद्ध रोकने को मोदी की सदस्यता वाली समिति बनाने का प्रस्ताव

**पिट्सबर्ग।** मेक्सिको ने रूस और यूक्रेन के बीच स्थायी शांति स्थापति करने की कोशिश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पोप फ्रांसिस तथा संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस की सदस्यता वाली एक समिति के गठन का प्रस्ताव रखा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन पर चर्चा के दौरान मेक्सिको को विदेश मंत्री मार्सेलो लुइस एब्राड कासोबौन ने यह प्रस्ताव दिया।



विधानसभा से पार्टी मुख्यालय तक पैदल मार्च करते सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व विधायकगण

## इमामों के संग भागवत की बैठक भटकाव नहीं: इंद्रेश कुमार

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि सरसंघचालक मोहन भागवत का मस्जिद का दौरा और इमामों के संगठन के प्रमुख के साथ बैठक करना संघ के रूख से भटकाव नहीं है। उन्होंने कहा कि संघ के रूख के बारे में कांग्रेस की समझ सही नहीं है और उसे पश्चाताप करना चाहिए। आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य कुमार ने कांग्रेस के उस बयान की आलोचना की, जिसमें विपक्षी दल ने कहा था कि उसकी भारत जोड़ो यात्रा का यह प्रभाव है कि आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत इमामों और मुस्लिम समुदाय के लोगों के पास पहुंच गए। तीन मूर्ति चौक पर 104वें हाइफा विजय दिवस समारोह से इतर कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि संघ के रूख में कोई बदलाव नहीं आया है, वह पूर्ववत है और आगे भी यही रहेगा तथा यह शाश्वत है। कुमार ने कहा, लोगों ने इसे गलत समझा है क्योंकि उन्हें (शेष पेज 4)

# पीएम बनने के लिए नीतीश ने भाजपा को दिया धोखा

● शाह का दावा, भाजपा राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी

**भाषा।** पूर्णिया (बिहार)



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व सहयोगी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर शुक्रवार को तीखा हमला किया और उन पर प्रधानमंत्री पद की अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की कोशिश में कांग्रेस एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ हाथ मिलाकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पीठ में छुरा घोंपने का आरोप लगाया।

उत्तर बिहार के पूर्णिया में आयोजित एक रैली में, शाह ने कहा कि कुमार और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की जोड़ी का 2024 के लोकसभा चुनावों में सूपड़ा साफ हो जाएगा और एक साल बाद, भाजपा राज्य विधानसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत हासिल करेगी। भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले शाह बिहार में पिछले महीने राजनीतिक उठा-पटक के कारण भाजपा के सत्ता गंवाने के बाद पहली बार राज्य के दौरे पर आए हैं। उन्होंने हालांकि, कुमार की पार्टी जद (यू) के इस दावे पर कोई भी टिप्पणी करने से परहेज किया कि भाजपा ने उनकी पार्टी को तोड़ने की कोशिश की। शाह ने आरोप (शेष पेज 4)

## एम. श्रीनिवास एम्स दिल्ली के निदेशक नियुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हैदराबाद** स्थित ईएसआईसी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के डीन एम. श्रीनिवास को दिल्ली स्थित आखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किया है। डॉक्टर श्रीनिवास, डॉक्टर रणदीप गुलेरिया की जगह लेंगे जो मार्च 2017 से एम्स, दिल्ली के निदेशक हैं। डॉक्टर श्रीनिवास 2016 में हैदराबाद स्थित ईएसआईसी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज जाने से पहले एम्स, दिल्ली में पेडियाट्रिक सर्जरी (बच्चों की सर्जरी) विभाग में प्रोफेसर थे। विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने नई दिल्ली स्थित एम्स के निदेशक के रूप में डॉक्टर श्रीनिवास की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। आदेश के अनुसार, यह नियुक्ति पदभार संभालने के दिन से पांच वर्ष या 65 साल की आयु या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक के लिए प्रभावी है। इस संबध में (शेष पेज 4)

# गैंगेस्टर के एक मामले में भी मुख्तार अंसारी दोषी करार

● हाईकोर्ट ने सुनाई पांच साल की सजा निचली अदालत के फैसले को किया खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**वर्ष** 1999 में थाना हजरतगंज में दर्ज गैंगेस्टर के एक आपराधिक मामले में भी हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिया है। पीठ ने मुल्जिम मुख्तार को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार के जुर्माने से भी दंडित किया है। 23 दिसंबरए 2022 को एमपी.एमएलए की विशेष अदालत ने इस मामले में मुख्तार को बरी कर दिया था। पीठ ने इस निर्णय को खारिज कर दिया है।

जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश राज्य सरकार की अपील को मंजूर करते हुए दिया है। इस अपील में एमपी.एमएलए की विशेष अदालत के फैसले को चुनौती दी गई थी। विशेष अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि जो गैंगचार्ट पेश की गई हैए उसमें दर्ज सभी आपराधिक मुकदमों में मुख्तार अंसारी या तो बरी हो चुका है या फ्रि विवेचना के पश्चात उसे क्लीन चिट दिया जा चुका है। यह भी कहा था कि इस मामले के अन्य मुल्जिमों को पहले ही राहत मिल चुकी है।

### हाईकोर्ट का फैसला

एकल पीठ ने अपने फैसले में कहा है कि मुल्जिम भले ही मूल अपराधों में बरी हो गया हो लेकिन यदि अभियोजन यह सिद्ध करने में सफ्ल है कि वह एक गैंग का सदस्य है और गैंग के दूसरे सदस्यों अथवा अकेले अपराध करता है। जनमानस में उसका भय हैए तो उसे गैंगेस्टर एक्ट के तहत दोषसिद्ध किया जा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि मुख्तार अंसारी के खिलाफ कई एफ्आईआर दर्ज (शेष पेज 4)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,098 | ↓ 1020 | |
| निफ्टी | 17,327 | ↓ 302 | |
| सोना | 50,326 | ↓ 139 | /10g |
| चांदी | 58,366 | ↓ 363 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पत्रकार नविका पर दर्ज सभी केस दिल्ली पुलिस को सौंपे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पैगंबर मोहम्मद पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा की विवादित टिप्पणियों से जुड़े मामले में पत्रकार नविका कुमार को राहत प्रदान करते हुए उनके खिलाफ दर्ज सभी प्राथमिकियों को दिल्ली पुलिस को स्थानांतरित कर दिया है। न्यायालय ने यह भी कहा कि इस मामले मे नविका कुमार के खिलाफ भविष्य मे दर्ज होने वाली हर प्राथमिकी को दिल्ली पुलिस के पास भेजा जाएगा। नविका टीवी पर प्रसारित उस परिचर्चा की प्रस्तोता थी, जिसमें नुपुर शर्मा ने विवादित टिप्पणी की थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि नुपुर शर्मा के मामले मे सभी प्राथमिकियो की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) इकाई को स्थानांतरित किया गया है।

# यूपी में रेप केस में नहीं मिलेगी अग्रिम जमानत

● दोनों सदनों में ध्वनिमत से पारित हुए दो विधेयक

● बच्चियों व महिलाओं से दुष्कर्म के अपराधों में नहीं मिलेगी अग्रिम जमानत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद में मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को दंड प्रक्रिया संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2022 और उत्तर प्रदेश लोक निजी सम्पत्ति क्षति वसूली (सशोधन) विधेयक 2022 दोनों सदनों (विधानसभा-विधान परिषद) में ध्वनिमत से पारित हुए। विधानसभा में यह दोनों विधेयक पहले ही पारित हो चुके हैं।

उत्तर प्रदेश दंड संहिता (संशोधन) विधेयक के दोनों सदनों में पारित हो जाने के बाद अब दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के अपराधों में अब अग्रिम जमानत नहीं मिल सकेगी। उत्तर प्रदेश लोक निजी सम्पत्ति क्षति वसूली (सशोधन) विधेयक 2022 में दंगा-उपद्रव में किसी व्यक्ति की मौत या संपत्ति के नुकसान पर मुआवजे की रकम की वसूली दोषी व्यक्ति से करने का प्राविधान है।

विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शुक्रवार को सदन में दंड प्रक्रिया संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2022 पारित करने का प्रस्ताव रखा। विधेयक के पक्ष में (शेष पेज 4)

## उत्तर प्रदेश विधानमंडल का सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानमंडल का सत्र शुक्रवार को अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दोनों सदनों (विधानसभा और विधान परिषद) के अध्यक्षों ने इसे अनिश्चितकाल तक स्थगित करने की घोषणा की। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मॉनसून सत्र सोमवार 19 सितंबर को आहूत किया गया था, शुक्रवार को पांचवें दिन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इसे अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की। उधर, उच्च सदन के सभापति कुंवर मानवेंद्र प्रताप सिंह ने विधान परिषद को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। इसके पहले परिषद में विधानसभा से पारित दो विधेयकों उत्तर प्रदेश लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली (संशोधन) विधेयक, 2022 और दंड प्रक्रिया संहिता (उत्तर (शेष पेज 4)

# जब पीएम ने आधी रात जयशंकर को किया फोन

● विदेश मंत्री ने एक कार्यक्रम में मोदी के साथ अपने अनुभव को किया साझा

● अफगानिस्तान में भारतीय दूतावास पर हमले की कोशिश के बारे में जानकारी लेना चाहते थे प्रधानमंत्री

**एजेंसी।** न्यूयॉर्क



न्यूयार्क में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी काम के प्रति अपने समर्पण के लिए जाने जाते हैं। जरूरत पड़ने पर देर रात अपने मंत्रियों को फोन करने में भी नहीं गुरेज करते। जाहिर सी बात है पीएम की यह निष्ठा उनके मंत्रियों के लिए प्रेरणा है। न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक कार्यक्रम में पीएम के साथ अपने कुछ यादगार अनुभवों को साझा किया।

जयशंकर ने 'मोदी ऋ20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' किताब पर हो रही विशेष चर्चा के दौरान कोलंबिया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया से पीएम मोदी से जुड़ा एक संस्मरण साझा किया। जयशंकर ने कहा कि यह उस समय की बात है जब अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ में भारतीय दूतावास पर हमले की कोशिश हुई थी। सूचना मिलते ही हम सब लोग मदद पहुंचाने और अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों में जुटे गए। जयशंकर ने आगे कहा, ' रात करीब 12.30 बजे मेरे फोन की घंटी बजे। मेरे फोन पर नो कॉलर आईडी दिख रही थी। मैंने फोन उठाया तो दूसरी तरफ से सीधा सवाल आया, जगे हो? मैंने कहा, हां सर. पीएम ने फिर पूछा, टीवी देख रहे हो? क्या चल रहा है वहां (मजार-ए-शरीफ)? इस पर मैंने कहा, सर हमला अब भी जारी है। मदद पहुंचाई जा रही है।

उम्मीद है दो-तीन घंटे में स्थिति सामान्य हो जाएगी। पीएम ने कहा, जब हो जाए तो मुझे बता देना। मैंने कहा, जी सर, जब ऑपरेशन खत्म हो जाएगा तो मैं आपके वहां सूचना भिजवा दूंगा। कुछ पल शांति रही फिर पीएम ने जोर देकर कहा- मुझे बता देना।' विदेश मंत्री कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक विलक्षण गुण है। वह काम करते समय घड़ी नहीं देखते। पीएम मोदी अपना दिन सुबह 7:30 बजे शुरू करते हैं और काम करते रहते हैं, थकते नहीं (शेष पेज 4)

# मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण

## जिलाधिकारियों से तलब की बाढ़ राहत कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट

● जनहानि पर जताया शोक, मुआवजा राशि तत्काल वितरित करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित गोरखपुर, संतकबीर नगर, बस्ती, अयोध्या, गोंडा एवं बाराबंकी का शुक्रवार को हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य पूरी गति से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जनहानि व पशुहानि में प्रभावितों को अनुमन्य सहायता राशि का वितरण तेजी से किया जाए। बाढ़ राहत सामग्री के पैकेट्स का वितरण त्वरित गति से कराया जाए।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारियों को बाढ़ से प्रभावित गांवों में संचालित राहत



कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। प्रवक्ता के अनुसार सरयू नदी की बाढ़ से जनपद गोरखपुर के 41 गांव, जनपद संतकबीर नगर का एक गांव, जनपद बस्ती के 12 गांव, जनपद अयोध्या का एक गांव, जनपद गोण्डा के 24 गांव तथा जनपद बाराबंकी के 19 गांव प्रभावित हैं। बाढ़ से प्रभावित जनपदों में चलाये जा रहे राहत कार्यों में शरणालयों की स्थापना, खाद्यान्न सामग्री, लंच पैकेट का वितरण एवं मेडिकल टीमों की तैनाती शामिल है।

प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जनपद इटावा, कासगंज, फि रोजाबाद एवं हमीरपुर में अतिवृष्टि, जनपद बलरामपुर, शाहजहांपुर, मैनपुरी व हरदोई में आकाशीय विद्युत तथा जनपद प्रयागराज में डूबने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गए विवरण के अनुसार अतिवृष्टि से जनपद इटावा में 10, कासगंज में एक, फिरोजाबाद में तीन एवं हमीरपुर में एक जनहानि, आकाशीय विद्युत से जनपद बलरामपुर में एक, शाहजहांपुर में एक, मैनपुरी में दो तथा हरदोई में एक जनहानि, जनपद प्रयागराज में डूबने से एक जनहानि हुई है। जनपद बलिया में डूबने से दो व्यक्ति लापता हैं। अतिवृष्टि से जनपद इटावा में चार, फिरोजाबाद में सात लोग घायल हैं।

# ग्लोबल ख्याति प्राप्त कर रहे लोकल उत्पाद: राकेश सचान

● ओडीओपी उत्पादों तथा प्रदेश के हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी आयोजित



फोटो-सचान

लखनऊ। प्रधानमंत्री के उद्घोष ''वोकल फार लोकल'' तथा ''आत्म निर्भर भारत'' के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शुक्रवार से 02 अक्टूबर तक ओडीओपी उत्पादों तथा प्रदेश के हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी का आयोजन अवध शिल्प ग्राम, शहीद पथ पर किया गया है। प्रदर्शनी का शुभारंभ केन्द्रीय आवासन एवं शहरी विकास, राज्यमंत्री, कौशल किशोर, उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान एवं राज्यसभा सदस्य सुधान्शु त्रिवेदी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में जनपद लखनऊ के ओडीओपी उत्पाद, चिकनकारी एवं जरी जरदोजी के अतिरिक्त प्रदेश के विभिन्न जनपदों के ओडीओपी के उत्कृष्ट उत्पादों जैसे कि कानपुर का लेदर उत्पाद, सहारनपुर का लकड़ी का उत्पाद, मेरठ का खेल उत्पाद, प्रतापगढ़ का आवलां, सिद्धार्थनगर का काला नमक चावल, मुरादाबाद का पीतल उत्पाद, भदोही की कालीन, बुलन्दशहर (खुर्जा) की पोटरी, वाराणसी का रेशम उत्पाद एवं गोरखपुर के टेराकोटा इत्यादि की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। जन प्रतिनिधियों द्वारा ओडीओपी के हस्तशिल्पियों से उत्पादन प्रक्रिया के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की तथा उनकी आय बढ़ाने हेतु नये सुझाव दिये गये। कौशल किशोर द्वारा अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के तहत मनाये जाने वाले सेवा पखवारा का उल्लेख करते हुए समस्त हस्तशिल्पियों का स्वागत तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। वोकल फार लोकन की परिकल्पना को यथार्थ रूप देने में इस प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रधानमंत्री के 2047 (आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर) में भारत को पूर्णत: आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया गया। मंत्री द्वारा वोकल फर लोकल को लोकल फार वोकल में प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में राकेश सचान द्वारा प्रधानमंत्री के वोकल फार लोकल के उद्देश्य से स्थानीय उत्पाद के मार्केटिंग के विषय में चर्चा की गयी तथा प्रधानमंत्री द्वारा विदेश में आयोजित समिट में बड़े देशों के नेताओं को ओडीओपी गिफ्ट देकर अवगत कराया गया कि किस प्रकार यूपी लोकल उत्पाद ग्लोबल ख्याति प्राप्त कर रहे हैं। मंत्री ने होने वाली इन्वेस्टर समिट तथा उद्योगों के अनुकूल वातावरण की चर्चा की तथा आने वाली नई एमएसएमई नीति तथा रोजगार सृजन के आयामों के विषय के बारे में भी बताया। सुधान्शु त्रिवेदी द्वारा कार्यक्रम में हस्तशिल्पियों को स्टार्टअप, स्टैण्डअप योजना के बारे में अवगत कराया गया तथा छोटे उद्योगों के माध्यम से व्यवसाय प्राप्त करने तथा नौकरी देने वाला बनने पर बल दिया तथा अपनी सोच को इस दिशा में अग्रसर करने हेतु प्रेरित किया गया। भारत सरकार के डिजीटल इंडिया तथा डिजीटल पेमेन्ट के माध्यम से हो रहे लाभ से हस्तशिल्पियों को अवगत कराया गया तथा डिजीटल साधनों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

# सपा का बहिर्गमन, सरकार ने कहा, हर क्षेत्र में हुआ व्यापक सुधार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को छात्र संघों की बहाली, फीस वृद्धि, महंगाई, बेरोजगारी और अन्य मुद्दों को लेकर राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) और सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने सदन से पूरे दिन के लिए बहिर्गमन किया।

वहीं, सरकार ने पलटवार करते हुए कहा कि सरकार ने बेरोजगारी, चिकित्सा और शिक्षा समेत हर क्षेत्र में व्यापक सुधार किया है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष का कोई एजेंडा होगा, जिसके चलते वह सदन छोड़कर चले गए। शुक्रवार को सत्र की शुरुआत पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आसन पर बैठते ही नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर मुद्दों पर जवाब न देने का आरोप लगाया। अखिलेश ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र छात्र-संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर 800 दिन से आंदोलन कर रहे हैं और सरकार ने उन्हें उपहार देते हुए 500 गुना फीस बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि सदन चार दिन चला और इस दौरान सरकार की तरफ से जनहित के मुद्दे, मसलन-महंगाई,बेरोजगारी, चिकित्सा, शिक्षा, बिजली पर कोई जवाब नहीं आया, लिहाजा हम लोग बहिर्गमन करते हैं। इसके बाद, अखिलेश अपनी सीट से उठ गए और उनके साथ सपा और रालोद के सभी सदस्य सदन से बाहर चले गए। जब अध्यक्ष ने पूछा कि वापस आएंगे तो सपा सदस्यों ने नहीं में जवाब दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही मुख्य विपक्षी दल सपा और उसकी सहयोगी रालोद की अनुपस्थिति में ही चली। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नेता प्रतिपक्ष के बहिर्गमन पर तंज कसते हुए कहा, नेता प्रतिपक्ष का निश्चित तौर पर कोई और एजेंडा होगा, जिसके चलते वह सदन छोड़कर चले गए। उन्होंने दावा किया कि हर विषय पर सरकार ने जवाब दिया। खन्ना ने कहा कि महंगाई, चिकित्सा, बेरोजगारी, बिजली, पानी, हर क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। उन्होंने दोहराया कि नेता प्रतिपक्ष अपने किसी एजेंडे के तहत ही सदन छोड़कर गए हैं।

## यूपी में नौ माह में डेंगू से सिर्फ एक रोगी की मौत, मलेरिया से एक भी नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि एक जनवरी 2022 से 13 सितंबर 2022 तक प्रदेश में डेंगू से सिर्फ एक मौत हुई और मलेरिया से किसी भी रोगी की मौत इस अवधि में नहीं हुई।

समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य मनोज कुमार पांडेय ने शुक्रवार को मानसून सत्र के पांचवें दिन प्रश्नकाल में अल्पसूचित तारांकित प्रश्न किया था जिसके लिखित उत्तर में स्वास्थ्य महकमा संभाल रहे पाठक ने यह जानकारी दी। पांडेय ने यह प्रश्न किया था कि वर्तमान में बड़ी तेजी से डेंगू, मलेरिया, वायरल जैसे संक्रामक रोग फैल रहे हैं, ऐसे में 13 सितंबर 2022 तक राज्य में डेंगू एवं संक्रामक रोगों के प्रकरण सामने आए हैं तथा उनमें से कितने मरीजों की मृत्यु हुई है। उपमुख्यमंत्री ने सरकार की तैयारियों का व्यापक ब्यौरा देते हुए कहा कि संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रदेश में वर्ष में तीन बार (माह अप्रैल, जुलाई एवं अक्टूबर में) संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान अन्तर्विभागीय रूप में आयोजित किया जाता है।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त अवधि में डेंगू के 905 और मलेरिया के 2149 मरीज सामने आए और इनमें डेंगू से सिर्फ एक मौत और मलेरिया से एक भी मौत नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि सपा सदस्यों ने सुबह सत्र शुरू होते ही सदन से बहिर्गमन कर दिया था लेकिन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने यह व्यवस्था दी कि सभी तारांकित, अतारांकित प्रश्नों के उत्तर विधानसभा के पोर्टल पर अपलोड हो गए हैं, इसलिए उन्हें उत्तरित माना जाएगा। हालांकि मूल प्रश्नकर्ता के अनुपस्थित रहने पर उन्होंने अन्य सदस्यों को पूरक प्रश्न का मौका नहीं दिया।

## मिलें चालू होने से पहले गन्ना किसानों को कर दिया जाएगा शत प्रतिशत भुगतान: लक्ष्मी नारायण

### भाजपा सरकार पर गन्ना विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सपा ने किया सदन का बहिष्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के गन्ना मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा है की योगी सरकार ने पिछली सरकार की तुलना में बीते 5 वर्षों के दौरान गन्ना किसानों को 52 हजार करोड़ रुपए अधिक का भुगतान किया है। इसके साथ ही गन्ने की फसल का एरिया भी बड़ा है। 2017 तक यूपी में 20 लाख 54 हजार हेक्टेयर में गन्ने की पैदावार होती थी जबकि अब 25 लाख 52 हजार हेक्टेयर में यह पैदावार हो रही है। राज्य सरकार ने इस वर्ष 35000 करोड रुपए का गन्ना खरीदा है जिसमें साढ़े तीन करोड़ रुपए का भुगतान बकाया रह गया है जो कि मिल चलने से पहले शत प्रतिशत पूरा करा दिया जाएगा। चौधरी शुक्रवार को विधान परिषद में समाजवादी पार्टी की ओर से गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। सपा सदस्य गन्ना मंत्री के जवाब से असंतुष्ट रहे और भाजपा

**विधान परिषद की कार्यवाही**

सरकार पर गन्ना किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सदन से वाकआउट किया। शून्य प्रहर में नियम 105 के तहत कार्यस्थगन प्रस्ताव के रूप में सपा के नरेश चन्द उत्तम, डॉ. मान सिंह यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य एवं लाल बिहारी यादव ने प्रदेश के गन्ना किसानों की समस्याओं को उठाया। सपा ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की आय दोगुनी-तिगुनी करने की बात कागजों पर करती है लेकिन हकीकत इससे परे है। गन्ना मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि 2007 से 2017 तक गन्ने का भुगतान 147348 करोड़ रुपया किसानों को दिया जबकि 2017 से 2022 तक हमने 178924 करोड़ रुपया किसान के खाते में सीधे दिया। हमने नियम बनाया है कि जो मिल गन्ने का भुगतान पूरा नहीं करेगी उसके गन्ने में हम कटौती करेंगे। सपा की ओर से गन्ना किसानों के पुराने बकाए के संबंध में लगाए गए आरोप पर गन्ना मंत्री ने कहा कि यह सही है कि एक्ट के अनुसार 14 दिन में भुगतान न होने पर ब्याज भी मिलना चाहिए लेकिन हमारे सामने समस्या है। वर्ष 2016 में सरकार ने कैबिनेट में प्रस्ताव पास करके नियम बनाया कि 2012 से 2015 तक का कुल 1896 करोड़ रुपया ब्याज का माफ कर दिया गया। जिसके खिलाफ किसान संगठन कोर्ट चले गए। इसलिए अभी ब्याज नहीं दिया जाता है। यूपी में किसानों के पर्चे से लेकर भुगतान तक सब मोबाइल पर दिया जा रहा है। अभी साढ़े तीन हजार करोड़ रुपया गन्ने का भुगतान बकाया है लेकिन मिल चलने से पहले हम किसानों का भुगतान दे देंगे। सपा सदस्य गन्ना मंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और गन्ना किसान विरोधी यह सरकार के नारे लगाते हुए सदन का बहिष्कार कर बाहर चले गए। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कार्यस्थगन अस्वीकार कर दिया।

## भाजपा विधायक ने सदन में उठाया चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं का मुद्दा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जेवर** विधानसभा से भाजपा के विधायक धीरेंद्र सिंह ने आए-दिन प्रतिबंधित चायनीज मांझे से होने वाली गंभीर घटनाओं का मुद्दा शुक्रवार को प्रमुखता से विधानसभा में उठाया। उन्होंने नियम 51 के तहत इस मामले पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने पिछले दिनों लखनऊ में पायनियर हिन्दी के वरिष्ठ संवाददाता अभिषेक रंजन के साथ हुई इसी प्रकार की घटना का उल्लेख भी किया। जो हजरतगंज क्षेत्र में मोटरसाइकिल से जाते समय चायनीज मांझे से दुर्घटनाग्रस्त होकर जख्मी हो गए। भाजपा विधायक ने कहा कि हम पंतग उड़ाने की परंपरा का विरोध नहीं करते हैं लेकिन चाइनीज मांझा की वजह से आए दिन हो रही गंभीर दुर्घटनाओं की वजह से इस लोकहित के बिन्दु पर ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में कोई ठोस कदम उठाए जिससे आए दिन होने वाली घटनाओं पर अंकुश लग सके।

## सरकार की बेरोजगारी भत्ता देने की कोई योजना नहीं: अनिल राजभर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार की बेरोजगारी भत्ता देने की कोई योजना नहीं है। विधानसभा के मॉनसून सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को प्रश्नकाल में बहुजन समाज पार्टी के दल नेता उमाशंकर सिंह ने यह प्रश्न किया कि प्रदेश में वर्तमान में सेवायोजन कार्यालयों में पंजीकृत नौजवानों में कितने बेरोजगारों को सेवायोजित कर दिया गया है और क्या सरकार शेष बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने पर विचार करेगी। सिंह के इस प्रश्न पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री ने बताया कि सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों के पंजीकरण की व्यवस्था है, और 19 मार्च 2017 से 12 सितंबर 2022 तक 25, 39,619 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया है। राजभर ने बताया कि 19 मार्च 2017 से 31 अगस्त 2022 तक सेवायोजन विभाग द्वारा निजी क्षेत्र में रोजगार मेलों के माध्यम से 6,68,269 अभ्यर्थियों को रोजगार के लिए चयनित कराया गया है। उमाशंकर सिंह ने पूरक प्रश्न किया कि रोजगार से वंचित जो शेष अभ्यर्थी हैं क्या सरकार उन्हें बेरोजगारी भत्ता देगी, इसके उत्तर में मंत्री ने कहा कि सरकार की बेरोजगारी भत्ता देने की कोई योजना नहीं है।

## सरकारी स्कूलों में 15 दिनों के अंदर पहुंच जाएंगी शत प्रतिशत किताबें: संदीप सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने दावा किया है कि सभी सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूलों में निशुल्क किताबें15 दिन के अंदर शत प्रतिशत पहुंच जाएंगी।

संदीप सिंह शुक्रवार को विधान परिषद में शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी और ध्रुव कुमार त्रिपाठी की ओर से प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के साथ-साथ सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों तथा सहायता प्राप्त पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तके दिलाए जाने के संबंध में कार्य स्थगन के रूप मे उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। इससे पहले शिक्षक दल के नेताओं ने कहा कि पढ़ाई का सत्र अप्रैल से शुरू होने के बाद आज सिंतबर चल रहा है लेकिन किसी भी विद्यालय में अभी तक पाठ्य पुस्तकें नहीं पहुंच सकी हैं जिससे पठन-पाठन में परेशानी हो रही है। इससे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इस पर जवाब देते हुए संदीप सिंह ने कहा कि हमारी सरकार में पठन-पाठन की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है। स्मार्ट क्लासेज और दीक्षा एप के जरिए पढ़ाई कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि करोना के कारण पुस्तकों की खरीद का टेंडर दो बार में कराना पड़ा जिससे विलंब हुआ। इसके बावजूद जून माह से निशुल्क वितरण प्रारम्भ करा दिया गया था। उन्होंने कहा कि 92 प्रतिशत स्कूलों में निशुल्क पुस्तकें वितरित हो चुकी हैं। आने वाले पंद्रह दिनों के भीतर शत प्रतिशत स्कूलों में वितरण सुनिश्चित करा दिया जाएगा। इस पर शिक्षक दल के ध्रुव त्रिपाठी ने दावा किया कि एक भी विद्यालय में पुस्तकें नहीं पहुंची हैं। अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर आवश्यक कार्यवाही के लिए सरकार को संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा व्यवसायिक भूखण्ड संख्या-D-223 विभूतीखण्ड गोमती नगर का मूल आवंटन पत्र खो गया है। इसके द्वारा किया गया प्रयोग अवैध होगा। आलोक कुमार मिश्रा पुत्र हरीशचन्द्र मिश्रा निवासी- 4/73 विनय खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

**आवश्यकता है**

**महेन्द्र प्रताप सिंह लॉ कालेज**

आवश्यकता है विधि संकाय हेतु

**प्राचार्य- 01**

**स0 आचार्य-05**

योग्यता एवं वेतनमान UGC एवं BCI के मानकानुसार

अभ्यर्थी कृपया अपना आवेदन ई-मेल करें या निम्नलिखित पते पर पोस्ट करें
mpslawcollege@gmail.com

पता- अन्दावां, सराय इनायत प्रयागराज-221505

# विधानसभा में जनता के मुद्दों को सरकार ने अनसुना किया: अखिलेश

● सपा विधायकों ने सदन से लेकर सपा मुख्यालय तक पैदल मार्च कर व्यक्त किया रोष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी प्रमुख एवं नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पार्टी विधायकों के साथ विधानभवन से सपा मुख्यालय तक पैदल मार्च निकालकर आखिरकार अपनी मंशा पूरी ही कर ली। ज्ञात हो कि विधानसभा मानसून सत्र के शुरू होने पर समाजवादी पार्टी ने पैदल मार्च निकालकर विधानसभा में जाने की योजना बनाई थी जिसे प्रशासन ने यह कहकर विफल कर दिया कि यह सुरक्षा की दृष्टि से उचित नही है। विधानसभा मानसून सत्र के पांचवें दिन सपा ने सदन में स्वास्थ्य का मुद्दा उठाया जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार नही किया। इस पर विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही नेता विरोधी दल अखिलेश यादव के नेतृत्व में सदन से वाकआउट किया। सदन से वाकआउट कर समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल के विधायकों ने अखिलेश यादव के नेतृत्व में इन्हीं मुद्दों को लेकर विधान सभा भवन से राज भवन के सामने से होते हुए विक्रमादित्य मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय तक पैदल मार्च किया।

सपा मुख्यालय पहुंचने पर अखिलेश यादव ने विधायकों और पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में समाजवादी पार्टी ने जब-जब जनता के मुद्दों महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था का मामला उठाया, सरकार ने अनसुना किया। आज भी भाजपा सरकार का व्यवहार उपेक्षापूर्ण रहा। प्रदेश में कानून का राज नहीं है। भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। आज आम जनता गरीब, किसान, नौजवान की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी वर्गो के साथ अन्याय और शोषण हो रहा है। अखिलेश ने कहा कि सदन से वाकआउट इसलिए किया कि समाजवादी पार्टी और सभी विपक्षी दल मांग करते रहे कि सदन का समय बढ़ाया जाए। समाजवादी पार्टी और अन्य दलों का कहना है कि सदन में समय कम दिया गया है। जनता से जुड़े बहुत सारे मुद्दे हैंए उन पर बहस नहीं हो पायी। सरकार का जवाब संतुष्ट करने वाला नहीं रहा।

## आजम खां के मुद्दे पर सपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात



● भाजपा सरकार ने जुल्म की इंतेहा कर दी है: सपा मुखिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में विधायकों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां साहब पर सरकार के इशारे पर द्वेष भावना से लगाए जा रहे झूठे और फर्जी मुकदमों को लेकर राज्यपाल महोदया से मुलाकात की। अखिलेश यादव के साथ प्रतिनिधिमण्डल में विधायकगणों में मनोज कुमार पारस, शाहिद मंजूर, मौहम्मद फहीम इरफान, रविदास मेहरोत्रा, कमाल अख्तर, नवाब जान, हाजी नासिर हुसैन, जियाउर्रहमान, इकबाल महमूद, रामअचल राजभर, दुर्गा प्रसाद यादव सहित शहनवाज खान सदस्य विधान परिषद शामिल रहे। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खां साहब के साथ अन्याय और जुल्म की इंतेहा कर दी है।

आजम खां साहब का अपमान और उत्पीड़न क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार राजनीतिक द्वेष भावना से नेताओं और कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमें लगा कर प्रताड़ित कर रही है।

**बुनियाद महाविद्यालय**
**अल्पसंख्यक अध्यापक शिक्षण/प्रशिक्षण संस्थान**
**कनायतपुर, खैराबाद सीतापुर**

D.El.Ed. 2022–24 में प्रबंधकीय कोटे में प्रवेश हेतु नियमानुसार ऑनलाईन आवेदन करें। अल्पसंख्यक समुदाय को वरीयता दी जायेगी। मानक एवं अर्हता एन0सी0ई0आर0टी0 के मानकानुसार। प्रवेश हेतु समयसारिणी निम्नवत् है –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि | 26.09.2022 |
| 2 | ऑनलाईन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 30.09.2022 |
| 3 | आवेदन शुल्क जमा करने/पूर्ण आवेदन के प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि | 01.10.2022 |

Website:-www.buniyadmahavidhyalaya.com
Mo. 9918970000, 7007572255

**बुनियाद महाविद्यालय**
**कनायतपुर, खैराबाद सीतापुर उ0प्र0 (अल्पसंख्यक संस्थान)**
**(सम्बद्ध, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ)**

**बी0एड0 :** सत्र 2022–24 द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।

**शैक्षिक योग्यता :** कला/विज्ञान वर्ग में स्नातक/परास्नातक उपाधि में 50% व तकनीकी शिक्षा में स्नातक/परास्नातक में 55% (सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग) एवं 40% (अनुसूचित जाति/जनजाति) वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु।

इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा फार्म महाविद्यालय के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 01.10.2022 तक सभी शैक्षिक अभिलेखों व आधार कार्ड छायाप्रति के साथ जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 13.10.2022

**नोट :** अपूर्ण एवं डाक/कोरियर से आवेदन फार्म स्वीकार नहीं किए जायेंगे। स्नातक/परास्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र–छात्राएं महाविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। परन्तु उपरोक्त शैक्षणिक अर्हता पूर्ण होने पर ही प्रवेश लिया जाएगा।

Website:-www.buniyadmahavidhyalaya.com
Mo. 9918970000, 7007572255

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# यूपी में शहरीकरण की व्यापक सम्भावनाएंः योगी

● मुख्यमंत्री ने नेशनल अर्बन प्लानिंग एण्ड मैनेजमेण्ट कॉन्क्लेव 2022 का किया शुभारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में दो दिवसीय नेशनल अर्बन प्लानिंग एण्ड मैनेजमेण्ट कॉन्क्लेव- 2022 का शुभारम्भ किया। यह कॉन्क्लेव उत्तर प्रदेश सरकार तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कॉन्क्लेव को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शहरीकरण की व्यापक सम्भावनाएं विद्यमान हैं। शहरी नियोजन आज की आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक को बुनियादी सुविधाएं प्राप्त करने का अधिकार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में देश को 05 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में उत्तर प्रदेश का प्रमुख योगदान जरूरी है और उत्तर प्रदेश को 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का प्रदेश बनना होगा। इसके लिए नियोजित शहरीकरण महती आवश्यकता है। ईज़् ऑफ लिविंग एवं इकोनॉमिक ग्रोथ को बढ़ाने के लिए व्यवस्थित रूप से तय लक्ष्यों के साथ शहरीकरण को बढ़ावा देना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 08 वर्षों में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में शहरी विकास एवं नियोजित शहरीकरण की दिशा में अनेक कार्यक्रम प्रारम्भ हुए हैं। विगत साढ़े पांच वर्षों में प्रदेश सरकार ने राज्य में शहरीकरण की गति को तेज किया है। नियोजित शहरीकरण की दिशा में विभिन्न कार्ययोजनाओं को सम्पादित किया जा रहा है। आत्मनिर्भरता के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु सफल प्रयास किए जा रहे हैं। विगत 05 वर्षों में प्रदेश में 100 से अधिक नए स्थानीय निकायों का गठन किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत देश के 100 शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा हैए जिसमें उत्तर प्रदेश के 10 शहर शामिल हैं। राज्य सरकार अपने प्रयासों से कन्वर्जेन्स के माध्यम से शेष 07 नगर निकायों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित कर रही है। प्रदेश के 60 शहरों में अमृत योजना के तहत नगरीय आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। शेष अन्य शहरों के विकास के लिए राज्य सरकार अपने स्तर से भी प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक शहरी निकायों में मेट्रो रेल का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 05 शहरों में मेट्रो रेल संचालित है। आगरा में मेट्रो रेल के विकास का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। प्रदेश के नगरीय निकायों में आवासित आबादी को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनायी जाएं। शहरी विकास एवं आर्थिक विकास एक.दूसरे के पूरक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास प्राधिकरणों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी हालत में अवैध एवं अनियोजित शहरीकरण में वृद्धि न हो। लोगों को स्वच्छ पेयजलए ड्रेनेजए अच्छी सड़कें एवं आवागमन के साधनए स्ट्रीट लाइटए बेहतर शिक्षण संस्थान तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो। हमारे शहर अपने आप में आत्मनिर्भर हों तथा ईज़् ऑफ लिविंगष् उत्कृष्ट हो। विकास प्राधिकरण बेहतर योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ें तथा शासन पर निर्भरता कम करें। उत्तर प्रदेश ने नगर विकास के विभिन्न मॉडल देश को दिए हैं। शहरी विकास एवं प्रबन्धन की दिशा में यह कॉन्क्लेव अत्यन्त उपयोगी साबित हो सकता है। कॉन्क्लेव में प्राप्त सुझावों को नियोजित शहरीकरण हेतु स्वीकार किया जाए तथा स्थानीय विकास प्राधिकरण अपने यहां इन सुझावों पर कार्य भी करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के समन्वित विकास हेतु यह कॉन्क्लेव एक ठोस कार्ययोजना बनाने में सफल होगा। इससे पूर्वए मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास प्राधिकरणों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, एचएलसी के अध्यक्ष केशव वर्मा, प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, आवास आयुक्त रणवीर प्रसाद, सचिव नगर विकास श्री रंजन कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# यूपीटीईटी का पेपर आउट कराने वाले गिरोह का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने बीते साल 28 नवंबर को आयोजित यूपीटीईटी की परीक्षा में अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर पेपर आउट कराने वाले गिरोह के वांछित अभियुक्त हृदेश कुमार कौशिक को लखनऊ के थाना गाजीपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ के अनुसार उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2021 के अन्तर्गत लिखित परीक्षा 28 नवंबर 2021 को आयोजित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में अभ्यर्थियों से धनउगाही का प्रयास कर परीक्षा में नकल कराने, साल्वर उपलब्ध कराने और प्रश्न पत्र लीक कराने वाले तत्वों को चिन्हित करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। इन अभियुक्तों के खिलाफ लखनऊ के थाना गाजीपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मुकदमे में अभियुक्त हृदेश कुमार कौशिक उर्फ निक्की शर्मा निवासी ग्राम बुखारा, थाना मऊरानीपुर, झांसी फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ की टीम लगाई गई थी। एसटीएफ लगातार छानबीन कर रही है। शुक्रवार को सटीक सूचना मिली कि हृदेश लखनऊ के गाजीपुर थानान्तर्गत पालीटेक्निक चौराहे पर मौजूद है। इस जानकारी के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने वहां पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि अनुराग देशभरतार के साथ 27 नवंबर 2021 को ओरछा गया था। जहां बुंदेलखण्ड रिवर साइड होटल में हम लोग रुके थे। वहीं पर शाम को शिक्षा मित्र शौकत अली निवासी ग्राम पठगुआॅ, पोस्ट बमरौली सुहागी मऊरानीपुर झांसी ने मुझे टीईटी का फोटो स्टेट पेपर दिया था जिसे उसने अपने पास व अनुराग देशभरतार को दिया था। पैस बाद में देने की बात तय हुई। पेपर आऊट होने पर अनुराग देशभरतार व कई अन्य लोगों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। उसे ज्ञात हुआ था कि उसके विरुद्ध भी अभियोग पंजीकृत हो गया था। जिसकी वजह से डर के भाग गया तथा छिप-छिपा कर रह रहा था।

# सभी मेडिकल कॉलेजों में होगी नर्सिंग की पढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्थापना** दिवस में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग की पढ़ाई होगी। नए खुलने वाले राजकीय मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग इंस्टीट्यूट खोलना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2017 में सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या 17 थी। वहीं निजी क्षेत्र के 25 मेडिकल कॉलेज थे। अब प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी है। चार साल में 18 सरकारी मेडिकल कॉलेज खुले। अब कॉलेजों की संख्या 35 हो गई है। 30 निजी कॉलेज हो गए हैं। बृजेश पाठक ने चिकित्सकों को गरीब जनता की समर्पण भाव के साथ चिकित्सा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को पृथ्वी पर कष्ट से मुक्ति दिलाने वाले भगवान की संज्ञा दी गई है और इस संस्थान में प्रत्येक चिकित्सक गरीब जनता का भगवान है। हम सबका उद्देश्य जनता को निस्वार्थ भाव से सेवा देना होना चाहिए। समारोह में संस्थान की ओर से आमंत्रित नारायण ग्रुप ऑफ हास्पिटल के अध्यक्ष पद्मभूषण डॉ देवी प्रसाद शेट्टी ने विश्व स्तर पर सर्जरी सुविधाओं की वृद्धि करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा आवश्यक सर्जरी के अभाव में बड़ी संख्या में मरीजों की मृत्यु होती है। उन्होंने अपने सम्बोधन में देश में मातृ-मृत्यु कारणों अन्य प्रदेशों में मातृ-मृत्यु का प्रतिशत और बड़ी जनसंख्या वाले उत्तर प्रदेश में इसको नियंत्रित करने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के दौरा निदेशक डॉ सोनिया नित्यानंद ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए 800 से 1000 बेड का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

# वार्डों को स्ट्रीट लाइटें देने की कांग्रेस पार्षद ने महापौर से की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वार्डों में** स्ट्रीट लाइटें न देने पर कांग्रेस पार्षद द्वारा महापौर से स्ट्रीट लाइटें उपलब्ध कराने मांगी की गयी। पार्षद ने अधिकारियों पर स्ट्रीट लाइटें नगर निगम सदन में लाइटें देने के प्रस्ताव को पास करने के बाद उपलब्ध न कराने पर आक्रोष जताया। जबकि वार्ड की जनता अंधेरे में रहने पर मजबूर है। ऐसे में प्रत्येक वार्ड में एलण्ईण्डीण् स्ट्रीट लाईट लगायी जानी चाहिए।

शुक्रवार को इंदिरानगर के इस्माइलगंज प्रथम की पार्षद अमिता सिंह ने महापौर संयुक्ता भाटिया से नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक दिसम्बर 2021 में यह निर्णय लिया गया था कि प्रत्येक 110 वार्डो में 40.40 एलईडी स्ट्रीट लाईट लगवायी जायेगीं, लेकिन मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा 110 में से किसी भी एक वार्ड में स्ट्रीट लाईट नहीं लगवायी गयी। जबकि यही मांग दोबारा कार्यकारिणी की बैठक 18 सितम्बर 2022 को भी रखी गयी।

महापौर द्वारा घोषणा की गयी कि प्रत्येक वार्ड में 20-20 एलईडी लाईट लगवायी जायेंगी, लेकिन आज तक विभाग द्वारा किसी भी वार्ड में लाईट नहीं लगवायी गयी। ऐसे में जनता यह समझती है कि पार्षदों को लाईटे मिल चुकी हैं और उनके द्वारा कार्य नहीं कराया जा रहा है। इससे आम जनता के बीच पार्षदों की छवि धूमिल हो रही है। पार्षद ने महापौर से लाइटें जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की मांग की है।



टेढ़ी पुलिया तिराहे का नाम बदलकर खालसा चौक करने पर सिख समुदाय ने महापौर का जताया अभार

# ट्रैफिक में सुधार के लिए यूपी पुलिस व मैप माई इंडिया संस्था के साथ हुआ अनुबंध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**गोमती** नगर विस्तार स्थित पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को यूपी पुलिस व मैप माई इंडिया संस्था के बीच आम नगारिकों के लिए यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाने के संबंध में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीजीपी डीएस चौहान सहित मैप माई इंडिया के सीईओ, डीजी लॉजिस्टिक के साथ ही एडीजी अपराध, एडीजी कानून व्यवस्था, एडीजी ट्रैफिक व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

यूपी पुलिस की ओर से डीआईजी यातायात सुभाष चंद्र दुबे तथा संस्था की ओर से सीईओ रोहन वर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर डीजीपी चौहान ने कहा कि पुलिस कार्यों मे तकनीक के अधिकाधिक प्रयोग के क्रम में यह अनुबंध किया गया है। जिससे दिन-प्रतिदिन के यातायात को और अधिक सुगमता के साथ संचालित किया जा सकेगा। मैप माई इंडिया के साथ अनुबंध करने वाला यूपी पहला राज्य है। मैपल एप के जरिए आमजन भी यातायात सम्बन्धी सुझाव दे सकते हैं। एम्बुलेन्स ऑपरेटर, एम्बुलेन्स की लाइव लोकेशन भी इस एप द्वारा साझा कर सकते हैं, जिससे एंबुलेंस को यातायात में प्राथमिकता दी जा सके। मैप माई इंडिया द्वारा उत्तर प्रदेश की यातायात व्यवस्था को और सुचारू रूप से संचालित करने एवं जनमानस को यातायात की और सुगमता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मैप माई इंडिया एप्लीकेशन द्वारा एक दर्जन से अधिक अन्य सुविधाएं ब्राडकास्ट की जाएंगी। मैपल एप के प्रयोग से उपयोगर्ता निशुल्क सभी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

मैपल एप सार्वजनिक उपयोग के लिए सभी यातायात सम्बन्धी सलाह, अधिसूचनाएं, सुरक्षा अलर्ट को आत्मसात करेगा व आमजन को किसी भी यातायात एवं सुरक्षा से संबंधित विषय पर प्रतिक्रिया साझा करने एवं प्रदान करने में भी सक्षम करेगा। उत्तर प्रदेश पुलिस के नामित अधिकारियों को निर्बाध और सुचारू संचालन की सुविधा प्रदान करेगा, जो इन अधिसूचनाओं को निरंतर दिन-प्रतिदिन बारीकी से अपडेट करेंगे, जिससे आमजन को लाभ हो सके। इसके अलावा मैपल ऐप उपयोगकर्ताओं को फीडबैक पोस्ट करने और मानचित्र पर यातायात, सुरक्षा और अन्य सम्बन्धित मुद्दों को अलर्ट करने, अन्य उपयोगकर्ताओं की मदद करने और सरकार को हाइपर-लोकल मुद्दों की सूचना देने में सक्षम है, जिससे उन स्थानों पर उन मुद्दों को चिन्हित कर उन्हें सूचित किया जा सके तथा समाधान किया जा सके।

# आवेदनों का निस्तारण करे बैंकः अपर जिलाधिकारी

**लखनऊ।** लाभार्थीपरक योजनाओं में बैंकों से बेहतर तालमेल बनाने के लिए कलेक्ट्रेट में बैठक की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा उपस्थित बैंकों के जिला समन्वयकों को निर्देशित किया गया। निर्देशित किया कि जिन बैंकों में किसान क्रेडिट कार्ड, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनाएं केसीसी एवं अन्य योजनाओं के जो भी आवेदन पत्र भेजे गये है, उनका निस्तारण किया जाए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में शासन द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं में बैंकों से बेहतर समन्वय के लिए बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा की गयी। बैठक में बैंकों के जिला समन्वयक, अग्रणी जिला प्रबन्धक, बैंक आफ इण्डिया, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त रोजगार, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अधिकारी सहित अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा उपस्थित बैंकों के जिला समन्वयकों को निर्देशित किया गया कि जिन बैंकों में किसान क्रेडिट कार्ड, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनाए केसीसी एवं अन्य योजनाओं के जो भी आवेदन पत्र भेजे गये है, उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। अनावश्यक आवेदन पत्र निरस्त न किये जाये। यदि आवेदन पत्रों में कोई कमी है तो उनका निराकरण सुनिश्चित करे। बैंकों से जो भी सहयोग एवं समन्वय प्रशासन स्तर से अपेक्षित है, उसमे जागरूकता के साथ सहयोग करे ताकि योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

# बटलर झील का होगा सौंदर्यीकरण पांच करोड़ रुपये स्वीकृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● मण्डलायुक्त ने बटलर पैलेस झील, रिवर फ्रंट, जय प्रकाश नारायण इण्टरनेशन सेन्टर का निरीक्षण किया

**जय प्रकाश** नारायण इंटरनेशनल सेंटर, रिवर फ्रंट सहित बटलर पैलेस झील का मंडलायुक्त द्वारा निरीक्षण कर जायजा लिया गया है। निरीक्षण के दौरान बटलर पैलेस झील का सौंदर्यीकरण करने का निर्देश दिया। झील के चारो ओर वॉक वे और विशेष साफ सफाई करने का निर्देश दिया गया। झीलके लिए पांच करोड़ रुपए की धनराशि अवस्थापना निधि से स्वीकृत की गयी है। यही नहीं रिवरफ्रंट को फैमली बच्चों के लिए अच्छे एक्टिविटी एवं आर्षण का केंद्र का प्रस्ताव गर्वेमेंट को देने का निर्देश दिए, इससे राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी।

शुक्रवार को मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने बटलर पैलेस झीलए रिवर फ्रं ट, जय प्रकाश नारायण इण्टरनेशन सेन्टर (जेपीएनआईसी) का निरीक्षण किया। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। मण्डलायुक्त ने सर्वप्रथम बटलर पैलेस झील का निरीक्षण किया उन्होंने कहा लखनऊ विकास प्राधिकरण के अवस्थापना निधि से 5 करोड़ रू स्वीकृति किया गया है जिसके तहत जल्द ही झील के सौन्दर्यीकरण का कार्य चालू हो जायेगा।

उन्होंने कहा कि झील के आस.पास की साफ सफाई, पानी की सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। झील के बीच में बने टापू को भी अच्छे से विकसित करने के निर्देश दिये। झील के चारों तरफ टहलने के लिए वाक.वेए लाइटिंग की व्यवस्था को भव्यता प्रदान के निर्देश दिये। रिवर फ्रंट पर बने पार्क के निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि लखनऊ विकास प्राधिकरण एक प्रस्ताव बना ले, जिसमें फैमली बच्चों के लिए अच्छे एक्टिविटी एवं आर्कषण का केन्द्र का प्रस्ताव बनवाकर जोड़ दिया जाये और साथ ही साथ राजस्व की बढ़ोत्तरी होगी। जितना रिवर फ्रंट बना हुआ उसके बेहतर विकास और संचालन के लिए एवं प्रस्ताव बनाकर गर्वेमेन्ट को उपलब्ध कराने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया। जय प्रकाश नारायण इण्टरनेशन सेन्टर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि स्पोंटिंग काम्पलेक्स, रूफ टॉफ , आडोटोरियम इन सभी चीजों को चालू करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रस्ताव तैयार करके शीघ्रता से उपलब्ध कराये जाये।

# पीएफआइ के तीन सदस्यों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

विधि संवाददाता। लखनऊ



**एडीजे** अनुरोध मिश्र ने भारत को खंडित कर इस्लामिक मुल्क बनाने की साजिश रचने आदि के मामले में गिरफ्तार पीएफआई सदस्य व मुल्जिम मोण् अहमद बेगए मोण् नदीम अंसारी उर्फ मुन्ना व मोण् कमरुद्दीन उर्फबबलू को छह अक्टूबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बीते गुरुवार को एसटीएफने अहमद बेग को लखनऊ के थाना मदेयगंज जबकि 23 सितंबर को नदीम व कमरुद्दीन को बाराबंकी के थाना कुर्सी इलाके से गिरफ्तार किया था।

अभियोजन के मुताबिक मुल्जिम मोण् अहमद बेग मूल रुप से श्रावस्ती का रहने वाला है। यह कैसरगंज विधान सभा से पीएफआई की राजनैतिक पार्टी एसडीपीआई से चुनाव भी लड़ चुका है। वर्ष 2022 के इस चुनाव में पीएफआई के अधिकारियों ने इसकी आर्थिक मदद की थी। यह आल इंडिया उलेमा काउसिंल का अध्यक्ष भी है। पीएफआई को मजूबत करने के लिए दो बार ओमान की यात्रा कर चूका है। इसके साथ ही बाराबंकी निवासी मुल्जिम नदीम व बहराइच निवासी मुल्जिम कमरुद्दीन पीएफआई के राज्य संयोजक वसीम अहमद की अगुवाई में वर्ष 2047 तक हिन्दुस्तान को गजवा.ए.हिंद बनाने की दिशा में काम करते हैं। इसके लिए मुस्लिमों की जनसंख्या बढ़ाने व राजनैतिक शक्ति बनने का एंजेडा चलाते हैं।

मुस्लिमों की धार्मिक भावना भड़काकर हिन्दुओं को काफिर बताते हैं। उन्हें कट्टरता के साथ हिन्दुओं को क्षति पहुंचाने के लिए उकसाते हैं। यह पीएफआई की आड़ में जगह जगह मुस्लिमों को एकत्र कर ऐसा साहित्य मुहैया कराते हैं, जिससे उन्हें भारतीय हिन्दुओं से घृणा हो जाए। इन्हें इस्लामिक देशों के संगठन ओआइसी का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। इनके पास से गजवा.ए.हिंद से संबंधित उर्दू व अरबी में कुछ साहित्य व पम्पलेट आदि भी बरामद हुए हैं। नदीम ने केरल के मंजीरी में पीएफआई का टेनिंग कैम्प भी ज्वाइन किया था। इनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत भी एफआईआर दर्ज किया गया है।

## 10 दिन की कस्टडी रिमांड मंजूर

विधि संवाददाता। लखनऊ

**ईडी** के विशेष प्रभारी जज प्रफुल्ल कुमार ने मनी लांड्रिंग के एक मामले में निरुद्ध पीएफआई (पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) के सदस्य व मुल्जिम मोण् शफीक पायथ का 10 दिन के लिए कस्टडी रिमांड मंजूर किया है। इसकी कस्टडी रिमांड की अवधि तीन अक्टूबर को समाप्त होगी। उन्होंने यह आदेश ईडी की अर्जी पर दिया है।

बीते गुरुवार को ईडी ने इसे केरल के कोझीकोड से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था। ईडी के विशेष वकील कुलदीप श्रीवास्तव के मुताबिक यह मामला हाथरस कांड के जरिए सामाजिक ताना.बाना बिगाड़ने के लिए विदेशों से फंडिग का है। उन्होंने एक अर्जी पेश कर विशेष अदालत से इसका 14 दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मांगा। उनका कहना था कि यह पीएफआई का सदस्य है। यह दोहा व कतर से पीएफआई के लिए फंडिंग का प्रबंधन करता था। इसने 40 लाख रुपए मुल्जिम केए रउफके खाते में मंगाए थे। इसके अलावा अन्य रकम पीएफआई की शाखा रिहाब इंडिया फाउंडेशन के माध्यम से मंगाए थे। इससे यह पता लगाना है कि विदेशों से यह रकम किन व्यक्तियों से मंगाए थे। पीएफआई सदस्य के रुप में अर्जित धन का इस्तेमाल कैसे किया है। यह भी जानकारी हासिल करनी है कि उस रकम की फंडिंग कहां कहां की है।

इस मामले में पीएफआई सदस्य अब्दुल रज्जाक पीडीयक्कलए केए रउफ शरीफए अतीकुर्रहमानए मसुद अहमदए अशरफ कादिरए सिद्दीकी कप्पन व मोहम्मद आलम को पहले ही ईडी न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। इन सबके खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है।

# सपा प्रवक्ता आईपी सिंह की जमानत याचिका मंजूर

विधि संवाददाता। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के प्रवक्ता आईपी सिंह की जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंजूर कर ली है। बीते 15 सितंबर को बलरामपुर जिले की एमपी.एमलए की विशेष अदालत ने इन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। 22 साल पुराने एक मामले में हाजिर नहीं होने पर अदालत ने इनके खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी किया था। पीठ ने याचिका मंजूर करते हुए रिहा करने का आदेश दिया है। जस्टिस श्रीप्रकाश सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश आईपी सिंह की ओर से दाखिल जमानत याचिका को मंजूर करते हुए दिया है। वर्ष 2000 में जिला पंचायत के चुनाव में आईपी सिंह पर गड़बड़ी करने का आरोप है। उस समय जिला पंचायत चुनाव के दौरान बूथ कैप्चरिंग और बवाल के मामले में बलरामपुर के देहात थाना पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। अब यह मुकदमा बलरामपुर की एमपी.एमएलए की विशेष अदालत में विचाराधीन है।

## सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा व लविवि छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष समेत सात आरोपी बरी

### 37 साल पहले लविवि में प्रोवोस्ट के साथ मारपीट का मामला

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** एमपी.एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मारपीट व सम्पति को नुकसान पहुंचाने के मामले में सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा व लविवि के पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह राना समेत सात मुल्जिमों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। थाना हसनगंज से संबधित यह मामला 37 साल पुराना है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि मुल्जिमों पर लगाए गए आरोपों को अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर सका है। लिहाजा मुल्जिम रविदास मेहरोत्राए राकेश सिंह रानाए प्रमोद कुमार सिंहए संजय कुमारए उदय राज यादवए राजेश वर्मा व सुरेश पाल सिंह को दोषमुक्त किया जाता है। 22 सितंबरए 1985 को इस मामले की एफआईआर चंद्र प्रकाश शर्मा ने दर्ज कराई थी। विवेचना के पश्चात मुल्जिमों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147ए 342ए 188ए 323ए 452ए 506 व 7 सीएलए एक्ट में आरोप पत्र दाखिल हुआ था। बचाव पक्ष की ओर से वकील सूर्यमणि यादव ने बहस की।

# आयुष्मान लाभार्थियों से रूबरू हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

## चौथी वर्षगांठ पर मनाया गया आयुष्मान भारत दिवस कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयुष्मान** भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के चार साल पूरे होने पर शुक्रवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में वर्चुवल माध्यम से आयुष्मान भारत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों के आयुष्मान लाभार्थियों से स्वास्थ्य मंत्री ने बात की और उनसे जानना चाहा कि योजना का लाभ उठाने में उन्हें कहीं कोई दिक्कत तो नहीं हुई। इसी मौके पर स्टेट हेल्थ एजेंसी साचीज के कार्यालय में 20 लाभार्थियों के साथ प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा और एजेंसी की सीईओ संगीता सिंह भी कार्यक्रम से जुड़े।

इस मौके पर गोरखपुर के




बेतियाहाता स्थित चन्द्रलोक कुष्ठ आश्रम के शफीक ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि उनके 36 वर्षीय भाई नसीब के मुंह के कैंसर का इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त चल रहा है। उनके माता.पिता कुष्ठ रोगी हैं जो कि कुष्ठ आश्रम में रहते हैं। उनके परिवार की आमदनी का कोई जरिया नहीं है। यदि यह योजना न होती तो उनके भाई का इलाज संभव नहीं था। गोरखपुर के पोद्दार हास्पिटल में कीमोथेरेपी और रेडिएशन का मुफ्त इलाज चल रहा है, जिस पर अभी तक करीब 1.28 लाख रुपये खर्च हुए हैं, जिसमें उनको एक पैसा भी नहीं देना पड़ा है। शफीक की ही तरह अन्य राज्यों के लाभार्थियों ने भी अपनी बात बताई, जिस पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने प्रधानमन्त्री के इस तोहफे को सराहा और कमजोर वर्ग के लोगों से अपील की कि जिनका भी नाम इस योजना की सूची में है वह जल्दी से जल्दी अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें ताकि उन्हें सालाना पांच लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा हासिल हो सके। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 सितम्बर 2018 को थी। चार साल के दौरान देश के करीब चार करोड़ लोगों को योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ मिल चुका है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि प्रदेश में चार साल के दौरान 2.15 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाये गए हैं। योजना के तहत 15 लाख से अधिक लोगों को मुफ्त इलाज का लाभ मिला है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रदेश में 15 सितम्बर से आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पखवाड़े के तहत अब तक प्रदेश में 5.45 लाख आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। इस मौके पर साचीज की सीईओ संगीता सिंह ने लाभार्थियों से बात करके उन्हें सम्मानित भी किया और लाभार्थियों से अपील की कि वह योजना के व्यापक प्रचार.प्रसार में सहयोग करें ताकि उनकी तरह दूसरे जरूरतमंदों को भी योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा मिल सके।

### लखनऊ के 4 लाख पात्र लाभार्थियों को मिला आयुष्मान कार्ड

**आयुष्मान** भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की चौथी वर्षगांठ पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयुष्मान भारत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा आर के चौधरी ने की। चौधरी ने बताया कि चार साल में लगभग 4.09 लाख पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है और 83,431 लाभार्थी इस योजना का लाभ ले चुके हैं। साथ ही इस योजना के तहत लगभग 85 करोड़ रुपये का भुगतान चिकित्सालयों को किया जा चुका है। इस योजना के तहत 1574 हेल्थ पैकेज है। आयुष्मान भारत योजना के तहत जनपद में 33 सरकारी एवं 200 निजी अस्पताल सूचीबद्ध है।

# गांवो तक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जरूरी: राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि देश में उच्च स्वास्थय सेवाओं का होना जितना आवश्यक है, उससे अधिक स्वास्थय के प्रति जागरूकता की आवश्यकता है। हमें गाँवों तक स्वास्थय के प्रति जागरूकता का प्रसार करना होगा। उन्होंने कहा इसके लिए निजी स्वयं सेवी संस्थाओं, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जोड़कर गाँव के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचा जा सकता है। राज्यपाल शुक्रवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में डा राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के द्वितीय स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थी।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि बहुत सी गम्भीर बीमारियों को यदि प्रारम्भ में ही जान लिया जाए तो उसकी चिकित्सा प्राप्त कर व्यक्ति ठीक हो सकता है। गाँववासी जानकारी के आभाव में बीमारी के प्रारम्भिक सामान्य लक्षणों को अनदेखा कर देते हैं। उन्हें समय पर जानकारी देकर जागरूक किया जा सकता है। राज्यपाल ने समारोह में उपस्थित चिकित्सकों से स्वस्थ समाज के विकास में अपना योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि चिकित्सक मरीज की आशा का केन्द्र होता है। इसीलिए चिकित्सक को भगवान की संज्ञा भी दी गई है। चिकित्सकों को यह प्रयास करना चाहिए कि हमारे देश में स्वस्थ पीढ़ी का विकास हो, स्वस्थ शिशु जन्म लें, माताएं और जननी स्वस्थ रहें। उन्होंने इस दिशा में कार्य करने के लिए चिकित्सकों को प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चे को गर्भावस्था से ही स्वस्थ रखने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस दिशा में वृहद सत्रों का आयोजन करके उसमें ग्रामीण प्रतिनिधियों और स्वास्थ कर्मियों की प्रतिभागिता कराकर उचित पोषण, संस्थागत प्रसव, समय.समय पर जांच, स्तनपान की अनिवार्यता, वृद्ध महिला-पुरूषों की स्वास्थ सम्बन्धी समस्या के सम्बन्ध में जागरूगता तथा उसके निवारण पर जागरूक किया जा सकता है।

# मॉलिक्युलर बायोलॉजी में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नवयुग** कन्या महाविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग एवम वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय मॉलिक्युलर बायोलॉजी में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक्सपीरियम प्राइवेट लिमिटेड के विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा जैसे एक्सपीरियम फाउंडर डा. महेश, सीनियर साइंटिस्ट डॉ. मोहम्मद अकरम अंसारी, जूनियर साइंटिस्ट स्वाती वैश्य, साइंटिस्ट 1 नूतन सिंह और शिवानी के परिवेक्षण में इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें ई. कोली बैक्टीरिया का कल्चर करना व किस तरह से प्लैसमिड सिलिका बेस्ड माइक्रोसेंट्रीफ्यूज व स्पिन कॉलम फॉर्मेट द्वारा आरएनए आइसोलेशन ट्रिजोल रिजेंट विधि द्वारा और एग्रोज जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे विद्यार्थी डीएनए, आरएनए और प्लैसमिड जैसी चीजें जो विद्यार्थियों के लिए किताबी ज्ञान होती था वो दिखता कैसा है और उसको बैक्टीरिया व पौधों से आइसोलेट कैसे करते हैं वो सीखेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.मंजुला उपाध्याय जी ने प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए बताया कि विज्ञान एक प्रोयोगात्मक विषय हैए जब विद्यार्थियों को इस प्रकार की ट्रेनिंग दी जाती है तो बच्चों के अंदर नया सीखने का जज्बा एवं आत्मविश्वास उत्पन्न होता है। इस प्रशिक्षण में महाविद्यालय के बीएससी तृतीय वर्ष की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया और उन्होने विज्ञान विभाग की प्रवक्ताओं से इस तरह की विभिन्न प्रशिक्षणों की मांग की।

## नई तकनीक व आधुनिक उपकरण से रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन आसान

**लखनऊ।** पहले लोग रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन से घबराते थे। इसके बाद महीनों तक बिस्तर पर लेटकर गुजारना पड़ता था। इस कारण लोग सर्जरी से घबराते थे। अब नई तकनीक और आधुनिक उपकरण से रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन आसान हो गए हैं। ऑपरेशन की सफलता दर भी 99 फीसदी तक है। खास बात यह है कि मरीज ऑपरेशन वाले दिन पैरों पर खड़ा हो सकता है। शुक्रवार को यह जानकारी किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिंब सेंटर में आयोजित स्पाइन कॉनक्लेव 2022 में हड्डी रोग विभाग के डॉ आरएन श्रीवास्तव ने दी है।कानक्लेव के दौरान लाइव सर्जरी में जसलोक हॉस्पिटल मुंबई के डा गौतम जावेरी ने 16 वर्षीय लड़की की स्पाइन सर्जरी दिखाई। लड़की को रीढ़ में टीबी थी, इससे हड्डी कई जगह से गल गई थी। नसों पर दबाव बढ़ गया था, जिससे उसे असहनीय पीड़ा हो रही थी। पैरों पर खड़े होने में दिक्कत हो रही थी।

# आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का: डॉ देवी शेट्टी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ** राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के द्वितीय स्थापना दिवस समारोह के मौके पर संस्थान व आईआईटी के बीच आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस- डिजिटल हेल्थ को लेकर एक एमओयू किया गया। इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि पद्मभूषण डॉ देवी शेट्टी की तरफ से डिजिटल हेल्थ इमेजिंग हेल्थ केयर फॉर ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी विषय पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की निदेशक प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश एवं अध्यक्ष डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थानए दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा एवं उपाध्यक्ष डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान आलोक कुमार उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं उन्होंने अपने संबोधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का चिकित्सा क्षेत्र एवं उपचार में क्या सक्रिय रोल है पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात डॉ विक्रम सिंह ने संस्थान संस्थान द्वारा डिजिटल हेल्थ के क्षेत्र में क्या पहल की जा रही है और आने वाले समय में संस्थान की इस क्षेत्र में क्या योजनाएं हैं पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता पद्मभूषण डॉ देवी शेट्टी ने अपने संबोधन में डिजिटल हेल्थ एंड डाटा विजुलाइजेशन विषय पर विस्तार में चर्चा की। उन्होंने कहा यदि हमारा चिकित्सा जगत यदि डिजिटल हो जाता है तो यह सिर्फ मरीजों के लिए ही नहीं अपितु चिकित्सकों के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि होगी।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नगर निगम ने चलाया अभियान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाये गये प्रतिबन्ध को प्रभावी ढंग से लागू किए जाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के आदेशानुसार नगर निगम लखनऊ द्वारा नगर में वृहद अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जोन-7 क्षेत्र के अन्तर्गत अयोध्या मार्ग, एचएएल, सब्जी मण्डी के चारों तरफ तथा शेखर हॉस्पिटल तक अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 15 ठेलों / दुकानों पर जांच की गयी और मौके पर 2 दुकानों से 0.2 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त करते हुए रु. 1000 का जुर्माना जमा कराया गया तथा भविष्य में पॉलीथिन प्रयोग न करने व गंदगी कचरा न फैलाने के सम्बन्ध में सचेत किया गया। उक्त कार्यवाही उप नगर आयुक्त/ जोनल अधिकारी जोन-7 संगीता कुमारी के नेतृत्व में कर अधीक्षक राजू गुप्ता व कुलदीप अवस्थी, राजस्व निरीक्षक शिवेन्द्र मिश्रा, प्रभाकर दयाल, उदय त्रिपाठी आदि के साथ नगर निगम, जोन-7 296 टीम एवं अन्य स्टॉफ व पुलिस बल की उपस्थिति में सम्पादित की गयी।

## ब्रेस्ट कैंसर से बचाव पर चर्चा

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के इण्डोक्राइन सर्जरी विभाग द्वारा शुक्रवार से आयोजित दो दिवसीय केजीएमयू ब्रेस्ट अपडेट-2022 कांफ्रेंस के पहले दिन प्रथम सत्र में ब्रेस्ट कैंसर से बचाव के प्रमुख उपाये ब्रेस्ट स्क्रीनिंग के महत्व पर विस्तृत चर्चा हुई। मैक्स हास्पिटल, दिल्ली के वरिष्ठ सर्जन डा अरुन गोयल द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। ब्रेस्ट कैसर रोगियों में मातृत्व धारण संबंधी भ्रम/आशंका के निवारण हेतु विशेषज्ञो द्वारा विचार विमर्श किया गया तथा विभिन्न संस्थानों में प्रयोग की जाने वाली अलग-अलग गाइड लाइन को राष्ट्रीय स्तर पर कैसे उपयोक्त बनाया जाये, इस पर चर्चा हुयी।

## बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, इसे रोकना ही होगा

**लखनऊ।** नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन (केएससीएफ) ने बाल विवाह मुक्त भारत के अभियान का ऐलान किया है। इसी संबंध में स्वयंसेवी संस्थाओं को एकजुट करने और इस सामाजिक बुराई के खिलाफ सामूहिक रूप से लड़ने के लिए प्रदेश की राजधानी में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। अन्य राज्यों में क्रमवार इसी तरह सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। केएससीएफ ने यह सम्मेलन राज्य के बाल अधिकार संरक्षण आयोग के साथ मिलकर किया है। सम्मेलन में बाल विवाह और इसे रोकने के लिए कानूनी पहलुओं पर चर्चा की गई। इसमें प्रमुख रूप से बाल विवाह के मामले में अनिवार्य एफआईआर दर्ज करनेए बाल विवाह को जुवेनाइल जस्टिस एक्ट और पॉक्सो एक्ट से जोड़ने पर गहन विमर्श हुआ। इसका मकसद कानून तोड़ने वालों को सख्त से सख्त सजा दिलाना है। साथ ही देश के हर जिले में बाल विवाह रोकने वाले अधिकारी (सीएमपीओ) की नियुक्ति की मांग भी उठाई गई। इन अधिकारियों को बाल विवाह रोकने के लिए उचित प्रशिक्षण देने और उन्हें अभिभावकों को इसके खिलाफ प्रोत्साहन देने की भी बात कही गई। साल 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश में 23.3 लाख बच्चों का बाल विवाह किया गयाए जो कि पूरे देश के बाल विवाह का 19 प्रतिशत है। यह आंकड़ा चिंताजनक है। इस सामाजिक बुराई को रोकने के लिए प्रदेश में अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत है। इस मौके पर राज्य के बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य सुचित्रा चतुर्वेदी, आईपीएस रुचिता चौधरी और केएससीएफ के सहयोगी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के निदेशक मनीष शर्मा मौजूद थे।

## लखनऊ परिक्षेत्र में 575.23 लाख वसूले गए प्रशमन शुल्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशों का अनुपालन करते हुए परिवहन विभाग द्वारा अनधिकृत बस संचालन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ 01 सितंबर से 22 सितंबर तक लखनऊ परिक्षेत्र में कुल 10597 वाहनों का चालान किया गया तथा 1421 वाहनों को बंद किया गया और इससे कुल 575.23 लाख रूपये प्रशमन शुल्क वसूल किया गया। परिवहन उपायुक्त निर्मल प्रसाद ने बताया कि अनधिकृत बस संचालन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ 01 सितंबर से 22 सितंबर तक की गई कार्रवाई में 532 बसों का, 1537 ट्रकों का तथा 8528 अन्य वाहनों का चालान किया गया। इसी प्रकार 161 बसों, 474 ट्रकों व 786 अन्य वाहनों को इस दौरान बन्द करने की कार्यवाही की गयी। मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री की मंशानुरूप अनधिकृत बसों एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफकार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों का परिवहन विभाग सख्ती से अनुपालन कराना सुनिश्चित कर रहा है। अनधिकृत वाहनों के खिलाफ कार्यवाही आगे भी चलती रहेगी।

## पीजीआई में मनाया गया सीसीएम का 20वां स्थापना दिवस

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग का 20वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। डॉ हरगोविंद खुराना सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आर के धीमन ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर एके बरोनिया, प्रिंसिपल जीएमसी पिथौरागढ़ और पूर्व और संस्थापक प्रमुख सीसीएम विभाग एसजीपीजीआई के भाषण से हुई। डॉ बरोनिया ने 20 से अधिक वर्षों की क्रिटिकल केयर की अपनी यात्रा को साझा किया। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के कुलपति डॉ पीके सिंह ने एनेस्थेसिया से क्रिटिकल केयर तक का पारगमन पर अपने अनुभव को साझा किया। सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के विशेषज्ञ प्रोफेसर युगान मुदलियार ने क्रिटिकल केयर में सिमुलेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक भाषण दिया और आईसीयू सेटिंग में त्रुटियों और प्रतिकूल घटना को कम करने के लिए शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए सिमुलेशन की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर अफ्ज़ल अजीम और प्रोफेसर मोहन गुर्जर कायक्रम के आयोजन सचिव और वैज्ञानिक सचिव थे। चूंकि नर्से क्रिटिकल केयर का एक अभिन्न अंग हैं, इसलिए स्थापना दिवस के एक भाग के रूप में एक नर्सिंग क्रमिक चिकित्सा शिक्षा का भी आयोजन किया गया। सीएमई में गंभीर रूप से बीमार रोगियों के प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण और कौशल संवर्धन शामिल था। इस सीएमई के वक्ता क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग की प्रशिक्षित स्टाफ नर्स थीं। कार्यक्रम के शुरूआत में सीसीएम के विभागाध्यक्ष डॉ बनानी पोद्दार ने उन सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया जो प्रत्यक्ष रूप से अथवा वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

## केन्द्र के बजट से परिषदीय विद्यालयों का होगा कायाकल्प

**लखनऊ।** प्रदेश में स्थापित परिषदीय विद्यालयों में शामिल 890 ब्लॉकों के 1780 सरकारी स्कूलों का कायाकल्प योगी सरकार द्वारा केन्द्र के प्रायोजित बजट पीएमश्री योजना के तहत करेगी। योजना के तहत सरकार की तरफ से सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर उसी हिसाब से विकसित किया जाएगा जिससे बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने में मदद मिल सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत केन्द्र की तरफ से स्कूलों के अपग्रेडेशन को लेकर पीएम श्री योजना बनाई गयी है। योजना के तहत देश भर से 14500 से अधिक स्कूलों का चयन किया गया है। इसके अंतर्गत केन्द्र की तरफ से 27360 रुपए का बजट रखा गया है। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अभी योजना के क्रियान्वयन को लेकर अभी गाइडलाइन नहीं आई है। गाइडलाइन आने के बाद स्कूलों के अपग्रेडेशन संबंधी कदम उठाये जायेंगे। स्कूली शिक्षा के महानिदेशक विजय किरण आनंद के अनुसार यूपी में 890 प्राथमिक और कई माध्यमिक विद्यालयों को केंद्र सरकार योजना के अनुसार अपग्रेड किया जाएगा।

## शिविर में मरीजों का मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी गईं दवाएं

**मोहनलालगज।** ज्योतिनगर लेप्रोसी सेण्टर पर शुक्रवार लगे त्वचा और कुष्ठ रोग के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें मुफ्त दवाएं वितरित की गईं। मोहनलालगज के फुलवरिया लेप्रोसी सेण्टर पर आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में त्वचा रोग से जुड़े मरीजों की काउंसलिंग कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान मरीजों को दवाएं भी मुफ्त वितरित की गईं। शिविर में त्वचा की बीमारियों से ग्रसित मरीजों को त्वचा सम्बन्धी रोगों के पनपने से बचने के उपाय और ऐसे रोगों की रोकथाम के साथ ऐसे रोग के मौसम के साथ घटने.बढ़ने के बारे में भी जानकारी देकर सचेत किया गया। शिविर के दौरान डाक्टर विवेक कुमार ने बताया कुछ त्वचा से जुड़ी ऐसी समस्याएं हैं जो बरसात के दिनों में बढ़ जाती है। इसी तरह कुछ त्वचा की समस्याएं ठंड और गर्मियों के मौसम में भी परिवर्तित होती रहती है। इसलिए त्वचा से जुड़े मरीजों को कुछ सावधानियां मौसम के हिसाब से बरतनी चाहिए। डाक्टर विवेक ने बताया कि ये नि:शुल्क शिविर पिछले 30 सालों से ऐसे लोगो के लिए आयोजित करते है।

# ग्रामीण खिलाड़ियों को रग्बी खेल में पारंगत करेगी प्रदेश सरकार:सहगल

## अपर मुख्य सचिवए खेल से रग्बी इण्डिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिवए खेल डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे रग्बी खेल में प्रदेश का नाम देश-दुनियां में रोशन करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान बच्चों को रग्बी खेल में पारंगत करने की तैयार कर रही है। इस संबंध में शुक्रवार को बापू भवन में अपर मुख्य सचिव खेल डॉ. नवनीत सहगल से रग्बी खिलाड़ी मशहूर कलाकार एवं इण्डियन रग्बी फुटबाल यूनियन के अध्यक्ष राहुल बोस ने मुलाकात की और लखनऊ में आगामी नवम्बर माह में एशियन चौम्पियनशिप कराने का प्रस्ताव दिया। साथ ही उत्तर प्रदेश के रग्बी खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय इकोस्टिम सिस्टम देने संबंधी प्रस्तुतिकरण भी दिया। अपर मुख्य सचिव ने श्री बोस के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा



कि रग्बी एशियन चौम्पियशिप के आयोजन में राज्य सरकार रग्बी इण्डिया का पूरा सहयोग करेगी। लखनऊ में चौम्पियनशिप के आयोजन से इस खेल को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि रग्बी इण्डिया के सहयोग से लखनऊ के साथ-साथ गोरखपुर और वाराणसी में रग्बी मैच का आयोजन कराया जायेगा तथा वहां के बच्चों को रग्बी खेल में प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ, आगरा, सहारनपुर, सीतापुर वाराणसी, जौनपुर, प्रयागराज, कासगंज, एटा सहित कई जिलों में बच्चे रग्बी खेलते हैं। रग्बी इण्डिया के साथ बच्चों के जुड़ने से उनकी प्रतिभा निखरेगी और वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बन सकेंगे। उन्होंने रग्बी इण्डिया से उत्तर प्रदेश में इस खेल को प्रमोट करने के लिए अगले छ: माह का प्लान तैयार कर उपलब्ध कराने को कहा है। श्री बोस ने बताया कि रग्बी इण्डिया भारत से बेहतरीन रग्बी खिलाड़ी तैयार करने का कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। खिलाड़ियों के लिए 40 दिन का ट्रेनिंग प्रोग्राम होगा। बालिकाओं को लिए विशेष सुविधाएं होगी। प्रदेश में जगह.जगह प्रदर्शन मैच कराये जायेंगेए जिससे बच्चे प्रोत्साहित होकर इस खेल से जुड़ेंगे।

# हाईवे पर युवकों के दो गुट भिड़े जमकर मारपीट

संवाददाता। मोहनलालगंज

**मोहनलालगंज** में हाईवे पर स्थित ढाबे पर सिगरेट पीने को लेकर नशे मे धुत युवको के गुट आपस मे भिड गए। आधी रात हाईवे पर जमकर मारपीट हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को आया देख युवक भाग निकले। मारपीट करने वाले युवको का पुलिस पता लगा रही है। लखनऊ. रायबरेली हाईवे पर स्थित ढाबा पर युवको के दो गुट मौजूद थे। दोनो गुटों के युवक नशे मे थे तभी एक गुट के एक युवक ने सिगरेट का धुंआ दूसरे गुट की ओर फूंक दिया। इसी बात को लेकर विवाद होने लगा और मारपीट शुरू हो गई। युवको का गुट मारपीट करते हुए हाईवे पर पहुंच गया और आधी रात हाईवे पर घंटो तक तमाशा होता रहा। दो गुटो के बीच हो रही मारपीट की सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। मौके पर पुलिस के पहुंचने पर युवक भाग निकले। ढाबे के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि आए दिन ढाबे पर शराब पीकर लोग हंगामा करते है।

# पेज एक का शेष

## विकास में...

नाम पर विकास परियोजनाओं को बाधित करने के लिए विभिन्न संस्थाएं उनका समर्थन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग न्यायपालिका और विश्व बैंक तक को प्रभावित कर परियोजनाओं को बाधित करते हैं। व्यवसाय को सुगम बनाने या जीवन को आसान बनाने वाली परियोजनाओं को केवल पर्यावरण के नाम पर अनावश्यक रूप से न रोका जाए और पर्यावरण संबंधी मंजूरी देने के वास्ते संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। विभिन्न परियोजनाओं को पर्यावरण संबंधी मंजूरी मिलने में विलंब पर नाखुशी जताते हुए मोदी ने कहा कि मंजूरी जल्दी दिए जाने पर ही तेजी से विकास होगा। उन्होंने कहा, करीब छह हजार पर्यावरण संबंधी मंजूरी के आवेदन और करीब 6500 वनीय मंजूरी के आवेदन विभिन्न राज्यों में लंबित हैं। सभी को पता है, ऐसे विलंब से परियोजना की लागत बढ़ती है। हम सभी को इसमें लगने वाले समय को कम करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में दिल्ली में बनाई गई प्रगति मैदान टनल का जिक्र किया, जिससे वहां यातायात बेहतर हुआ है।

## कनाडा में...

बेहद आपत्तिजनक है कि एक मित्र देश में कट्टरपंथी एवं चरमपंथी तत्वों को राजनीति से प्रेरित ऐसी गतिविधि की इजाजत दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओं से कहा था कि भारत ने इस मामले को राजनयिक माध्यमों से कनाडा के प्रशासन के समक्ष उठाया है और इस मुद्दे को कनाडा के समक्ष उठाना जारी रखेगा। उन्होंने तथाकथित खालिस्तानी जनमत संग्रह को फर्जी कवायद करार दिया था।

## इमामों के...

गुमराह किया गया है। गलतफहमी पैदा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भागवत की इलियासी से मुलाकात अल्पसंख्यक समुदाय के साथ संवाद करने के संघ की पहल का हिस्सा है, जिसकी शुरूआत 20 वर्ष पहले आरएसएस के तत्कालीन प्रमुख के. एस. सुदर्शन के नेतृत्व में हुई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को संघ पर निशाना साधने के लिए पश्चाताप करना चाहिए। कुमार ने कहा कि अगर वह (कांग्रेस) पश्चाताप करती है, तब संघ उसकी गलतफहमी को दूर कर देगा।उल्लेखनीय है कि भागवत ने यहां बृहस्पतिवार को एक मस्जिद और मदरसे का दौरा किया था तथा ऑल इडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख के साथ बैठक की थी। आरएसएस के सरसंघचालक मध्य दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित एक मस्जिद में गए और उसके बाद उन्होंने उत्तरी दिल्ली के आजादपुर में मदरसा तजावीदुल कुरान का दौरा भी किया था।

## पीएम बनने...

लगाया, 2020 के विधानसभा चुनावों में कुमार की पार्टी द्वारा जीती गई सीटों की संख्या हमारी संख्या का लगभग आधा थी। भाजपा ने पूर्व में किए गए अपने वादे को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री के रूप में उनका समर्थन करके बड़प्पन दिखाया। हालांकि, लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही प्रधानमंत्री पद की उनकी महत्वाकांक्षा उन पर हावी हो गई और उन्होंने हमारी पीठ में छुरा घोंप दिया। जद (यू) पिछले विधानसभा चुनावों में अपनी सीटों की संख्या में कमी के लिए परोक्ष रूप से भाजपा को दोषी ठहरा रही है, जब चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी ने मुख्यमंत्री कुमार की पार्टी के उम्मीदवारों के खिलाफ भाजपा के कई बागियों को मैदान में उतार दिया था।

## एम. श्रीनिवास...

शुरुआती आदेश नौ सितंबर को जारी किया गया था, लेकिन सरकार ने 23 सितंबर को तारीख में बदलाव करते हुए नया आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने नई दिल्ली स्थित एम्स के निदेशक के पद पर डॉक्टर रणदीप गुलेरिया का कार्य विस्तार 25 मार्च, 2022 से प्रभावी है जो छह महीने या अगले निदेशक की नियुक्ति तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगा। एम्स के निदेशक के रूप में डॉक्टर गुलेरिया के कार्यकाल में दूसरी बार किए गए विस्तार की अवधि 23 सितंबर को समाप्त हो रही है। उन्हें 28 मार्च, 2017 को पांच साल के लिए एम्स, दिल्ली का निदेशक नियुक्त किया गया था, लेकिन बाद में उनके कार्यकाल को तीन-तीन महीने के लिए दो बार बढ़ाया गया। इससे पहले मार्च में एम्स के नए निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए कैबिनेट की नियुक्ति समिति को तीन नाम भेजे गए थे.... एंडोक्रीनोलॉजी विभाग के प्रमुख निखिल टंडन, एम्स ट्रॉमा सेंटर के प्रमुख और ऑर्थोपेडिक्स विभाग के प्रमुख राजेश मल्होत्रा और एम्स मे गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के प्रोफेसर प्रमोद गर्ग।

## गैंगेस्टर के...

हैं। कई मामलों में आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है। उसके खिलाफ दूसरे मुल्जिम अभय सिंह आदि से मिलकर लखनऊ जेल के तत्कालीन वरिष्ठ जेल अधीक्षक आरके तिवारी की हत्या कराने के मामले में भी आरोप पत्र दाखिल किया गया था। यदि मुल्जिम के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है या आरोप पत्र दाखिल किया गया है और वह गैंग का सदस्य हैए तो उसे गैंगस्टर के तहत दोषसिद्ध किया जा सकता है।

**सपा विधायक अभय सिंह आदि हो चुके हैं बरी:** इस मामले में मुख्तार अंसारी के अलावा 24 और मुल्जिम थे। इनमें सपा विधायक अभय सिंह समेत एक अन्य मुल्जिम मनोज वर्मा पहले ही बरी हो चुके हैं। पूर्व एमएलसी रामू द्विवेदी उर्फ संजीव, अकबर हुसैन, राम कुमार सिंह, गुड्डू सिंह, राजीव सिंह, अमित कुमार रावत, अमित राय, अनिल कुमार तिवारी, हिमांशु नेगी, मिलित गौड़ व सुरेन्द्र कुमार को हाईकोर्ट बरी कर चुकी है। जबकि चार मुल्जिमों की ट्रायल के दौरान मौत हो गई थी व तीन मुल्जिमों को आरोपों से उन्मोचित कर दिया गया था।

## यूपी में...

सत्ताधारी सदस्यों के बहुमत की वजह से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इसे पारित करने की घोषणा की। शुक्रवार को मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी और उसकी सहयोगी रालोद के सदस्यो ने सदन का पूरे दिन के लिए बहिर्गमन किया था। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा ने इस विधेयक को प्रवर समिति को सौंपे जाने का प्रस्ताव रखा, लेकिन सत्ता पक्ष के सदस्यों के विरोध की वजह से उनका प्रस्ताव गिर गया। संसदीय कार्य मंत्री खन्ना ने विधेयक के बारे में सदन को बताया कि इस संशोधन विधेयक में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामले और महिलाओं से दुराचार के आरोपियों को अब अग्रिम जमानत न देने का प्रावधान किया गया है।

## उत्तर प्रदेश...

प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2022 को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। शुक्रवार को राज्य की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने सदन का बहिष्कार किया और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर जनहित से जुड़े सवालों पर जवाब न देने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इस आरोप पर पलटवार करते हुए दावा किया कि सरकार ने सभी सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सदन से बहिर्गमन किए तो कारण बताना चाहिए था लेकिन बिना कारण वे लोग अपने निजी एजेंडे के लिए सदन छोड़कर गए। खन्ना ने कांग्रेस, बसपा समेत अन्य दलों के नेताओं के प्रति सदन में सहयोग के लिए आभार जताया। सत्तारूढ़ भाजपा की सहयोगी अपना दल (एस) और निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) के अलावा विपक्ष से कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी के दल नेताओं ने भी सकुशल सदन संचालन के लिए अध्यक्ष और अन्य के प्रति आभार जताया। विधानसभा अध्यक्ष महाना ने अपने संबोधन में सदस्यों की महत्वपूर्ण भागीदारी की चर्चा करते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि यह विधानसभा केवल 403 सदस्यों की नहीं है, यह उत्तर प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की है। इस वजह से इसकी दिव्यता, गरिमा और भव्यता को बनाकर रखना है। महाना ने नेता सदन योगी आदित्यनाथ सहित नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव, अपना दल (एस) के नेता राम निवास वर्मा, राष्ट्रीय लोकदल के नेता राजपाल सिंह बालियान, निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के नेता अनिल कुमार त्रिपाठी, भारतीय सुहेलदेव पार्टी के नेता ओम प्रकाश राजभर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता आराधना मिश्रा मोना , जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के नेता कुंवर रघुराज प्रताप सिंह, बहुजन समाज पार्टी के उमाशंकर सिंह सहित सभी दलीय नेताओं के सहयोग की प्रशंसा की।

## जब पीएम...

हैं, जबकि उनके साथ काम करने वाले अन्य भले ही थक जाएं। आप पूछते हैं कि क्या प्रधानमंत्री मोदी बदलाव ला सकते हैं, लेकिन मैं कहता हूं पीएम मोदी खुद एक बदलाव का परिणाम हैं। उनके जैसा कोई व्यक्ति (समाज के गरीब तबके से आने वाले व्यक्ति) भारत का प्रधानमंत्री बन गया है, यह दिखाता है कि देश कितना बदल गया है।

# जेम पोर्टल से जुड़कर छोटे दुकानदार बदल रहे तकदीर

- जेम पर अब तक 24 हजार करोड़ की खरीदारी कर उतर प्रदेश देश में सबसे आगे
- जेम ने पीआईबी के सहयोग से वाराणसी में किया 'जेम विक्रेता संवाद' का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**सरकारी** विभागो में सामानों की खरीद में पारदर्शिता लाने और अनियमितताओं को दूर करने के उद्देश्य से शुरु किये गये जीईएम पोर्टल के विक्रेताओं का शुक्रवार को वाराणसी में विक्रेता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लघु एवं मध्यम श्रेणी के विक्रेताओं ने जेम पोर्टल से जुड़ने के बाद व्यापार में हुई वृद्धि की चर्चा मीडियाकर्मियों और अधिकारियों से की।बुनकर सेवा केंद्र, वाराणसी के सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (ळमड) जेम के अधिकारियों और बड़ी संख्या में विक्रेताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान जीईएम पोर्टल के जीएम अनुराग अवस्थी ने बताया कि केंद्र तथा उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीद में व्यापक पारदर्शिता तथा प्रतियोगी भाव लाने के लिये जीईएम पोर्टल से सामान एवं सेवाओं की खरीददारी की अनिवार्यता की है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विगत वित्तीय वर्ष 2021-22 में 11274 करोड़ की खरीददारी जीईएम पोर्टल के माध्यम से की गयी है जो देश की पूरी जीईएम खरीद का 10 प्रतिशत से अधिक है। जीईएम की शुरुआत से अब तक प्रदेश में सरकारी कार्यालयों द्वारा 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक की खरीदारी जीईएम-पोर्टल के माध्यम से की गयी है।बुनकर सेवा केंद्र, वाराणसी के उपनिदेशक संदीप ठुबरीकर ने कहा कि जीईएम पोर्टल को 9 अगस्त 2016 को प्रधानमंत्री के विजन के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था। गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस, देश का नेशनल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल, वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए एंड-टू-एंड ऑनलाइन मार्केटप्लेस है। ळमड सार्वजनिक खरीद को फिर से परिभाषित करने के लिए जाना जाता है और सरकारी खरीदारों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा खरीद के तरीके में आमूल-चूल परिवर्तन लाने में सक्षम है। हम अपने केंद्र से जुड़े बुनकरों को भी इससे जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। हस्तकला के सहायक निदेशक गोपेश कुमार मौर्या ने विक्रेताओं से जेम में गुणवत्ता बरकरार रखने के महत्व की चर्चा की। उन्होंने कहा कि ळमड कॉन्टैक्टलेस, पेपरलेस और कैशलेस के तीन स्तंभों पर खड़ा है। दक्षता, पारदर्शिता और समावेशिता जेम पोर्टल की विशेषताएं है । जेम का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों,स्टार्ट अप छोटे उद्यमियों,एम एस एमई सेक्टर,अनुसूचित जाति,जनजाति ,महिला उद्यमियों और एक जिला,एक उत्पाद (ओडीओपी) को बढावा देना है।

### विक्रेताओं की सफलता की कहानी

**वाराणसी**-लकड़ी के खिलौने के व्यापारी रामेश्वर सिंह ने जीईएम के बारे में अपने अनुभवों को साझा किया एवं कहा कि इसने व्यवसाय करने तथा आगे बढ़ने के लिए एक पारदर्शी तथा बाधा मुक्त मंच प्रदान किया है। उन्होंने कहा, " जीईएम के साथ चीन के खिलौने पर बंदिश लगाकर खुला आसमान दे दिया। जीईएम ने न केवल भ्रष्टाचार को खत्म करने के एक शानदार माध्यम के रूप में काम किया है बल्कि इसने बिचौलियों की प्रथा को भी खत्म कर दिया है।'सर्विस एंड सोल्युशन के प्रणव अस्थाना' ने कहा कि जीईएम में पिछले कुछ वर्षों के दौरान असीम वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, "अब लाखों क्रेता और विक्रेता जीईएम के साथ जुड़ चुके हैं। इस वृद्धि के साथ, हमें लोगों को संवेदनशील बनाने तथा इसकी सेवा प्रदायगी में और अधिक सुधार लाने की आवश्यकता है जिसके लिए इस विक्रेता संवाद जैसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं। 'मीनाकारी से जुड़े कुंज बिहारी' ने कहा कि एक दौर ऐसा आया कि हमारे विधा की पहचान मिट रही थी। एक तो जीईएम की लांचिंग और फिर माननीय प्रधानमंत्री की लघु एवं मध्यम वर्ग के दुकानदारों के लिए किए गए प्रयास में ने हमारे व्यापार में चार चांद लगा।

## बंधी में डूबने से किशोर की हुई मौत

**डाला/सोनभद्र।** स्थानीय चोपन थाना के पतगडी स्थित नेटियाडाड़ बंधी में शुक्रवार की सुबह सात बजे नहाने गए किशोर की बंधी में डुबकर मौत हो गई। बंधी मे डुबने मौत की खबर लगते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुचीं चोपन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। चोपन पुलिस ने बताया कि 14 वर्षीय मुकेश पुत्र बहादुर गोड़ निवासी नेटियाडाड़ पतगडी, किशोर नहाकर स्कूल जाने के लिए नहाने आसपास के तीन छोटे बच्चों के साथ घर से कुछ दूर नेटियाडाड़ बंधी में चला गया था, नहाने के दौरान कुछ देर बाद बंधी से बाहर नही निकला तो छोटे बच्चों ने घर जाकर बताया। सूचना मिलते ही आनन फानन में गावं के लोग बंधी मे कुद कर मुकेश को बंधी मे खोजने लगे, खोजबीन करके बंधी से बाहर निकाला गया तब तक मुकेश की मौत हो चुकी थी।

# मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे बैंक कर्मी, किया प्रदर्शन

संवाददाता। मऊ

**ऑल** इंडिया रीजनल रूरल बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय दिवसीय हड़ताल के तहत जिले के बड़ौदा यूपी बैंक से सम्बंधित 72 शाखाओं में पूरे दिन ताला लटका रहा।9 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताली बैंक कर्मचारियों ने शहर के गाजीपुर तिराहा स्थित बैंक शाखा पर पहुंचकर जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने चेताया कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो आरपार का आंदोलन किया जाएगा।

केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बैंक के सेवानिवृत्त कार्मिक समिति के सदस्यों ने भी अपना पूर्ण समर्थन किया। केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर शुक्रवार को

बड़ौदा यूपी बैंक मिर्जाहादीपुरा शाखाए बड़ौदा यूपी बैंक सहादतपुरा शाखाए बड़ौदा यूपी बैंक भीटी शाखाए बड़ौदा यूपी बैंक बकवल शाखाए बड़ौदा यूपी बैंक विकास भवन शाखाए बड़ौदा यूपी बैंक बढ़ुवा गोदाम शाखाए बड़ौदा यूपी बैंक कोपागंज कसारा शाखाए बड़ौदा यूपी बैंक घोसी शाखाए बड़ौदा यूपी बैंक दोहरीघाट शाखाए बड़ौदा यूपी बैंक मुहम्मदाबाद गोहना शाखाए बड़ौदा यूपी बैंक रामपुर शाखाए बड़ौदा यूपी बैंक बखरिया शाखाए बड़ौदा यूपी बैंक तेंदुली शाखाए बड़ौदा यूपी बैंक शाखा समेत जिले की 72 शाखाओं में बैंक कर्मचारी पूरे दिन हड़ताल पर रहे। हड़ताल बैंक कर्मचारियों ने प्रदर्शन के दौरान सरकार से मांग किया कि बैंकों के निजीकरण की प्रक्रिया को बंद किया जाए।

हड़ताल कर्मचारियों ने कहा कि भारत सरकार ने ग्रामीण बैंकों को अपनी वैधानिक आवश्यकता हेतु आवश्यक कैपिटल जुटाने हेतु शेयर बाजार के माध्यम से आईपीओ लाकर पूंजी जुटाने के निर्देश जारी कर दिए हैं जबकि एसोसिएशन सभी ग्रामीण बैंकों को एक करते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक बनाकर ग्रामीण भारत से सीधे जुड़े 100 करोड़ ग्रामीण आबादी के लिए एक बैंक स्थापित करने की मांग एक लंबे समय से की जा रही है। बैंक कर्मचारियों ने मांग किया कि प्रायोजक बैंक मुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना किया जाए। पर्याप्त मानव शक्ति नियोजनए पर्याप्त भर्ती एवं प्रोन्नत नीति प्रवर्तक बैंकों के समान किया जाए। 11 वें वेतन समझौता पूर्ण रुप से लागू किया जाए। अनुकम्पा भर्ती किया जाएए ग्रामीण बैंकों में प्रवर्तक बैंक से अध्यक्ष को छोड़कर अन्य अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति पर रोक लगाई जाए। सभी को पेंशन सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की तिथि तक किया जाए। ग्रेच्युटी कम्प्यूटर इंक्रीमेंट सहित लंबित मामलों का समाधान किया जाए। दैनिक वेतनभोगी को नियमित किया जाए एवं न्यूनतम मजदूरी भुगतान किया जाए। बैंकिग उद्योग के समान स्थानान्तरण नीति पर



पुनर्विचार किया जाए। इस अवसर पर मुख्य रुप से बड़ौदा यूपी बैंक शाखा रामपुर बखरिया के शाखा प्रबंधक प्रभांत चतुर्वेदीए ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक सिंहए महामंत्री कौशल किशोरए उपाध्यक्ष दीपक मिश्राए शशिभूषण सिंहए एंप्लाइज एसोसिएशन के महामंत्री आलोक भास्करए कोषाध्यक्ष अमित सक्सेनाए रंजीत कुमारए धनराज अक्षयए रवि रंजनए सुधीर पांडेयए चंद्रमोहन श्रीवास्तवए अनूपए मुकेश झाए अनिल जगरवाल आदि मौजूद रहे।

ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय दिवसीय हड़ताल से जिले में 200 करोड़ का कारोबार प्रभावित रहा। हड़ताल के कारण सबसे ज्यादा परेशानी दूर.दराज से आए बैंक ग्राहकों को उठानी पड़ी।

# मनीष कुमार ने संभाला एनसीएल के निदेशक कार्मिक का कार्यभार

**सोनभद्र।** मनीष कुमार ने भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक कार्मिक का कार्यभार बुधवार को ग्रहण किया। श्री कुमार का कोयला क्षेत्र में 28 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने खदान, वाशरी एवं मुख्यालय में मानव संसाधन प्रबंधन से संबद्ध विविध महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए गहन अनुभव अर्जित किया है। एनसीएल परिवार में शामिल होने से पहले श्री कुमार सेंट्रल कोलफील्डस लिमिटेड में अधिकारी स्थापना विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे थे। उन्होंने सीसीएल मुख्यालय में सतर्कता, भू एवं राजस्व, कार्मिक और औद्योगिक संबंध विभाग में कार्य किया है। इसके साथ ही श्री कुमार ने कोल इंडिया मुख्यालय के अधिकारी स्थापना विभाग में भी अपनी सेवाएँ दी हैं। श्री कुमार ने अपने



कार्यकाल के दौरान हमेशा ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मनीष कुमार अपने उत्कृष्ट प्रबंधकीय कौशल, सादगी और सटीक निर्णयन क्षमता के लिए जाने जाते हैं। एनसीएल का मुख्यालय सिंगरौली में है और यह सिंगरौली और सोनभद्र जिलों में आधुनिक मशीनों व तकनीकी से सुसज्जित अपनी 10 खदानों से सालाना 122 मिलियन टन से अधिक कोयले का उत्पादन करती है।

आयुष्मान भारत के चार वर्ष हुए पूर्ण

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार चिकित्सालय पुरस्कृत

संवाददाता। मिर्जापुर

**आयुष्मान** योजना के चार वर्ष पूर्ण होने पर नगर के सिटी क्लब स्थित हाल में विभाग ने बड़े ही धूमधाम से मनाया । इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने दी।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर किया और कहा कि आयुष्मान योजना एक कल्याणकारी योजना साबित हो रही है। इसके लिए विभाग अभियान चलाकर कार्ड बना रहा है। 15 सितम्बर से चल रहा आयुष्मान पखवाड़ा 30 सितम्बर तक चलेगा। उन्होंने अपील की है कि पात्र लोग अपना कार्ड अतिशीघ्र बनवा लें। जिससे जिले के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर उनके द्वारा जिले के चार चिकित्सालय नवजीवनए विश्वास सर्जिकलए महिला चिकित्सालय व मण्डलीय चिकित्सालय स्थित जिला चिकित्सालय के अधीक्षक को पुरस्कृत किया।

मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष मनोज जयसवाल ने बताया कि आयुष्मान योजना अत्यन्त लाभकारी योजना है जिससे सभी को मिलना आवश्यक है। इस प्रकार की योजना आज की तिथि में दूसरे देशों में भी नही है। इस योजना में विभागीय व शासन स्तर से आने वाली परेशानियों को स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से मिलकर शीघ्र खत्म करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होने इस अवसर पर दस नये लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड देने का कार्य किया।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डॉक्टर यू0एन0 सिंह ने बताया कि जिले में 15 सितम्बर से 30 सितम्बर तक चलाये जा रहे पखवाड़े में अभी तक 15340 लोगों का कार्ड बनाया गया है। जिले में 1272861 परिवार वालों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराना है जिसमें विभाग ने 284805 परिवार को कार्ड उपलब्ध करा दिया गया है। जो एक सराहनीय कार्य है हमें उम्मीद है कि अगर हम इस गति को और तेज करे और होने वाले परेशानियों को दूर कर दें तो जल्द से जल्द हम लक्ष्य को भी पूर्ण कर लेगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर मुख्य चिकित्साधिकारीए प्रभारी चिकित्साधिकारीए जनप्रतिनिधि के अलावा मीडिया भी मौजूद रही कार्यक्रम का संचालन सतीश यादव ने किया।

**केस स्टडी 1** मंजू देवी उम्र 42 वर्ष निवासी मोहल्ला लोहदी ने उपस्थित लोगों को अपने अनुभवों को बताया और कहा कि आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क उपचार किया जाता है मेरी पुत्री दिव्या जुलाई माह में महिला चिकित्सालय में पैदा हुयी और मेरा प्रसव और दवाइयों समेत कोई खर्चा नही लगा यह सब आयुष्मान योजना का ही देन है। निश्चित रूप से यह किसी वरदान से कम नही है।

**केस स्टडी 2** रेनू जयसवाल उम्र 36 वर्ष निवासी मोहल्ला गनेशगंज का कहना है कि मैं प्रसव के समय अपने मायके चुनार गई थी उसी समय मैने विश्वास सर्जिकल चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड देकर प्रसव कराया और मेरा बिल्कुल निशुल्क उपचार किया गया है मैने एक पुत्री को जन्म दिया जो असामान्य होने की स्थिति में थी लेकिन योजना के तहत मेरे बच्ची को आपरेशन करके तुरन्त समस्या का निदान किया गया। आज मैं भी इस योजना के बारे में दूसरे को बताती हूॅ।

# आयुष्मान कार्ड योजन से गरीब असहाय परिवार को मिल रहा है लाभः अजीत चौबे

**सोनभद्र।** आयुष्मान कार्ड योजना के 4 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद मुख्यालय स्थित जिलाधिकारी सभागार मे आयुष्मान भारत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस ठाकुर मौजूद रहे। इस दौरान आयुष्मान कार्ड योजना के 4 वर्ष पूर्ण होने पर आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों ने केक काटा। सीडीओ ने आयुष्मान योजना से लाभान्वित लाभार्थी सुदाम जायसवाल, मनीष, रामविलास व संजय को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया। आयुष्मान योजना के अन्तर्गत निजी चिकित्सालय श्रेया हास्पिटल, आदित्य हास्पिटल, साई हास्पिटल एवं सरकारी चिकित्सालय के अन्तर्गत सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र केकराही, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बभनी, व म्योरपुर को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को आयुष्मान



कार्ड का वितरण भी किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वकांक्षी योजना है जिससे जनपद के गरीब असहाय आदिवासी समाज के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। यह योजना जब प्रारम्भ नहीं हुई थी तो गरीब असहाय एंव आदिवासी समाज के लोग कर्ज लेकर अपनी जमीन को गिरवी रखकर अपने घर के लोगों का इलाज कराते थे और इलाज के दौरान लिये गये कर्ज को समय से न दे पाने के कारण उन्हें अपने जमीन को बेचना भी पड़ता था। इस योजना के प्रारम्भ हो जाने के कारण आज लोगों को बेहतर मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध हो रही है जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानियों का समाना नहीं करना पड़ रहा है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना के माध्यम से गरीब असहाय परिवार के लोगों को प्रति वर्ष 5 लाख तक की मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रहीं है। इस योजना से इलाज करने हेतु जनपद के कई प्राइवेट चिकित्सालयों को भी नामित किया गया है जिनके द्वारा आयुष्मान कार्ड के लाभर्थियों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। उन्होने कहा कि जनपद में 9 लाख आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके लिए जनपद में 30 सितम्बर तक कैम्प लगाकर लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहें है। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आर एस ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के मंशा के अनुरूप आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त और बेहतर चिकित्सा सुविधा नामित प्राइवेट चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाभार्थियों को उपलब्ध करायी जाये और उन्हें किसी प्रकार की समस्या न होने पाये इसका विशेष ध्यान रखा जाय। इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, ए0के0 जौहरी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# एसबीआई ने डीलर मीट में ईडीएफएस योजना व सुविधाओं के बारे में दी जानकारी

**वाराणसी।** नगर स्थित एक होटल परिसर में भारतीय स्टेट बैंक एसएमई मिर्जापुर के तत्वावधान में इंडियन ऑयल कारपोरेशन के डीलर्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राघवेन्द्र सिंह, सहायक महाप्रबंधक (एसएमई), वाराणसी अंचल रहे। उन्होंने इस मौके पर स्टेट बैंक की ईडीएफएस योजना एवं



सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इंडियन ऑयल के डीलरों ने अपनी विभिन्न समस्याओं की ओर बैंक अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया। मौके पर मौजूद एसबीआई मुख्य प्रबंधक प्रशांत मिश्र, एसएमई वाराणसी अंचल एवं गुड्डु सिंह, मुख्य प्रबंधक(सेल्स क्षेत्र,वाराणसी)ने डीलरों की समस्याओं का निराकरण किया।इस मौके पर बैंक की तरफ से मुख्य प्रबंधक पंकज कुमार,एसएमई मिर्जापुर, दीन दयाल राम, मुख्य प्रबंधक आरएसीसी, संजीव कुमार(आरएम एसएमई)आदि उपस्थित रहे। पहल एवं कदम उठाये गये हैं उसे शत-प्रतिशत निष्ठापूर्वक लागू किया जाएगा। आज ही कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद श्री सिंह ने कचहरी स्थित स्टेट बैंक परिसर में कोविड-19 के लिए वैक्सीनेशन कैंप का भी आयोजन कराया। जिसमें बैंककर्मी एवं उनके परिवार के सदस्यों को कोविड का टीका लगवाया गया।

## क्विक न्यूज

### केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सुनीं जनसमस्याएं

**मिर्जापुर।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने सांसद कार्यालय भरुहना पटेल चौक पर सैंकड़ों की संख्या में आए हुए जनता जनार्दन से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुई और तत्काल संबंधित विभाग एवं अधिकारी को निस्तारण हेतु आदेशित कि। बता दें कि जनता दर्शन में प्रमुख समस्या में जमीनए बिजलीए सड़क संबंधित समस्या आदि को लेकर आए जनता दर्शन में समस्याओं की सुनवाई की एवं पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। जनता दर्शन के दौरान का0 जिलाध्यक्ष इं0 रामलौटन बिन्दए पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रेखा वर्माएकार्यवाहक प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल सिंह पटेलए कार्यवाहक व्यापार मंच प्रदेश सचिव राजेंद्र सिंह पटेलए कार्यवाहक प्रदेश सचिव व्यापार मंच कुलदीप सिंह पटेलए वरिष्ठ नेता अनिल सिंह पगड़ीए सांसद प्रतिनिधि इंद्रेश सिंहए कार्यवाहक जिला उपाध्यक्ष गोपाल दास शर्मा कार्यवाहक जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम पटेलए चुनार विधानसभा अध्यक्ष धनंजय पटेलए मड़िहान विधानसभा प्रभारी गिरीश चंद पटेलए रामाश्रय शर्माए संतोष विश्वकर्माए छात्रा नेता योगेश पटेलए कुलदीप पटेलएयुवा नेता गौरव पटेलए मनीष पटेलए डॉ श्याम कुशवाहाए अभिषेक पटेलए विकास मौर्याए संजय पटेलए राजदीप पाठकए काजू सोनीए अमित विक्रम सिंहए शुभम सिंहए आरिफअली मंसूरीए आमिर खान आदि लोग उपस्थित रहें। इस आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

### अस्सी घाट पर वंदेमातरम् संस्था ने क्रांतिवीरों के लिए किया तर्पण

**वाराणसी।** शुक्रवार को सुबह 8 बजे अस्सी घाट पर प्रणाम् वन्देमातरम समिति द्वारा अध्यक्ष अनुप जायसवाल के नेतृत्व में पितृपक्ष के पखवारे में पं0श्रीप्रकाश पांडेय के आचार्यत्व मैं ब्राम्हण गण द्वारा मंत्रोच्चार के साथ 'अस्सी घाट पर देश के स्वतंत्रता मे सर्वस्व न्योछावर कर देने वाले क्रांति वीरों के लिए तर्पण'।अस्सी घाट पर देश की स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने अनेक क्रांति वीरों का जैसे आजाद जी,भगतसिंह,राजगुरु, सुखदेव,सावरकर जी,नेताजी सुभाष चन्द्र बोस,खुदीराम बोस,सूर्यसेन जी,जैसे अनेक ज्ञात,अज्ञात,क्रांति वीरों के लिए पिण्डदान,तर्पण,पूजापाठ कर ईश्वर से उन आत्माओं की शान्ति की प्रार्थना कर उन महान आत्माओं को नमन् कर भारत की सुख,शांति,समृद्धि की कामना का आशीर्वाद मांगा गया। संचालन धीरेन्द्र शर्मा ने तथा धन्यवाद शंकर साहनी ने किया।कार्यक्रम मैं मुख्यरूप से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अशोक पांडेय,श्रीप्रकाश शुक्ल, दिनेश कालरा,पार्षद चन्द्रनाथ मुखर्जी,पार्षद राकेश जायसवाल,मिठाईलाल यादव,धर्मेन्द्र यादव,अमरीश जायसवाल,मंगलेश जायसवाल,मनीष चौरसिया,बृजेश्वर त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित थे।

### फैशन फेस्टिवल का हुआ शुभारंभ

**वाराणसी।** आज मिंत्रा ने भारत के सबसे भव्य फेस्टिव फैशन धमाका बिग फैशन फेस्टिवल के आगमन की घोषणा की। यह फैशन फेस्टिवल तेईस सितंबर को शुरू होगा। बिग फैशन फेस्टिवल के तीसरे संस्करण में पिछले संस्करण के मुकाबले एक दशमलव पांच गुना ज्यादा स्टाईल होंगे और यहां पर छह हजार से ज्यादा ब्रांड बेहतरीन ऑफरों के साथ पूरे परिवार की फेस्टिव शॉपिंग की जरूरतों को पूरा करेंगे। सीज़न हर किसी के लिए खास बनने वाला है। दो सालों तक खामोशी से फेस्टिवल्स का आयोजन करने के बाद, इस साल ज्यादा बड़े स्तर पर और ज्यादा भव्यता के साथ परिवार और दोस्तों को खुशी के क्षण मनाने के लिए लाया जा रहा है।

### डीएचएल एक्सप्रेस ने भारत में 2023 के लिए दरों में बढ़ोतरी की

**वाराणसी।** दुनिया की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एक्सप्रेस सेवा प्रदाता कंपनी डीएचएल एक्सप्रेस ने आज अपनी दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की। दरों में की गई यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2023 से लागू होगी। भारत में 2022 की तुलना में औसत वृद्धि 7.9ः होगी। डीएचल एक्सप्रेस में दक्षिण एशिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट आर. एस. सुब्रमण्यिन ने कहा, अब तक, 2022 वैश्विक व्यापार को चुनौती देने वाले अस्थिर बाजार के माहौल के साथ एक और उथल-पुथल वाला वर्ष रहा है। हालांकि, हमने विश्व स्तर पर अपने ग्राहकों को स्थिर और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने की अपनी क्षमता साबित की है।

### हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन के मानव संसाधन विभाग के राजभाषा अनुभाग द्वारा हिन्दी के संवर्धन हेतु मनाए जा रहे हिन्दी पखवाड़े के दौरान गुरुवार को कर्मचारी विकास केंद्र में हिन्दी विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में एनटीपीसी कर्मचारियों तथा कर्मचारियों के आश्रितों ने हिस्सा लेकर अपने-अपने भाव रखे। प्रतिभागियों ने निबंध लिखकर बतया कि भाषाओं में हिन्दी भाषा ही सर्वश्रेष्ठ है। यह प्रतियोगिता दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में कर्मचारियों के आश्रितों के लिए था जिसमें पहले पंजीकरण कराया गया। द्वितीय चरण में कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी के कर्मचारियों हेतु किया गया, जिसमें सबसे पहले उन्हे पंजीकृत होना पड़ा उसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

### मुकुट पूजन के साथ रामलीला का हुआ शुभारम्भ

**डाला/सोनभद्र।** रामलीला मैदान में गुरुवार की रात्रि रामलीला मंचन का शुभारम्भ कमेटी के अध्यक्ष हनुमान सिंह ने मुकुट पूजन के साथ किया। मुकट पूजा के पश्चात पूरा डाला नगर जय श्री राम के उद्घोष से गुजयामान हो गया। श्री सिंह ने बताया कि अच्छा नागरिक कैसे बनना है हमारा स्वभाव कैसा होना चाहिए यह रामलीला के मंचन से सीखा जा सकता है। रामचरित मानस आपके पूरे चरित्र और जीवन को बदल देगा, बच्चों जब गुरुकुल जाते है तो ऊंच नीच का भाव नही रहता, राम को न राज्यभिषेक की खुशी न बन जाने का गम यही राम है। रामचरित मानस त्याग समर्पण, प्रेम, भाईचारा, सद्भाव का संगम है। जय बजरंग रामलीला मंडल के ब्यास जितेंद्र कुमार ने बताया कि डाला में रामलीला का मंचन करने के लिए 15 सदस्यी टीम के साथ कैमूर भभुआ से आए है। गुरुवार को मुकुट पूजा व नारद मोह की रामलीला की गई और शनिवार को मुनि आगमन व ताड़का बध होगा। इस दौरान भाजयुमो उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह सोनू, दूर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ऊर्फ गुड्डू पटेल, भाजपा वरिष्ठ नेता सुभाष पाल,भैरव जायसवाल, संतोष अग्रहरी, छात्र नेता अनिकेत श्रीवास्तव, राजकुमार अग्रहरी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होने पर कोतवाली का होगा घेराव

**सकलडीहा, चन्दौली** । सकलडीहा इंटर कॉलेज के एक कर्मचारी को गुरूवार की देर रात कॉलेज परिसर में घुसकर दंबगों ने मारपीट किया। शोरगुल सुनकर पहुंचा कर्मचारी के बेटे को मारापीटा गया। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर शिक्षकों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित शिक्षकों ने रविवार तक हमलावरों की गिरफ्तारी नही होने पर सोमवार को कोतवाली का घेरॉव और एसपी को पत्रक देने का हुंकार भरी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर हमलावरों के खिलाफकार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।कॉलेज का कर्मचारी प्रभुनाथ यादव रात्रि में स्कूल की सुरक्षा में ड्यूटी दे रहा था।

### मशरूम उत्पादन, चेरी टमाटर, बेबीकार्न एवं मधुमक्खी पालन पर विशेष ध्यान दें: डॉ लिखी

**वाराणसी।** भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी में शुक्रवार को डॉ. अभिलक्ष लिखी, अतिरिक्त सचिव, कृषि एवं कल्याण मंत्रालय की गरिमामयी उपस्थिति में कृषक-वैज्ञानिक संवाद आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. तुषार कांति बेहेरा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा संस्थान में हो रही अनुसंधान गतिविधियों व तकनीकों के बारे में अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने संस्थान के अनुसंधान प्रक्षेत्र का भ्रमण करते हुए किसानों से कृषि उत्पादन एवं विपणन से संबंधित विषयों पर चर्चा की तथा साथ ही मृदा की गुणवत्ता तथा टपक सिंचाई की महत्ता पर जोर दिया। तत्पश्चात् वैज्ञानिक से चर्चा की तथा अनुसंधान के कार्यों की सराहना की साथ ही इस परिचर्चा में 22 संस्थान तथा भारत सरकार द्वारा पोषित 40 सेन्टर ऑफएक्सीलेन्स के प्रतिनिधियों ने भी आनलाइन भाग लिया। डा. लिखी ने मुख्यतः मशरूम उत्पादन, चेरी टमाटर, बेबीकार्न एवं मधुमक्खी पालन पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया एवं संस्थान को इन क्षेत्रों में परियोजना बनाने की सलाह दी। कुछ किसानों ने सब्जी उत्पादन से सम्बन्धित विषयों पर अपने अनुभव को भी साझा किये। चर्चा के दौरान संयुक्त सचिव कृषि एवं कल्याण मंत्रालय प्रिया रंजन, आयुक्त बागवानी, डॉ. प्रभात कुमार एवं तरंनुम कादरभाई, लाइजन अधिकारी इन्डोडच सी.ओ.ई.एस. ने अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान, एफ.पी.ओ. एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. पी. एम. सिंह, विभागाध्यक्ष, फसल सुधार विभाग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### बीए प्रथम वर्ष के द्वितीय समेस्टर के तीन नकलची रस्टीकेट

**सकलडीहा, चन्दौली** । महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय की ओर से बीए प्रथम वर्ष द्वितीय समेस्टर की परीक्षा शुक्रवार से शुरू हुई है। सकलडीहा पीजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष के द्वितीय समेस्टर परीक्षा के दौरान तीन नकलची को उड़ाका दल की टीम ने पकड़कर रस्टीकेट कर दिया है। परीक्षा के दौरान कुल 229 पंजीकृत परीक्षार्थी के सापेक्ष 219 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मलित हुए। इस दौरान दस परीक्षार्थी परीक्षा में सख्ती के कारण परीक्षा छोड़ दिया है। केन्द्राध्यक्ष व प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय के दिशा निर्देशन में बीए प्रथम वर्ष के द्वितीय समेस्टर परीक्षा शुरू हुआ। परीक्षा के दौरान गेट पर परीक्षार्थियों की सघन जांच किया गया। इसके बाद आईडी और प्रवेश रसीद के साथ परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल किया गया।

## घृणापूर्ण भाषण
### समाज के लिए ज़हर

**सर्वोच्च** न्यायालय ने घृणापूर्ण भाषण को ऐसा 'जहर' बताया है जो हमारे देश के सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुंचा रहा है। जब सार्वजनिक विमर्श विकृत हो जाता है तब नारेबाजी को यथार्थ तथा लफ्फाजी को विवेक समझा जाने लगता है। भारत में यही स्थिति है और अब बेलगाम उग्र बयानों को शक्तिशाली तर्क समझा जाने लगा है। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि घृणापूर्ण भाषण की घटनायें बढ़ रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय को उचित ही इस नकारात्मक प्रवृत्ति से चिन्ता है। बुधवार को उसने घृणापूर्ण भाषण को ऐसा 'जहर' बताया जो हमारे देश के सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुंचा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे विधिक ढांचे की अनुपस्थिति पर भी निराशा प्रकट की है जिससे टेलीवीजन बहसों में घृणापूर्ण टिप्पणियों को रोका जा सके। उसने केन्द्र से दो महीने में जवाब मांगा है कि क्या वह घृणापूर्ण भाषण को दंडात्मक अपराध घोषित करने का कानून बनाने पर विचार कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने संकेत किया कि खबरिया टीवी चैनल 'घृणा व अन्य सभी मसालेदार चीजों' को अपनी रेटिंग बढ़ाने का माध्यम मानते हैं। अदालत ने आश्चर्य प्रकट किया कि सरकार 'खामोश तमाशबीन' कैसे बनी हुई है, जबकि टीवी एंकरों द्वारा घृणापूर्ण भाषणों से रोकने के कदम उठाना उसका दायित्व है। जस्टिस के.एम. जोसेफ व जस्टिस ऋषिकेश राय की पीठ ने कहा, 'यदि हम घृणापूर्ण भाषणों को स्वीकार करते रहे तो हमारा देश कहां जाएगा? घृणापूर्ण भाषण पूरी तरह सामाजिक ढांचे में जहर घोल रहे हैं।' उन्होंने यह बात अनेक याचिकाओं की सुनवाई करते समय कही जिनमें घृणापूर्ण भाषण पर नियंत्रण के दिशानिर्देश देने की प्रार्थना की गई थी।



कुछ दिनों पहले सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने टीवी चैनलों की बहसों में संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया था। वे चाहते थे कि 'खबरों में पुन: तटस्थता लाई जाए।' वास्तव में उन्होंने यहां तक कह दिया कि मुख्यधारा मीडिया को खतरा नए युग के डिजिटल मंचों के बजाय मुख्यधारा खबरिया चैनलों से है। उनका यह कहना उचित है कि यदि कोई खबरिया चैनल ऐसे अतिथियों को आमंत्रित करता है जो ध्रुवीकरण का काम करते हैं तो वे झूठे विमर्शों का प्रसार करेंगे जिससे खबरिया चैनल की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचेगा। दुर्भाग्य से अनेक खबरिया चैनलों की विश्वसनीयता बहुत खराब है और उनको व्यापक रूप से एक या दूसरी राजनीतिक पार्टी का समर्थक माना जाता है। राजनीतिक विषयों पर बहसें न केवल विभिन्न सहभागियों के गलत तरीकों और अर्धशिक्षित लफ्फाजी से प्रभावित होती हैं, बल्कि इनसे एंकरों के जिम्मेदार व्यवहार के बजाय उनके पूर्वाग्रह दिखाई देते हैं। ऐसे टीवी कार्यक्रम काफी गरमी व तूफान पैदा करते हैं, लेकिन इनसे कोई सच्ची बात सामने नहीं आती है। राजनीतिक पार्टियों को सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राजनीतिक बहसों का स्तर और न गिरे। इसमें सत्तारूढ़ दल की भी भूमिका है। मीडिया की ओर से की जाने वाली कार्रवाई आत्मनियंत्रण की दिशा में होनी चाहिए। खबरिया चैनल, प्रेस क्लब आफ इंडिया, प्रेस कौंसिल तथा मीडिया से जुड़े अन्य संगठनों को सामने आ कर खबरिया चैनलों के एंकरों व अन्य मीडिया कर्मियों के व्यवहार पर नियंत्रण करने वाले दिशानिर्देश बनाने चाहिए। उनको ऐसी सीमारेखायें निर्धारित करनी चाहिए जिनको पत्रकारों द्वारा कभी पार न किया जाए। इसके साथ ही सरकार व मीडिया के बीच संवाद विकसित कर खबरों में फिर से नम्रता व निष्पक्षता लाने के प्रयास किए जाने चाहिए। वैकल्पिक रूप से देखा जाए तो सरकार या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियम बनाना बहुत आकर्षक नहीं लगता है। ऐसे नियमों से भले ही घृणापूर्ण भाषणों पर लगाम लगे, पर इनसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी प्रभावित हो सकती है। ऐसे में सभी पक्षों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

# समानता के लिए जारी है संघर्ष

समानता का अधिकार केवल कागजों पर है क्योंकि अनेक कारणों से संविधान में व्यक्त सपना पूरा होने की दिशा में बाधायें आ रही हैं।



**ईशानी शर्मा**
(लेखिका, पेशे से अधिवक्ता हैं)



भारत में समानता का विचार वैदिक विवेक के युग से है जिसमें सभी लोगों में ईश्वरीय आत्मा का वास माना गया है। आध्यात्मिक व दार्शनिक रूप से समानता का सिद्धान्त मनुष्यों में दैवत्व के सिद्धान्त पर आधारित है। उपनिषदों व धर्मशास्त्रों में जोर दिया गया है कि सभी लोगों को समान अवसर मिलने चाहिए ताकि वे राज्य समेत किसी बाहरी एजेंसी द्वारा किसी मनमाने हस्तक्षेप के बिना चार आयामों वाले पुरुषार्थ की ओर बढ़ सकें जो जीवन का लक्ष्य है। ऐसा कर ही कोई महिला या पुरुष अपने व्यक्तित्व का पूर्ण विकास कर सकता है। संभवत: विधिक समानता की अवधारणा स्टोइक्स के प्राकृतिक नियम सिद्धान्त से निकलती है जिसके अनुसार सर्वव्यापी तर्क के आधार पर व्यक्तियों, नस्लों व देशों के बीच समानता की अवधारणा पेश की गई थी। लेकिन यह केवल आध्यात्मिक या दार्शनिक आधार पर थी। इस आधार पर कहा जा सकता है कि सभी लोग समान हैं, पर भौतिक व सामाजिक जीवन की असली दुनिया में शायद ऐसा नहीं होता है।

समाज में लोगों तथा लोगों के समूहों के बीच प्राकृतिक असमानतायें हो सकती हैं और इनके साथ ही कृत्रिम रूप से पैदा की गई सामाजिक व आर्थिक असमानताओं की रचना भी की जा सकती है। ऐसे समाज में औपचारिक या विधिक समानता का अर्थ कानून द्वारा सभी लोगों के साथ समान व्यवहार पर जोर देना है। इसका अर्थ वर्तमान असमानताओं के रहते हुए भी बैल व शेर के लिए समान कानून होना है। इस प्रकार समानता की अवधारणा तभी सार्थक व समझ में आने योग्य हो सकती है जब यह मूलत: एक गतिशील व तुलनात्मक अवधारणा हो। इसमें आवश्यक समानीकरण रणनीतियों को शामिल करना जरूरी है जिनसे वर्तमान सामाजिक व आर्थिक असमानताओं को हटा कर समानता व सामाजिक न्याय का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। आज हम 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहे हैं, पर समाज में हमारे चारों ओर भयानक असमानतायें दिखाई देती हैं। इस प्रकार संविधान निर्माताओं का प्रिय स्वप्न अभी प्राप्ति से बहुत दूर है। हमारे संविधान को स्वीकार करने का एक अर्थ ऐसे समाज का निर्माण भी था जहां सबको शिक्षा, अच्छे स्वास्थ्य, अभिव्यक्ति एवं विरोध की स्वतंत्रता, रोजगार व राजनीतिक सहभागिता प्राप्त हो। कुछ लोगों को शुरुआत से ही असमानता का अनुभव होता है क्योंकि वे जन्म से अंधता, शारीरिक दिव्यांगता या मानसिक दिव्यांगता का शिकार होते हैं। लेकिन यदि हम जन्म से असमानता का सामना नहीं करते हैं तो भी हमें समान अवसर, बुद्धि, शक्ति, स्वास्थ्य व धन में समानता मिलनी चाहिए।

एथेंस के गणराज्य में विधिकता न्याय का पर्याय थी क्योंकि इसका जन्म यूनानी-लैटिन शब्द 'ईक्वेलिस' से होता है। इसका अर्थ है कि धन या मूल्य या इस्लामी गणित में दो वस्तुएं समान होती हैं जिसका प्रयोग आज भी होता है। बाद में इसका प्रयोग परिवर्तनशील रूप से स्वतंत्रता की अवधारणा से होने लगा जिसे सबसे पहले 18वीं व 19वीं शताब्दी में प्रभावशाली विचारकों जान लाक, थामस होब्स, फ्रेडरिक हेगेल तथा बाद में फ्रांसीसी मोन्टेस्क्यू, वोल्टेयर व जीन-जैक्वीस रूस ने विस्तार दिया। रूसो का यह कथन बहुत लोकप्रिय हुआ कि 'मनुष्य जन्म से स्वतंत्र होते हैं।' इन अवधारणाओं का हमारे पूर्वजों पर काफी प्रभाव पड़ा। इनका उन समाजों पर भी भारी प्रभाव पड़ा जो ब्रिटिश साम्राज्य के उपनिवेश थे। उन्होंने विद्रोह के माध्यम से अपने उत्पीड़कों का विरोध किया, युद्ध में विजय प्राप्त की तथा बाद में यह अवधारणा विकसित की जिसके अनुसार, 'सभी मनुष्यों को समान बनाया जाता है।' जब हम कहते हैं कि समानता होनी चाहिए तो भयानक गरीबी में रहने वाले लोग ज्यादा उम्मीद नहीं करते हैं। लेकिन यदि यह उम्मीद पूरी नहीं होती है तो समाज में 'अमीरों व गरीबों' के बीच असंतोष पैदा होता है। कार्ल मार्क्स के अनुसार इससे समाज में अव्यवस्था पैदा होती है जिसका परिणाम क्रांति को जन्म दे सकता है। भारत ने संभवत: मूल रूप से सामाजिक असमानता को स्वीकार किया था जिसका अर्थ अंतर्निहित रूप से टकराव का विचार स्वीकार करना है। व्यापक रूप से समानता के सिद्धान्त को संविधान के अनुच्छेद 14 में दर्ज किया गया है जो कानून के समक्ष समानता तथा कानूनों द्वारा समान संरक्षण की बात करते हुए व्यक्तियों के बीच अनुचित भेदभाव पर प्रतिबंध लगाता है।

इसे भारतीय संविधान में मूलाधिकार के रूप में स्वीकार किया गया है। किसी आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। 'कानून द्वारा समान संरक्षण' अच्छी अवधारणा है। सरल भाषा में कहें तो इसका अर्थ यह है कि तुलनात्मक स्थितियों में सबके समान अधिकार व दायित्व होने चाहिए। मूलत: इसका अर्थ है कि सबके साथ समान व्यवहार किया जाएगा। समानता व असमानता का समान रूप से सह-अस्तित्व नहीं हो सकता है या उनके साथ समान व्यवहार नहीं किया जा सकता है। विधि के समक्ष समानता की इस अवधारणा का अर्थ मनुष्यों में संपूर्ण समानता है जिसे प्राप्त करना संभव नहीं है। इस अवधारणा का अर्थ जन्म, नस्ल या किसी अन्य आधार पर किसी व्यक्ति के पास कोई विशेषाधिकार न होना है। इसके साथ ही देश के कानून में सभी व्यक्ति व वर्ग समान हैं। कानूनों द्वारा समान संरक्षण में बिना खास पहचान के सभी लोगों से समान व्यवहार की कल्पना नहीं की गई है। इसमें कल्पना की गई है कि समान कानूनों का समान प्रयोग समान स्थिति वाले सभी लोगों के लिए समान रूप से किया जाएगा। इसका अर्थ समान परिस्थितियों में समान व्यवहार है।

डाइसी के विचार से कानून का शासन कानून के समक्ष समानता है। इसका अर्थ है कि कोई कानून से ऊपर नहीं है तथा सामान्य अदालतों का क्षेत्राधिकार सभी पर है, भले ही उनका दर्जा या परिस्थितियां चाहे जो हों। समान परिस्थितियों में सभी लोगों के साथ समान व्यवहार उनको मिले अधिकारों तथा उनके दायित्वों के संदर्भ में होना चाहिए। एक व दूसरे व्यक्ति के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए तथा समान परिस्थितियों में सब पर समान कानून लागू होने चाहिए। इस प्रकार नियम यह है कि असमान चीजों के साथ समान व्यवहार के बजाय समान चीजों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए।

स्टीफेन कालेज बनाम दिल्ली विश्वविद्यालय मामले में अदालत ने कहा था कि 'कानूनों द्वारा समान संरक्षण' का अर्थ अब राज्य की सकारात्मक जिम्मेदारी से समझा जाता है कि वह कानून द्वारा समान संरक्षण सुनिश्चित करेगा तथा ऐसे आवश्यक सामाजिक व आर्थिक परिवर्तन सुनिश्चित करेगा जिनसे सभी कानून द्वारा समान संरक्षण का लाभ उठा सकें तथा किसी को ऐसे संरक्षण से वंचित न किया जाए। यदि राज्य वर्तमान असमानता को अनदेखा करे तो वह सबको कानून द्वारा समान संरक्षण के दायित्व का उल्लंघन करेगा। इस प्रकार भारत के सभी नागरिकों तथा गैर-नागरिकों को राज्य से समान संरक्षण प्राप्त होगा। अमेरिकी संविधान का 14वां संशोधन 'कानून द्वारा समान संरक्षण' की अवधारणा के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अनुसार भारत में रहने वाले सभी लोगों को समान विधिक संरक्षण मिलना चाहिए ताकि वे बिना किसी अपवाद या पक्षपात के बिना अपने विधिक अधिकारों का प्रयोग कर सकें।

इसके अनुसार राज्य की यह जिम्मेदारी है कि वह सभी नागरिकों द्वारा इसकी प्राप्ति की गारंटी के कदम उठाए। इसका अर्थ राज्य द्वारा सभी आवश्यक कार्रवाइयां यह सुनिश्चित करने के लिए होनी चाहिए कि सबके साथ समान व्यवहार सुनिश्चित हो सके। इस नियम के अनुसार सभी व्यक्तियों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए, लेकिन वह यह भी कहता है कि असमान लोगों के साथ समान व्यवहार नहीं होना चाहिए। किसी जीवन्त समाज के लिए सभी लोगों के साथ समान व गरिमापूर्ण व्यवहार जरूरी है ताकि सभी लोग अपना पूर्ण विकास कर सकें। इसका अर्थ सामाजिक न्याय व समानता पर आधारित विवेकपूर्ण सकारात्मक कार्रवाई नीति भी है। हालांकि, पहुंच सुनिश्चित करने के अनेक रास्ते हो सकते हैं, पर अवसरों की समानता किसी अन्य चीज की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसके लिए अनेक चीजों, जैसे पाठ्यक्रम, शिक्षाशास्त्र, विभिन्नतापूर्ण निवेश, मूल्यांकन, सुधार, फीडबैक, दृष्टिकोण, संस्थागत देखभाल, आदि पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# बच्चों के साथ क्रूरता है बाल विवाह

**राकेश कुमार कौशिक**
(लेखक, राजस्थान महिला कल्याण मंडल के निदेशक हैं)



आदिवासी समाज से आने वाली द्रौपदी मुर्मु आज देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद पर आसीन हैं। उद्यमी किरण शॉ ने अपने दम पर हजारों करोड़ की कंपनी बॉयोकॉन खड़ी की है। महिला वैज्ञानिक कल्पना चावला ने अंतरिक्ष तक का सफर तय किया था। साल 2018 में अवनी चतुर्वेदी अकेले लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थीं। साइना नेहवाल, पीवी सिंधु, फोगाट बहनें, हिमा दास और न जाने कितनी लड़कियां खेल की दुनिया में देश का नाम रोशन कर रही हैं। पिछले दिनों ही नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट 2022(नीट) में तनिष्का ने पूरे देश में शीर्ष स्थान हासिल किया। ये बदलते भारत की तस्वीर है। हालांकि इसका एक दूसरा पहलू भी है जिसके बारे में हम जानते तो हैं लेकिन बात नहीं करते। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) की साल 2021 की रिपोर्ट के अनुसार देश में 20 से 24 साल की हर चौथी महिला का बाल विवाह हुआ है। ये सब बाल विवाह नाम की सामाजिक कुरीति और दशकों से चली आ रही रूढ़ीवादी परंपरा का शिकार हो गईं। शिक्षा हासिल करना इनके लिए सपना बनकर रह गया और खेलने-कूदने की उम्र में यह पारिवारिक जिम्मेदारियां उठाने को अभिशप्त हो गईं। ज्यादा चिंताजनक तथ्य यह है कि कम उम्र में ही गर्भधारण करने की वजह से अनेक नाबालिग लड़कियां प्रसव के दौरान असमय मौत का शिकार हो गईं।

यकीन नहीं होता कि इसी भारत में आजादी से पहले से बाल विवाह के खिलाफ अनेक आंदोलनों ने जागरूकता फैलाने का काम किया था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर, स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी श्रद्धानंद और राजाराम मोहन रॉय जैसे समाज सुधारकों ने बाल विवाह को रोकने के लिए जीवन भर काम किया लेकिन यह सामाजिक बुराई आज भी हमारे समाज में गहराई तक जड़ें जमाए हुए है।

आखिर एक नाबालिग बच्ची की शादी कैसे की जा सकती है। विडंबना यह है कि कानून के



तहत बाल विवाह अपराध तो है लेकिन शिकायत न होने की स्थिति में वह भी मूकदर्शक बनकर रह जाता है। अधिकतर बाल विवाह के मामलों में शिकायत ही नहीं की जाती और समाज की इस कुरीति पर मौन सहमति सी रहती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह की सामाजिक बुराई विकराल रूप लेती जा रही है। रूढ़ीवादी परंपराएं, अशिक्षा, आर्थिक तंगी और बेटी को बोझ समझना इस समस्या के मूल में है। एक और प्रमुख कारण बेटियों की सुरक्षा भी है। मां-बाप को लगता है कि जितनी जल्दी वो वैवाहिक बंधन में बंधकर एक परिवार का हिस्सा बन जाएंगी, उतनी ही जल्दी वे सुरक्षित भी हो जाएंगी। ग्रामीण इलाकों में यह सोच बलवती है क्योंकि कमजोर एवं गरीब वर्ग की बच्चियों के साथ निरंतर दुष्कर्म एवं यौन शोषण की घटनाएं दशकों से होती आ रही हैं। सामाजिक ताना-बाना ऐसा है कि अगर कोई अपनी बेटी के बालिग होने पर शादी करना चाहे तो समाज के लोग ही उस परिवार और उसकी बेटी के बारे में अनाप-शनाप बातें फैलाने लगते हैं। नतीजा बेटी नाबालिग उम्र में विदा करना बेहतर विकल्प माना जाता है। परंपरा के नाम पर बच्चों के साथ क्रूर अपराध किया जा रहा है।

यह समस्या इतनी भयावह हो चुकी है कि इसके विनाश के लिए 'भागरथी प्रयास' करना होगा। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन (केएससीएफ) इसके लिए लंबे समय से काम कर रही है। केएससीएफ के फ्लैगशिप प्रोग्रामों में से एक बाल मित्र ग्राम(बाल मित्र ग्राम) और सर्वाइवर-लेड इंटेलीजेंस के जरिए कई साल से निरंतर गांवों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बाल मित्र ग्राम, कैलाश सत्यार्थी का एक अभिनव प्रयोग है, जिसके जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि इस गांव में कोई भी बाल विवाह न हो और न ही कोई बच्चा स्कूल जाने से वंचित रह जाए। किसी बच्चे का किसी भी तरह से शोषण न हो। लेकिन यह बहुत बड़ा लक्ष्य है। यह तभी पूरा हो पाएगा जब हम सबकी इसमें सामूहिक भागीदारी होगी। कैलाश सत्यार्थी जैसे प्रयास पूरे देश में होने चाहिए। केएससीएफ ने पिछले दिनों ही कैलाश सत्यार्थी के नेतृत्व में बाल विवाह के खिलाफ एक देशव्यापी मुहिम चलाने का ऐलान किया है। बाल विवाह को समाप्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

समस्या के खात्मे के लिए जरूरी है कि समाज, सरकारी एजेंसियां, सामाजिक संगठन, प्रशासनिक अमला, सभी समुदाय, युवा वर्ग एवं हर जन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। अगर हम चाहते हैं कि हमारा देश भी विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो तो जरूरी है कि पहले हम 'बाल विवाह' नाम की कुरीति का अंत करें। ऐसा करके ही हम अपने बच्चों को एक सुरक्षित बचपन और खुशहाल भविष्य दे सकते हैं। इसके बाद ही हमारी हर बेटी अपने सपनों की उड़ान को पंख दे सकेगी और अवनी, पीवी सिंधु, हिमादास व द्रौपदी मुर्मु और कल्पना चावला जैसे ही दुनियाभर में देश का नाम रोशन कर सकेगी।

## आप की बात

### दिखावा न करे मीडिया

**छुटपुट** घटनाओं के बीच जम्मू कश्मीर में हालात धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। फिर भी कभी कभार होने वाले आतंकी घटनाएं डराती जरूर है मगर ऐसा लगता है कि अब राज्य से आतंकवाद पस्त होने लगा है। बावजूद इसके सतर्कता के साथ ही आगे कदम उठाने की जरूरत है। अनुकूल हालातों ने एक बार फिर सुबे में थिएटर युग की वापसी हुई है जो अच्छी बात है। इससे घाटी के लोगों में आत्मविश्वास लौटेगा। लेकिन देखने में आता है कि जब भी शासन/प्रशासन हालातों की अनुकूलता के बाद कोई कदम उठाता है तो मीडिया का महा कवरेज शुरू हो जाता है। मीडिया सरकार की योजना का नफा नुकसान, उसका कार्यस्थल आदि का विस्तार से कवरेज करके उसे इतना प्रसारित कर देता है कि आतंकवाद की आंख लगते देर नहीं लगती।हाल ही में सरकार ने हिम्मत करके राज्य में फिर से थिएटर शुरू किए हैं जिससे लोगों को मनोरंजन के साथ ही उससे जुड़े हुए रोजगार भी मिलेंगे। क्योंकि लंबे समय के बाद राज्य में थिएटर शुरू हो रहे हैं ऐसे में सिनेमा प्रेमियों का उस ओर झुकाव स्वभाविक ही है ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस तरह के समाचारों को दिखाने में मीडिया संयम बरतें ताकि भीड़भाड़ को लेकर कोई आतंकवादी रणनीति ना बने।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### पीएफआई पर प्रतिबंध लगे

**जांच** एजेंसियों ने करीब 11 राज्यों में पीएफआई के 106 ठिकानों पर छापेमारी की है और 100 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों की नजर पीएफआई को मिल रहे धन, नेटवर्क और प्रशिक्षण पर है। इस संगठन के कार्यकर्ताओं के कार्यालयों और आवासों पर भी छापेमारी की गई है और जांच-पड़ताल तेज हुई है। दक्षिण भारत में पीएफआई की गतिविधियों को ज्यादा संदिग्ध माना जा रहा है, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु से सर्वाधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बीते दिनों भी एनआईए ने आंध्र प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की थी। आरोप यह है कि सिमी पर प्रतिबंध के बाद अस्तित्व में आया यह संगठन हिंसा भड़काने की साजिश करता है और गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त रहता है। जांच एजेंसी की कार्यवाही सराहनीय थे है, मगर केरल पीएफआई समर्थकों ने हुड़दंग मचाकर एजेंसी पर गलत दबाव बनाने का प्रयास किया है. पीएफआई के दफ्तरों में आवेध धन के अलावा कई प्रकार की राष्ट विरोधी गतिविधियों के सबूत मिले हैं। पहले मदरसों की जांच और अब पीएफआई पर छापेमारी से जाहिर हो गया है कि यह लोग कई वर्षों से और राष्ट्र विरोधी विधियां चला रहे हैं।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### हेट स्पीच पर न्यायालय सख्त

**इन** दिनों टीवी पर चलने वाली डिबेट का जिस तरह से स्तर गिरता जा रहा है वह न केवल पूरे देश के लिए बल्कि देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट को भी हैरान परेशान किए हुए है कि इन डिबेट के लिए बुलाए अतिथि पार्टियों के प्रवक्ता किस तरह से चिल्लाकर अपनी पार्टियों का पक्ष रखते हैं एवं अपनी बात को मनवाने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाते हैं फिर चाहे उन्हें अपना घूंसा या फिर जूता ही क्यों ना दिखाना पड़े। तब हम यही कहेंगे कि आज हमारे देश का प्रसारण विभाग क्या कर रहा है। इन डिबेटों पर हो रही आपत्तिजनक कार्यवाही पर उसके द्वारा कड़ी लगाम क्यों नहीं लगाई जाती है। इन टीवी डिबेटों के एंकर क्या कर रहे हैं सबसे बड़ा फर्ज तो उनका ही है कि वे इस बहस में बढ़ती गर्मी या तनाव को ठंडा क्यों नहीं रखते हैं। किसी भी प्रवक्ता के आपत्तिजनक बोलने पर उस पर लगाम क्यों नहीं लगाई जाती, उन्हें तुरंत डिबेट से बाहर क्यों नहीं किया जाता है पूरी बहस में उन्हें आखरी तक शामिल क्यों रखा जाता है। हम सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी को गंभीरता से लेते हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**अच्छा** होता कि कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत गुजरात से करती जहां इस वर्ष के अंत में चुनाव हैं।

– **प्रशांत किशोर**
चुनाव रणनीतिकार



**हमारे** देश की क्षेत्रीय अखंडता को खतरा पैदा होने पर हम रूस व उसकी जनता की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। यह धोखा नहीं है।

– **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति



**मीडिया** में भाषण बेलगाम हैं। यह एंकरों की जिम्मेदारी है कि ऐसे भाषणों को रोका जाए।

– **के.एम. जोसेफ**
सुप्रीम कोर्ट के जज

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चलाएं राहत कार्य: सीएम

● मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण, अधिकारियों के साथ की बैठक
●नयाघाट पर स्थापित होने वाले भारत रत्न लता मंगेशकर चौराहे व दीपोत्सव की तैयारी के सम्बंध में जानकारी ली



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के तहत सरयू नदी का हवाई सर्वेक्षण किया, इसके क्रम में आज अचानक मुख्यमंत्री का अयोध्या के श्रीराम कथा पार्क पर स्थापित नयाघाट पर हेलीकाप्टर से आगमन हुआ, वहां पर सांसद लल्लू सिंह सहित मण्डल, जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनकी अगवानी की और उसके बाद सरयू होटल में मण्डल, जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने संक्षिप्त बैठक की जिसमें बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यो आदि की जानकारी लेते हुए राहत कार्यो को चलाने का निर्देश दिया तथा उसके अगले क्रम में नयाघाट पर स्थापित होने वाले भारत रत्न लता मंगेशकर चौराहे के तैयारी के सम्बंध में जानकारी ली एवं दीपोत्सव 2022 को जो 23 अक्टूबर को आयोजित होना है की तैयारी के सम्बंध में जानकारी ली और बेहतर ढंग से तैयारी करने हेतु निर्देश दिया तत्पश्चात अधिकारियों से वार्ता करने के बाद पुन: अगले भ्रमण क्षेत्र के लिए रवाना हुये। इस मौके पर मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा, पुलिस उप महानिरीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा सहित सत्ताधारी पार्टी के पदाधिकारी सहित अन्य मण्डलीय, जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लाभार्थी परिवारों को चिन्हित करना व आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराना शासन का लक्ष्य: डीएम

**अयोध्या।** डीएम नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयुष्मान भारत दिवस को लेकर प्रेस आयोजित की गयी। जिसमें उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के चार वर्ष पूर्ण हो गये हैं, प्रधानमंत्री द्वारा सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत जनगणना 2011 में आच्छादित परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु आयुष्मान भारत योजना का शुभारम्भ 23 सितम्बर 2018 को प्रधानमंत्री द्वारा आयुष्मान भारत योजना का उद्घाटन झारखण्ड राज्य के रांची से किया गया। आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन की चैथी वर्षगांठ मनानें के लिये आज पूरे प्रदेश में आयुष्मान भारत दिवस मनाया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना) को और विस्तार देने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा और भी लाभार्थियों को इस योजना से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना भी लागू की गयी। उक्त योजनायें सरकार की सर्वोच्च



प्राथमिकताओं में शामिल है। यह आवश्यक है कि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध हो। इसलिए योजना से आच्छादित लाभार्थी परिवारों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित करना तथा परिवार के प्रत्येक सदस्य को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराना शासन का तात्कालिक लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हम अधिकतम लाभार्थियों को चिन्हित करने का हर सम्भव प्रयास करें और उन्हें आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करायें। दिनांक 15 सितम्बर से 30 सितम्बर 2022 तक आयुष्मान पखवाडा चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान विशेष रूप से ऐसे सभी परिवारों को लक्षित किया जाये जिनमे अब तक किसी भी सदस्य के पास आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नही है एवं जो अन्त्योदय कार्ड धारक परिवारों के सदस्य है। 23 सितम्बर 2022 को योजना के चार वर्ष पूरे होने जा रहे है। विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराना योजना की चौथी वर्षगांठ पर जनपद के साथ साथ उत्तर प्रदेश की तरफ से सबसे बड़ा उपहार होगा। आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित सभी पात्र परिवार जिनके अभी तक परिवार के किसी भी सदस्य का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है उन सभी से अपील है कि वे अपना आयुष्मान कार्ड इस अभियान में जरूर बनवा लें। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु पात्र लाभार्थी कामन सर्विस सेन्टर के साथ साथ ग्राम पंचायत में लगने वाले कैम्प पंचायत भवनों पंजीकृत सरकारी चिकित्सालयों एवं निजी चिकित्सालयों पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इसके लिए पात्र लाभार्थी अपने गांव की आशा पंचायत सहायक का सहयोग ले सकते हैं। आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु प्रत्येक लाभार्थी का आधार कार्ड एवं परिवार का राशन कार्डध्परिवार रजिस्टर की कॉपी कैम्प में ले जाना अनिवार्य है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अजय राजा ने बताया कि योजना से सम्बंधित टोल फ्री नम्बर 14555 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अब तक इस योजना में आच्छादित परिवार को रूपये पांच लाख तक का नि:शुल्क उपचार की सुविधा जनपद, प्रदेश सहित देश के सभी प्रांतों में इस योजना से आच्छादित सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में प्रदान की जा रही है। जनपद में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कुल 1112669 पात्र लाभार्थियों के सापेक्ष अब तक कुल 341035 पात्र लाभार्थियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाया गया है।

जनपद में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कुल 249274 पात्र परिवारों के सापेक्ष अब तक कुल 134152 पात्र परिवारों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ सभी पात्र परिवारों को मिल सके इसके लिये हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। अब तक 15374 लाभार्थी निजी चिकित्सालयों में और 4240 लाभार्थी सरकारी चिकित्सालयों में आयुष्मान योजना के अन्तर्गत अपना अलाज करा चुके है।

# सफाई कर्मी के न आने से गांव में फैली गंदगी

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत घुरेहटा में सफाई कर्मी ना आने से पूरे गांव में गंदगी पसरी हुई है। जिससे गांव में मच्छर अधिक उत्पन्न हो गए हैं। संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बना हुआ है। इस बाबत ग्राम घुरेहटा मजरे नहली का पुरवा निवासी विजय तिवारी ने जिलाधिकारी से व जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायती पत्र देकर गांव के साफसफाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि सफाई कर्मी का गांव में कभी दर्शन ही नहीं होता है आलम यह है कि गांव के लोग सफाईकर्मी को चेहरे से पहचानते भी नहीं हैं। वहीं प्राथमिक विद्यालय घुरेहटा परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गंदगी के कारण विद्यालय परिसर में दिनभर कीड़े मकोड़े घूमते रहते हैं। बच्चों को कीड़ें मकोड़ों से खतरा बना हुआ है इस बाबत स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने नाराजगी जताई है।



इसके अलावा क्षेत्र पंचायत सदस्य रत्नेश यादव उर्फ टिन्नीए गुड्डू शर्मा, आनंद यादव, अमरजीत, लालू, रोहित विश्वकर्मा सहित दर्जनों ग्रामीणों ने भी शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम प्रधान रामदीन ने भी सफाईकर्मी रामचन्द्र सिंह चौहान के गांव न आने से सफाई के बाबत खुद को असहाय बता रहे हैं। शिकायती पत्र पर जिलाधिकारी ने बीडीओ हैरिंग्टनगंज को मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

# दुर्गा पूजा व रामलीला को लेकर सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम

**अयोध्या।** दुर्गा पूजा एवं रामलीला के पर्व में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के द्वारा पूर्व के वर्षों से कहीं ज्यादा पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं, पुलिस के जवान चप्पे चप्पे पर तैनात रहेंगे और जनता के सहयोग से दोनों महोत्सव बहुत ही भव्य और गरिमा पूर्ण ढंग से संपन्न होंगे। यह उदगार एडीएम नगर सलिल कुमार पटेल और अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुवन कुमार सिंह के हैं जो थाना कोतवाली नगर में आगामी दुर्गा पूजा एवं रामलीला महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों को लेकर केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति और सभी दुर्गा पूजा एवं रामलीला आयोजन समिति के पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि 2 वर्ष कोरोना के साए में बिताने के पश्चात इस बार महोत्सव में भारी भीड़ उमड़ने की आशा है पूजा आयोजित करने वाले पदाधिकारियों में भी अत्यधिक उत्साह है ऐसे में सुरक्षा



व्यवस्था से संबंधित तैयारियों का पुख्ता प्रबंध होना बहुत ही आवश्यक हो जाता है मेले के दौरान प्रत्येक पूजा पंडाल पर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ.साथ संपूर्ण मेला क्षेत्र में लगातार सुरक्षाबलों द्वारा गस्त किया जाना अति आवश्यक है जगह जगह सादी वर्दी में भी पुलिस बलों की तैनाती भी आवश्यक है नगर के संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व वर्षों में सुरक्षा के जो इंतजाम किए गए थे इस बार उनसे कहीं अधिक सुरक्षा व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है नगर में समय रहते अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था को भी सुगम बनाया जाना चाहिए आवश्यकतानुसार डाग स्क्वायड बम निरोधक दस्ता जल पुलिस की तैनाती और मनचले और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता है। केंद्रीय समिति के रामलीला प्रभारी प्रेम नाथ राय ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम का मंदिर निर्माणाधीन होने के कारण पर्यटकों की संख्या मैं लगातार वृद्धि हो रही है ऐसे में आगामी महोत्सव में अनुमान से अधिक भीड़ हो सकती है जिस पर नियंत्रण के लिए परंपरागत रूप से होती रही सुरक्षा इंतजाम नाकाफी साबित होंगे इसलिए पूरे नगर में अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती बहुत ही आवश्यक है। रामलीला स्थलों पर भीड़ रुक कर कार्यक्रम को देखती है इसलिए किसी भी तरह की लापरवाही नहीं की जा सकती। बैठक को केंद्रीय समिति के गगन जायसवाल, केशव बिगुलर, डॉक्टर शैलेंद्र विक्रम सिंह, सुप्रीत कपूर, ओम अंदानी आदि ने भी संबोधित किया। रामलीला और दुर्गा पूजा समितियों की तरफ से आए हुए पदाधिकारियों में कन्हैया अग्रवालए अशोक सिंह सहित तमाम पदाधिकारियों ने अपनी समस्याओं को रखा। बैठक का संचालन करते हुए केंद्रीय समिति के पुलिस विभाग के समन्वयक जे एन चतुर्वेदी ने नगर के सभी प्रमुख मंदिरों, प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती के साथ भीड़ भाड़ वाली जगहों में पर्याप्त अर्धसैनिक बलों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने की जरूरत बताई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह, नगर कोतवाल एस बी सिंह सहित सभी चौकियों के इंचार्ज सहित केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों सहित दुर्गा पूजा एवं रामलीला समिति के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### दूध के छह नमूने जांच को भेजे

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अंबेडकरनगर एवं सहायक आयुक्त खाद्य .के निर्देश पर केके उपाध्याय एमुख्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में आम जनमानस को शुद्ध दूध उपलब्ध कराने हेतु एक दिवसीय अभियान में खाद्य अधिकारियों की टीम द्वारा टाण्डा रोड अकबरपुर स्थान पर दुग्ध विक्रेता राजमणि का निरीक्षण कर दूध का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा। महानगर कालोनी अकबरपुर में दुग्ध विक्रेता दयाराम व राजेश का निरीक्षण कर दूध के 2 नमूने संग्रहित कर जांच हेतु भेजा। नईसड़क शहजादपुर में कृष्णा डेयरी का निरीक्षण कर दूध का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा। सुलहनतारा सिकंदरपुर में ज्ञान प्रकाश दूबे की बीएमसी का निरीक्षण कर दूध का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा। जलालपुर रोड बसखारी में दुर्गा इंटरप्राइजेज की मिल्क चिलिंग प्लांट का निरीक्षण कर दूध का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा। आज कुल 6 दूध के नमूने जांच हेतु भेजे गए। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुलाब चंद गुप्ता, अखिलेश मौर्या, पुरन्दर यादव व हंसराज प्रसाद मौजूद रहे।

### परिषदीय विद्यालयों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराएं फर्नीचर

**अयोध्या ।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में अवस्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के लिए फर्नीचर क्रय हेतु गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जनपद में सम्बंधित 273 परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु आयु वर्ग 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों हेतु 3266 फर्नीचर तथा 3266 इण्टरलाकिंग फोम मैट का क्रय जैम पोर्टल के माध्यम से कराये जाने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर आंगनबाड़ी केन्द्रों विद्यालयों में फर्नीचर, फोम मैट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त सामाग्री की गुणवत्ता शासनादेश के मानक के अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया।

### एडीएम ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**अंबेडकर नगर।** अपर जिला अधिकारी अशोक कुमार कनौजिया ने नगर पालिका टाण्डा में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। कई जगह कार्य की गुणवत्ता सही नही पायी गयी। बिना अतिक्रमण हटाये हुए कार्य किया जा रहा है। नाली का स्लैब सही से नही ढाला गया है। इन्टरलॉकिंग में कही कही दब गयी है। मौके पर श्रम् एवं संबंधित ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।कमियॉ को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए एवं जिस ठेकेदार द्वारा अभी तक मौके पर कार्य शुरू नही किया गया है।उनको नोटिस देने के निर्देश दिए गए।

### दुकानदारों ने युवक को पीटा, दी तहरीर

**भीटी अम्बेडकरनगर।** महरुआ थाना क्षेत्र के पलाई मिल सर खाने के पास देसी शराब ठेका के बगल दुकानदारों ने युवक को जम कर पीटा। बताते चलें कि महरुआ थाना क्षेत्र के आदमपुर बिन्दौली निवासी अनुराग चतुर्वेदी ने महरुआ थाने में तहरीर दिया है कि बृहस्पतिवार की शाम 6 बजे मैं उसी रास्ते से अपने घर जा रहा था कि , देसी शराब का ठेका होने के कारण वहां लोग सड़क पर दारू पी रहे थे कि रास्ते पर खड़े लोगों को मैंने कहा बगल हो जाओ तो नशे की हालत में कुछ दुकानदारों ने मुझे पीट दिया। थाना अध्यक्ष गजेंद्र विक्रम सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल दुकानदार को पकड़ लाए हैं पूछताछ जारी है खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं है।

### प्रयागराज मंडल में मनाया गया स्वच्छ नीर दिवस

**प्रयागराज।** भारतीय रेल में स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान के तहत 16 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज मण्डल में शुक्रवार और शनिवार को स्वच्छ नीर दिवस दो दिवसीय अभियान मनाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रयागराज मण्डल के अंतर्गत स्टेशनों पर पानी की टंकी फिल्टर प्लांट पानी की सप्लाई के साथ वेटिंग रूम रिटायरिंग रूम तथा स्टेशनों पर उपलब्ध पानी की शुद्धता की जाँच क्लोरीन की मात्रा तथा स्टेशन पर कैटरिंग स्टालों पर बिक्री हेतु उपलब्ध पानी की वैध्यता आदि को भी चेक किया जाना है। इसी क्रम में इस अभियान के पहले दिन शुक्रवार को प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैसे प्रयागराज कानपुर सेन्ट्रल मिर्जापुर फफूंद अलीगढ़ इटावा सहित अन्य स्टेशनों पर उपलब्ध पानी की शुद्धता की जांच के साथ साथ पानी की टंकी फिल्टर प्लांट पम्प हाउसों वेटिंग रूम रिटायरिंग रूम तथा स्टेशनों पर उपलब्ध पेयजल की शुद्धता की जाँच क्लोरीन की मात्रा टीडीएस की जाँच आदि के साथ साथ स्टेशन पर कैटरिंग स्टालों पर बिक्री हेतु उपलब्ध पैक्ड पानी के बोतलों की वैध्यता आदि की गहनता से जांच की गई।

## राशन का गबन करने वाले कोटेदार का अनुबंध निरस्त

**अंबेडकर नगर।** सरकारी राशन की दुकान से गरीबों को मिलने वाला राशन कोटेदार ने गबन कर लिया। जिसके चलते कोटेदार पर मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही कोटा दुकान का अनुबंध निरस्त कर दिया गया है। अकबरपुर के सिझौली मुहल्ले में कोटा दुकान से गरीबों को राशन देने में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। यहां ई.पोस मशीन पर आधार कार्ड से प्रमाणीकरण करा कोटेदार ने राशन गबन कर लिया। जांच में पहुंचे अधिकारियों ने कोटेदार के पास वितरण के बाद अवशेष राशन की जांच करनी चाही, तो गोदाम खाली मिला। कोटेदार मंशाराम राशन के बारे में जवाब नहीं दे सके। इसके बाद कोटा दुकान को निलंबित किया गया है। स्पष्टीकरण में राशन के बारे में जानकारी नहीं दी। यहां बचत में 43 क्विंटल 47 किलो गेहूं, 55 क्विंटल 80 किलो चावल, 45 किलो चीनी, 93 किलो चना, 93 किलो नमक व 93 लीटर सोयाबीन तेल अवशेष मिलना चाहिए था। यहां 103 क्विंटल राशन नहीं पाया गया।

# आधार एकत्रीकरण के लिए 25 सितम्बर को विशेष कैम्प

**अयोध्या।** डीएम-जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही एक सितंबर से प्रारम्भ हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के नियम.23 के अनुसार सम्मिलित मतदाताओं द्वारा आधार नंबर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1900 के उप नियम. 26बी द्वारा अधिसूचित फार्म. 6बी में दिया जाएगा। फार्म.6बी ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। स्व प्रमाणन के साथ मतदाता, मतदाता पोर्टल एप पर ऑनलाइन फार्म 6बी भर सकता है तथा यूआईडीएआई में पंजीकृत अपने मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी का उपयोग करके आधार को स्वयं प्रमाणित कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अभियान के दौरान बीएलओ, ईआरओ या अधिकृत किसी भी अधिकारी के माध्यम से आफलाइन फार्म जमा कराने हेतु समुचित मात्रा में फार्म.6बी उपलब्ध कराने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश कर दिए गए हैं।



आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु 25 सितम्बर को विशेष कैम्प आयोजन के लिए निर्धारित किया गया है। यह कैम्प प्रदेश के समस्त मतदेय स्थलों पर किया गया है जहां पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म.6बी में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर भरकर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते हैं। आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नही किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नहीं कराया गया है। प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। परिवर्धन, अपमार्जन, संशोधन इत्यादि से संबंधित फार्मों को परिवर्तित किया गया है। नये मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म.6ए निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति हेतु तथा पूर्व से शामिल नाम को अपमार्जित करने हेतु फार्म.7 तथा निवास परिवर्तन, निर्वाचक नामावली में संशोधन, मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन, दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु फार्म 8 है। आयोग द्वारा चार अर्हक तिथियां यथा 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। उक्त अर्हक तिथियों को या उससे पूर्व यदि कोई मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण करता है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकता है।

# पीएम के जीवन व व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी का समापन



**अंबेडकर नगर।** प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर 2022 से चल रही जनपद अंबेडकरनगर के लोहिया भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी तथा केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों निर्णय एवं उपलब्धियों तथा जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विशेष प्रदर्शनी आज अंतिम दिन जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन द्वारा प्रदर्शनी अवलोकन कर समापन किया गया। उक्त प्रदर्शनी का आयोजन 17 सितंबर 2022 से 23 सितंबर 2022 तक लोहिया भवन में किया गया। प्रदर्शनी को जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा जिला अध्यक्ष तथा अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों, विद्यालयों के छात्र.छात्राओं, बृहद रोजगार मेले में आए हुए छात्र छात्राओं तथा आईटीआई के छात्र एछात्राओं व अन्य नागरिकों द्वारा प्रदर्शनी को देखा गया। जिलाधिकारी ने सूचना विभाग द्वारा आयोजित इस चित्र प्रदर्शनी को उन्होने देखकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व के बारे में चर्चा की। इस दौरान मौके पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सूचना विभाग के कर्मचारी तथा कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सांसद फूलपुर ने प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**प्रयागराज।** एक जनपद एक उत्पाद के हस्तशिल्पियों उद्यमियों के उत्पादो को स्थानी स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार कराने हेतु तीन दिवसीय वोकल फार लोकल के अन्तर्गत 23 सितंबर से 25 सितंबर तक कमला भवन जार्जटाउन में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन शुक्रवार को सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल द्वारा फीता काटकर दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रदर्शनी में 25 स्टालो पर जनपद स्तरीय उत्कृष्ट उत्पाद हस्तशिल्प की तथा मीरजापुर का कालीन तथा सिद्धार्थनगर का काला नमक चावल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा है। सांसद ने उद्यमियों की हौसला आफजाई करते हुए कहा कि प्रदर्शनी से अपने जनपद के उत्पादों का प्रचार प्रसार होगा और छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा। जिससे वे अत्यधिक उत्पादन कर अन्य लोगो को रोजगार देने का कार्य करेंगे। प्रचार प्रसार से स्थानीय उत्पादों का उपयोग बढ़े और इनके उत्पादन से जुड़े लोग आत्मनिर्भर बने। सांसद ने उद्यमियों का उत्साहवर्धन करते हुये



उद्घटान करतीं सांसद फूलपुर

स्थानीय लोगों से उनके उत्पाद खरीदने हेतु अपील की। जिससे योजनान्तर्गत और भी उद्यमी उद्यम स्थापना के लिए इच्छुक हो सके प्रदर्शनी में आगंतुकों का स्वागत प्रदर्शनी के आयोजक लालजीत सिंह संयुक्त आयुक्त उद्योग प्रयागराज द्वारा किया गया। प्रदर्शनी के आयोजन में अमित शुक्ला सहायक प्रबन्धक जयश्री अजय कुमार शर्मा पंकज मौर्या विकास पाण्डेय जितेन्द्र शुक्ला मंजुल द्विवेदी मो अनस सिद्दीकी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह का संचालन हैदर रजा सहायक प्रबन्धक द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में भाजपा के महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी यमुनापार अध्यक्ष विभव नाथ भारती तथा गंगापार अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी अमर नाथ यादव काशी क्षेत्र के अध्यक्ष तथा जनपद के औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी स्थानीय उद्यमी तथा प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# कुपोषण से बचाव के लिए फास्ट फूड से बनाएं दूरी: डा. जोशी

● पोषण माह के अवसर छात्राओं को किया गया जागरूक ●23 से 29 सितंबर तक चलेगा जागरूकता अभियान

**मिल्कीपुर अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग द्वारा पोषण माह के अवसर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज पिठला में आयोजित किया गया। जागरूकता अभियान 23 से 29 सितंबर तक चलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डाण् नमिता जोशी ने बतौर मुख्यअतिथि कहा कि कुपोषण से बचने के लिए बाहर बिकने वाले फास्ट फूड को छोड़ना होगा। अधिक से अधिक घर के भोजन का सेवन करें। संतुलित आहार लेने से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है।

भोजन करने से पहले हाथों को अच्छी प्रकार से धुलें जिससे कि किसी भी बीमारी के खतरे से बचा जा सके। कार्यक्रम की आयोजक व विभागाधायक्ष डा साधना सिंह ने कहा कि जागरूकता से इंसान स्वस्थ व निरोग रह सकता है। इस दौरान डा. साधना ने छात्राओं को सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही रोजगार के बहुआयामी अवसरों को भी बताया। इसी क्रम में शोध छात्रा जीनत अमान व कार्यक्रम की सह आयोजक डॉ मंजूलता मिश्रा व विद्यालय के प्रधानाचार्य डा रमेश मिश्रा ने भी छात्राओं के साथ अपने विचार साझा किए।

# प्रो. मलिक बने एनसीआरटीएस में राष्ट्रीय निदेशक

**प्रयागराज।** उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि प्रयागराज के प्रोफेसर ए के मलिक को राष्ट्रीय स्तर की संस्था नेशनल काउंसिल ऑफ रिसर्चर टीचर साइंटिस्ट इंडिया एनसीआरटीएस में राष्ट्रीय निदेशक का उत्तरदायित्व मिला है। प्रो मलिक के चयन पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह कुलसचिव प्रो पी पी दुबे विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो आशुतोष गुप्ता और अन्य विद्या शाखाओं के निदेशक एवं शिक्षक सहित अनेकों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

भारत सरकार की संस्था विज्ञान प्रसार की इकाई विपनेट से संबद्ध नेशनल काउंसिल ऑफ रिसर्चर टीचर साइंटिस्ट इंडिया एनसीआरटीएस द्वारा उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि प्रयागराज के प्रोफेसर ए के मलिक को वर्ष 2022 के लिए राष्ट्रीय निदेशक के रूप में सेवाएं देने के लिए मनोनीत किया है। डॉ मलिक ने बताया कि वह विज्ञान लोकप्रियकरण हेतु सतत प्रयासरत हैं तथा ऐच्छिक रूप से उक्त राष्ट्रीय स्तर की संस्था को नि:शुल्क सेवाएं देंगे। प्रो ए के मलिक को विज्ञान एवं तकनीकी के प्रचार प्रसार एवं राष्ट्रीय स्तर पर अतुलनीय कार्य करने हेतु एक फरवरी 2022 को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार तथा 22 दिसंबर 2018 विपनेट विज्ञान प्रसार भारत सरकार के डीएसटी के तहत नेटवर्क दासा और त्रिपुरा के एस डब्ल्यू ए से राष्ट्रीय गणित दिवस पर गणित लोकप्रियता के लिए श्रीनिवास रामानुजन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। प्रो मलिक ने बी के बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पिलानी के गणित विभाग में पंद्रह वर्षों तक शैक्षिक योगदान दिया है। इसी वर्ष जून में प्रो मलिक मुक्त विवि में गणित के प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किये गये। प्रो मलिक को शिक्षा और अनुसंधान में 17 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र ऑपरेशंस रिसर्च इन्वेंटरी कंट्रोल और सॉफ्ट कंप्यूटिंग तकनीक है। प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 60 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। उन्हें कई संस्थानों आई आई टी और अन्य विश्वविद्यालयों में गणित और अनुसंधान पद्धति में विभिन्न शोध विषयों पर 80 से अधिक वार्ता देने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने प्रतिष्ठित संस्थान ईआईएसटी आई विवि पेरिस फ्रांस में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में भी काम किया हैं। प्रो मलिक औद्योगिक इंजीनियरिंग सीआरसी प्रेस ऑपरेशंस रिसर्च ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस अनुकूलन तकनीक टोपोलॉजी माप सिद्धांत और एकीकरण विलीए ड्रीम टेक जैसी 26 पुस्तकों के लेखक व सह लेखक हैं। विद्वान समाजों एसो. ऑफ इन्वेंटरी एकेडमिक्स एंड प्रैक्टिशनर्स आईएपी इंडियन एसो. फॉररिलाय बिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्सएय आईएआरएस राजस्थान गणिता परिषद के आजीवन सदस्य हैं। प्रो मलिक ने एम एस सी गणित गुरुकुल कांगड़ी विवि हरिद्वार उत्तराखंड से और पी एच डी डिग्री चौधरी चरन सिंह विवि मेरठ उत्तर प्रदेश से प्राप्त किया है। नेशनल काउंसिल ऑफ रिसर्चर टीचर साइंटिस्ट इंडिया एनसीटीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजन बनिक ने नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए डॉ मलिक द्वारा विज्ञान लोकप्रिय करण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की है।

बीएसए कार्यालय से पैदल मार्च कर डीएम कार्यालय पहुंचे शिक्षक

# सैकड़ों शिक्षकों ने डीएम कार्यालय पर मांगों को लेकर नारेबाजी





संवाददाता। सीतापुर

● उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सैकड़ों शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन, जिलाध्यक्ष रवीन्द्र दीक्षित ने कहा कि मांगें न सुनी गईं तो होगा आंदोलन

**पदोन्नति न** होने से आक्रोषित बेसिक शिक्षा परिसद के शिक्षक शुक्रवार को बीएसए कार्यालय पर पहले तो एकत्र हुए उसके बाद वह पैदल मार्च करते हुए डीएम कार्यालय पहुंच गए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में अपनी मांगो को लेकर पहुंचे शिक्षको ने पहले तो नारेबाजी की व बाद में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में प्रधानाध्यापक के पद रिक्त है, इसके बावजूद भी संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। संघ जिलाध्यक्ष रवीन्द्र दीक्षित ने कहा कि अधिकतर शिक्षक सहायक अध्यापक का वेतन लेकर प्रधानाध्यापक का दायित्व निभा रहे है, लेकिन इस दायित्व को निभाने में वह अपने को सक्षम नहीं पा रहे है। पदोन्नति लाभ न दिए जाने से परिषदीय शिक्षक आहत है। इसी को लेकर वह डीएम को ज्ञापन सौंपा है अगर इस पर संज्ञान नहीं लिया गया तो वह आंदोलन करेगें। ज्ञापन देने के बाद शिक्षक फिर वापस बीएसए कार्यालय पर आ गए। इस दौरान परसेंडी अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव, खैराबाद पवन सिंह, ऐलिया अश्वनी सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, लवलेश प्रताप सिंह, आनंद प्रातप पांडेय, रामकिशोर, ब्रजेश सिंह, पुनीत, आषुतोष वर्मा, पंकज सिंह, श्रद्धा त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र, संजीव सिंह, अपूर्वा पांडेय सहित शिक्षक महामंत्री रविंद्र मिश्रा, जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार, महामंत्री फरीद गौरी, प्रिय गौतम, बृजेश कुमार, राजेश वर्मा, शारदा प्रसाद, कृष्णकांत, सुधांशु श्रीवास्तव, अटल बिहारी सहित सैकड़ो शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।

पीड़ित ने रेउसा थाने में तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

# पांच बच्चों की मां प्रेमी संग हुई फरार, पति ने दी तहरीर

● रेउसा क्षेत्र की बम्भनावां निवासी 35 वर्षीया समा प्रेमी संग फरार, गांव के रहने वाले छोटू पुत्र ललतू के संग तीन माह से चल रहा था प्रेम प्रसंग, पीड़ित पति सत्तार ने पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का लगाया आरोप

**सीतापुर**। सीतापुर के रेउसा थाना क्षेत्र में रहने वाली पांच बच्चों की मां पर प्यार का ऐसा रंग चढ़ा कि वह अपने पति व बच्चों को छोड़ प्रेमी संग फरार हो गई, महिला का पति अपने बच्चों को लेकर थाने के चक्कर लगाने को मजबूर है, बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। रेउसा थाना क्षेत्र के बम्भनावां गांव निवासी 35 वर्सीया संमा पत्नी सत्तार गांव के ही छोटू पुत्र ललतू के संग दिन के उजाले में ही फरार हो गई। समां के पति सत्तार ने बताया कि छोटू अपने भतीजे हिमांषू के साथ मिलकर मेरी पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रेउसा थाने में प्रार्थना पत्र देने आए पीड़ित पति सत्तार ने बताया कि छोटू गांव में ही चाय का होटल चला रहा था, और करीब तीन माह पूर्व मेरी पत्नी समां और छोटू के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था, इसकी मुझे जानकारी नहीं थी, जब जानकारी हुई तो मैने अपनी पत्नी और छोटू को समझाया भी। पीड़ित की मांग है कि एक बार उसकी पत्नी समा रेउसा थाने आ जाए, बच्चे परेषान है, इसके बाद जहां जाना है, चली जाएं। सत्तार ने यह भी बताया कि जब वह अपनी पत्नी को वापस करने की बात कह रहा है तो छोटू और हिमांषू उसे धमकी दे रहे है। बता दें कि सत्तार और समां के 5 बच्चे सना, सावेद, षहनवाज, षाहिद और असद है, यह सभी नाबालिंग है। सत्तार और सना की षादी वर्स पूर्व हुई थी। पीड़ित पति सत्तार ने रेउसा थाने में प्रार्थना दिया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष रेउसा मुकुल प्रसाद वर्मा ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है, मामला संज्ञान में है जांचकर कार्रवाई की जा रही है।

रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण का इंतजार खत्म...

# सीतापुर के हेमपुर क्रासिंग पर अब राहगीरों को नहीं होगी दिक्कत

● 10 वर्षों से अधिक लंबित निर्माण कार्य से राहगीरों को हो रही परेशानी

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर उरदौली** स्थित हेमपुर क्रॉसिंग के निर्माण के लिए रेलवे और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मध्य काफी समय से चली आ रही तकरार अब समाप्त हो गई है ,पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के आश्वासन के बाद जल्द ही रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को हरी झंडी दे दी है। आपको बता दें कि सन 2009 में बरेली वाया सीतापुर तक फोरलेन बनाने का कार्य शुरू हुआ था, कार्य के दौरान कार्यदायीं संस्था ने रेलवे क्रॉसिंग के पास ओवरब्रिज बनाने के लिए पिलर का निर्माण किया था, रेलवे ने इस पर आपत्ति जताई थी कि कार्यदाई संस्था ने हेमपुर नेरी रेलवे क्रॉसिंग के पास जो पिलर का निर्माण किया है वह रेलवे ट्रैक के काफी पास है और इसी आपत्ति के चलते नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने ओवरब्रिज निर्माण में अड़चन पैदा कर दी थी और रोंक लग गई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 24 पर लगभग 10 वर्षों से अधिक समय से लंबित ओवरब्रिज के निर्माण कार्य से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, राहगीरों को तब बहुत ज्यादा मुसीबत होती है जब डबल ट्रेनों का आवागमन होता है और लम्बे जाम के चलते इंतजार करना पड़ता है। इस रेलवे ट्रैक पर 24 घंटे में लगभग 60 से 70 ट्रेनों का आवागमन होता है जिसमें माल गाड़ियों की संख्या ज्यादा होती है, साथ ही ब्रिज के नीचे का रास्ता इतना खराब है कि वाहनों को बड़े गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है । गेटमैन शत्रुघ्न ने बताया कि 6 माह में रौजा सीतापुर रेल ट्रैक का कार्य पूर्ण हो जाएगा जिससे इस ट्रैक पर 100 से 150 तक रेलगाड़ियों का आगमन होगा तब तक यदि ओवरब्रिज न बना तो स्थिति और भयावह हो जाएगी। इस मामले में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक पत्र भेजकर लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद से कहा कि बरेली से सीतापुर स्टेशन पर हेमपुर क्रासिंग के पास बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का कार्य षुरू कर दिया जाए। इसको लेकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से रेलवे बोर्ड ने पत्राचार करने के साथ निर्माण कार्य को हरी झंडी दे दी है।

# लम्बित वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक अभियुक्तों को सजा दिलायी जायः डीएम

**लखीमपुर खीरी**। शुक्रवार की शाम करीब 5:30 बजे कलेक्ट्रेट में प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंहए एएसपी अरुण कुमार सिंह के साथ अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। अभियोजन कार्यो की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी डीएम अनिल सिंह ने निर्देश दिया कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय। जिससे अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सज़ा से बच नहीं सकते हैं। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शत प्रतिशत परिक्षित कराया जाय तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय। समीक्षा बैठक के दौरान में ईण्प्रासी क्यूशन डाटा फिडिंगए सम्मन तामिला इत्यादि कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशाण्निर्देश दिये गए। डीएम ने मौजूद शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन के अधिकारियों से न्यायालयों में साक्षियों की उपस्थिति और उनके पक्षद्रोही होने के कारणों की समीक्षा की। डीएम ने पुलिस विभाग व अभियोजन विभाग से कहा कि समन तामीली समयबद्ध होनी चाहिए। अधिकतम साक्षियों को न्यायालयों के समक्ष परीक्षित कराया जाय। अकारण साक्षियों की वापसी ना होने पाएए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में सफल अभियोजन पैरवी कर सजा का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए। ताकि न्यायालयों में लंबित पुराने मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके।

संयुक्त निदेशक यअभियोजनद्ध धीरेंद्र कुमार मिश्रा व नीरज कुमार, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सरयू प्रसाद यादव व घनश्याम गुप्ता, अभियोजन अधिकारी पवन गौतम, सहायक अभियोजन अधिकारी यदुनंदन अवधेश, दयाशंकर, सुभाष चंद्र व प्रदीप, जिला शासकीय अधिवक्ता यक्रिमिनलद्ध अरविंद त्रिपाठी, विशेष लोक अभियोजक बृजेश पांडेय मौजूद रहे।

# वोकल फॉर लोकल की अवधारणा पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ आगाज

● केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ, स्टालों का किया अवलोकन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**पीएम नरेंद्र** मोदी के उद्घोष वोकल फॉर लोकल की अवधारणा पर तीन दिवसीय ओडीओपी उत्पादोंए हस्तशिल्पियों से निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी स्थानीय विलोबी हाल में आयोजित हुई। प्रदर्शनी का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्यमंत्रीध्खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी ने भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह व प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में फीता काटकर एवं दीप जलाकर किया। इसके उपरांत उन्होंने सभी स्टालों का अवलोकन कर उनके उत्पादों के संबंध में जरूरी जानकारी प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा। निर्यात अधिक होए आयात कम हो इसके लिए सरकार निरंतर योजनाएं बनाकर उनपर काम कर रही है। भारत का दिनोंदिन सम्मान बढ़ रहा है। भारतीय उत्पादों की खपत बढ़ेए उनका निर्यात बढ़े इसके लिए सरकार काम कर रही है। भारत में सरकार ने 2030 तक एक हजार अरब डालर निर्यात करने का लक्ष्य नियत है। सरकार ने सभी की जरूरतें पूरी करने के साथ ही निर्यात में आने वाली बाधाओं को दूर किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले का आनंद उठाएं। स्थानीय उत्पादकों का हौसला बढ़ाएं उन्हें आगे बढ़ाने में मदद करें।

भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने तीन दिवसीय वोकल फॉर लोकल की अवधारणा पर आयोजित तीन दिवसीय ओडीओपी उत्पादोंए हस्तशिल्पियों से निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को रेखांकित किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने प्रदर्शनी में लगे स्टालों पर उत्पादों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता कुलभूषण सिंह, विजय शुक्ला रिंकू, अरविंद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, जितेंद्र त्रिपाठी, अम्बरीष सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### सीतापुर में 26 सितंबर को लगेगा रोजगार मेला

**सीतापुर**। सीतापुर में बेरोजगार युवाओं को रोजगार का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। इसको लेकर 26 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवा योजन कार्यालय पर किया जाएगा। इस मेले में आये हुए युवाओं को उनकी प्रतिभा निखारने का मौका भी दिया जाएगा। मेले का आयोजन सुबह 10 बजे से किया जाएगा। जहां पर करीब दो हजार पदों पर होगी भर्ती होगी। जिला समन्वय कौशल विकास मिशन अमित कुमार ने बताया कि यह आयोजन उ.प्र. कौशल विकास मिशन सीतापुर और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर, जिला सेवायोजन कार्यालय सीतापुर के तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर में सुबह 10 बजे से होगा। इस रोजगार मेले में 20 से अधिक कम्पनियों के द्वारा दो हजार से अधिक रिक्तियों के लिए विभिन्न पदों के लिए इंटरव्यू होगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में कक्षा 8, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, आई.टी.आई., डिप्लोमा उत्तीर्ण 18 से 40 वर्ष आयु के अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले मे प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी शैक्षिक योग्यता, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज की फोटो एवं बायोडाटा की 3 प्रति में लेकर आये।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत

**बरेली**। मोटरसाइकिल सवार एक ग्रामीण को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।शाही थाने के गांव बफरी अब्दुल नबी निवासी 48 वर्षीय चंद्रसेन पुत्र हीरालाल कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई ।पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद चंद्रसेन के घर वालों ने बताया कि वह मजदूरी करता था और 14 सितंबर को वह मोटरसाइकिल से बसावन पुर में मजदूरी करने के लिए गया था ।जहां से शाम को काम समाप्त होने के बाद मोटरसाइकिल से घर वापस लौटते समय रास्ते में सेंधा गांव के पास पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घरवालों को सूचना दे दी। जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक 5 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम सुमन है।

### महानगर बस सेवा के एसी का कंप्रेसर फटा, एक की मौत

**बरेली** । महानगर बस सेवा चार्जिंग बस स्टेशन में खड़ी एक बस के एसी का कंप्रेसर गैस भरते समय अचानक तेज धमाके के साथ फट गया जिससे काम कर रहे एक कर्मचारी की मौत हो गई व दो गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना मिलने पर डीएम और एसएसपी मौके पर पहुंचे घायलों की हालत भी नाजुक बनी हुई है। किला थाना क्षेत्र में स्वाले नगर स्थित महानगर बस सेवा के चार्जिंग स्टेशन पर आज दोपहर स्टेशन परिसर में खड़ी एक बस के खराब एसी में नाइट्रोजन गैस भरने का काम चल रहा था । इस काम में सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव पस्तोर निवासी विजयपाल पुत्र रामपाल अपने साथी बबलू और नरेंद्र के साथ एसी के कंप्रेशर में नाइट्रोजन गैस भरने का काम कर रहे थे। इसी दौरान कंप्रेसर तेज धमाके के साथ फट गया और उसके पास मौजूद तीनो लोग बस से काफी दूर जा गिरे। और गंभीर रूप से घायल हो गए । धमाके की आवाज सुनकर रास्ते से गुजर रहे लोग और स्थानीय लोगों की भीड़ चार्जिंग स्टेशन के बाहर लग गई ।घटना के समय मौके पर मौजूद स्टेशन मैनेजर सुरेंद्र ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन विजय को अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना ही मिलते ही मृतक के घर वाले भी जिला अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली। मृतक की पत्नी का नाम कुसुम है वह एक बेटे का पिता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।घटने के बाद स्टेशन कर्मचारियों ने किसी को भी अंदर नहीं घुसने दिया। कुछ देर बाद मीडिया कर्मचारी मौके पर पहुंच गए ।सूचना मिलते ही जिलाधिकारी शिवा कांत द्विवेदी के साथ एसएसपी एसपी सिटी सीओ एवं थाना प्रभारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। डीएम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद कहा कि बस में धमाका चार्जिंग के कारण नहीं बल्कि एसी का कंप्रेशर फटने के कारण हुआ है ।उन्होंने घटना की जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया ।

### साबुन कारोबारी की हत्या का खुलासा, दो प्रेमिका सहित 6 गिरफ्तार

**बरेली** । साबुन कारोबारी की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जिसमे तीन नाबालिग है सभी को जेल भेजा जा रहा है । प्रेम नगर थाना क्षेत्र के जनकपुरी निवासी साबुन कारोबारी दीपक गांधी की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने किला थाना क्षेत्र के गुलाब नगर के मूल निवासी हितेश सक्सेना हाल निवासी लल्ला मार्केट भूड़ और हितेश की पत्नी सपना सक्सेना निवासी लल्ला मार्केट भूड थाना प्रेम नगर ,काजल शर्मा पुत्री रूप किशोर निवासी थाना भोजीपुरा के गांव मकरंदापुर को गिरफ्तार कर लिया । तीन नाबालिग सहित 6 अभियुक्तों को आईवीआरआई पुल के पास से गिरफ्तार किया है जोकि सभी भागने की फिराक में थे। सभी को जेल भेजा जा रहा है। ज्ञात हो कि दीपक गांधी 18 सितंबर को शाम के समय अपनी कार लेकर घर से निकले थे और 19 सितंबर की मध्यरात्रि को उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी तब पुलिस ने उनको तलाशने की कोशिश शुरू कर दी और उनकी कार बन्नुवाल नगर चिक्कर स्कूल के पास मिली कार की पिछली सीट पर दीपक गांधी की लाश पड़ी थी घटना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पता चला कि दीपक गांधी अपनी महिला मित्र सपना और काजल से मिलने राजीव एनक्लेव स्थित आवास पर गए थे । अचानक दीपक गांधी तबीयत खराब होने पर वह बेहोश हो गए और सपना काजल ने योजना बनाकर हितेश और दो पुत्रों और दोस्त की मदद से उन्हें कार में दीपक गांधी को डालकर बन्नू बाल कॉलोनी के पास छोड़ दिया और भाग गए पुलिस ने आज 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा है।

### युवतियों पर अभद्र टिपप्णी करने वाले मनचले युवक को गिरफ्तार किया गया

**लखीमपुर.खीरी**। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में महिलाओं की सुरक्षाए सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा एवं सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे एंटीरोमियों अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी महोदय के कुशल मार्गदर्शन में थाना हैदराबाद की एण्टीरोमियों टीम द्वारा दैनिक चेकिंग के दौरान ग्राम गणेशपुर मोड़ के पास से एक मनचले युवक अरबाज खां पुत्र लियाकत खां को रास्ते में आने जाने वाली बालिकाओंध्युवतियों पर अभद्र टिप्पणी करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना हैदराबाद पर मु.अ.सं. 395/22 धारा 294 भादवि पंजीकृत करके आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि अबलीश कुमारए थाना हैदराबादए काण् नितिन कुमार थाना हैदराबादए मआ अंकिता चैधरी थाना हैदराबाद व म.आ. अनुराधा थाना हैदराबाद शामिल रहे।

# आयुष्मान भारत दिवस पर हुआ भव्य कार्यक्रम, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**शुक्रवार को** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयुष्मान भारत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह व सीएमओ डॉ अरुणेंद्र त्रिपाठी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि स्वास्थ्यए शिक्षा सहित अन्य मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। हर जरूरतमंद के साथ सरकार तटस्थता से खड़ी है। भारत स्वस्थ देश के रूप में उभरेए इसके लिए सरकार न केवल योजनाएं बनाई बल्कि पूरी ईमानदारी से उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के लिए धरातल पर काम कर रही। खीरी के 22 लाख लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा। इतनी बड़ी स्वास्थ्य योजना पूरी दुनिया में कहीं नहीं है। सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक भारत को एक ऐसा राष्ट्र बनाना हैए जहां सारे लोग स्वस्थ होए उनका खर्च स्वास्थ्य के क्षेत्र में कम से कम हो। उन्होंने कहा कि सरकार ने लिंगानुपात को सही करनेए शिशु मृत्यु दर को कम करने की दिशा में तेजी काम कियाए जिसके बेहतर परिणाम आज सामने आ रहे। उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओंए उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने आयुष्मान भारत दिवस की शुभकामनाएं देकर जनपदकण ?ध् वासियों के स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने आयुष्मान भारत दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दूरदराज से आए हुए भाई बहनों का स्वागत एवं अभिनंदन है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना हैए जो लोगों को समुचित इलाज दिलाने में पूरी तरह कारगर है। आज योजना के 04 वर्ष पूरे होने पर इस कार्यक्रम का आयोजन गया है। खीरी में 22 लाख लाभार्थी है, जिसके सापेक्ष 05 लाख लोगों के कार्ड बने है। शेष लोगों को अभियान चलाकर पंचायत सहायकए आशा एवं वीएलई के जरिए कार्ड बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को प्रेरित करें कि वह कार्ड बनवाएं। सीएमओ डॉ अरुणेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार की सबसे श्रेष्ठतम योजना है। इलाज के अभाव में किसी को मुसीबतों का सामना ना करना पड़ेए इसके लिए 04 वर्ष पूर्व पीएम ने इस महत्वकांक्षी योजना को शुरू कियाए जो लोगों के लिए मददगार साबित हो रही। कार्यक्रम की शुरुआत में नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ वीसी पंत ने आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना की जरूरी जानकारी दी। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, जितेंद्र त्रिपाठी, अंबरीश सिंह, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह, सीएमओ डॉ अरुणेंद्र त्रिपाठी, एसीएमओ डॉ अश्विनी, डॉ बीसी पंत सहित बड़ी संख्या में चिकित्सा अधिकारी एवं लाभार्थी मौजूद रहे।

**गोल्डन कार्ड वितरणः** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने आयुष्मान भारत के लाभार्थी कन्हैया, कमलेश कुमार, कुमारी प्रियंका, हरिश्चंद्र, सुशीला देवी, काजल, लल्ली, संतोष, सुमित कुमार व प्रवीण को आयुष्मान गोल्डन कार्ड प्रदान किया।

**योजना के तहत इन उपचारित मरीजों का हुआ सम्मानः** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने आयुष्मान योजना के तहत उपचारित मरीज मरियम, हसीना, कुतुबुद्दीन, रामबहादुर व जेबुन को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

**उत्कृष्ट कार्य के लिए इनका हुआ सम्मानः** आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर इस योजना में उत्कृष्ट कार्य व सहयोग हेतु डीएसओ अंजनी कुमार सिंहए एआरओ दिनेश चंद्र मिश्राए अवधेद्र कुमार सिंहए पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार यादव ललित पाठक आनंद कुमार सिंह, बृजेश मिश्रा, विनय पांडेय व साधना श्रीवास्तव, एमओआईसी कुंभी डॉ गणेश, एमओआईसी फरधान डॉ अमित बाजपेई, निजी चिकित्सालय श्रॉफ हॉस्पिटल डॉ विकास, प्रभा नेत्र चिकित्सालय डॉ पुनीत मिश्र, आयुष्मान भारत के डीजीएम अनुज प्रताप सिंह।

# किसान समस्याओं का जल्द समाधान न हुआ तो होगा आंदोलन

**बेहजम खीरी**। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आज बेहजम विकासखंड में भाकियू अवध के बैनर तले हजारों किसानों ने मिलकर लगाई किसान पंचायत किसानों की अगुवाई संगठन के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्यामू शुक्ला व आयोजक जिला संरक्षक रवि तिवारी रहे किसान नेता श्यामू शुक्ला ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में आवारा पशुओ की वजह से किसानों की फसलें नष्ट की जा रही है पशुओं के अनुपात के हिसाब से गौशाला नही है वहीं बिजली बिभाग की मनमानी के आगे सरकार का आदेश दम तोड़ता नजर आ रहा है बिजली आपूर्ति दस घण्टे से ज्यादा नही मिल पा रही साथ ही लो बोल्टेज के चलते नलकूप नही चल पा रहें तमाम गावों की लाइन जर्जर है जिसको बदलवाने की जरूरत है तहसील क्षेत्र के गाँव कैमा बुजुर्ग के मजरा दुर्गापुर में ग्राम समाज की भूमि को जिसका रकबा लगभग पचास एकड़ है जिसको सरकार के द्वारा वन विभाग को दस वर्षों के लिए लीज पर दिया गया था जिसमे से तीस एकड़ जमीन तो खाली कर दी गयी लेकिन बीस एकड़ जमीन पर आज भी वन विभाग कब्जा किये हुए है जबकि उस जमीन के किसानों के पट्टे बने हुए उसको खाली करवाकर किसानों को दिलाया जाए संगठन के प्रदेश महामंत्री मयंक सिंह चौहान ने कहा मितौली के पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में किसानों के साथ भारी मनमानी की जा रही उनसे पैसा लेकर भी उनका काम नही किया जा रहा है विकासखण्ड बेहजम व पसगवां के तमाम गावों में मनरेगा योजना में बड़े घोटाले किये गए जिसकी जांच करवा कर उचित कार्यवाही की जाए जिला संरक्षक रवि तिवारी ने कहा कि



जबसे पीडीएस गोदामो को खत्म करके ठेकेदारों के माध्यम से ट्रकों से खादान कोटेदारों के पास भेजा जा रहा है तबसे कोटेदारों का शोषण भी हो रहा है और पात्रों को समय से राशन भी नही मिल पा रहा है गन्ना किसानों की समस्या है उसे चीनी मिलें पुराना भुगतान नही कर पा रहीं है केंद्र और राज्य सरकार अपना वादा भूल रही है ।जिससे किसानों की आर्थिक हालत खराब हो चुकी है इस लिए मिलों के द्वारा जल्द ही भुगतान दिलाया जाए पावर हाउस बेहजम के गाँव लोहटी में एलटी लाइन के खम्भे टूटे पड़े है जिनको शीघ्र बदलवाया जाए किसानों की महापंचायत के कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता रामकुमार फौजी श्यामू शुक्ला प्रांतीय अध्यक्ष सहित अमित शुक्ला रमेश वर्मा अतुल मिश्रा हेमराज वर्मा अरबिंद मिश्रा झल्लर पांडे सोमू मिश्रा रामौतार राठौर धर्मेंद्र यादव हरिहर मास्टर अनिल गौतम महेश वर्मा विकाश शुक्ला आदि तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे । महापंचायत में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए इंस्पेक्टर अवधेश यादव चौकी प्रभारी सुनील बाबू अवस्थी मय दल बल के साथ मौके पर बने रहे।

# कांग्रेस अध्यक्ष बनने में मेरी दिलचस्पी नहीं : दिग्विजय सिंह

भाषा। जबलपुर

**कांग्रेस** में अध्यक्ष पद की दौड़ तेज होने के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी अध्यक्ष बनने में उन्हें कोई दिलचस्पी नहीं है। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को एक अधिसूचना जारी कर पार्टी अध्यक्ष के चुनाव की तैयारी शुरु कर दी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि वह पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेंगें। दो दशकों के अंतराल के बाद पार्टी के शीर्ष पद के लिए चुनाव की स्थिति दिखाई दे रही है, गहलोत और पार्टी के नेता शशि थरूर चुनाव में आमने-सामने हो सकते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों कमलनाथ, और दिग्विजय सिंह सहित मुकुल वासनिक एवं पृथ्वीराज चव्हाण के नाम भी संभावित दावेदार के तौर पर चर्चा में थे लेकिन उनमें से कई ने शीर्ष पद के लिए दौड़ से इनकार किया है।

यहां पत्रकारों से बात करते हुए सिंह ने कहा, मैं पहले ही कह चुका हूं और फिर दोहरा रहा हूं कि मुझे पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सिंह यहां नरसिंहपुर जिले के झोटेश्वर में दिवंगत शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की समाधि पर श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे थे। स्वामी जी का हाल ही में निधन हो गया था। यह पूछे जाने पर कि गहलोत के पार्टी अध्यक्ष बनने की स्थिति में प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर उनकी जगह कौन लेगा, उन्होंने इस पर किसी प्रकार की टिप्पणी करने से इंकार करते हुए कहा मैं राजस्थान का जन प्रतिनिधि नहीं हूं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के दिल्ली में एक मस्जिद और मदरसे का दौरा करने के सवाल पर सिंह ने कहा कि यह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का परिणाम है, जिसने केवल दो सप्ताह ही पूरे किए हैं। सिंह ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होने के लिए मैं आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि इस तरह की भावना संघ के निचले तबके तक पहुंचनी चाहिए। सिंह ने कहा कि उन्हें (आरएसएस कैडर) धार्मिक आधार पर समुदायों के बीच मतभेद और दुश्मनी की भावना पैदा करना बंद कर देना चाहिए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया पार्टी की उम्मीदों से कहीं ज्यादा है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद द्वारा इस यात्रा को गांधी परिवार बचाओ यात्रा करार दिए जाने पर सिंह ने कहा, परिवार की उनकी (प्रसाद की) परिभाषा संघ परिवार तक सीमित है जबकि कांग्रेस की परिवार की परिभाषा पूरी दुनिया है। हम वसुधैव कुटुम्बकम और भारतीय सनातनी परंपरा में विश्वास करते हैं।

## अगला कांग्रेस अध्यक्ष गांधी परिवार का प्रतिनिधि होगाः भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का जो भी नया अध्यक्ष होगा वह गांधी परिवार का प्रतिनिधि होगा और वह पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की तरह रिमोट कंट्रोल से संचालित होगा। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावला ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के उस बयान का हवाला देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा था कि राजस्थान सरकार का नेतृत्व करने के लिए उनके उत्तराधिकारी के संबंध में कोई भी फैसला कांग्रेस की मौजूदा अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी मामलों के राजस्थान प्रभारी अजय माकन द्वारा लिया जाएगा। गहलोत ने पार्टी अध्यक्ष का चुनाव लड़ने की घोषणा की है। कांग्रेस नेता व सांसद शशि थरूर उन्हें चुनौती देने की तैयारी में है। कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर जारी चुनाव प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए पूनावाला ने कहा, किस हैसियत से वह (सोनिया गांधी) इस बारे में फैसला लेंगी क्योंकि वह पूर्व अध्यक्ष हो जाएंगी?

आपको नहीं लगता कि यह फैसला विधायकों को करना चाहिए? अगर रिमोट कंट्रोल गांधी परिवार के हाथ में ही रहेगा तो यह चुनाव का दिखावा क्यों? भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने हाल ही में कहा था कि कोई भी कांग्रेस का अध्यक्ष बन जाए, राहुल गांधी पार्टी में प्रमुख पद पर बने रहेंगे। एक बयान में पूनावाला ने आरोप लगाया, यह सबूत है कि कांग्रेस का नया अध्यक्ष गांधी परिवार का प्रॉक्सी ही होगा और वह ठीक उसी तरह गांधी परिवार द्वारा संचालित होगा, जैसे मनमोहन सिंह को सोनिया गांधी करती थीं। उन्होंने कहा कि अब स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस में चल रही चुनावी प्रक्रिया महज दिखावा है।



श्रीनगर में डल झील में शाम के समय डुबते सुरज की रोशनी में शिकारों का मनोरम दृश्य

## ओडिशा के मुख्यमंत्री पटनायक है 64.97 करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के पास दिसंबर, 2021 के आंकलन के अनुसार 64.97 करोड़ रुपए की संपत्ति है जो एक साल पहले की उनकी 64.98 करोड़ रुपए की संपत्ति से मामूली कम है। ओडिशा में सभी मंत्रियों को अपनी संपत्ति का ब्योरा सरकारी पोर्टल पर डालना होता है। मुख्यमंत्री पटनायक की संपत्ति का ब्योरा भी यहीं उपलब्ध है। जनप्रतिनिधियों की संपत्तियों और देनदारी का ताजा आंकड़ा शुक्रवार को वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया। इन आंकड़ों के अनुसार, पटनायक के पास 12.09 करोड़ रुपए की चल संपत्ति है जिसमें नई दिल्ली, भुवनेश्वर, हिन्जलीकट और बारगढ़ में उनके बैंक खातों में जमा राशि, आभूषण और एक चार पहिया वाहन शामिल है।

मुख्यमंत्री के पास 3.45 लाख रुपए कीमत के सोने के गहने और 1980 मॉडल की एक एम्बेसडर कार है जिसकी कीमत 6,434 रुपए है। मुख्यमंत्री के नई दिल्ली, जनपथ स्थित बैंक खाते में 72 लाख रुपए जबकि भुवनेश्वर में भारतीय स्टेट बैंक के खाते में 21.71 लाख रुपए जमा हैं।

मुख्यमंत्री के संपत्ति ब्योरे के अनुसार, उनके पास 52.88 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है, जो उन्हें अपने माता-पिता ज्ञान और बीजू पटनायक से पैतृक संपत्ति के रूप में मिली है। उनकी अचल संपत्ति में नवीन निवास का दोतिहाई हिस्सा है। भुवनेश्वर हवाई अड्डे के पास स्थित इस मकान की कीमत 9,52,46,190 रुपए है और 50 फीसदी हिस्सा नई दिल्ली में 3, डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर स्थित मकान का है। इसकी कीमत करीब 43,36,18,000 रुपए है। अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने भी वेबसाइट पर अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री नब दास ने बताया है कि उनकी पत्नी के पास 75 वाहन हैं और उन सभी का व्यावसायिक कार्यों में उपयोग होता है। इनमें से 18 वाहन 2021 में खरीदे गए हैं।

## गुजरात में 28 सितंबर को यात्रा निकालेगी कांग्रेस

**राजकोट।** गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में 28 सितंबर को कांग्रेस पार्टी दिन भर चलने वाली एक यात्रा निकालेगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नवरात्र पर्व के दौरान निकाली जाने वाली इस यात्रा को चलो कांग्रेस के साथ मां के द्वार नाम दिया गया है। विधायक ललित कागथरा ने बताया कि यात्रा की शुरुआत राजकोट शहर से होगी। कागथरा ने संवाददाताओं से कहा, 28 सितंबर को हम चलो कांग्रेस के साथ मां के द्वार रैली निकालेंगे जिसका प्रभाव सौराष्ट्र की 25 विधानसभा सीटों पर होगा। पाटीदार समुदाय के नेता नरेश पटेल मां खोडियार मंदिर पर यात्रा का स्वागत करेंगे। पटेल को क्षेत्र के लेउवा पाटीदार समुदाय का अच्छा समर्थन प्राप्त है। कागथरा ने कहा कि खोदलधाम मंदिर के न्यासी पटेल राजकोट जिले में कागवड में पांच सौ वाहनों के साथ रैली का स्वागत करेंगे। कागथरा ने कहा कि रैली राजकोट से शुरू होगी और जूनागढ़ जिले के सिदसर में इसका समापन होगा।

## भाजपा विधायक बरबा मोहन त्रिपुरा ने इस्तीफा दिया

**अगरतला।** भाजपा विधायक बरबा मोहन त्रिपुरा ने शुक्रवार को त्रिपुरा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। ऐसी अटकलें हैं कि वह टिपरा मोथा से जुड़ सकते हैं। गोमती जिले के कारबुक से विधायक त्रिपुरा ने अपने त्यागपत्र में विधानसभा सदस्यता छोड़ने के लिए व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। विधानसभा अध्यक्ष रतन चक्रवर्ती ने कहा, काबुक विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक ने मुझसे भेंट की और व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए अपना त्यागपत्र सौंपा। उनके साथ टिपरा मोथा के अध्यक्ष प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा भी थे।

अध्यक्ष ने कहा कि इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है क्योंकि उन्होंने प्रक्रिया का पालन किया है। उन्होंने कहा, त्रिपुरा आज से ही विधानसभा के सदस्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैंने उनसे इस्तीफा नहीं देने का अनुरोध किया क्योंकि वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल शीघ्र ही समाप्त होने जा रहा है, लेकिन उन्होंने सदस्यता छोड़ने की जिद की। इस इस्तीफे के बाद अब 60 सदस्ईय विधानसभा में सदस्यों की संख्या घटकर 58 रह गई है, क्योंकि आईपीएफटी के विधायक बृषकेतु देबबर्मा को पहले ही सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य करार दिया गया था। टिपरा मोथा के प्रमुख ने कहा, बरबा मोहन त्रिपुरा ने विधायक एवं भाजपा के सदस्य के तौर पर इस्तीफा दे दिया है। वह किसी भी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी से जुड़े रहना नहीं चाहते हैं। वह त्रिपुरा की मूल जनजाति टिपरासा के हितों के लिए काम करना चाहते हैं। इस इस्तीफे के बाद भी माणिक साहा के नेतृत्व वाली सरकार के पास विधानसभा में स्पष्ट बहुमत है। भाजपा के 35 विधायक हैं जबकि उसके सहयोगी आईपीएफटी के सात विधायक हैं। विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के 17 और कांग्रेस के एक विधायक हैं।

## यात्रा के विश्राम वाले दिन केरल में कंटेनर कैम्प में हैं राहुलः रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के विश्राम वाले दिन शुक्रवार को राहुल गांधी केरल के चालाकुडी में यात्रियों के लिए बने कंटेनर कैम्प में ही हैं। कुछ चैनलों और प्रिंट मीडिया के एक हिस्से में फर्जी खबर दी गई है। राहुल गांधी जी भारत जोड़ो यात्रा के विश्राम वाले दिन आज कंटेनर कैम्प में ही हैं। भारत यात्रियों के लिए एक चिकित्सा शिविर लगाया गया है और राहुल गांधी आज आराम कर रहे हैं। मीडिया के एक हिस्से में ऐसी खबरें आई थीं कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव से जुड़ी गहमागहमी के बीच राहुल गांधी 23 सितंबर को दिल्ली में होंगे। कांग्रेस की 3,570 किमी लंबी और 150 दिनों तक चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। यह यात्रा जम्मू-कश्मीर में संपन्न होगी। भारत जोड़ो यात्रा 10 सितंबर की शाम को केरल पहुंची थी।

## न्यापालिका में भरोसा मजबूतः अदालत के फैसले पर उद्धव नीत शिवसेना ने कहा

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र में** उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना ने मध्य मुंबई में स्थित शिवाजी पार्क में वार्षिक दशहरा रैली निकालने की अनुमति देने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले का शुक्रवार को स्वागत करते हुए कहा कि न्यायपालिका में उसका भरोसा और मजबूत हुआ है। फैसले का स्वागत करते हुए पार्टी की प्रवक्ता मनीषा कायान्डे ने कहा कि इस साल की रैली भव्य होगी। उन्होंने दावा किया कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका पर निश्चित ही कुछ दबाव रहा होगा, जिसके कारण उनसे अनुमति नहीं दी।

शिवसेना के सचिव विनायक राउत ने कहा, न्यायपालिका में हमारा भरोसा कायम रहा है। पिछले कई वर्षों से शिव तीर्थ (शिवसेना शिवाजी पार्क को यही कहती है) में दशहरा रैली हो रही है, लेकिन इस साल शिंदे गुट और भाजपा ने मिलकर बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया। शुक्र है कि अदालत ने इसे खारिज कर दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले शिवसेना के गुट ने भी पांच अक्टूबर को शिवाजी पार्क में दशहरा रैली करने की अनुमति मांगी थी।

हालांकि, बीएमसी ने दोनों गुटों को अनुमति देने से इंकार कर दिया और कहा कि किसी एक पक्ष को अनुमति देने से कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है। न्यायमूर्ति आर. डी. धनुका और न्यायमूर्ति कमल खाता की खंडपीठ ने ठाकरे नीत शिवसेना गुट और उसके सचिव अनिल देसाई की, बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को अनुमति दे दी। अदालत ने कहा कि बीएमसी का आदेश स्पष्ट रूप से कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। पीठ ने ठाकरे नीत शिवसेना को दो से छह अक्टूबर तक शिवाजी पार्क का उपयोग करने की अनुमति दी है, लेकिन साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने को कहा है।



नादिया में दुर्गा पूजा के लिए तैयारी करते हुए कलाकार।

## जनवरी 20 से अगस्त 22 के बीच 27 नक्सली मारे गए, 1131 गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में जनवरी 2020 से लेकर पिछले महीने तक कुल 27 नक्सली मारे जा चुके हैं और।,131 अन्य गिरफ्तार हुए हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2020 से अगस्त 2022 के बीच नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच कुल 108 मुठभेड़ हुईं और इस अवधि में 45 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। अधिकारियों के मुताबिक, झारखंड में बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए हुई बैठक में ए आंकड़े पेश किए गए। उन्होंने बताया कि बैठक में राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक शामिल हैं।राज्य में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) में गिरावट आने की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में झारखंड के 24 जिलों में से आठ एलडब्ल्यूई मुक्त हैं। उन्होंने बताया कि नक्सलवाद से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों, मसलन-बूढ़ा पहाड़, पारसनाथ, सारंडा, पोदाहाट और चतरा-गया में 25 अग्रिम चौकियां या शिविर स्थापित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में 15 अतिरिक्त चौकियां भी बनाई जा रही हैं। बैठक में सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नक्सलवाद प्रभावित इलाकों में पुलिस सुरक्षा के साथ शिविर स्थापित कर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मुहैया कराएं।मुख्यमंत्री ने कहा, वहां बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इससे लोगों के बीच पुलिस की विश्वसनीयता बढ़ेगी और नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। सोरेन ने कहा, सुरक्षाबलों को रोजर्मा की जरूरी चीजें ग्रामीण इलाके में रह रहे लोगों से खरीदनी चाहिए। इससे उन्हें रोजगार मिलेगा और उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने आपराधिक गतिविधियों में कमी लाने के लिए राज्य की सभी जेलों में सिग्नल जैमर लगाने के भी निर्देश दिए।

## सीबीआई, ईडी अब पिंजड़े में बंद तोता-मैना नहीं बल्कि कानून का गहना हैः नक्वी

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब पिंजड़े में बंद तोता-मैना नहीं बल्कि कानून का गहना हैं। नकवी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि जो लोग जांच एजेंसियों, अदालत, सरकार और व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं, वे खुद सवालों से घिरे हुए हैं। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि करप्शन के क्रान्तिकारियों, बेईमानी के बाहुबलियों का बुरा वक्त चल रहा है, इसलिए वे बौखलाहट में ॑बेबुनियाद बयानबहादुरे बन बैठे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब पिंजड़े में बंद तोता-मैना नहीं बल्कि कानून का गहना हैं। नकवी ने कहा, मदरसों और वक्फ के सर्वे पर सवाल करने वाले॑सियासती साजिश के सूत्रधारे हैं। भय और भ्रम

## क्विक न्यूज

### 2,500 करोड़ रुपए के ड्रग जब्ती में पुलिस ने आठ के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया

**मुंबई।** मुंबई पुलिस के मादक द्रव्य रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने करीब 2,500 करोड़ रुपए मूल्य के मेफेड्रोन की जब्ती से संबंधित मामले में आठ लोगों के खिलाफ यहां एक विशेष अदालत में शुक्रवार को आरोप-पत्र दायर किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस अधिनियम) के तहत स्थापित विशेष अदालत में 4,818 पन्नों का दस्तावेज दाखिल किया गया। आठ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था, जिन्हें मुंबई अपराध शाखा ने म्याऊंम्याऊंके नाम से चर्चित सिंथेटिक उत्तेजक मादक द्रव्य बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### 11 किग्रा की सोने की छड़ के साथ चार लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के पास शुक्रवार सुबह चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 11 किलोग्राम सोने की छड़ें बरामद की गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। बेलघरिया एक्सप्रेस-वे पर संदिग्ध रूप से खड़ी एक कार में बैठे लोगों से पूछताछ की गई, जिसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाशी ली। उन्होंने बताया कि कार से 11 किलोग्राम वजन की सोने की छड़ें बरामद की गईं। इस संबंध में अन्य ब्योरा देने से इनकार करते हुए कहा, हमने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच जारी है।

### एसईए ने खरीफ में तिलहनी फसलों की बम्पर पैदावार की उम्मीद जताई

**लखनऊ।** आगरा में सम्पन्न हुई सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया एसईए की एजीएम के दौरान हुए विशेषज्ञो के पैनल डिस्कशन में एक बात उभर कर सामने आई कि इस बार मानसून के मेहरबान रहने से खरीफमें तिलहनी फसलों की बम्पर पैदावार की उम्मीद है। खास कर सरसों की फसल काफी अच्छी होगी। इसके अलावा इस एजीएम में किसानों के हित और फसलों के सुधार के लिए मिलेजुले प्रयासों पर जोर दिया गया। इसके साथ ही एसईए के सभी पदाधिकारियों ने फ्यूचर कारोबार को फिर से शुरू करने पर जोर देते हुए कहा कि इसका उपयोग और कई अन्य लाभों की सहजता के कारण यह कारोबार कई कारोबारियों के लिए डिफॉल्ट कारोबारी विधि है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता केन्द्रीय वाणिज्य मंत्रालय खाद्य सचिव सुधाशुं पाण्डेय ने कहा कि चीन के बाद भारत आबादी के मामले में दूसरे स्थान पर है जिस प्रकार आबादी का विस्तार हो रहा है तो यह जरूरी है कि आगामी 25 वर्ष के बाद आबादी के अनुपात में प्रत्येक खाद्य वस्तुओं की मांग बढ़ेगी, इसलिए सभी उत्पादकों को उसी अनुपात में अपने उत्पादो को और गति देनी होगी। उन्होंने एक्सट्रैक्टर्स का भविष्य उज्जवल बताते हुए कहा किए उन्हें अपने इंफ्रास्ट्रक्चर और भी विस्तृत करने होंगे, साथ ही अपने उत्पादनों को पांच गुणा बढ़ाना होगा। इस अवसर पर अतुल चतुर्वेदी ने अपने छ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद वर्ष 2022-23 के लिए इस पद को नवनियुक्त अध्यक्ष अजय झुनझुनवाला को सौपा।

### आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को कनाडा के गैंगस्टर लखबीर सिंह उर्फ लांडा और पाकिस्तान के गैंगस्टर हरविंदर सिंह रिंडा द्वारा संयुक्त रूप से संचालित पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। पंजाब पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि लखबीर सिंह को हरविंदर सिंह का करीबी माना जाता है, जिसने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के साथ हाथ मिलाया था और दोनों के आईएसआई के साथ घनिष्ठ संबंध है। लखबीर सिंह ने मई में मोहाली में पंजाब पुलिस खुफिया मुख्यालय पर रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) से हमले की साजिश रचने में अहम भूमिका निभाई थी और अमृतसर में सब इंस्पेक्टर दिलबाग सिंह की कार के नीचे एक आईईडी भी लगाया था।

### गेट एकेडमी और अनएकेडमी ने की साझेदारी

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने गेट परीक्षा की तैयारी के लिए अग्रणी टेस्ट प्रेप प्लेटफॉर्म गेट एकेडमी के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी गेट परीक्षा की तैयारी करने वाले उम्मीदवारों के लिए भारत के शीर्ष पायदान के शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए लर्निंग के सर्वश्रेष्ठ तरीकों को एक ही प्लेटफॉर्म पर लेकर आएगी। गेट के साथ यह साझेदारी सभी छात्रों के लिए उच्च गुणवत्ता की शिक्षा को सुलभ बनाने और शिक्षा के लोकतांत्रीकरण के अनएकेडमी के दृष्टिकोण की दिशा में एक और कदम है।

## डिस्कवरी मनाएगा द जर्नी ऑफ इंडिया के साथ भारत के 75 वर्षों का जश्न

**मुंबई।** जहां भारत अपनी स्वतंत्रता के 75वें साल में आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, वहीं वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी 10 अक्टूबर को अपनी नई सीरीज़ द जर्नी ऑफइंडिया के साथ देश की विरासत, नई खोज और मौजूदा चमत्कारों की ऐसी समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाने जा रहा है, जिसने देश की अभूतपूर्व प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। अतुल्य भारत का चेहरा एवं बॉलीवुड लेजेंड अमिताभ बच्चन इस सीरीज़ के सूत्रधार होंगे,जिसमें प्रतिष्ठित हस्तियों एवं नेताओं के योगदान से भारत की संस्कृति का ताना-बाना बुना गया है। अपनी तरह की इस अनूठी सीरीज़ में अलग-अलग विषयों को टटोला गया है, जो पिछले 75 वर्षों के दौरान देश की प्रगति, प्रभावों और उपलब्धियों में गहराई से झांकती है। इनमें विज्ञान और टेक्नोलॉजी में हमारी तरक्की से लेकर हमारे महत्वाकांक्षी एवं सफल अंतरिक्ष अभियान और सिनेमा की दुनिया तकए सबकुछ शामिल है, जो न सिर्फ हमारा मनोरंजन करती है। बल्कि हमें प्रेरित भी करती है। देश के कोने-कोने में पल रही आस्था की रोचक कहानियों से लेकर दुनिया भर में सराही जाने वाली हमारी विविध खानपान संस्कृति तकए पिछले 75 वर्षों में भारत ने धीरे.धीरे लेकिन समान रफ्तार से कदम बढ़ाए और वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस सीरीज़ में इतिहास से ली गई फुटेज के विशाल संग्रह के साथ.साथ जानी.मानी हस्तियों और विषय विशेषज्ञों की बातें भी शामिल की गई हैं। अर्जुन नोहवार जनरल मैनेजर साउथ एशिया वॉर्नर ब्रदर्सण् डिस्कवरी ने कहा कि जहां भारत आज़ादी के 75 वर्षों का उत्सव मना रहा है, वहीं यह यादगार नई सीरीज़ ऐसी अनोखी कहानियों को साकार करने की वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की प्रतिबद्धता दर्शाती है।

## नीट पीजी उम्मीदवारों को प्रेपलैडर देगा प्रशिक्षण

**मुंबई।** भारत के तेज़ी से विकसित होते ऑनलाईन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स में से एक प्रेपलैडर ने मेडिकल साइन्स के पोस्ट ग्रेजुएट उम्मीदवारों के लिए एक ऑफ्लाईन इंस्टीट्यूट युरोस पावर्ड बाय प्रेपलैडर के लॉन्च की घोषणा की है। न्युरोस में कंपनी नीट पीजी के उम्मीदवारों के लिए ऑफ लाईन रैपिड रिविज़न बूटकैम्प पेश करेगी। प्रोग्राम का संचालन बैचों में होगा, शुरूआत में कोलकाता में 10 अक्टूबर से 6 नवम्बर 2022 के बीच और लखनऊ में 10 अक्टूबर से 8 नवम्बर के बीच बैच चलेंगे। रजिस्ट्रेशन 23 सितम्बर 2022 से शुरू कर दिए जाएंगे। 21 दिनों के इस हाइब्रिड रैपिड रिविज़न प्रोग्राम के माध्यम से, प्रेपलैडर आपने सभी मेडिकल पीजी छात्रों को लर्निंग का इंटरैक्टिव एवं पर्सनलाइज़्ड अनुभव प्रदान करेगा, जिससे वे अपनी परीक्षा की तैयारी बेहतर तरीके से कर सकेंगे। दीपांश गोयल सह-संस्थापक एवं सीईओए प्रेपलैडर ने कहा कि हम हमेशा से छात्रों को लर्निंग का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयास करते हैं।

## अध्यक्ष ने विधानसभा की 200 से ज्यादा तदर्थ नियुक्तियां रद्द की, सचिव भी

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने शुक्रवार को कड़ी कार्वाई करते हुए विधानसभा में नियम विरूद्ध की गईं 200 से ज्यादा तदर्थ नियुक्तियों को रद्द कर दिया। विधानसभा सचिव मुकेश सिंघल को भी उन्होंने उनकी संदिग्ध भूमिका के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। खंडूरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रद्द की गईं कुल 228 तदर्थ नियुक्तियों में वर्ष 2016 की 150 भर्तियां, 2020 की छह और 2021 की 72 नियुक्तियां शामिल हैं। निरस्त तदर्थ नियुक्तियां कांग्रेस और भाजपा दोनों सरकारों के कार्यकाल के दौरान की गई थीं। वर्ष 2016 में कांग्रेस सरकार के समय गोविंद सिंह कुंजवाल विधानसभा अध्यक्ष थे जबकि उसके बाद भाजपा सरकार के समय प्रेम चंद्र अग्रवाल ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली थी। अग्रवाल, वर्तमान पुष्कर सिंह धामी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। खंडूरी ने बताया कि नियुक्तियों को रद्द करने का फैसला हाल में विधानसभा में भर्तियों पर भाई भतीजावाद के लगे आरोपों के बीच गठित तीन सदस्ईय विशेषज्ञ समिति की जांच रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। डीके कोटिया समिति ने अध्यक्ष को जांच रिपोर्ट बृहस्पतिवार देर रात सौंपी थी। इस संबंध में अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने 20 दिन पहले विशेषज्ञ समिति गठित की थी, जिसने उन्हें निर्धारित एक माह से पहले ही जांच रिपोर्ट सौंप कर सराहनीय कार्य किया है। कुल 214 पृष्ठों की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए खंडूरी ने कहा कि समिति ने विधान सभा सचिवालय के रिकार्ड का परीक्षण करने पर 2016, 2020 तथा 2021 में की गईं तदर्थ नियुक्तियों में अनियमितताए पाई हैं और विभिन्न पदों के लिए हुई इन भर्तियों में निर्धारित नियमों का पालन न होने के चलते उन्हें निरस्त करने की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि समिति ने तदर्थ नियुक्तियों को निरस्त करने के लिए जो कारण गिनाए हैं, उनमें नियुक्तियों को चयन समिति के माध्यम से न करना, भर्ती के लिए कोई विज्ञापन, सार्वजनिक सूचना या रोजगार कार्यालय से नाम न मंगाना, कोई प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन न करना और केवल व्यक्तिगत आवेदन पत्रों पर नियुक्ति देना शामिल हैं। खंडूरी ने कहा कि जांच समिति ने इस बात का भी उल्लेख किया है कि नियुक्तियों में 2003 के उस शासनादेश का भी पालन नहीं किया गया जिसमें सरकार ने श्रेणी ग और घ के पदों पर तदर्थ या संविदा नियुक्तियों पर रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा, नियुक्तियों को निरस्त करने के अपने निर्णय के अनुमोदन के लिए मैं तत्काल राज्य सरकार को प्रस्ताव भेज रही हूँ। अनुमोदन प्राप्त होते ही नियम विरूद्ध तदर्थ नियुक्तियां तत्काल समाप्त कर दी जाएंगी। इसके अलावा, विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पिछले साल विधान सभा सचिवालय द्वारा 32 पदों पर सीधी भर्ती के लिए हुई लिखित परीक्षा को भी रदद कर दिया गया है।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 24 सितंबर, 2022



# लेस्टर में हिंसा के जिम्मेदारों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी: ब्रेवरमैन

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन** की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने लेस्टर में स्थानीय पुलिस अधिकारियों और हिंदू तथा मुस्लिम समुदाय के नेताओं से मुलाकात की और कहा कि हालिया हिंसक झड़पों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्वाई की जाएगी।

बृहस्पतिवार को इंग्लैंड के पूर्वी शहर की यात्रा के दौरान भारतीय मूल की कैबिनेट मंत्री को लेस्टरशायर के पुलिस प्रमुख और स्थानीय मंदिरों तथा मस्जिदों के नेताओं ने गंभीर अव्यवस्थी के बारे में जानकारी दी, जिसके परिणामस्वरूप 47 लोगों की गिरफ्तारी हुई। पिछले महीने के अंत में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के बाद से शुरू हुआ तनाव इस सप्ताह के अंत तक जारी रहा। ब्रेवरमैन ने अपने दौरे के बाद ट्वीट किया, मैंने लेस्टरशाइर के पुलिस अधिकारियों, मुख्य कांस्टेबल और स्थानीय समुदाय के नेताओं से मुलाकात की, ताकि स्थानीय निवासियों की सुरक्षा और लेस्टर में सुरक्षा और सद्भाव बहाल करने के लिए की जा रही कार्वाई पर चर्चा की जा सके। उन्होंने कहा,हम इस पर मिलकर काम करेंगे, और समुदायों तथा हमारी पुलिस के सहयोग लिए मैं वह सब कुछ करूंगी जो मैं कर सकती हूं। अव्यवस्था पैदा करने वालों को सख्त कानूनी कार्वाई का सामना करना पड़ेगा। हमें सुरक्षित रखने वाले सभी बहादुर पुलिस अधिकारियों को मैं धन्यवाद देती हूं। इस सप्ताह की शुरुआत में बर्मिंघम में एक मंदिर के बाहर नकाबपोश लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने की खबरों के संदर्भ में, गृह मंत्री ने कहा कि उन्होंने स्थानीय वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस प्रमुख से भी बात की है और वहां की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। मैंने आज वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के मुख्य कांस्टेबल डेव थॉम्पसन से भी बात की। मैं स्थिति की निगरानी करती रहूंगी और पुलिस को उसके विशिष्ट प्रबंधन के लिए धन्यवाद देती हूं। संघर्ष के पीछे चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कार्वाई करने के लिए, स्थानीय समुदाय और सांसदों की अपील के बाद गृह मंत्री ने यह हस्तक्षेप किया है। ब्रिटेन के हिंदुओं के सर्वदलीय सांसद समूह (एपीपीजी) के अध्यक्ष एवं कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने ब्रेवरमैन को लिखे अपने पत्र में कहा, 'ए लक्षित हमले इस्लामी चरमपंथियों द्वारा किए गए जिससे पूरे ब्रिटेन में हिंदू समुदाय के लिए भय, नुकसान और व्यवधान की स्थिति उत्पन्न हुई है'। ब्रिटिश हिंदुओं की एपीपीजी के ही लॉर्ड डोलर पोपट ने भी पत्र लिखकर गृह मंत्री से मामले में हस्तक्षेप करने को कहा था। इससे पहले, लंदन में भारतीय उच्चायोग ने 'लेस्टर में भारतीय समुदाय के खिलाफ हिंसा और हिंदुओं के धार्मिक परिसरों को घेरने तथा धार्मिक प्रतीकों को तोड़ने की कड़ी निंदा की थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इसी सप्ताह न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में ब्रिटेन की अपनी समकक्ष तथा विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली के साथ एक बैठक के दौरान मुद्दे को उठाया था। इस बीच, लेस्टर सिटी के मेयर पीटर सोलस्बी ने सप्ताहांत की हिंसा के पीछे की परिस्थितियों की स्वतंत्र समीक्षा की योजना का संकेत दिया है।



न्यूयॉर्क में विदेश मंत्री एस जयशंकर यूएनजीए समिट में हिस्सा लेने पहुंचे

# रूस के कब्जे में आए यूक्रेन के क्षेत्रों में चल रहा है जनमत संग्रह

**एपी।** कीव

**रूस** के कब्जे में आए यूक्रेन के क्षेत्रों में शुक्रवार को जनमत संग्रह शुरू हुआ। इस जनमत संग्रह से यह निर्धारित होगा कि ए क्षेत्र रूस का अभिन्न हिस्सा बनेंगे अथवा नहीं। रूस से जुड़े अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

क्रेमलिन की योजना के अनुरूप कराए जा रहे इस जनमत संग्रह का यूक्रेन तथा पश्चिमी देशों ने व्यापक रूप से निंदा की है और इसे बिना किसी कानूनी बल के की गई कार्वाई करार दिया। जनमत संग्रह को रूस द्वारा क्षेत्र के कब्जे की ओर बढ़ाए गए एक कदम के तौर पर देखा जा रहा है।मतदान लुहांस्क, आंशिक तौर पर रूस के कब्जे में आए जापोरिज्जिया और दोनेत्स्क क्षेत्र में रहा है। वहीं खेरसॉन में भी शुक्रवार को सुबह मतदान शुरू होने की उम्मीद है। इस क्षेत्र पर भी रूस का पूरा कब्जा है।

यह निर्धारित करने के लिए मतदान हो रहा है कि लोग इन क्षेत्रों को रूस में शामिल किए जाने की इच्छा रखते हैं अथवा नहीं और माना जा रहा है कि परिणाम रूस के पक्ष में रहेंगे। इससे रूस को यह दावा करने का मौका मिलेगा कि क्षेत्रों पर पुन: कब्जा करने के यूक्रेनी बलों के प्रयास वास्तव में रूस पर हमला हैं। जनमत संग्रह से पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 3,00,000 रिजर्विस्ट (आरक्षित सैनिक) की आंशिक तैनाती की घोषणा की थी। मतदान पांच दिन तक चलेगा। मतदान के बीच रूस के सोशल मीडिया मंच पर भावुक कर देने वाली तस्वीरों की बाढ़ आ गई। इन तस्वीरों में लोग सैन्य केन्द्रों के लिए रवाना होने वाले अपनों को गले लगाकर उन्हें विदाई देते नजर आए। देश के लगभग सभी शहरों से पुरुष रवाना होने से पहले भावुक हुए अपने परिजनों से गले मिलते और उन्हें सांत्वना देते नजर आए। रूस के युद्ध विरोधी कार्यकर्ताओं ने इन तैनाती के खिलाफ और प्रदर्शन करने की योजना तैयार की है। अधिकारियों ने बताया कि जनमत संग्रह के पहले चार दिन चुनाव अधिकारी लोगों के घरों पर मतपत्र लेकर जाएंगे और रिहायशी इमारतों के नजदीक हर अस्थाई मतदान स्थल बनाएंगे। दोनेत्स्क क्षेत्र के अलगाववादी नेता दानिश पुशिलिन ने इन जनमत संग्रह को ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया। रूस के संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा के स्पीकर वी वोलोडिन ने शुक्रवार को एक ऑनलाइन बयान में कब्जे वाले क्षेत्रों को संबोधित करते हुए कहा यदि आप रूसी संघ का हिस्सा बनने का फैसला करते हैं तो हम आपका समर्थन करेंगे।

## संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था के विशेषज्ञों ने यूक्रेन में युद्ध अपराध के सबूत होने की बात कही

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष मानवाधिकार संस्था द्वारा यूक्रेन में मानवाधिकारों के उल्लंघन का पता लगाने के लिए नियुक्त विशेषज्ञों के दल ने शुक्रवार को कहा कि उसकी शुरुआती पड़ताल में देश में युद्ध अपराध होने के सबूत मिले हैं।संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद द्वारा नियुक्त जांच आयोग के विशेषज्ञों ने अपनी पड़ताल में अभी तक चार क्षेत्रों- कीव, चेर्निहीव, खारकीव और सुमी पर ध्यान केंद्रित किया है। रूस के यूक्रेन पर हमले शुरू करने के करीब सात महीने बाद विशेषज्ञों ने अपने अध्ययन में पूर्व में हिरासत में लिए गए लोगों से बातचीत का हवाला दिया है जिनके साथ रूस के निरुद्ध केंद्रों में मारपीट हुई, बिजली के झटके दिए गए और जबरन निर्वस्त्र किया गया। आयोग के अध्यक्ष एरिक मूज ने कहा, हमने जिन क्षेत्रों का दौरा किया वहां बड़ी संख्या में लोगों को मारे जाने का पता चला। आयोग इस समय 16 शहरों और बस्तियों में इस तरह की हत्याओं के मामलों की जांच कर रहा है। मूज ने कहा कि उनके दल को हत्याओं के और भी कई मामलों के प्रामाणिक आरोपों की जानकारी मिली है और उन्हें दर्ज किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि जांचकर्ताओं ने 27 शहरों और बस्तियों तथा कब्रिस्तानों एवं प्रताड़ना केंद्रों का दौरा किया, 150 से अधिक पीड़ितों और गवाहों से बातचीत की और सामाजिक समूहों तथा सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की। आयोग द्वारा संकलित सबूतों के आधार पर निष्कर्ष निकाला गया है कि यूक्रेन में युद्ध अपराध हुए हैं। उन्होंने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि युद्ध में किस पक्ष ने कथित अपराध किए हैं। मूज ने कहा कि टीम ने यूक्रेनी बलों द्वारा रूस के जवानों के खिलाफ बदसलूकी की दो घटनाओं का भी अध्ययन किया।

# ईरान में हिंसक प्रदर्शन जारी, सरकारी टेलीविजन ने मृतकों की संख्या 26 बताई

**एपी।** दुबई

**पुलिस** हिरासत में एक युवती की मौत के बाद शुक्रवार की सुबह पूरे ईरान में प्रदर्शनकारी सुरक्षाबलों के साथ भिड़ गए। सरकारी टेलीविजन ने बताया कि हिंसा में मरने वालों की संख्या 26 तक हो सकती है। देश की महिलाएं इस्लामिक ड्रेस कोड के खिलाफ सड़कों पर उतर आई हैं। कई ईरानी शहरों और कस्बों में विरोध का स्तर स्पष्ट नहीं है। यह आंदोलन 2019 के आंदोलन के बाद व्यापक अशांति को दर्शाता है। मानवाधिकार समूहों ने 2019 में हुए आंदोलन के बारे में कहा था कि कि इसमें सैकड़ों लोग मारे गए। इंटरनेट पर नजर रखने वाले नेटब्लॉक्स के अनुसार, ईरान ने इंटरनेट तक पहुंच को भी बाधित कर दिया है। रैलियों के आयोजन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप जैसे लोकप्रिय सोशल मीडिया मंचों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। सरकारी टेलीविजन पर एक समाचारवाचक ने बृहस्पतिवार देर रात कहा कि 22 वर्षीय महसा अमिनी के अंतिम संस्कार के पश्चात पिछले शनिवार को हुए विरोध प्रदर्शन के बाद से 26 प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि आधिकारिक आंकड़े बाद में जारी किए जाएंगे, लेकिन बीते समय में हुईं घटनाओं में ईरान सरकार ने मरने वालों की संख्या आधिकारिक तौर पर जारी नहीं की है। सरकारी और अर्ध-सरकारी मीडिया के बयानों के आधार पर द एसोसिएटेड प्रेस के एक आंकड़े के अनुसार हिंसा में कम से कम 11 लोग मारे गए हैं।हाल में, काज़्विन के डिप्टी गवर्नर अबोलहसन कबीरी ने कहा था कि उत्तर-पश्चिमी प्रांत के दो शहरों में हुई हिंसा में एक आम नागरिक और अर्धसैनिक बल के एक अधिकारी की मौत हो गई।

# एनबीएफसी, फिनटेक कंपनियों के साथ बैंकों के गठजोड़ के पक्ष में है सरकार

**कोलकाता।** सरकार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों के बैंकों के साथ काम करने और मिलकर कर्ज देने के पक्ष में है। वित्तीय सेवा विभाग के निदेशक (बैंकिंग परिचालन) हार्दिक मुकेश सेठ ने उद्योग मंडल सीआईआई के एक कार्यक्रम में शुक्रवार को यह बात कही। शेठ ने कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को एनबीएफसी और फिनटेक कंपनियों के साथ काम करने और मिलकर कर्ज देने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने डिजिटल माध्यमों को अपनाने पर भी जोर दिया और कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित नए जमाने की बैंकिंग में वृद्धि हुई है। शेठ ने कहा, डिजिटल चैनल का उपयोग करके ऋण वितरण में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इस वक्त सभी 12 पीएसबी मुनाफा कमा रहे हैं, और उनकी गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) आधी हो गई है।

## फ्लिपकार्ट होलसेल का द बिग बिलियन डेज त्यौहार

**बेंगलुरू।** फ्लिपकार्ट होलसेलए भारत के घरेलू फ्लिपकार्ट ग्रुप का डिजिटल बी2बी मार्केटप्लेसए 23 से 30 सितंबर के बीच बीच एक अनोखे सेल इवेंट के जरिए अपने किराना मेंबर्स के लिए सभी 28 स्टोर्स और ऑनलाइन चैनलों पर द बिग बिलियन डेज उत्सव मनाने जा रहा है। इस सेल के आगे सब फेलष् टैगलाइन के साथ इस सेल का मकसद छोटे रिटेलर्स और किराना सदस्यों को अधिक बचत करने और लाभ बढ़ाने का अवसर प्रदान कर टीबीबीडी के फायदों को बढ़ाना है। इसके माध्यम से मेंबर्स स्टेपलए कन्फेक्शनरीए बेवरेजेस और अन्य सहित कई प्रोडक्ट्स और कैटेगरीज में एक्साइटिंग ऑफर्स और डील्स का फायदा उठा सकते हैं, जिन्हें सूत्र वाक्य दमदार ऑफर्स और शानदार दाम के माध्यम से दर्शाया गया है।बिक्री को अधिक भव्य और रोमांचक बनाने के लिए एक प्राइज स्कीम भी रखी गई है।

## आइकू तेजी से बढ़ने वाला स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** काउंटरपॉइंट स्मार्टफोन मॉडल ट्रैकर 2022 की दूसरी तिमाही की रिपोर्ट के अनुसार, आइकू, एक इमर्जिंग परफॉरमेंस.ओरिएंटेड स्मार्टफोन ब्रांडए 2022 की दूसरी तिमाही में भारत का सबसे तेजी से बढ़ता स्मार्टफोन ब्रांड बन गया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि स्मार्टफोन शिपमेंट की कुल संख्या के मामले में आइकू ने 2022 में पहली तिमाही की तुलना में दूसरी तिमाही में 135 फीसद की वृद्धि की है। आइकू के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर निपुण मार्या ने कहाए श्हम 2022 की दूसरी तिमाही में आइकू के सबसे तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन ब्रांड बनने के साथ एक और माइलस्टोन हासिल कर उत्साहित हैं।

# ब्याज दरों में वृद्धि से वैश्विक बाजारों में बिकवाली, सेंसेक्स 1,020 अंक लुढ़का

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन भारी गिरावट दर्ज की गई और बीएसई सेंसेक्स 1,000 अंक से अधिक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 17,350 अंक के नीचे बंद हुआ। कई देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि के कारण वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली के चलते घरेलू बाजारों में गिरावट आई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपए के पहली बार 81 प्रति डॉलर के सबसे निचले स्तर पर पहुंचने से भी स्थानीय शेयर बाजार प्रभावित हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,020.80 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,098.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,137.77 अंक तक गिर गया था।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 302.45 अंक यानी 1.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,327.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में पावरग्रिड के शेयर में सबसे अधिक 7.93 प्रतिशत की गिरावट हुई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, एचडीएफसी और इंडसइंड बैंक के शेयर भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ केवल सन फार्मा, टाटा स्टील और आईटीसी के शेयर लाभ के साथ बंद हुए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिका के दस वर्षीय बॉन्ड ईल्ड में वृद्धि और मजबूत डॉलर सूचकांक ने विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) को उभरते बाजारों में बिकवाली के लिए मजबूर किया' उन्होंने कहा, 'बैंकिंग प्रणाली में नकदी की कमी, कमजोर घरेलू मुद्रा और मौजूदा प्रीमियम मूल्यांकन ने छोटी अवधि के लिए बाजार परिदृश्य में मंदी की आशंका पैदा कर दी है' नायर ने कहा,'कई देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा मौद्रिक नीति में आक्रामक रूख अपनाने से वैश्विक आर्थिक वृद्धि मंदी की स्थिति में हैं, जबकि भारत वर्तमान में ऋण वृद्धि में तेजी और कर संग्रह में बढ़ोतरी के साथ बेहतर स्थिति में है। मौजूदा अस्थिरता कुछ समय के लिए बनी रह सकती है। निवेशक तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक कि स्थिति कुछ स्पष्ट न हो जाए' साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 741.87 अंक या 1.26 प्रतिशत तथा निफ्टी में 203.50 अंक या 1.16 प्रतिशत की गिरावट आई है। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसेफ थॉमस ने कहा कि घरेलू इक्विटी बाजारों में मुख्य रूप से विदेशी बाजारों और विशेष रूप से अमेरिका के घटनाक्रम के मद्देनजर कम कारोबार हुआ। इसके अलावा व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 2.28 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 1.92 प्रतिशत लुढ़क गया।

अमेरिका, ब्रिटेन, स्वीडन और स्विटजरलैंड सहित अन्य देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बाद वैश्विक बाजारों में गिरावट आई है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोपीय शेयर बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.87 प्रतिशत गिरकर 88.77 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से

## सेंसेक्स में गिरावट से निवेशकों की संपति 4.90 लाख करोड़ रुपए घटी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में शुक्रवार को आई बड़ी गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति 4.90 लाख करोड़ रुपए से अधिक घट गई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,020.80 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,098.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,137.77 अंक तक गिर गया था। इसी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,90,162.55 करोड़ रुपए घटकर 2,76,64,566.79 करोड़ रुपए रह गया। शेयर बाजार में यह लगातार तीसरे दिन गिरावट आई है और इस दौरान बीएसई सूचकांक 1,620.82 अंक यानी 2.71 प्रतिशत लुढ़क गया है। पिछले तीन दिनों में निवेशकों की संपत्ति 6,77,646.74 करोड़ रुपए घटी है।

# पट्टे पर कार्यालय स्थल की कुल मांग अगस्त में 25 प्रतिशत घटी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली। देश** के सात प्रमुख शहरो मे अगस्त के दौरान सभी श्रेणी की इमारतो मे पट्टे पर कार्यालय स्थल की कुल मांग सालाना आधार पर 25 प्रतिशत घटकर 39 लाख वर्ग फुट रह गई है। संपत्ति सलाहकार जेएलएल इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग मे कमी के कारण गतिविधियो मे कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार यह शीर्ष सात शहरो (दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे और कोलकाता) मे सभी श्रेणी की इमारतो मे पट्टे पर कार्यालय लेने की गतिविधियो को बताता है। आंकड़े मे पट्टे पर कार्यालय लेने को लेकर जताई गई प्रतिबद्धता और पहले के पट्टे का नवीनीकरण शामिल है। इसमें चर्चा के स्तर वाले सौदो को शामिल नही किया गया है। जेएलएल के अनुसार, अगस्त 2021 के दौरान पट्टे पर कार्यालय के लिए जगह देने की गतिविधियां 52 लाख वर्गफुट पर थी। जेएलएल ने अपनी रिपोर्ट मे कहा, 'बाजार मे अगस्त 2022 के दौरान कुल मिलाकर मांग सुस्त थी। यह आलोच्य माह मे सालाना आधार पर 25 प्रतिशत घटकर 39 लाख वर्ग फुट रह गई' इससे पहले, इस साल जुलाई 2022 मे पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग 56 प्रतिशत घटकर 88 लाख वर्ग फुट रह गई थी।

## एमार इंडिया ने 400 से अधिक ईडब्ल्यूएस और एलआईजी युनिट्स के आवंटन की प्रक्रिया पूरी की

**बंगलुरू।** एमार की भारतीय संचालित एमार इंडिया ने अपनी इंटीग्रेटेड टाउनशिप परियोजना गोमती ग्रीन्स में ईब्ल्यूएस ;आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग, एवं एलआईजी निम्न आय वर्ग प्रोजेक्ट समर्थ् के लिए 400 से अधिक युनिट्स के आवंटन हेतु लॉटरी का आयोजन किया। यूपी् सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप समाज के आर्थिक रूप से वंचित एवं कम आय वाले लोगों को उचित कीमतों पर घर उपलब्ध कराना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। इस योजना के लिए शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता एडीएम, फएण्ड आर , अमित राठौड़ ओएसडी एलडीए,आलोक नाथ नोडल ऑफिसर प्लानिंग, सुरेश मिश्रा ;एक्ज़क्टिव इंजीनियर, नगर निगम, तथा एमार इंडिया के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## अगस्त में प्रीमियम आय बढ़ी

**नई दिल्ली।** साधारण बीमा कंपनियो की अगस्त के दौरान सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम आय सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 24,471.95 करोड़ रुपए रही। भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) के आकड़ो के अनुसार, एक साल पहले इसी महीने मे घरेलू बाजार मे सभी 31 साधारण बीमा कंपनियो ने 21,867.93 करोड़ रुपए की सकल प्रीमियम आय अर्जित की थी।कुल 24 साधारण बीमा कंपनियो की अगस्त मे कुल सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम आय 9.3 प्रतिशत बढ़कर 17,101.75 करोड़ रुपए हो गई, जो एकसाल पहले इसी महीने मे 15,648.63 करोड़ रुपए थी। इसके अलावा एकल आधार पर पांच स्वास्थ्य बीमा कंपनियो की आलोच्य माह के दौरान सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम आय 28 प्रतिशत बढ़कर 2,059.38 करोड़ रुपए पर पहुंच गई।

## श्नाइडर की यूपी में ग्रीन योद्धा यात्रा

**नोएडा।** ऊर्जा प्रबंधन और स्वचालन के डिजिटल परिवर्तन में अग्रणी श्नाइडर इलेक्ट्रिक राज्य में सस्टेनेबल वॉटर नेटवर्क के निर्माण के लिए अपने अखिल भारतीय रोड शो ग्रीन योद्धा यात्रा को उत्तर प्रदेश लाई है। वॉटर व वेस्टवॉटर क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी लाने के लक्ष्य के साथ यह यात्रा कार्बन एमिशन्स को कम करने के लिए डिजिटल टेक्नालजी को अपनाने की आवश्यकता के बारे में चर्चा के लिए एक प्लैटफ़ार्म के रूप में काम करेगी।उत्तर प्रदेश देश के शीर्ष कृषि वाले राज्यों में से एक है। कृषि उत्पादन के लिए जल महत्वपूर्ण है, जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक मीठे पानी का उपयोग इस क्षेत्र द्वारा किया जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य में जल प्रबंधन प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए टेक्नालजी और इनोवेशन का लाभ उठाने की आवश्यकता है। इसी के साथ लखनऊ में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें दुर्गा शंकर मिश्रा, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश व कई विशेषज्ञों ने सस्टेनेबल वॉटर और वेस्ट वॉटर नेटवर्क के निर्माण के लिए डिजिटल तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर चर्चा की।

## नया दूरसंचार विधेयक छह से दस महीने के भीतर लाया जा सकता है: अश्विन वैष्णव

**नई दिल्ली।** दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि नया दूरसंचार विधेयक छह से दस महीने के भीतर लाया जा सकता है लेकिन सरकार किसी जल्दबाजी मे नही है। अंतिम रूप से विधेयक के क्रियान्वयन की समयसीमा के बारे मे पूछने पर वैष्णव ने कहा, विचार विमर्श की प्रक्रिया के बाद अंतिम मसौदा तैयार करेंगे जो संबंधित संसदीय समिति के समक्ष जाएगा जिसके बाद इसे संसद मे लाया जाएगा। मेरे खयाल से इसमे छह से दस महीने का वक्त लगेगा लेकिन हम किसी तरह की जल्दबाजी मे नही है।

# ईएसआईसी योजना से जुलाई में 15.72 लाख नए अंशधारक जुड़े

**भाषा।** नई दिल्ली

**कर्मचारी** राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की सामाजिक सुरक्षा योजना से जुलाई, 2022 में लगभग 15.72 लाख नए अंशधारक जुड़े। आधिकारिक आंकड़ों में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। भारत में पे-रोल रिपोर्टिंग- रोजगार परिदृश्य -जुलाई-2022 शीर्षक से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की योजना से वित्त वर्ष 2021-22 में कुल 1.49 करोड़ अंशधारक जुड़े। यह आंकड़ा 2020-21 में 1.15 करोड़, 2019-20 में 1.51 करोड़ और 2018-19 में 1.49 करोड़ था। ईएसआईसी की योजनाओं में सितंबर, 2017 से मार्च, 2018 तक लगभग 83.35 लाख अंशधारक शामिल हुए थे। रिपोर्ट में कहा गया कि सितंबर, 2017 से जुलाई, 2022 तक ईएसआईसी की योजना से कुल 7.08 करोड़ अंशधारक जुड़े। एनएसओ की रिपोर्ट ईएसआईसी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल होने वाले नए सदस्यों के आंकड़ों पर आधारित हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2022 में ईपीएफओ की सामाजिक सुरक्षा योजना से जुड़ने वाले अंशधारकों की संख्या 18.23 लाख थी। इसके मुताबिक, सितंबर, 2017 से जुलाई, 2022 तक लगभग 5.7 करोड़ (सकल) नए अंशधारक कर्मचारी भविष्य निधि योजना में शामिल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि अंशधारकों की संख्या विभिन्न स्रोतों से मिलने की वजह से इनमें दोहराव की संभावना रहती है।

## उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक ने विस्तार किया

**गोरखपु।** उत्कर्ष स्मॉल फइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश राज्य के एकौना क्षेत्र में 1 माइक्रो,बैंकिंग शाखा के उद्घाटन की घोषणा की। उत्कर्ष स्मॉल फइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओए गोविंद सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ,महाराष्ट्र, झारखंड, गुजरात, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक, राजस्थान और पुडुचेरीद्ध में 22 बैंकिंग शाखाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ हीए बैंक, देश के 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी 737 शाखाओं के माध्यम से पहुंच गया है। इस अवसर परए उत्कर्ष स्मॉल फइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश हमारी उत्पत्ति का राज्य है यह स्थानीय कम्यूनिटी की एंटरप्रेन्योरशिप की भावना को सपोर्ट करने की हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है। यह बैंकिंग शाखा सीमित पहुंच वाले वंचित या कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए विभिन्न वित्तीय सेवाओं के साथ माइक्रो.बैंकिंग ऋण प्रदान करेगा।

# अर्थशास्त्रियों की राय, रेपो दर में 0.50 प्रतिशत वृद्धि कर सकता है रिजर्व बैंक

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास मौजूदा हालात में नीतिगत दर में अगले हफ्ते 0.50 प्रतिशत की एक और वृद्धि करने के सिवाय कोई रास्ता नहीं रह गया है और दिसंबर तक रेपो दर को 6.25 प्रतिशत तक ले जाया जा सकता है। यह बात अर्थशास्त्रियों ने कही। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक 28 सितंबर से शुरू होगी। मौद्रिक नीति समीक्षा 30 सितंबर को पेश की जाएगी। विभिन्न बैंकों एवं विश्लेषक फर्मों से जुड़े अर्थशास्त्रियों की आम राय है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति निर्धारण समिति (एमपीसी) 30 सितंबर को रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि का फैसला कर सकती है। ऐसा होने पर रेपो दर बढ़कर 5.90 प्रतिशत हो जाएगी। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई (भारतीय स्टेट बैंक) के समूह मुख्य अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष ने एक नोट में कहा कि मौजूदा विदेशी झटकों को देखते हुए रेपो दर में आधा प्रतिशत की वृद्धि होना तय लग रहा है। उन्होंने कहा, हमारा मत है कि रेपो दर में वृद्धि का दौर इसे 6.25 प्रतिशत तक ले जा सकता है। दिसंबर में होने वाली नीतिगत समीक्षा में इसमें 0.35 प्रतिशत की एक और वृद्धि होने की संभावना है। आरबीआई ने बढ़ती हुई मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए गत मई से रेपो दर में वृद्धि का रुख अपनाया हुआ है। इस दौरान रेपो दर चार प्रतिशत से बढ़कर 5.40 प्रतिशत पर पहुंच चुकी है। यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया की मुख्य अर्थशास्त्री तन्वी गुप्ता जैन ने भी रेपो दर में वृद्धि का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद जताते हुए कहा है कि अगले सप्ताह एमपीसी की बैठक में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने दिसंबर तक रेपो दर के बढ़कर 6.25 प्रतिशत हो जाने की भी संभावना जताई।

## दिवगी ने डीआरएचपी दाखिल की

**मुबई।** दिवगी टॉर्कट्रांसफर सिस्टम्स लिमिटेड (दिवगी) ने अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी के पास दाखिल किया है। दिवगी भारत की ऐसी चंद ऑटोमोटिव कंपोनेंट कंपनियों में से हैं, जिनके पास सिस्टम लेवल ट्रांसफर केस, टॉर्क कपलर और डुअल क्लच ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन डीसीटी समाधान विकसित करने और प्रदान करने की क्षमता है। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार यह कंपनी भारत से वैश्विक ओईएम का विनिर्माण और निर्यात करने वाली एकमात्र कंपनी है, और भारत में टॉर्क कप्लर्स की एकमात्र निर्माता है।

## ब्रिटेन ने व्यक्तिगत, कॉरपोरेट कर में कटौती की घोषणा की, आर्थिक वृद्धि पर होगा जोर

लंदन। **ब्रिटेन** में नई सरकार ने शुक्रवार को करों में कटौती के लिए विस्तृत योजना का ऐलान किया और कहा कि बढ़े हुए खर्च की भरपाई उधारी तथा राजस्व वृद्धि से की जाएगी। इसके तहत कॉरपोरेट कर की बढ़ी हुई दरों को वापस ले लिया गया और व्यक्तिगत आयकर में अगले साल से कटौती की घोषणा की गई।

# कलेक्ट्रेट परिसर में नमाज पढ़ने पर लगी रोक

**● कुछ संगठनों की आपत्ति के बाद प्रशासन ने लिया फैसला**

भाषा। बलिया

**प्रदेश के** बलिया जिले में जिला प्रशासन ने कुछ हिन्दूवादी संगठनों की आपत्ति पर कलेक्ट्रेट परिसर में नमाज अदा करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। नगर मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ता भवन के पास सरकारी भूमि पर कलेक्ट्रेट में कार्यरत कर्मचारी और वकील नमाज अदा करते थे। पहले नमाज पढ़ने वालों की संख्या लगभग 25 होती थी, लेकिन पिछले कुछ समय से पास के मुहल्ले के लोगों के भी इसी स्थान पर नमाज अदा करने की वजह से यह संख्या तकरीबन 300 हो गई थी।

उन्होंने बताया कि हिंदूवादी संगठनों की तरफ से एक सप्ताह पहले ट्वीट कर सरकारी भूमि पर सार्वजनिक रूप से नमाज अदा करने को लेकर शिकायत की गई थी। कलेक्ट्रेट कर्मियों के अलावा अन्य लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर भी आपत्ति जताई गई थी। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने नमाज अदा करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है और अब जिला प्रशासन की लिखित अनुमति के बाद ही इस स्थान पर नमाज अदा की जाएगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2019 में एक आदेश जारी कर सार्वजनिक स्थलों पर नमाज पढ़ने पर पाबंदी लगाई थी।

## बेली अस्पताल के डेंगू वार्ड में महिला का नमाज पढ़ते वीडियो वायरल

**प्रयागराज (भाषा)।** सार्वजनिक स्थल पर नमाज पढ़ने का एक मामला यहां के बेली अस्पताल में सामने आया है। तेज बहादुर सप्रू अस्पताल (बेली अस्पताल) में एक महिला द्वारा नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन सख्त हो गया है। बेली अस्पताल के अधीक्षक डाक्टर एम के अखौरी ने बताया कि बृहस्पतिवार को डेंगू वार्ड में भर्ती महिला शाहीन की तीमारदार सबीहा उससे मिलने आई थी और दोपहर में अचानक वह उसी वार्ड में नमाज पढ़ने बैठ गई। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति ने महिला द्वारा नमाज पढ़ने का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया और कुछ ही देर में अस्पताल प्रशासन के लोग वहां पहुंचे और महिला को ऐसा नहीं करने की चेतावनी दी। डाक्टर अखौरी ने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने इस घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की है जो इस घटना का समय और वार्ड में मौजूद लोगों का पता लगाएगा।

## हिंदू महिला को ईसाई बनाने का प्रयास, मिशनरी स्कूल की दो शिक्षिकाएं हिरासत में

भाषा। संभल

**उत्तर प्रदेश** के संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र में एक हिंदू महिला को कथित तौर पर ईसाई बनाने की कोशिश करने के आरोप में शुक्रवार को एक मिशनरी स्कूल की दो शिक्षिकाओं को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नखासा थाना क्षेत्र के सिरसा नाल गांव में पिछली 21 सितंबर को मिशनरी से संचालित सीडीएम जूनियर हाईस्कूल की शिक्षिकाओं–सिस्टर रोज मेरी और सिस्टर डीसा ने एक हिंदू परिवार के धर्मांतरण की कोशिश की। इस दौरान हिंदू देवी–देवताओं के चित्र को जलाया गया। उन्होंने बताया कि धर्मांतरण की कोशिश का आरोप लगाने वाली सुनीता नामक महिला का पति ईसाई है। मिश्रा के मुताबिक, इस मामले में सुनीता की तहरीर पर मिशनरी स्कूल की सिस्टर रोज मेरी और सिस्टर डीसा के खिलाफ बृहस्पतिवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और अवैध धर्मांतरण रोधी कानून की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें शुक्रवार को हिरासत में ले लिया गया।

## इलियासी ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को राष्ट्रपिता डर की वजह से बोला है : बर्क

**संभल (भाषा)।** समाजवादी पार्टी के स्थानीय सांसद डा शफीक उर रहमान बर्क ने शुक्रवार को कहा कि इमाम संघ के प्रमुख उमर अहमद इलियासी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत को डर की वजह से या खौफजदा होकर राष्ट्रपिता बोला है। शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए बर्क ने कहा, अखिल भारतीय इमाम संघ के प्रमुख उमर अहमद इलियासी द्वारा संघ प्रमुख मोहन भागवत को राष्ट्रपिता नही बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने डर की वजह से या खौफजदा होकर यह लफ्ज़ बोला है। उन्होंने कहा, वे (भागवत) भी एक इंसान है, एक संगठन के संचालक हैं, वो अपनी जगह हैं। उनकी इज्जत के लिए ऐसा शब्द इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, जो उनके लिए इस्तेमाल नहीं होता हो।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक मस्जिद और मदरसे का दौरा किया था, और ऑल इंडिया इमाम संगठन के प्रमुख के साथ चर्चा की। इमाम संगठन के प्रमुख ने दोनों की मुलाकात के बाद भागवत को राष्ट्रपिता कहा था।

# धोखाधड़ी से बचाने के लिए ग्राहक जागरूकता अभियान शुरू

संवाददाता। बांदा



**डिजिटल बैंकिंग** और पेमेंट से मिलने वाली सुविधा व आसानी के साथ ही लोगों को अपनी मेहनत की कमाई की रक्षा के मामले में भी सतर्क रहना जरूरी है नए युग की बैंकिंग में भरोसा स्थापित करने के प्रयासों के तहत उत्तर प्रदेश में विशाल पहुंच के साथ फिनो पेमेंट्स बैंक ने एक ग्राहक जागरूकता अभियान शुरू किया है जिसका उद्देश्य लोगों को धोखाधड़ी से बचाना है।

बांदा में जागरूकता अभियान सचिन कुमार जोनल हेड रजनीश श्रीवास्तव रीजनल हेड रोहित सिंह क्लस्टर हेड ने सभी का खाता धारकों को सावधान किया कि आप लोग मोबाइल पर किसी को अपनी पूरी सूचनाएं ना दे, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड , ओटीपी आदि मत बताएं। साइबर क्राइम में बहुत बड़ा फ्रॉड हो रहा है बहुत सारे लोग आपके व्हाट्सएप में लिंक भेजते हैं मेल में लिंक भेजते हैं यदि आप उनके लिंग को अपने मोबाइल में इंस्टॉल कर लेते हैं तो फिर वह आपके और बहुत सारी चीजें आपके मोबाइल से चेक कर लेते हैं आपका मोबाइल उनके हिसाब से काम करने लगेगा उन्हें आप की चीजें दिखने लगेगी इसलिए आप कभी भी मोबाइल में आए हुए लिंक को न क्लिक करें। अननोन व्यक्ति या वह आपके बैंक का ही एम्पलाई बनकर आपको सूचनाएं मांगता है तो आप उसको कतई शेयर ना करें ।

सचिन कुमार ने कहा हमारे पास मजबूत साइबर सुरक्षा उपाय है हालांकि जहां एक तरफ हम विनिमय का ख्याल रखते हैं वहीं दूसरी तरफ हम राज्य में आम जनता मार्केट के नेटवर्क और बीसी शखियो से आग्रह करते हैं कि वह भी जालसाजी को संवेदनशील जानकारी चुराने और लोगों को वित्तीय नुकसान से बचाने के लिए सुरक्षित बैंकिंग की विधियों का पालन करें। रजनीश श्रीवास्तव रीजनल हेड फिनो पेमेंट्स बैंक ने कहा इस बात को समझाने के लिए हम विभिन्न प्लेटफॉर्म्स जैसे एस एम एस मेल वेबसाइट आदि के द्वारा अपने ग्राहकों और मार्कशीट के साथ लगातार संचार कर रहे हैं हम सभी से आग्रह करते हैं कि वह अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी पिन खाता संख्या या कोई अन्य जानकारी किसी को भी ना दें

## संभल में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**संभल (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के हयातनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को स्कूल जाते समय एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने शुक्रवार को बताया कि हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने आज सुबह पुलिस को तहरीर दी कि उनकी 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री से स्कूल जाते समय सालिम नाम का युवक छेड़छाड़ करता है और पीछा करता है। एएसपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर भारतीय दंड विधान की धारा 354 डी और पाक्सो अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता। बांदा



**जिलाधिकारी अनुराग** पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी दुर्गापूजा, दशहरा, बाराबफात व अन्य त्यौहारों को शान्तिपूर्ण एवं कुशलता पूर्वक तथा आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के साथ मनाये जाने के सम्बन्ध में जिला शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि परम्परागत रूप से जो कार्यक्रम व जुलूस आदि आयोजित किये जाते रहे हैं, उसी अनुरूप शान्तिपूर्णढंग से कार्यक्रम आयोजित किये जायें। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जुलूस के मार्गों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को चेक कर लें तथा उन्हें समय से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से सम्पर्क करते हुए कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के लिए तय किये गये रूट को भी देख लिया जाए तथा विसर्जन स्थानों पर लाइट एवं साफसफाई के साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कर ली जायें। उन्होंने त्यौहारों के अवसर पर पुलिस अधिकारियों को व्यापक सुरक्षा व्यवस्था एवं सतर्कता बरतने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंताओं को निर्देशित किया कि त्यौहारों के अवसर पर समुचित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ जर्जर विद्युत के तारों व यदि कोई विद्युत पोल खराब हो तो उसको तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल संस्थान एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा के कारण जहां कहीं सड़क में गड्ढे हो गये हैं उनकी मरम्मत कराकर ठीक किया जाए तथा जल संस्थान द्वारा पेयजल की नियमित आपूर्ति की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए पूजा पंडालों सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर सफाई की व्यवस्था की जाए। उन्होंने निराश्रित गौवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करने के भी निर्देश दिये उन्होंने दुर्गा पूजा पण्डालों के पदाधिकारियों को निर्देश दिये कि त्यौहारों को शान्तिपूर्वक एवं कुशलता से मनाये जाने हेतु अपने वालेन्टियर्स भी लगायें तथा पार्किंग आदि कि व्यवस्था भी सड़क से हटकर कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने शान्ति समिति के पदाधिकारियों से त्यौहारों को शान्तिपूर्णढंग से मनाये जाने हेतु उनके सुझावों को आमंत्रित करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी विध्रा उमाकान्त त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक निवास मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर सुरभि शर्मा, क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे एवं शान्ति समिति के पदाधिकारी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### पूर्व भाजपा नेता श्रीकांत त्यागी की जमानत याचिका पर जवाब तलब

**प्रयागराज (भाषा)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नेता श्रीकांत त्यागी की जमानती अर्जी पर अपर शासकीय अधिवक्ता से तीन सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने श्रीकांत त्यागी की जमानत की अर्जी पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 17 अक्टूबर तय की। उल्लेखनीय है कि एक सोसाइटी के आम रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर कहासुनी के दौरान एक महिला को कथित तौर पर गाली देने और उसके साथ हाथापाई करने के लिए नोएडा पुलिस ने त्यागी को नौ अगस्त को गिरफ्तार किया था।

### छात्रा के स्कूल में बंद रह जाने के मामले में दो शिक्षक निलंबित

**संभल (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के धनारी पट्टी बालू पट्टी गांव के सरकारी प्राथमिक विद्यालय में गत मंगलवार को सात साल की एक छात्रा के रात भर स्कूल के एक कमरे में बंद रहने के मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कड़ी कार्यवाही करते हुए दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) चंद्र शेखर ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि प्राथमिक विद्यालय धनारी पट्टी बालू पट्टी में पिछली 20 सितंबर को एक छात्रा स्कूलकर्मियों की लापरवाही से रात भर स्कूल में बंद रह गई थी और अगली सुबह स्कूल खुलने पर इसका पता लगा था। उन्होंने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी पोप सिंह द्वारा इस मामले में जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि सहायक अध्यापक ब्रज पाल सिंह और सत्यपाल सिंह ने छुट्टी के बाद स्कूल के हर कमरे का निरीक्षण नही किया जिससे बच्ची स्कूल में ही रह गई, लिहाजा प्रथम दृष्टया लापरवाही के चलते दोनों को आज निलंबित किया गया है। बीएसए ने बताया कि इसी स्कूल के प्रधान अध्यापक भगवान सिंह उस घटना के दिन प्रशिक्षण पर गए थे लेकिन ग्रामीणों से उनकी बहुत शिकायतें मिली थी, इसीलिए उन्हें भी निलंबित कर दिया गया है। साथ ही इसी विद्यालय के शिक्षा मित्र भरत सिंह पिछले तीन माह से बिना सूचना के अनुपस्थित है, लिहाजा प्रशासन से उनकी बर्खास्तगी की सिफारिश की गई है।

### किशोरी को अगवा कर बलात्कार करने का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी (16) को कथित रूप से अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी 16 सितंबर को अपनी छोटी बहन के साथ कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि आजमगढ़ जिले के जहानागंज थाना क्षेत्र के रहने वाले धर्मेंद्र कुमार ने दोनों लड़कियों को अगवा कर लिया और दिल्ली ले जाकर 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र कुमार को बुधवार को सुरेमनपुर गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि किशोरी की चिकित्सकीय जांच करवाई जा रही है।

### झूठी शान की खातिर हत्या के जुर्म में माता-पिता, दो भाइयों को सुनाई गई फांसी की सजा

**बदायूं (उत्तर प्रदेश)।** बदायूं जिले की एक अदालत ने झूठी शान की खातिर हत्या के एक मामले में लड़की के माता-पिता और उनके दो बेटों को फांसी की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि 14 मई 2017 को वजीरगंज थाना क्षेत्र के उरैना गांव के निवासी पप्पू सिंह ने गांव के रहने वाले किशनपाल, उसकी पत्नी जलधारा और बेटों विजय पाल, रामवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। चारों पर आरोप था कि उन्होंने प्रेम संबंधों के चलते पप्पू सिंह के पुत्र गोविंद (24 वर्ष) तथा किशनलाल की पुत्री (22 वर्ष) की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। अभियोजन के मुताबिक, गोविंद और आशा के परिजन ने उन्हें मिलने के लिए मना किया था। दबाव बढ़ने पर दोनों दिल्ली चले गए थे। फिर किशनलाल ने शादी का झांसा देकर उन्हें वापस गांव बुलाया और बातचीत के दौरान पीछे से गोविंद के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया। जब आशा ने उसे बचाने की कोशिश तो चारों ने मिलकर उसे भी कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला। पुलिस ने किशनलाल को वारदात के दिन जबकि बाकी तीन आरोपियों को दो दिन बाद गिरफ्तार कर लिया था। जिला न्यायधीश पंकज अग्रवाल ने शुक्रवार देर रात दोनों पक्षों को सुनने के बाद विजयपाल, रामवीर, किशनपाल और उसकी पत्नी जलधारा को फांसी की सजा सुनाई।

### बारिश के बीच टकराईं चार गाड़ियां, सिपाही की मौत, छह घायल

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बारिश के बीच चार तेज रफ्तार गाड़ियों के आपस में टकरा जाने से एक सिपाही की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) सूरज राय ने बताया कि सहारनपुर-बिहारीगढ़-दून राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहंड के पास तेज वर्षा के बीच चार वाहन आपस में टकरा गए। राय के मुताबिक, हादसे में दो कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं और मोटरसाइकिल सवार सिपाही जवाहर सिंह तोमर की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तोमर उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित मंगलौर थाने में तैनात थे और उनके शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। राय के अनुसार, इस हादसे के शिकार अन्य वाहनों पर सवार छह लोग जख्मी हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे से राजमार्ग जाम हो गया और पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद रास्ता खुलवाया।

### मवेशी चोर गैंग का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**गोंडा।** कोतवाली करनैलगंज पुलिस ने मवेशी चोर गैंग का भंडाफोड़ कर 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की पड़िया व जामातलाशी के दौरान एक नाजायज चाकू बरामद किया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि रामनेवाज पाण्डेय निवासी रेरुआ अपने मवेशी चोरी होने का मामला गुरुवार को करनैलगंज थाने में पंजीकृत कराया था। तभी से पुलिस टीम मवेशी चोरी की घटना के अनावरण में लगी थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह व उपनिरीक्षक वीरेंद्र बहादुर राय ने पुलिस टीम के साथ ग्राम परसा गोड़री घीपुरवा के ईदगाह के बगल स्थित बाग से घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मवेशी पड़िया को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों में खलील पुत्र शौकत, समीर पुत्र शौकत, सकील पुत्र शौकत, चिनकी पुत्र शौकत निवासीगण हैदराबाद थाना परशरामपुर जनपद बस्ती, राहुल मिश्रा पुत्र राम बिहारी मिश्रा निवासी मिश्रौलिया थाना नवाबगंज, मुन्ना पुत्र इकबाल निवासी नई बाजार थाना करनैलगंज गोंडा शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

## कर-करेत्तर व राजस्व वसूली की जिलाधिकारी ने की समीक्षा



बैठक करते डीएम डॉ. उज्जवल कुमार

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कर-करेत्तर व राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिकारियों को समय से लक्ष्य पूर्ति के निर्देश देते हुए प्रवर्तन गतिविधियां बढ़ाने की अपेक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन पर प्रभावी रोकथाम लगाने व भू-माफियाओंध्खनन माफियाओं की चिन्हींकरण कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाय, तथा सार्वजनिक भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश भी दिए गये। जिन संग्रह अमीनों द्वारा मानक के सापेक्ष अधिक वसूली की गई है, उन्हें प्रशस्ति पत्र देने के साथ-साथ खराब वसूली वाले अमीनों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये गये। पुराने वादों के निस्तारण की स्थिति अत्यंत असंतोषजनक होने पर एसडीएम, तहसीलदारों को चेतावनी के साथ उन्हें अधिक से अधिक वादों का निस्तारण समयबद्ध रूप से करने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, उप जिला अधिकारी सदर गोंडा विनोद कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी करनैलगंज हीरालाल, उप जिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक, उप जिलाधिकारी मनकापुर आकाश सिंह, अपर उप जिलाधिकारी कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## चार घरों में चोरी

संवाददाता। करनैलगंज (गोंडा)

**चोरों ने** एक ही रात्रि में चार लोगों के घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम कोंचा कासिम के मजरा सालपुर की है। यहां के निवासी भगवान प्रसाद, राजकुमार, राजाराम व कृष्ण मोहन ने कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमें कहा गया है कि चोरों ने गुरुवार की रात्रि बारी-बारी से चारो लोगों के घरों में चोरी की घटना को अंजाम देकर लाखों रुपये के जेवर आदि की चोरी की है। जिसमें सोने का हार, नथुनी, झुमकी, मंगल सूत्र, अंगूठी, चांदी का पावजेब, पायल, बिछुआ सहित करीब 5 लाख रुपये का सामान शामिल है।

पीड़ितों ने अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने व मामले का खुलाशा किये जाने की मांग की है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# एसपी आकाश तोमर के रडार पर हैं कई लापरवाह पुलिसकर्मी

**● अपराध पर अंकुश लगाने का कर रहे हरसंभव प्रयास**

संवाददाता। गोंडा



**जिले में** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त रखने व पुलिस की घूमिल हो चुकी छवि को सुधारने में पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। नीचे से लेकर ऊपर तक के सभी पुलिस अफसरों की मानीटरिंग स्वयं करते हुए समय-समय पर उनके पेंच कसने में कोई गुरेज नहीं कर रहे हैं। तभी तो बीते दो सप्ताह में एसपी श्री तोमर ने आरक्षी से लेकर डीएसपी तक को उनके क्रिया-कलापों के आधार पर इधर से उधर कर दिया। जिसमें कई लापरवाह पुलिसकर्मियों लाइन हाजिर भी कर दिया। बताते चलें कि तत्कालीन एसपी रहे संतोष मिश्रा द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान कई ऐसे अनुभवहीन व दागदार पुलिसकर्मियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंप दी गई थीं। इससे जिले में अपराध का ग्राफ बेतहाशा बढ़ने लगा था। किन्तु जब से गोंडा पुलिस की कमान एसपी आकाश तोमर ने सम्हाली है, तभी से वे लगातार पुलिसकर्मियों की बड़े ही बारीकी से मानीटरिंग कर रहे हैं। लागातार उनके द्वारा किये जा रहे तबादलों से जिले में अपराध का ग्राफकम होने की लोगों में उम्मीद जगी है। इसी क्रम में एसपी ने पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सुश्री शिल्पा वर्मा को थानाध्यक्ष कौड़िया, निरीक्षक होलीराम डोंगरा को पुलिस लाइन से प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र व मिशन शक्ति, निरीक्षक राम सिंगार को पुलिस लाइन से प्रभारी जनसूचना सेल, निरीक्षक उदय प्रताप सिंह को पुलिस लाइन से अपराध शाखा एवं निरीक्षक संतोष कुमार सिंह को प्रभारी साइबर सेल से प्रभारी स्वाट टीम/सर्विलांस सेल का अतिरिक्त प्रभार देते हुए पुलिसिंग को और दुरूस्त रखने के निर्देश दिये हैं। पुलिस अधीक्षक की निष्पक्ष कार्य प्रणाली से एक ओर जहां आम जनमानस में बेहतर पुलिसिंग की आस जगी है तो वहीं ढुलमुल रवैया अख्तियार करने वाले व लापरवाह पुलिसकर्मियों की धड़कने तेज हो चलीं हैं। सभी पदासीन पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी अपनी कुर्सी बचाने व कप्तान साहब को खुश करने के लिये गुड वर्क दिखाने में जुटे हैं।

# खुद बनी स्वावलंबी, दूसरों को दिखाया रोजगार का रास्ता

**● बड़ोखर खुर्द ब्लाक के पलहरी गांव निवासी रजनी बनीं महिलाओं की रोल माडल**

संवाददाता। बांदा



**दुग्ध डेयरी** को आधार बनाकर महिलाएं खुशहाली की ओर कदम बढ़ा रही हैं पल्हरी गांव की रजनी ने भी परिवार को गरीबी से उबारने के लिए दुग्ध व्यवस्था को आधार बनाकर महिला समूह से जुड़कर 30000 फंड लिया और इतनी ही रकम खुद से जुटाकर दुग्ध डेयरी शुरू की 4 वर्षों में उसने रोजगार को बढ़ाया और अच्छा मुनाफा मिलने लगा गांव में आसपास की महिलाओं को प्रेरित कर रोजगार से जोड़ा बड़ोखर खुर्द ब्लाक के पलहरी गांव निवासी रजनी उन महिलाओं में है जिसमें कुछ करने का जज्बा कूट.कूट कर भरा है गरीब परिवार से जुड़ी रजनी ने 4 वर्ष पहले परिवार को गरीबी से उबारने का निर्णय लिया उसने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का सहारा लिया गांव की महिलाओं को जोड़कर समूह बनाया एन आर एल एम से उसे भैंस पालन की 30000 फंड मिला इतनी ही रकम घर.घर से लगा दी भैंस खरीदी शुरुआती दौर में 2 भैंस के जरिए हुए करीब आज 10 लीटर दूध रोज भेजती है इससे जो मुनाफा मिला मिला उससे उसे फंड का रुपया लौट आया उसके बाद पैसे इकट्ठा करती गई आज रजनी के पास 10 भैसे हैं, इसी प्रकार 20 महिलाये कार्य करके स्वत: 10-10 भैसो के मालिक बनी हैं। दूध व्यवसायी रजनी बताती है कि वर्तमान समय में 10 भैस हैं दुग्ध डेयरी के जरिए रजनी ने गढ़ी तरक्की की राह चार वर्षों हर रोज 100 लीटर दूध का रोजगार कर रही हैं। रजनी का गांव शहर से नजदीक होने के कारण दूध की बिक्री में ज्यादा परेशानी नहीं होती है। रजनी बताती हैं कि पति दिनेश कुमार के माध्यम से वह शहर में दूध को 50 से 60 रुपये प्रति लीटर की दर से बचती हैं। करीब पांच हजार रुपये हर रोज मिलते हैं। भैंस आदि का खर्च हटाकर वह एक से डेढ़ हजार रुपये बचाती हैं

**300 महिलाओं को दिया प्रशिक्षण:** रजनी ने अपना कारोबार संभला वहीं अपनी जैसी अन्य गरीब महिलाओं को भी कारोबार के लिए प्रेरित किया। पल्हरी गांव व आसपास के करीब चार गांवों की 300 महिलाओं को पशुपालन व बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया और रोजगार शुरू कराया। इसमें रजनी ने उनकी आर्थिक मदद भी की। अब राजकुमारए सीता देवीए चंपाए संध्या आदि महिलाएं रजनी की शुक्रगुजार हैं। रजनी कहती हैं कि वह गांव में प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की तैयारी कर रही हैं। यहां वह दही, मट्ठा, पनीर, खोया आदि तैयार कर पैकिंग करेंगी। इससे आय भी बढ़ेगी और कई लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

## रूपईडीहा आईसीपी पर लहराया जाएगा 105 फुट ऊंचा तिरंगा

**बहराइच (भाषा)।** प्रदेश के बहराइच स्थित भारत-नेपाल की रूपईडीहा सीमा पर बन रहे इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट (आईसीपी) पर 105 फुट ऊंचा तिरंगा लगाया जाएगा। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। निर्माणाधीन रूपईडीहा इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट पर तैनात लैंड पोर्ट एथारिटी आफ इंडिया (एलपीएआई) के परियोजना अधिकारी ए.पी. सिंह ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि गृह मंत्रालय ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के पहले भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा आईसीपी पर 105 फुट ऊंचा और 30 गुणा 20 फुट आकार का राष्ट्रीय ध्वज लगाने की अनुमति दी है। उन्होंने बताया कि नेपाल की सीमा को छूने वाले अंतिम भारतीय छोर पर तिरंगा लगाया जाएगा और यह तिरंगा भारत तथा नेपाल की ओर आने-जाने वाले लोगों को करीब दो किलोमीटर दूर से दिखाई देगा। तिरंगे को फोकस करती हाईमास्ट लाइटों से यह भारतीय ध्वज रात में भी दूर से दिखेगा। गृह मंत्रालय के अधीन काम करने वाली भारत में सीमा अवसंरचना के निर्माण, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार संस्था एलपीएआई के अधिकारी ने बताया कि नेपाल सीमा पर अंर्तार्ष्ट्रीय व्यापारिक गतिविधियों को बाधा रहित और सुगम बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में बहराइच के रूपईडीहा, बलरामपुर के बढ़नी, लखीमपुर के गौरीफंटा और महराजगंज जिले के सोनौली बार्डर पर सीमा के दोनों ओर इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट का निर्माण होना है। उन्होंने बताया कि इनमें से बहराइच जिले के रूपईडीहा और उसके समानांतर नेपाल देश के नेपालगंज आईसीपी का अधिकांश निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि अगले दो-तीन महीनों में संबंधित विभाग अपने-अपने कार्यालयों का कार्यभार संभाल कर दिसम्बर तक उत्तर प्रदेश के पहले आईसीपी में काम शुरू कर देंगे।

पायनियर
लखनऊ , शनिवार, 24 सितंबर 2022



# वर्षा बाधित मैच में रोहित ने भारत को दिलाई जीत

**● आस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराया**

**भाषा।** नागपुर


रोहित के 20 गेंद में नाबाद 46 रन

**कप्तान रोहित** शर्मा के 20 गेंद में नाबाद 46 रन की मदद से भारत ने वर्षाबाधित दूसरे टी20 मैच में आस्ट्रेलिया को शुक्रवार को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1 -1 से बराबरी की। गीली आउटफील्ड के कारण मैच प्रति टीम आठ ओवर का कर दिया गया था। मैथ्यू वेड के 20 गेंद में 43 रन की मदद से आस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 90 रन बनाए। जवाब में भारत ने चार विकेट खोकर 92 रन बनाए और चार गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। दिनेश कार्तिक ने आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों पर ही छक्का और चौका जड़कर जीत सुनिश्चित कर दी। रोहित ने 20 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 43 रन जोड़े। दूसरे छोर से हालांकि केएल राहुल (10), विराट कोहली (11) और सूर्यकुमार यादव (0) को एडम जाम्पा ने सस्ते में पवेलियन भेज दिया। कोहली और राहुल जहां बोल्ड हुए, वहीं सूर्यकुमार पगबाधा आउट हुए। हार्दिक पंड्या भी नौ रन बनाकर पैट कमिंस की गेंद पर आरोन फिंच को कैच दे बैठे। फिनिशर दिनेश कार्तिक ने आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों पर डेनियल सैम्स को एक चौका और एक छक्का जड़कर भारत को जीत दिलाई। इससे पहले आस्ट्रेलिया के लिए वेड ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए जो हर्षल पटेल को आखिरी ओवर में जड़े गए। कप्तान आरोन फिंच ने 15 गेंद में 31 रन जोड़े। भारत के लिए अक्षर पटेल ने दो ओवर में 13 रन देकर दो विकेट लिए जिससे एक समय आस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 31 रन था। इसके बाद वेड और स्टीव स्मिथ (आठ) ने मिलकर तीन ओवर में 44 रन जोड़े। इससे पहले फिंच ने पहला ओवर डाल रहे हार्दिक पंड्या को दो चौके लगाकर दस रन निकाले। इसके बाद अक्षर को गेंद सौंपी गई और कैमरन ग्रीन ने लांग आन पर ऊंचा शॉट खेला लेकिन विराट कोहली कैच नहीं लपक सके। अगली गेंद पर हालांकि कोहली के सटीक थ्रो पर ग्रीन रन आउट हो गए। अक्षर ने इसके बाद ग्लेन मैक्सवेल को भी सस्ते में आउट किया। पावरप्ले के दो ओवर होने के बाद युजवेंद्र चहल ने एक ओवर डाला लेकिन उसमें 12 रन दे डाले। अक्षर ने अगले ओवर में टिम डेविड को रवाना किया। चार ओवर के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने टीम में वापसी कर रहे जसप्रीत बुमराह को गेंद सौंपी जिन्होंने दो ओवर में 23 रन देकर एक विकेट लिया। वेड ने हर्षल को आखिरी ओवर में तीन छक्के जड़े।

### हालात के अनुरूप बल्लेबाजी की : रोहित

**नागपुर।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरे टी20 मैच में 20 गेंद में 43 रन बनाकर भारत को छह विकेट से जीत दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस तरह के मैचों में ज्यादा रणनीति नहीं बनाई जा सकती और हालात के अनुरूप ही खेलना होता है। प्लेयर आफ द मैच चुने गए रोहित ने अपनी पारी के बारे में कहा , मैं पिछले आठ नौ महीने से ऐसे ही खेल रहा हूं तो बहुत ज्यादा बदलाव नहीं था लेकिन इस तरह के मैचों में ज्यादा रणनीति नहीं बनाई जा सकती। हालात के अनुरूप ही खेलना होता है। उन्होंने कहा , जब हम गेंदबाजी कर रहे थे तो हमने हालात का पूरा फायदा उठाया। उसके बाद ओस पड़ने लगी। हम चाहते हैं कि खिलाड़ी इससे सीखे कि इन हालात में खेलना कितना कठिन होता है। बुमराह को वापसी करते देखकर अच्छा लगा और अक्षर ने उम्दा गेंदबाजी की। आस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने कहा , हम पारी के आखिर में ही अच्छा खेल पाए। अक्षर के दो ओवरों ने सारा फर्क पैदा कर दिया। रोहित ने बेहतरीन बल्लेबाजी की।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया पारी** :फिंच बो बुमराह 31,ग्रीन रन आउट 5,मैक्सवेल बो पटेल 0,डेविड बो पटेल 2,वेड नाबाद 43, स्मिथ रन आउट 8,**अतिरिक्त** : एक रन, कुल योग : आठ ओवर में पांच विकेट पर 90 रन , **विकेट पतन** : ।-14, 2-19, 3-31, 4-46, 5-90, **गेंदबाजी** : हार्दिक ।-0-10-0, अक्षर 2-0-13-2,चहल ।-0-12-0,बुमराह 2-0-23- ।, पटेल 2-0-32-0

**भारत पारी** : राहुल बो जाम्पा 10, रोहित नाबाद 46, कोहली बो जाम्पा 11, सूर्यकुमार पगबाधा बो जाम्पा 0, हार्दिक का फिंच बो कमिंस 9, कार्तिक नाबाद 10, **अतिरिक्त** : छह रन, **कुल योग** : 7.2 ओवर में चार विकेट पर 92 रन, **विकेट पतन** :1-39, 2- 55, 3-55, 4 -77, **गेंदबाजी** : हेजलवुड 1-0-20-0, कमिंस 2-0-23 -1, जाम्पा 2-0 -16-3, सैम्स 1.2 -0-20-0, एबोट ।-0-11-0

## पंत को विश्व कप में भारतीय अंतिम एकादश में होनाा चाहिए : गिलक्रिस्ट

**भाषा।** दुबई



ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि किसी भी गेंदबाज पर हावी होने की अपनी हिम्मत के कारण ऋषभ पंत को आगामी टी20 विश्व कप में भारत की शुरूआती एकादश में शामिल होना चाहिए। पिछले कुछ समय से यह चर्चा का विषय है कि ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक में से किसे अंतिम एकादश में शामिल किया जाना चाहिए और गिलक्रिस्ट ने बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज पंत का समर्थन किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विज्ञप्ति के अनुसार गिलक्रिस्ट ने कहा, ऋषभ पंत साहसी और हिम्मती खिलाड़ी है और जिस तरह से वह किसी भी तरह के गेंदबाजी आक्रमण हावी हो जाता है उसे देखते हुए मुझे लगता है कि उसे भारतीय एकादश में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा, वे दोनों (ऋषभ और कार्तिक) साथ में खेल सकते हैं लेकिन मेरा मानना है कि ऋषभ पंत को निश्चित तौर पर अंतिम एकादश में होना चाहिए। भारत ने पंत और कार्तिक दोनों को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए 15 सदस्ईय टीम में शामिल किया है। पंत हालांकि सबसे छोटे प्रारूप में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं जो कि अंतिम एकादश का चयन करते समय उनके खिलाफ जा सकता है।

## उच्चतम न्यायालय ने बीसीए की एजीएम 25 सितंबर बुलाने की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को बिहार क्रिकेट संघ की आमसभा की सालाना बैठक 25 सितंबर को बुलाने को मंजूरी दे दी। जस्टिस डी वाय चंद्रचूड़ और हिमा कोहली की पीठ ने निर्देश दिया कि पदाधिकारियों के चुनाव के नतीजे सीलबंद कवर में उनके समक्ष रखे जाएं। निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि छह उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। बीसीए की एजीएम 25 सितंबर को होगी। इसने कहा , ऐसी शिकायत थी कि मतदाता सूची में बदलाव किया गया है और न्यायालय की अनुमति लिए बिना संविधान में बदलाव किया गया है। बीसीए ने इसका खंडन किया है। इसे ध्यान में रखते हुए 30 सितंबर को सुनवाई होगी। एजीएम में पदाधिकारियों के चुनाव के नतीजे अदालत के सामने सीलबंद कवर में रखे जाएंगे।

### फ्रांस की जीत में चमके एमबापे, क्रोएशिया, नीदरलैंड और बेल्जियम भी जीते

**पेरिस।** काइलन एमबापे ने अपने एकल प्रयास से फिर गोल दागा जबकि ओलिवियर गिरौड ने भी गोल किया जिससे फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एक मैच में ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराया। एमबापे ने गुरुवार को खेले गए मैच मे खेल के 56वें मिनट मे तीन रक्षकों को छकाकर गोल दागा। यह उनका अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 28वां गोल है। इससे पहले गिरौड ने अपने करियर का 49वां गोल किया और वह थियरे हेनरी के 51 गोल के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से केवल दो गोल पीछे है।

### पाकिस्तान की इंग्लैंड पर बड़ी जीत में चमके बाबर और रिजवान

**कराची।** बाबर आजम ने शतक जड़कर फॉर्म में वापसी की जबकि मोहम्मद रिजवान ने नाबाद 88 रन की शानदार पारी खेली जिससे पाकिस्तान ने गुरुवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। बाबर ने 66 गेंदो पर नाबाद 110 रन बनाए जिससे पाकिस्तान ने बिना किसी नुकसान के 203 रन बनाकर तीन गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की। इस तरह से सात मैचों की श्रृंखला अभी ।-। से बराबरी पर है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया तथा अंतिम ओवरों में मोईन अली की 23 गेंदों पर खेली गई नाबाद 55 रन की पारी से पांच विकेट पर 199 रन बनाए।

### गौरिका डब्ल्यूपीजीटी के 13वें चरण की चैम्पियन बनीं

**गुरुग्राम।** गौरिका बिश्नोई ने बारिश के प्रभावित महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 13वें चरण का खिताब छह शॉट की बड़ी बढ़त के साथ शुक्रवार को अपने नाम किया। बारिश के कारण सिर्फ दो दौर का खेल संभव हुआ जिसमे गौरिका का स्कोर चार अंडर 140 (71 , 69) था। उन्होंने इसके साथ ही लंबे समय से चली आ रही खिताबी सूखे को भी खत्म किया। उन्होंने पिछला खिताब 2019 मे जीता था। तीसरे दिन का खेल रद्द होने के साथ ही पांच बार की चैम्पियन प्राणवी उर्स (71, 75) दूसरे स्थान पर रही।

### मारिजुआना प्रतिबंधित सूची में बरकरार, ओपिएट ट्रामाडोल को भी जोड़ा गया

**जिनेवा।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने कुछ पदार्थों को प्रतिबंधित सूची से हटाने की मांग को अस्वीकार करते हुए मारिजुआना (गांजा) को इस सूची में बरकरार रखा है। अमेरिका की फर्राटा धाविका शाकारी रिचर्डसन के तोक्यो ओलंपिक में नही खेल पाने के कारण कैनाबिस (भांग) से जुड़े पदार्थों की समीक्षा करने की मांग की गई थी। रिचर्डसन को राष्ट्रीय ट्रायल्स में प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था जिसके कारण उन पर एक महीने का प्रतिबंध लगा था।

### लीजैंड क्रिकेट लीग का फाइनल कटक में

**नई दिल्ली।** लीजैंड क्रिकेट लीग का फाइनल पांच अक्टूबर को कटक में खेला जाएगा। आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। लीग के सीईओ और सह संस्थापक रमन रहेजा ने कहा , हमें स्टेडियम में और टीवी रेटिंग मे भी शानदार रिस्पांस मिला है। पिछले सत्र की तुलना में यह पांच गुना अधिक है। यह भारत मे आईपीएल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली टी20 लीग है।

# हॉकी इंडिया के पहले खिलाड़ी अध्यक्ष बने दिलीप टिर्की

**● दूसरा उम्मीदवार नहीं उतरा, निर्विरोध चुने गए**

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत के पूर्व** कप्तान दिलीप टिर्की हॉकी इंडिया के अध्यक्ष बनने वाले पहले पूर्व खिलाड़ी बन गए जिन्हें इस पद के लिए निर्विरोध चुना गया। हॉकी इंडिया के चुनाव एक अक्टूबर को होने थे लेकिन नतीजे पहले ही घोषित कर दिए गए क्योंकि किसी पद के लिए कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं था, जिससे महासंघ के संविधान के तहत निवर्तमान उम्मीदवार ही निर्विरोध चुने गए। उत्तर प्रदेश हॉकी संघ के प्रमुख राकेश कत्याल और हॉकी झारखंड के भोला नाथ सिंह के नाम वापिस लेने के बाद टिर्की को अध्यक्ष चुना गया। भोला नाथ महासचिव चुने गए। इससे पहले कल्याण चौबे अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के और आदिले सुमरिवाला भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष बने हैं जबकि सौरव गांगुली भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष हैं। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने टिर्की और उनकी टीम के चुनाव को मंजूरी दे दी है। एफआईएच ने एक पत्र में लिखा कि जब किसी पद के लिए उम्मीदवार पद की संख्या से कम या बराबर हों तो माना जाता है कि उन्हें निर्विरोध चुना गया है। इसमें कहा गया , इसलिए हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि हॉकी इंडिया का कार्यकारी बोर्ड चुन लिया गया है जिसकी जानकारी हॉकी इंडिया की वेबसाइट पर है और सभी पदों के लिए चुनाव निर्विरोध हुए। खेल की शीर्ष इकाई ने चुनाव सुचारू ढंग से कराने के लिए तीन सदस्ईय प्रशासकों की समिति के प्रयासों की भी सराहना की। समिति में जस्टिस अनिल आर दवे, एस वाइ कुरैशी और जफर इकबाल शामिल थे। इसने कहा , हमें खुशी है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी हो गई है और अब लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई इकाई है। हम दिलीप टिर्की, भोला नाथ सिंह और शेखर जे मनोहरन को बधाई देते हैं। टिर्की ने सीओए और एफआईएच को धन्यवाद देते हुए कहा , मैं सुनिश्चित करूंगा कि भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकूं। निर्विरोध चुने गए अन्य पदाधिकारियों में हॉकी जम्मू कश्मीर की आसिमा अली (उपाध्यक्ष), कर्नाटक के एसवीएस सुब्रमण्या गुप्ता (उपाध्यक्ष), तमिलनाडु हॉकी के शेखर जे मनोहरन (कोषाध्यक्ष), हॉकी राजस्थान की आरती सिंह (संयुक्त सचिव) और हॉकी हरियाणा के सुनील मलिक (संयुक्त सचिव) शामिल हैं। कार्यकारी बोर्ड के पांच सदस्यों में अरूण कुमार सारस्वत (हॉकी राजस्थान), असरिता लाकड़ा (हॉकी झारखंड), गुरप्रीत कौर (दिल्ली हॉकी), वी सुनील कुमार (केरल हॉकी) और तपन कुमार दास (असम हॉकी) शामिल हैं।

### दादा से मिली प्रेरणा, खिलाड़ियों को खेल प्रशासन में आना चाहिए

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया के नए अध्यक्ष दिलीप टिर्की के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली मिसाल रहे है और उनका मानना है कि पूर्व खिलाड़ियों को खेल प्रशासन में आना चाहिए क्योंकि एक खिलाड़ी के नजरिए से उन्हें हालात की बेहतर समझ होती है। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और महान डिफेंडर टिर्की को शुक्रवार को निर्विरोध हॉकी इंडिया का नया अध्यक्ष चुना गया। वह इस पद पर काबिज होने वाले पहले पूर्व खिलाड़ी है। हॉकी इंडिया के चुनाव एक अक्टूबर को होने थे लेकिन नतीजे पहले ही घोषित कर दिए गए क्योंकि उत्तर प्रदेश हॉकी संघ के प्रमुख राकेश कत्याल और हॉकी झारखंड के भोला नाथ सिंह के नाम वापिस लेने के बाद टिर्की को अध्यक्ष चुना गया। भारत के लिए तीन ओलंपिक (अटलांटा 1996, सिडनी 2000 और एथेंस 2004) समेत 412 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके टिर्की ने भाषा को दिए इंटरव्यू मे कहा , मेरा मानना है कि पूर्व खिलाड़ियों को खेल प्रशासन मे आना चाहिए क्योंकि उन्हें बेहतर पता होता है कि कहां फोकस करना है। जैसे क्रिकेट मे दादा पहले बंगाल क्रिकेट संघ मे थे और फिर बीसीसीआई अध्यक्ष बने और बढ़िया काम कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि हॉकी इंडिया ने भी पहली बार मेरे जैसे पूर्व खिलाड़ी को अध्यक्ष चुना है। खिलाड़ी अपने कैरियर मे कई चरणों से गुजरे होते है और उन्हें बेहतर अनुभव होता है। बतौर अध्यक्ष प्राथमिकताओ के बारे मे पूछने पर पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा कि वह जूनियर और सब जूनियर वर्ग के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना चाहेंगे। जूनियर खिलाड़ियों के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम जरूरी है मसलन अगली पीढ़ी के ड्रैग फ्लिकर और गोलकीपर तैयार करने जरूरी है और टीम फिटनेस पर भी फोकस रहेगा। हमने देखा के ओलंपिक मे हमारे फ्लिकर और गोलकीपर पी आर श्रीजेश की भूमिका कितनी अहम रही लेकिन इनके बाद अगली पीढ़ी के खिलाड़ी भी तैयार करने होंगे। हॉकी इंडिया कई साल से अच्छा काम कर रहा है जो टीम के प्रदर्शन मे नजर आता है। पुरूष टीम शीर्ष तीन चार टीमो मे है और महिला टीम ओलंपिक सेमीफाइनल खेल रही है जो बड़ी बात है।

# क्लीन स्वीप करके झूलन को यादगार विदाई देने उतरेगी भारतीय टीम

**भाषा।** लंदन


**महिला क्रिकेट** में तेज गेंदबाजी का पर्याय बन चुकी झूलन गोस्वामी शनिवार को जब लॉर्ड्स में अपने करियर का आखिरी मैच खेलने उतरेंगी तो भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करके अपनी इस दिग्गज खिलाड़ी को यादगार विदाई देने का प्रयास करेगी। लॉर्ड्स में क्रिकेट खेलना किसी भी खिलाड़ी का सपना होता है तथा इस मैदान पर शतक जड़ना या पांच विकेट लेना बड़ी उपलब्धि मानी जाती है लेकिन बहुत कम खिलाडि़यों को इस ऐतिहासिक मैदान पर अपने क्रिकेट करियर को अलविदा कहने का मौका मिलता है। सुनील गावस्कर (हालांकि उन्होंने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच यहां खेला था) को यह मौका नहीं मिला। सचिन तेंदुलकर हो या ब्रायन लारा या फिर ग्लेन मैकग्रा किसी को भी लॉर्ड्स में अपना अंतिम मैच खेलने का मौका नहीं मिला। यहां तक की लगभग 20 वर्षों तक झूलन की साथी रही मिताली राज को भी क्रिकेट मैदान पर अपने करियर को अलविदा कहने का अवसर नहीं मिला लेकिन भाग्य चक्र देखिए कि गोस्वामी अपना आखिरी मैच लॉर्ड्स में खेलने जा रही है। भारत पहले ही तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है, लेकिन हरमनप्रीत कौर और उनके साथी क्लीन स्वीप करके झूलन को यादगार विदाई देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो मैचों में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया और वह अपनी इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगा। भारत के लिए सबसे बड़ी फायदे की बात यह रही कि कप्तान हरमनप्रीत अपनी पुरानी लय में लौट चुकी हैं। उन्होंने पहले दो मैचों में नाबाद 74 और नाबाद 143 रन की पारियां खेली। भारत के लिए हालांकि शेफाली की फॉर्म चिंता का विषय है जो पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रही है। हरलीन देओल ने मध्यक्रम में अपनी जगह पक्की कर ली है लेकिन झूलन के संन्यास लेने के बाद तेज गेंदबाजों मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर और पूजा वस्त्राकर को अपने खेल में अधिक निखार लाना होगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो कप्तान हीथर नाइट (चोट के कारण) और स्टार ऑलराउंडर नट साइवर (मानसिक स्वास्थ्य कारणों से) की उसे बहुत कमी खल रही है तथा इससे टीम का संतुलन भी गड़बड़ा गया है। भारत ने पिछली बार इंग्लैंड में वनडे श्रृंखला 1999 में जीती थी जबकि झूलन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण भी नहीं किया था। अब वह अपना 204 वां और आखिरी मैच खेलने के लिए तैयार हैं। उनके नाम पर रिकॉर्ड 353 अंतरराष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं।



### झूलन को विश्व कप खिताब नहीं जीतने का मलाल

**लंदन।** भारत की महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को यहां कहा कि दो दशक के करियर मे उन्हें सिर्फ एकदिवसीय विश्व कप खिताब को नहीं जीत पाने का पछतावा है। झूलन शनिवार को ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान मे इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के बाद खेल से संन्यास ले लेंगी। मीडिया के बातचीत के दौरान झूलन ने भावुक होकर कहा कि वह इस खेल के प्रति शुक्रगुजार है, जिसने उन्हें इतनी शोहरत और प्रतिष्ठा दी। उन्होने कहा कि एकदिवसीय विश्व कप के 2005 और 2017 सत्र मे टीम के उपविजेता रहने का मलाल उन्हें हमेशा रहेगा। दाएं हाथ की 39 साल की इस गेंदबाज ने कहा, मैंने दो विश्व कप फाइनल खेले है लेकिन एक भी ट्रॉफी नही जीत सकी। अगर हम दो मे से एक मे भी चैंपियन बनते तो यह मेरे और टीम के लिए शानदार होता झूलन ने कहा, मुझे बस इसका ही मलाल है क्योंकि आप चार साल तक विश्व कप की तैयारी करते है। बहुत मेहनत होती है। किसी भी क्रिकेटर के लिए विश्व कप जीतना एक सपने के सच होने जैसा होता है।

## फेडरर का आखिरी मैच देखने भारत समेत दुनिया भर से उमड़े दर्शक



**भाषा।** लंदन

**यह दिन,** यह मैच और यह पल हर खिलाड़ी के जीवन में आता है और रोजर फेडरर कोई अपवाद नहीं है लेकिन इस धुरंधर की टेनिस से विदाई ने लोगों को भावविहल कर दिया और भारत समेत दुनिया भर से प्रशंसक लावेर कप के इस मैच को देखने यहां जुटे हैं। बीस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन फेडरर लावेर कप में विश्व टीम के फ्रांसिस टियाफो और जैक सॉक के खिलाफ टीम यूरोप के लिए रफेल नडाल के साथ युगल मैच खेलेंगे। इस सप्ताह फेडरर ने कहा , मैं दुखी था लेकिन यह सर्वश्रेष्ठ फैसला है। मुझे इसका दर्द महसूस हो रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस टीम टूर्नामेंट के पहले दिन एकल मैचों से पूर्व जब दोनों टीमों के खिलाड़ी कोर्ट पर उतरे तो फेडरर सबसे आखिर में आए। फेडरर के आने पर दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और फोन से उनकी तस्वीरें खींचने की होड़ मच गई। भारत से आई इंद्राणी मैत्रा ने कहा , मुझे खुशी है कि मैं उनका आखिरी मैच देख पा रही हूं लेकिन मैं दुखी हूं कि यह उनका आखिरी मैच है।

### जोकोविच को आस्ट्रेलियाई ओपन से सकारात्मक संदेश की उम्मीद

**लंदन।** कोविड-19 का टीकाकरण नही कराने के कारण इस साल के शुरू मे ऑस्ट्रेलियाई ओपन मे भाग नही ले पाने वाले नोवाक जोकोविच को अगले साल होने वाले टूर्नामेंट के लिए आयोजकों से सकारात्मक संदेश की उम्मीद है। जोकोविच को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों से अभी तक कोई संदेश नही मिला है कि वह टीकाकरण नही कराने के कारण वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट मे खेल पाएंगे या नही। जोकोविच ने गुरुवार को लेवर कप के दौरान कहा, यह वास्तव में मेरे हाथ मे नही है। इसलिए मै सकारात्मक खबर की उम्मीद कर रहा हूं।

# जायसवाल के नाबाद दोहरे शतक से पश्चिम क्षेत्र की वापसी

**● दलीप ट्रॉफी**

**भाषा।** कोयंबटूर

**युवा सलामी** बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की नाबाद दोहरे शतकीय पारी से पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी फाइनल के पांच दिवसीय मुकाबले के तीसरे दिन शुक्रवार को दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ दूसरी पारी में तीन विकेट पर 376 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। जायसवाल ने 244 गेंद की नाबाद पारी में 23 चौके और तीन छक्के जड़े। उनकी शानदार बल्लेबाजी से पहली पारी में 57 रन से पिछड़ने के बाद पश्चिम क्षेत्र ने शानदार वापसी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 319 रन की बढ़त कायम कर ली और उसके सात विकेट शेष है। जायसावल ने इस दौरान तीसरे विकेट के लिए श्रेयस अय्यर (71) के साथ 169 और चौथे विकेट के लिए सरफराज खान (नाबाद 30) के साथ 58 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को मजबूती प्रदान की। इससे पहले दक्षिण क्षेत्र ने दिन की शुरुआत सात विकेट पर 318 रन से की लेकिन


यशस्वी

इसमें सिर्फ नौ रन के इजाफे के साथ टीम की पूरी पारी सिमट गई। पहली पारी में महज एक रन बनाने वाले जायसवाल ने दूसरी पारी में सकारात्मक शुरुआत करते हुए तेज गेंदबाज बासिल थंपी और सीवी स्टीफन के खिलाफ तेजी से रन जुटाए। उन्होंने पहले विकेट के लिए प्रियांक पंचाल (40) के साथ पांच रन प्रति ओवर के हिसाब से 110 रन की साझेदारी की। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान हनुमा विहारी ने शानदार लय में चल रहे साई किशोर (100 रन पर दो विकेट) को आक्रमण में लगाने में देरी की। साई किशोर ने हालांकि गेंद से जिम्मा संभालते ही पंचाल को चलता किया। इसके बाद कृष्णप्पा गौतम (139 रन पर एक विकेट) ने अजिंक्य रहाणे (15) का विकेट चटकाया। कप्तानी रहाणे ने एक बार फिर बल्ले से निराश किया। जायसवाल और अय्यर ने इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आसान हुई परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए स्पिनरों के खिलाफ मन मुताबिक रन बटोरे। अय्यर ने 113 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े। बल्लेबाजी के लिए परिस्थिति आसान होने के बाद पश्चिम क्षेत्र दिन में एक और सत्र में बल्लेबाजी कर पारी घोषित करने की कोशिश करेगा ताकि उसके गेंदबाजों को दक्षिण क्षेत्र के 10 विकेट चटकाने के लिए पांच सत्र मिले। दक्षिण क्षेत्र को खिताब जीतने के लिए कम से कम इस मैच को ड्रॉ करना होगा। टीम लक्ष्य का पीछा कर या पहली पारी में बढ़त के आधार पर खिताब जीत सकती है।

## कमर में चोट के चलते शरत कमल हटे, मनिका और साथियान सेमीफाइनल में



**सूरत।** अचंत शरत कमल कमर की चोट के कारण अंतिम आठ के मुकाबले से हट गए जबकि जी साथियान और मनिका बत्रा जैसे भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़यो ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय खेलो मे अपने-अपने मुकाबलो मे जीत के साथ सेमी फाइनल मे जगह पक्की की। शरत हरियाणा के सौम्यजीत घोष के खिलाफ 2-1 से आगे थे और चौथे सेट में 6-1 से आगे चल रहे थे लेकिन उन्होंने चिकित्सा सहायता लेने के बाद मुकाबला छोड़ने का फैसला किया। दूसरी ओर साथियान ने मानव ठक्कर को 4-1 से हराया। अब उनका सामना हरमीत देसाई से होगा जिन्होने दीपित पाटिल को 4-1 से मात दी। गुजरात के मानुष शाह भी एफ आर स्नेहित को हराकर अंतिम चार में पहुंच गए। मनिका ने कृत्विका सिन्हा रॉय को 4-2 से हराया जबकि श्रीजा ने अयहिका मुखर्जी को 4- 0 से मात दी। इससे पहले शरत ने पुरुष एकल में पश्चिम बंगाल के जीत चंद्रा को 4-2 (7-11, 11-6, 8-11,11-7, 11-6, 11-6) से हराया, वहीं साथियान ने पश्चिम बंगाल के रोनित भांजा पर इसी अंतर (7-11, 11-8, 7-11, 11-6, 11-9, 11-6) से जीत दर्ज की। महिला एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल मे हालांकि मनिका बत्रा को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा। मनिका ने करीबी मुकाबले मे कर्नाटक की कुशी वी को 4-3 (4-11, 11-8, 12-10, 4-11, 11-5, 8-11, 11-7) से मात दी थी।

### जूलियस बेयर कप: एरिगैसी सेमीफाइनल में, प्रज्ञानानंद बाहर



**न्यूयॉर्क।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने एक अन्य किशोर खिलाड़ी क्रिस्टोफर यू को टाई ब्रेकर मे हराकर शुक्रवार को यहां जूलियस बेयर जेनरेशन कप ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। भारत के ही एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंद हालांकि जर्मनी के विसेंट कीमर से।-3 से हारकर क्वार्टर फाइनल से आगे नही बढ़ पाए। क्वार्टर फाइनल मे अमेरिका के लेवोन आरोनियन को हराने वाले विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन सेमीफाइनल में कीमर का सामना करेंगे जबकि दूसरा सेमीफाइनल वियतनाम के लीम क्वांग ले और एरिगैसी के बीच खेला जाएगा। उन्नीस वर्षीय एरिगैसी और 15 वर्षीय यू चार रैपिड बाजियों के बाद 2-2 से बराबरी पर थे। इसके बाद ब्लिट्ज टाईब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमे एरिगैसी ने पहली बाजी जीती और फिर दूसरी बाजी ड्रॉ कराकर सेमीफाइनल मे जगह बनाई।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 24 सितंबर, 2022



# समस्त सीएचसी पर सुरक्षा के लिए तैनात किए जाएंगे होमगार्ड

संवाददाता। कानपुर देहात

● डीएम की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान की अन्तर्विभागीय बैठक संपन्न

● जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूली बच्चों को वितरित किए चश्मे

**शासन** के निर्देशानुसार संचारी रोगों तथा दिमागी बुखारों पर प्रभावी नियंत्रण व इनके त्वरित सुचारू इलाज हेतु जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

सीडीओ ने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 से 31 अक्टूबर तक एवं दस्तक अभियान 07 से 21 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी संचारी रोग नियंत्रण हेतु अपने विभागों द्वारा संपादित की जाने वाली गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालन करें। उन्होने यह भी कहा कि इस दौरान स्वच्छता, साफ-सफाई सहित वेक्टर जनित वातावरण को समाप्त करने आदि गतिविधियां की जाएं और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशाओं द्वारा घर.घर जाकर लोगों को संचारी रोग के प्रति जागरूक करेंगी। दस्तक अभियान के दौरान आशा अपने किये गये कार्यो की सूचना प्रतिदिन भरकर एएनएम को उपलब्ध करायेंगी।जिला होमगार्ड कमांडेंट ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था हेतु समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दो-दो होमगार्ड लगाए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि अभियान में आशा व आंगनबाड़ी साथ मे अनिवार्य रूप से भ्रमण करे यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान के दौरान जन जागरूकता कार्यक्रम, एण्टी लार्वा व फॉगिंग कराई जायेगी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों/ उप मुख्य चिकित्साधिकारियों/प्रभारी चिकित्साधिकारियों का सवेंदीकरण तथा प्रभारी चिकित्साधिकारियों द्वारा ब्लाक स्तर पर एएनएम व आशा का सवेंदीकरण तथा विकासखण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा ग्राम प्रधानों का सवेंदीकरण तथा विकासखण्ड स्तर पर ही खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा सभी स्कूलों से नामित अध्यापकों का संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर प्रभारी नियंत्रण हेतु सवेंदीकरण किया जाए, ताकि जन.जन को जागरूक कर लोगों को पैदा होने वाले संचारी रोगों से जन.जन को बचाया जा सके। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी कोविड.19 की गाइडलाइन का अनुपालन कराते हुए कार्यक्रम का संचालन कराया जाए। बैठक से पूर्व आयुष्मान भारत योजना के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में जिलाधिकारी द्वारा एवं मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा 09 आयुष्मान लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित किए गए एवं 10 आयुष्मान लाभार्थी उपचारित को सम्मानित किया गया एवं आयुष्मान योजना के लाभ के बारे में जिलाधिकारी ने जानकारी ली, दो निजी चिकित्सालय अनंतराज एवं गौरी अस्पताल को आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों के इलाज अच्छा प्रतिभाग करने पर प्रशस्ति पत्र एवं सरकारी अस्पताल सीएचसी पुखरायां के एमओआईसी को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉक्टर भूपति सिंह इंटर कॉलेज की प्रिया, जानवी, प्रीति आदि 10 स्कूली बच्चों को चश्मा वितरित किए गए। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह, डीएफ्ओ एके द्विवेदी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसएल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारीगण सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण एवं प्रभारी चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहे।



## ट्रक चालक नें फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद।** बीती रात ट्रक चालक नें फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। अहले सुबह परिजनों को जानकारी होनें पर कोहराम मच गया। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जनपद कन्नौज के थाना तिर्वा के विसंहुआ निवासी 26 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र रघुनाथ कुशवाह शहर कोतवाली के सातनपुर आलू मंडी के निकट हसनबाग निवासी अपने बहनोई मनोज कुमार के घर पर रह रहा था। दिनेश ट्रक चालाक का कार्य करता था। बीते दिन गुरुवार को दिनेश के पिता रघुनाथ भी अपने दामाद मनोज के घर आ गये थे। बीती रात उसने घर के बाहर बकैना के पेड़ में रस्सी से फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक दिनेश के पिता रघुनाथ नें बताया कि वह रात लगभग 3रू40 बजे घर के बाहर पेशाब के लिए उठे तो पुत्र फंासी पर झूल रहा था। जिस पर उन्होंने अपनी पुत्री मधु पत्नी मनोज को जानकारी दी । पड़ोसी अशोक कुमार नें डायल 112 को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पंहुची। पुलिस नें जाँच पड़ताल करके शव को पीएम के लिये भेज दिया। मृतक की बहन मधु का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोग झुलसे, एक की मौत

**फर्रुखाबाद।** आकाशीय बिजली गिरने से तीनं लोग गंभीर रूप से झुलस गये । जिससे एक पशु पालक मजदूर प्रेमपाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। थाना पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरवाये जाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए फ्तेहगढ़ भिजवा दिया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमसाबाद लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने एम्बुलेंस द्वारा लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफ्र कर दिया।

शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर बैरागर निवासी प्रेमपाल पुत्र बाबूराम उम्र 35 वर्ष गुरुवार को अपने पशुओं को चराने के लिए पड़ोसी गांव एक हेकडगंज गया था। साथ में हेकलगंज निवासी प्रेमपाल पुत्र गया दिन उम्र 45 वर्ष तथा सच्चू पुत्र रतीराम उम्र 35 वर्ष भी गया था। तीनों हेकलगंज निवासी जयपाल सिंह के खेत में पशुओं को चरा रहे थे। उसी दौरान हवाओ के मध्य बारिश होने लगी। देखते ही देखते आकाशीय बिजली कडकने लगी। डर के साए में तीनों लोग एक छाते के नीचे खड़े हो गए। अचानक आकाशीय बिजली गिरी जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से झुलस गए। पशु पालक मजदूर प्रेमपाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि प्रेम पाल पुत्र गयादीन तथा सच्चू पुत्र रतीराम दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जब बारिश थमी तो लोग खेतों की ओर गुजरे तब ग्रामीणों ने तीनों लोगों को गंभीर अवस्था में पड़े देखा। घटना की सूचना उक्त लोगों के घर परिवार के लोगों को दी तो घर परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। मौके पर तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। परिजनों के अनुसार घटना की सूचना लगभग 7 बजे डायल 112 नंबर पर दी गई जबकि यह घटना लगभग 5 बजे के करीब होनी बताई गई। 10 बजे थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जांच पड़ताल की शमसाबाद थाना पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरवाये जाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए फ्तेहगढ़ भिजवा दिया गया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमसाबाद लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने एम्बुलेंस द्वारा लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफ्र कर दिया। मेहनत मजदूरी के जरिए घर परिवार का भरण पोषण करने वाले प्रेमपाल की मौत के बाद घर परिवार के सदस्यों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। पत्नी जावित्री देवी तथा बच्चों में राधा अंशिका आशीष गुडिया सभी लोग मृतक के शव पर बुरी तरह बिलख रहे थे।

## समाजसेवी शांति सोहन के नाती शौर्य मित्तल निभाएंगे महाराज अग्रसेन की भूमिका

**पुखरॉया, कानपुर देहात।** श्री अग्रवाल सभा समिति पुखरॉया द्वारा आयोजित महाराज अग्रेसने जयॅती महोत्सव के स्वर्णिम महोत्सव में महाराज अग्रसेन की भूमिका इस बार शहर के प्रमुख समाजसेवी शॉति सोहन मित्तल के नाती शौर्य मित्तल निर्वाह करेंगे। शॉति मोहन मित्तल कस्बे के प्रमुख समाजसेवी तथा कोरोना काल में उनके द्वारा किये सेवा कार्य की प्रशॅसा सभी कस्बेवासी करते है। अग्रवाल सभा के पदाधिकारी उमॅग अग्रवाल ने बताया कि महाराज अग्रसेन कर्मठता के प्रतीक है, उनकी कर्मठता व विचारों को सम्मान प्रदान करते हुये 25 सितम्बर को फैंसी ड्रेस, नृत्यकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, 26 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। भण्डारे के बाद तीन बजे से शोभायात्रा का आयोजन किया



जायेगा शोभा यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुये दोबारा अग्रसेन भवन में आकर समाप्त होगी। उसके बाद आरती, गोष्ठी, मेधावी प्रतिभागियों का सम्मान, पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। वहीं शॉथ्त मोहन मित्तल ने बताया कि मेरे पौत्र शौर्य मित्तल को इस बार महाराजा अग्रसेन जयॅती महोत्सव में महाराजा अग्रसेन की भूमिका निर्वाह करने का दायित्व मिला है, जिसके लिये वह पुखरॉया की अग्रवाला सभा का आभार व्यक्त करते है।

## खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर नमूने जांच को भेजे

**कानपुर देहात।** मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश दीक्षित के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहीत कर जॉच के लिये भेजे। एक दिवसीय खाद्य विभाग के इस विशेष अभियान से आम जनमानस को सुरक्षित दुग्ध एवॅ दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता की गुणवत्ता पर व्यापक असर की सॅभावना व्यक्त की जा रही है।

आम जनमानस को सुरक्षित दुग्ध एवॅ दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने के लिये मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश दीक्षित के नेतृत्व में एक दिवसीय विशेष अभियान खाद्य सुरक्षा एवॅ औषधि विभाग द्वारा सॅचालित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धीरज कुमार दीक्षित ने शिवली, गहलौ व रसूलाबाद में छापेमारी कर सुजीत कुमार, धीरेन्द्र पाल, कुलदीप दूध डेयरी, मे0 मदर दूध डेयरी मोहन सिंह रावत के मिश्रित दूध के नमूने



संग्रहीत किये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुधा कनौजिया ने जीरेपुर, सुनील कुमार ने देवीपुर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामबिहारी ने बारा ओवरब्रिज के पास, रूचि बाजपई ने पुरानी मण्डी मूसानगर, विनीता यादव ने कौरोवा में छापेमारी कर दुग्ध व दुग्ध उत्पादों के नमूने संग्रहीत कर जॉच के लिये भेजे है।

## प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा, पुनि सब विपरन आयुष दीन्हा

**फर्रुखाबाद।** मानस सम्मेलन के अंतिम दिन श्रीराम ने रावण को मारकर विजय प्राप्त की। इसके बाद पुष्पक विमान पर बैठकर श्रीराम अयोध्या पहुंचे ।अयोध्या में उनका गुरु वशिष्ठ ने राजतिलक किया । सांसद मुकेश राजपूत ने राम दरबार का सर्वप्रथम राजतिलक किया । इसके बाद श्रीमती अनिता दिबेदी सहित सभी मानस प्रेमियों ने राम दरबार का राजतिलक किया। सांसदजी ने बोलने से मना कर दिया कहा कि वह केवल राम कथा सुनने आए है।

पंडा बाग के सत्संग भवन में मानस के संयोजक डा रामबाबू पाठक ने राम राज्याभिषेक पर चर्चा करते हुए कहा कि चौदह वर्ष का वनवास काटकर राम ने रावण का संहार किया । राम ने रावण के संहार को तीस बाण छोड़े एउससे उनके दस सिर व बीस भुजा, काटी पर सभी सिर व भुजा, फ्रि से निकल आई ।अगली बार रावण के भाई विभीषण की सलाह पर राम ने 31 बाण छोड़े ए उस एक बाण ने रावण की नाभी के अमृत को सोख दिया,दस सिर,बीस भुजा, कटते ही रावण धराशाई



हो गया। उसके बाद विभीषण का लक्ष्मण द्वारा राजतिलक किया गया। श्रीराम ने हनुमान को रावण संहार की सूचना जानकी को देने भेजा । जानकी का श्रंगार करके उन्हे श्रीराम से मिलवाया गया । राजा विभीषण से श्रीराम ने विमान का प्रबंध करने को कहा बताया कि यदि मैं लंका से अयोध्या सीधे नहीं पहुंचा तो मेरा भाई भरत समय गुजरने के बाद आत्महत्या कर लेगा । श्रीराम ने इससे पहले हनुमान से अयोध्या पहुंचकर भरत को सूचना देने भेजा कि राम, सीता, लक्ष्मण सीधे अयोध्या आ रहे है। अयोध्या पहुंचकर श्रीराम हर भाई से गले मिले और राम,जानकी एलक्ष्मण ने सभी माताओं कौशल्याए सुमित्रा व कैकेई के पैर छूकर आशीर्वाद लिया । जालौन से पधारे मानस विद्वान ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने राम राज्याभिषेक पर कहा कि श्री राम ने अपने सभी भाइयों को अपने हाथो से नहलायाए उन सभी के उलझेबालोको सुलझाया। सभीको वस्त्र पहनकर तैयार किया । अयोध्या के दरबार में सभी संत ,पंडित,सभी देवी ,देवता मौजूद थे । गुरु वशिष्ठ ने अपनी दिव्य शक्ति से दिव्य आसन मगवा लिया । शुभ मुहूर्त में श्रीराम व जानकी को आसन पर विराजमान करके राजतिलक किया ।प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा, पुनि सब विप्रन आयुष दीन्हाए। ओरेया की मानस कोकिला श्रीमती मिथिलेश दीक्षित ने मंगल गीत गायाए गाओ गाओ री सुमंगल गीत राघव राजा बन बैठे । इसके अलावा जबलपुर की सुश्री आस्था दुबे ने भी गीत प्रस्तुत किया। अंत में सभी मानस विद्वानों को पट्टिका उड़ाकर एगिफ्ट देकर व पांच दिन के परिश्रम की राशि लफाफे में रखकर सभी विद्वानों को विदा किया गया। ज्योतिर्लिंग के निर्माता अनिल त्रिपाठी ने नगर विधायक की पत्नी सहित सभी विद्वानों को ज्योतिर्लिंग की बड़ी तस्वीर भेट की । उसके बाद सभी विद्वानों को सम्मान से विदा किया गया। संचालन रामेंद्र मिश्र और तबले पर संगत नंदकिशोर पाठक ने की। इस मौके पर अशोक कुमार रस्तोगी, रामबरन दीक्षित, सुजीत पाठक,मनीष मिश्रा, बी के सिंह,ज्योति स्वरूप अगिहनोत्री, डा श्रीकृष्ण गुप्ता, संजय गर्ग, शशि रस्तोगी, लक्ष्मी, संध्या पाठक, रजनी लौगानी, अपूर्व विशेष, अद्भुत, वरुण, अभिषेक पांडे, रविंद्र भदौरिया, मोहन लाल गौड,अनुराग पांडे रिंकू आदि सैकड़ों मानस श्रोता मौजूद रहे ।

## क्विक न्यूज

### नहर में डूबकर नेत्रहीन महिला की मौत

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम पहड़िया मजरे पुरबुजुर्ग में शाम नहर में गिरकर 60 वर्षीय नेत्रहीन महिला की डूबकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पहड़िया मजरे पुरबुजुर्ग गांव निवासी रामविशाल की पत्नी बसदेवीया जिसे ऑखों से दिखाई नही देता था। बताते है कि शाम वह डण्डे के सहारे जा रही थी। तभी अचानक नहर में जा गिरी। जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ौरी एनएच-2 में देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 35 वर्षीय अज्ञात युवक की गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। वही शुक्रवार की सुबह मृतक के परिजनों ने सदर अस्पताल मर्च्युरी पहुंचकर मृतक की पहचान आशीष पुत्र स्व0 रामखेलावन निवासी रेवाड़ी बुजुर्ग थाना कल्यानपुर के रूप में करते हुये बताया कि मृतक मंदबुद्धि का था और देर शाम घर से निकल गया था। काफ्री खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नही मिली लेकिन सुबह घटना की जानकारी सुन सदर अस्पताल पहुंच मृतक की पहचान की।

### नहर से मिला युवक का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** जाफ्रगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नहर से ग्रामीणों की सूचना पर एक लगभग 35 वर्षीय युवक शव बरामद करते हुये विच्छेदन गृह भेजा है। वहीं मृतक के परिजनों ने हत्याकर शव को नहर में फेकने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार थाने के बहादुरपुर गांव निवासी रामआसरे सोनकर पुत्र राजेन्द्र सोनकर सुबह घर से निकल गया था। काफ्री देर बीत जाने पर जब वह घर नही पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। काफ्री तलाश करने के बाद गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर नहर से राजेन्द्र का शव बरामद हुआ। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या कर शव को नहर में फेंकने का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व जमीन को लेकर कहा सुनी हुई थी। इसी खुन्नस को लेकर उसकी हत्या की गई। वही पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

### अज्ञात युवक का शव बरामद

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सथरियांव के समीप ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने एक लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा है। पुलिस ने आस पास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नही हो सकी है।

### आग से किशोरी झुलसी

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नरैनी में संदिग्ध परिस्थितियों में 17 वर्षीय किशोरी आग की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से झुलस गई। जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। जहॉ उसकी हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिये रेफ्र कर दिया। जानकारी के अनुसार नरैनी गांव निवासी की भगवत पाण्डेय पुत्री रश्मि पाण्डेय देर शाम संदिग्ध अवस्था में आग की चपेट में आ गई जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। शोर शराबा सुनकर मौके में पहुंचे परिजनों ने किशोरी के शरीर में लगी आग को जल्दी-जल्दी बुझाया और तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया। जहॉ इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुये कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिये रेफ्र कर दिया।

### त्योहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**फतेहपुर।** थाना थरियांव में क्षेत्राधिकारी थरियांव के द्वारा सभी धर्मो के धर्मगुरुओं व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ आगामी त्योहार नवरात्र व दशहरा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पीस कमेटी की मीटिंग की गई। शासन द्वारा दिये गए निर्देशों से अवगत कराते हुए पालन करने की अपील की गई। वहीं थाना गाजीपुर व थाना जाफ्रगंज में एसडीएम सदर व क्षेत्राधिकारी जाफ्रगंज के द्वारा सभी धर्मो के धर्मगुरुओं व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ आगामी त्योहार नवरात्र व दशहरा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पीस कमेटी की मीटिंग की गई। शासन द्वारा दिये गए निर्देशों से अवगत कराते हुए पालन करने की अपील की गई।

### जामताड़ा सीजन 2 हुआ जारी

**लखनऊ।** नेटफ्लिक्स ने 23 सितंबर को जामताड़ा- सबका नंबर आएगा का सीज़न दो जारी किया है। बड़े साहसिक घोटालों और नए खतरों के साथए जो सामने आया उसका इंतजार अब खत्म हो गया है। जहां हम सनी, गुड़िया, ब्रजेश भान और रॉकी में अपने पसंदीदा पात्रों की प्रतीक्षा कर रहे थे, वहीं कुछ नए खिलाड़ी सीजन दो में प्रवेश कर रहे हैं।। उनमें से एक बेहद टैलेंटेड अभिनेत्री सीमा पाहवा भी हैं जोकि गंगा देवी का किरदार निभाने के लिये पूरी तरह तैयार हैं। बेहद ही जोड़.तोड़ करने वाली और शातिर राजनेत्री गंगा देवी चुनाव लड़ती नजर आएंगी और ब्रजेश भान को कड़ी टक्कर देंगी।

### किसान 72 घंटे के अंदर फसल नुकसान की सूचना करायें उपलब्ध

**कानपुर देहात।** जिला कृषि अधिकारी डा उमेश कुमार गुप्ता नेकृषक बंधुओ को अवगत कराया है कि वर्तमान में मौसम स्थिति खराब है ऐसे में जिन किसान भाई की फ्सल.ज्वारए बाजराए मक्काए तिल आदि (धान की फ्सल छोड़कर)अतिवृष्टिध्जलभराव से प्रभावितध्खराब हुयी है एवं फ्सल का बीमा है केवल वही कृषक 72 घंटे के अंदर नुकसान की व्यक्तिगत सूचना कंपनी के टोल फ्री नंबर.18002005142 अथवा 18008896868 पर शिकायत दर्ज करवा कर प्रधानमंत्री फ्सल बीमा योजना का लाभ ले सकते है। अथवा अपनी नुकसान की शिकायत बीमा कंपनी.कृषि विभाग के जनपदध्तहसील स्तर पर स्थापित कार्यालयों या प्रत्येक विकास खंड पर स्थापित राजकीय कृषि बीज भंडार पर जमा कर दर्ज करवा सकते है।

### ब्लैक स्पॉटों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**फतेहपुर।** प्रदेश में बढती हुई सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु के नियंत्रण एवं निवारण हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में समिति द्वारा चिन्हित कुल 25 ब्लैक स्पॉटो के सुधारीकरण का कार्य पूर्ण कराने के लिये कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने जनपद के चिन्हित ब्लैक स्पाटों पर बिन्दुवार व विभागवार समीक्षा की। बैठक में उपस्थित संबंधित सदस्यों को बैठक के उददेश्य से अवगत कराते हुये ब्लैक स्पाटों के सुधारीकरण से संबंधित सुझाव एवं उपायों को 30 दिन के भीतर क्रियान्वन करने के लिये संबंधित विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये गये। बैठक में श्रीमती पुष्पांजलि मित्रा गौतम, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), ए0के0 सील मुख्य अभियन्ता पीडब्ल्यूडी, शैलेन्द्र कुमार, पीडब्लूडी आशुतोष सिंह, पीएनसी शैलेन्द्र प्रसाद, एनवएचएआई कानपुर आदि उपस्थित रहे।

## फ्लाई ओवर की सर्विस लाइन बनी डग्गामार वाहन स्टैण्ड

संवाददाता। घाटमपुर

● पैदल निकलना हुआ दुश्वार, आटो रिक्शा चालक भी मचाये रहते हैं धमा चौकड़ी

● आये दिन होती रहती हैं दुर्घटनाएं, पुलिस बनी रहती है अनजान

**कहावत** है खुदा मेहरवान तो गधा पहलवान ये कहावत भले ही हो पर इन दिनों ये कहावत नगर के मुख्य चौराहे पर बन रहे ओवर फ्लाई की सर्विस लाइन पर अब कानपुर रोड पर चलने वाले डग्गामार वाहन बकायदा स्टैंण्ड बना रखा है। सर्विस लाइन पर ही आटो रिक्सा और मैजिकें खड़ी होने से राहगीरों को निकलना दुश्वार हो रहा है, येसा भी नही है कि कानपुर रोड के अलावा कोतवाली व तहसील गेट के सामने खड़े होकर सवारी बैठानें-उतारने वाले इन डग्गामार वाहन चालकों की गुण्डा-गर्दी की शिकायतें समय-समय पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से न की जाती हो लेकिन अधिकारी अधिनस्तों को केवल कार्यवाही करने का हुक्म सुना भर देते हैं, बीते बिधान सभा के चुनाव दौरान तत्कालीन जिलाधिकारी देहा शर्मा जब यहॉं आयीं थी तब भी उन्होंने डग्गामार वाहनों को हाइवे से खदेड़ने का आदेश दिया दिया था लेकिन डग्गामार वाहनों का संचालन आज तक बदस्तूर जारी है। यही नही तत्कालीन एसपी आउटर अजीत सिन्हा ने डग्गामार वाहनों को पालिका द्वारा निर्धरित पार्किंग स्थलों पर खड़े कराने आदेश तथा न मानने पर उनकी गैंगेस्टर के तहत गिरफ्तार का ऐलान किया था और इसके लिये कोतवाली व्रभारी को 30 अप्रैल तक समय दिया था लेकिन आधिनस्तों ने उनका आदेश भी हवा में उड़ा दिया, लोगों की माने तो बड़ी संख्या में मैजिक और आटो रिक्सा चालक दंवंग और अपराधी प्रबत्ति के हैं जो अक्सर सवारियों के साथ बदशलूकी करने से बाज नही आते है। उधर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी समय समय पर चिन्ता जताने के साथ अतिक्रमण हटाने तथा डग्गामार वाहनों को पालिका द्वारा निधार्रित पार्किंग स्थलों पर खड़े कराने का आदेश-निर्देश न जारी करते हो पर पुलिस की लोभी पकड के आगे आला अफ्सरों और जन प्रतिनिधियों के आदेश हवा हवाई न साबित हो रहे हैं।

नगर के चारो रोडों पर पालिका ने बिधिवत पार्किंग स्थल बना कर वहॉं वाहन स्टैण्ड के बोर्ड भी लगवा दिये हैं, अधिषाशी अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा के मुताविक मूसानगर-भोगनीपुर की ओर चलने वाले सवारी वाहनों के लिये गजनेर तिराहा और कानपुर रोड पर चलने वाले डग्गामार वाहन भीतरगांव तिराहा। इसी प्रकार जहानावाद रोड पर रेलवे फ्टक के आगे तथा हमीरपुर रोड पर शर्मा पेट्रोल पम्प के पास खड़े होंगे लेकिन डग्गामार मैजिक व आटो रिक्सा वहॉं न खडे होकर चौराहा के अलावा बस स्टाप खंड़े होते हैं जबकि मूसानगर रोड पर चलने वाले आटो रिक्सा व मैजिके कोतवाली तथा तहसील गेट के पास खड़े होकर सवारियॉं भरते रहते है।

### अति व्यस्तम रोड है मूसानगर रोड

घाटमपुर-वैसे तो चौराहे के साथ-साथ चारो राष्ट्रीय कृत मार्गों पर अतिक्रमण का बोल बाला है पर मूसानगर रोड पर कुछ ज्यादा ही है। वन वे सड़क किनारे कोतवाली व तहसील मुख्यालय के अलावा सिविल न्यायलय, उप निबंधक कार्यालय, दूरभाष केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र, नगर पालिका कार्यालय, बैंक के अलावा जीवन बीमा कार्यालय तथा दो महाबिद्यालयो के साथ आधा दर्जन उच्य प्राथमिक, प्राथमिक बिद्यालय, कई इन्टर कालेज भी स्थित है। मूसानगर रोड पर ही कई नर्सिंग होम व कोचिंग सेंटर भी संचालित हैं। लेकिन बाहन पार्किंग की ब्यवस्था शायद ही कहीं हो। नतीजा ये है कि दुपहिया व चौपहिया वाहनों की पार्किंग सड़क बन चुकी है। इसके अलावा दुकानदार भी पुटपाथ तक सामान रखा आगे अपना वाहन खड़ा करने से नही चूकते है। जिसके चलते पैदल और दुपहिया वाहन वाले जान जोखिम में डाल ट्रकों के आगे-आगे चलने को बिवश हैं।

## बेकाबू ट्रक ने छात्रा को रौंदा, दर्दनाक मौत

**फ्तेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के कस्बा बहुआ में सुबह साइकिल स्कूल जा रही 15 वर्षीय छात्रा को पुलिस चौकी के ठीक सामने बेकाबू ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद सैकड़ो ग्रामीणों ने बांदा सागर जाम करते हुये हंगामा शुरू कर दिया। वही उत्तेजित ग्रामीणों ने पुलिस चौकी में भी जमकर तोड़फ्रेड़ की। मौके में पहुंची आलाधिकारियों ने उत्तेजित ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। तब कही जाकर पुलिस शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह के लिये ले गई।

जानकारी के अनुसार ललौली थाने के सुजानपुर गांव निवासी राजकुमार की पुत्री अनुराधा उर्फ केतकी बहुआ इंटर कालेज में नौवीं की छात्रा थी। परिजनों ने बताया कि रोज की भांति सुबह साइकिल से अनुराधा स्कूल जाने के लिए निकली थी, तभी वह बहुआ पुलिस चौकी के पास ही पहुंची थी तभी बांदा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। भीड़ ने ट्रक चालक को पकड़ने का प्रयास किया तो वह भीड़ से बचने के लिए पुलिस चौकी में घुस गया।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर एडीएम ने दिये निर्देश

**फ्तेहपुर।** विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 से 31 अक्टूबर तथा दस्तक अभियान 07 से 21 अक्टूबर तक संचालित किये जाने हेतु जनपद स्तरीय अर्न्तविभागीय बैठक अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने संचारी रोगों पर सफ्लतापूर्वक नियन्त्रण पाने के लिये संबंधित विभागीय अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए उत्तरदायित्वों का निर्वाहन पूरी जिम्मेंदारी से करने के निर्देश दिये। बताया कि अधिकतर बीमारिया गन्दगी होने से पनपती व फैलती है। अगर अपने घर के आस पास सफ्राई रखेंगे तो संचारी रोगों को पनपने का मौका ही नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि आगामी 01 से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफ्ल संचालन के लिए माइक्रो प्लान बना ले। इसमें 07 से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान के तहत घर-घर सर्वे कर फ्लू, खांसी, बुखार के रोगियों व कुपोषित बच्चों की जांच की जाए। बैठक में विभिन्न विभागों यथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज/विभाग ग्राम विकास विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग आदि के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे जानकारी विस्तार से देते हुए कहा कि दस्तक अभियान के तहत संचारी रोग के मरीजों की चिन्हित कर उपचार किया जाय। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य संबंधित विभागों की भी इसमें बराबर की भागीदारी है। विभाग आपसी समन्वय से इस अभियान की सफ्लता सुनिश्चित करें।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि संचारी रोगों से बचाव के लिए 01 से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण तथा 07 से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि संचारी रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को या पशुओं से इंसान को हो सकती है। उन्होने बताया कि टीवी, डिप्थीरिया, रैबीज, टिटनेस तथा हैपेटाइटिस आदि संचारी रोगों की श्रेणी में आती है। यह बीमीरियां दूषित हवा से, दूषित पानी से, दूषित खाना खाने से तथा मच्छरों के काटने से होती है। दस्तक अभियान में फ्रिजिकल डिस्टेंसिंग, हाथों की धुलाई और मास्क की अनिवार्यता पर विशेष ध्यान दिया जाय, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सावधानी रखते हुए लोगों को मलेरिया, डेंगू एवं कोरोना से बचाव के बारे में बेहतर तरीके से जागरूक कर सकें। आशा कार्यकर्ता तथा आंगनवाड़ी द्वारा घर घर जाकर लोगो को संचारी रोगों से बचाव के उपाय, लक्षण एवं निकटतम स्वास्थ्य केंद्र के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। इस दौरान आशा कार्यकर्त्ताओं द्वारा दिमागी बुखार के लक्षणों एवं उपचार के विषय में समुदाय को जागरूक किया जाएगा। आशा द्वारा घरो के अंदर प्रवेश कर मच्छरों के पैदा होने वाली परिस्थितियों का निरीक्षण कर, नागरिको को जागरूक भी करें।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 24 सितंबर, 2022


# तीन दिवसीय प्रदर्शनी का स्मृति इरानी ने वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ

**● स्थानीय उत्पादों और व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए एक जनपद एक उत्पाद प्रदर्शनी का हुआ आयोजन**

संवाददाता। अमेठी



कार्यक्रम में उपस्थित सीडीओ व अन्य


प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए डीएम

**उत्तर प्रदेश** सरकार की महत्वाकांक्षी एक जनपद एक उत्पाद योजना अंतर्गत आज जनपद अमेठी में मूंज प्रोडक्ट एवं खाद्य प्रसंस्करण संबंधित उत्पादों के अंतर्गत गुरुकुल ज्ञान एकेडमी मुसाफिरखाना रोड गौरीगंज में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद स्मृति जुबिन इरानी ने वर्चुअल माध्यम से किया एवं हस्तशिल्पियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का ऑनलाइन अवलोकन किया। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले हस्तशिल्पियों को संबोधित करते हुए माण् सांसद महोदया ने कहा कि प्रदेश सरकार इस मूंज उत्पाद में संलग्न उद्यमियों के आर्थिक प्रगति एवं जनपद के इस हस्त उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए उनकी सहायता हेतु उनके लिए तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम, उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए उनके उत्पादों की बिक्री हेतु विभिन्न मेलों का आयोजन कर रही है। उनकी बिक्री हेतु ऑनलाइन ई मार्केट की व्यवस्था की गई है जिससे जनपद के उद्यमियों का आर्थिक विकास हो सके। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि जनपद के चिन्हित मूंज उत्पाद के साथ.साथ खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों को भी एक जनपद एक उत्पाद के तहत सम्मिलित कर लिया गया है जिससे खाद्य प्रसंस्करण के उद्यमियों को भी अपार लाभ प्राप्त होने की संभावना है। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा प्रदर्शनी में भाग लेने वाले हस्तशिल्पि उद्यमियों को प्रोत्साहित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम में सांसद को प्रदर्शनी की पूरी रूपरेखा, कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन की पूरी प्रक्रिया बताई गई एवं उन्होंने हस्तशिल्पियों को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया तथा हस्तशिल्पियों द्वारा जनपद के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर स्टाल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र राजीव कुमार पाठक ने बताया कि इस प्रदर्शनी के साथ.साथ अगले 2 दिन तक इन्वेस्टर्स समिट का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिन पुनीत कुमार भलोटिया द्वारा एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत 1.60 करोड़ के औद्योगिक निवेश का जिला उद्योग केंद्र के साथ एमओयू हस्ताक्षर किया व इसी प्रदर्शनी में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा इनकी परियोजना को प्राथमिक स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक द्वारा सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम में उक्त के अतिरिक्त डीसी एनआरएलएम सुनील तिवारी, सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र, भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी, सुधांशु शुक्ला, ओपी सिंह एवं केशव सिंह, नगर पालिका परिषद जायस के चेयरमैन महेश सोनकरए भाजपा के अन्य पदाधिकारी दलजीत सिंह, हेमंत विक्रम सिंह, राजीव शुक्ला, भवानी प्रसाद सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## सीएमओ कार्यालय में मनाया गया आयुष्मान भारत दिवस


लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष

**अमेठी।** आयुष्मान योजना के 4 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयुष्मान भारत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के द्वारा केक काटकर आयुष्मान भारत दिवस मनाया गया। इसके उपरांत फेको विधि से मोतियाबिंद का ऑपरेशन वाले लाभार्थियों से चर्चा की गईए साथ ही 10 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। सूर्या अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना के चिकित्सक को आयुष्मान भारत योजना में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयुष्मान भारत में जनपद स्तर पर कार्यरत जिला क्रियान्वयन इकाई के डॉ अनूप कुमार तिवारी, जिला समन्वयक चंद्रजीत यादव, जिला शिकायत प्रबंधक विपिन कुमार, जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक को भी प्रमाण पत्र देकर के सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा विमलेंदु शेखर द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष को पुष्प भेंट करके स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर नवीन कुमार मिश्रा, सीएमओ, संजय कुमार नोडल आयुष्मान भारत उपस्थित रहे।

## कर-करेत्तर, राजस्व वसूली व राजस्व कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

**● राजस्व कार्यों व राजस्व वसूली की प्रगति में सुधार लाएं संबंधित अधिकारीः डीएम**

संवाददाता। अमेठी


बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम

**जिलाधिकारी राकेश** कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कर.करेत्तरए राजस्व वसूली व राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में परिवहनए आबकारीए विद्युतए व्यापार करए खननए स्टाम्पए नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा किया तथा कम वसूली वाले विभागों को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भू.राजस्वए विविध देय में कम वसूली करने पर नाराजगी जाहिर कीए इसके साथ ही वसूली की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली में कई विभागों की स्थिति ठीक नहीं है और उनकी क्रमिक उपलब्धि भी मासिक वसूली के सापेक्ष पीछे हैं। उन्होंने कहा कि इस माह विशेष प्रयास कर वसूली में सुधार लाए। डीएम ने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि अपनी.अपनी तहसील अंतर्गत सबसे कम वसूली करने वाले रेगुलर व सीजनल अमीनो को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आडिट आपत्तियों का समयांतर्गत निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों व राजस्व वादों के निस्तारण को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का संबंधित लेखपालों द्वारा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण संपूर्ण समाधान दिवस व जनता दर्शन में दूर.दराज के गांव से शिकायतकर्ताओं को बार.बार आना पड़ता है, यह स्थिति संतोषजनक नहीं है, उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी भूमि, चकमार्ग, खलिहान आदि पर कब्जों की शिकायत पर तत्काल संबंधित लेखपाल द्वारा निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार स्वयं गांव में जाकर अवैध कब्जों, वरासत व अन्य राजस्व के कार्यों को लेकर जन समस्याएं सुने एवं उनका मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी तहसीलदार, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, एक्सईएन विद्युत, एआईजी स्टाम्प, अधिशासी अधिकारी, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बार एसो. ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए पदाधिकारी

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** स्थानीय बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसडीएम सविता यादव को सात सूत्री ज्ञापन सौंपा। बार एसोसिएशन ने यूपी रेवेन्यू कोर्ट मैनुअल व राजस्व संहिता 2006 एवं उत्तर प्रदेश राज्य संहिता नियमावली 2016 के नियमों की अवहेलना कार्यवाही की जाने से अधिवक्ताओं को होने वाली असुविधा से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। शुक्रवार को स्थानीय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरु प्रसाद त्रिपाठी व महामंत्री संजय शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एसडीएम सविता यादव को अपनी सात सूत्री मांगों के संबंध मे ज्ञापन सौंपा।अधिवक्ताओं ने एसडीएम सविता यादव को अवगत कराते हुए कहा कि तहसीलदार द्वारा 10 बजे कोर्ट में बैठकर प्रतिकूल आदेश पारित किया जाता है। जबकि कई अधिवक्ता तहसील क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों से आते हैं ।साक्ष्य एवं बहस में बिना नियति किए बिना आदेश कर देने से अधिवक्ताओं का हित प्रभावित हो रहा है।इसके साथ ही राजस्व निरीक्षक की सीट पर कर्मचारी न मौजूद होने व समुचित व्यवस्था करने की मांग की है।इसके साथ ही वादकारियों व अधिवक्ता हितों से संबंधित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया है।इसके साथ ही प्राइवेट व्यक्तियो द्वारा कार्य करने से दलाली को बढ़ावा मिल रहा है।इसलिए बाहरी प्राइवेट व्यक्तियो को हटाने की मांग की है। उक्त मौके पर पूर्व अध्यक्ष बलदेव सिंह के के सिंह रमा शंकर तिवारी जगत राम पाल संतोष पाण्डेय अंजनी मिश्र सुनील कुमार राजेंद्र यादव सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## इलाज में लापरवाही बरतने की डीएम से शिकायत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** क्षेत्र के नारा अढनपुर गांव निवासी संदीप पाण्डेय ने डीएम राकेश कुमार मिश्र को दिए शिकायती पत्र देते हुए पिता के इलाज में लापरवाही बरतने की शिकायत की है। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव नारा अढनपुर निवासी संदीप पाण्डेय ने डीएम राकेश कुमार मिश्र को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पिता राजकुमार पाण्डेय को डेंगू के बुखार का इलाज श्रद्धा डायगोनेस्टिक सेंटर अढनपुर में किया जा रहा था। संदीप पाण्डेय ने सेंटर के मालिक डॉक्टर दिनेश मिश्र पर पिता की लगातार बिगड़ती स्थिति के बावजूद भी रिफर न करने का आरोप लगाया है।संदीप के अनुसार उसके पिता राजकुमार पाण्डेय को लगातार चार दिन ग्लूकोज चढ़ाया जाता रहा ।हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उन्हें लखनऊ के एक अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई।

## दैनिक कामों में हिंदी के प्रयोग का संकल्प लेंः कलसी

**● आरेडिका में हुआ राजभाषा पखवाड़ा पुरस्कारों का वितरण**



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में मुख्य राजभाषा अधिकारी सुरेश कुमार सैनी के नेतृत्व में राजभाषा क्रियान्वयन, प्रचार प्रसार हेतु राजभाषा पखवाड़ा के आयोजन के दौरान चल रहे कार्यक्रमों में आज 23.09.2022 को मुख्य अतिथि आरेडिका महाप्रबंधक, एसएस कलसी के द्वारा विभिन्न प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में कहा किए हम सब एक क्षेत्र में रहते हैं। हम सबको राजभाषा में कार्य करते हुए गर्व का अनुभव करना चाहिए। हम सब संकल्प लें कि हम अपने दैनिक कामों अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करेंगें। महाप्रबंधक ने आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी सुरेश कुमार सैनी एवं राजभाषा अधिकारी संजय निगम के नेतृत्व में राजभाषा विभाग द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों के लिए के नगद पुरस्कार की घोषणा की। घरेलू कवि सम्मेलन के लिए अशोक कुमार गुप्ता एईडीपीएम ने प्रथम एवं विवेकानंद व्यास तकनीशियन ने द्वितीय और सुरेश कुमार तकनीशियन, ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पत्र लेखन में शिखा रावत कार्य अधीक्षक मो. जीशान वरि.अनु.अभि. सौरव सचान टी.सी.एम. ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में सौरव सचान टी.सी.एम. ने प्रथम और मो. जीशान वरि.अनु. अभि. ने द्वितीय और शिखा रावत कार्य. अधीक्षक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। तकनीकी शब्दावली में राहुल कुमार आशुलिपिक प्रथम, आर्दश सिंह बघेल द्वितीय सौरभ सचान तृतीय स्थान पर रहे। प्रश्नोत्तरी में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ग्रुप ने प्रथम और भारतेंदु हरिश्चन्द्र ग्रुप ने द्वितीय और मुन्शी प्रेम चन्द ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## पुलिस मुठभेढ़ में तीन अन्तर्राज्यीय शातिर चोर गिरफ्तार

**● करीब 5 लाख रुपये के जेवरात व 3 लाख रुपये नकद बरामद**



**रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध थाना जगतपुर पुलिस व एसओजी सर्विलांस टीम पुलिस मुठभेड में 3 अन्तर्राज्यीय शातिर अपराधी अर्जुन कुमार उर्फनीरू खरवार पुत्र चुन्ना खरवार निवासी मोहल्ला पटेल नगर कस्बा व थाना विक्रमगंज जनपद रोहताश बिहार, निहाल कुम्हार पुत्र केशवराम निवासी शेखपुर थाना रौनाही जनपद अयोध्या हालपता- मोहल्ला पटेल नगर कस्बा व थाना विक्रमगंज जनपद रोहताश बिहार, बभन पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी मोहल्ला पटेल नगर कस्बा व थाना विक्रमगंज जनपद रोहताश बिहार को पुलिस मुठभेड़ में थाना क्षेत्र के बिंदागंज शारदा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया जिनमें से अर्जुन व निहाल उपरोक्त को पुलिस मुठभेड़ में गोली लगी है, जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया है । सोने-चांदी के जेवरात कीमत करीब 05 लाख रुपये, कुल 3,03,800/-रुपये नकद, 1 अदद तमन्चा व 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 2 अदद तमन्चा व 2 अदद जिन्दा व 2 अदद खोखा कारतूस 12 बोर आदि बरामद हुये है । अभियुक्तों के विरूद्ध थाना जगतपुर पर मु.अ.सं.-282 /2022 धारा-307,457,380,411,414 भादवि व धारा-7 सीएलए एक्ट व मु.अ.सं.-283,284,285/2022 धारा-3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि जून के माह मे चांदमऊ और रामगढ टिकरिया थाना जगतपुर , थाना भदोखर के झकरासी, थाना गदागंज के ग्राम हमीर मऊ मे चोरी की थी तथा जुलाई के महीने में थाना जगतपुर के ग्राम सान्हूकुआं, थाना लालगंज के ग्राम चंदा, थाना डीह के पूरे नरायण, थाना मिलएरिया के जवाहर कॉलोनी, थाना सरेनी के ग्राम रामपुर मे चोरी की थी । माह अगस्त में थाना गुरुबक्शगंज के गढी दुलाराय मे चोरी की थी । हमारे ही गिरोह के कुछ लोग पूर्व मे थाना बछरावां पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजे गये है। चोरी के माल व रुपयों को हम लोगों आपस मे बांट लेते है जो माल आपने बरामद किया है वह इन्ही चोरियों से संबंधित है। जनपद रायबरेली के अलावां उक्त अपराधियों ने जनपद सिद्धार्थनगर और गाजीपुर जिलों मे भी 50 से अधिक चोरी की घटना कारित करने की बात स्वीकार की है । उपरोक्त अपराधियों का एक संगठित गिरोह है जो अधिकांशतः रेलवे लाइन के आस-पास डेरा डाल कर महिलाओं के साथ रहते है और समय-समय पर अपना डेरा बदलते रहते है ।

यह दिन में खिलौने, शहद, घरेलू सामान इत्यादि बेचने के बहाने गांव/शहर मे जाकर घरों की रेकी करते है और सुनयोजित तरीके से चोरी की घटना को अन्जाम देते है । चोरी करने के दौरान यह चप्पल या जूता नही पहनते है । हाथ मे धारधार हथियार और अवैध असलहें रखते है और विरोध होने पर जानलेवा हमला कर चोरी लूट करके भागते है। इनके कुछ व्यक्ति घटना कारित करने के दौरान घर के बाहर खडे होकर आने-जाने वाले लोगों पर निगाह रखते है और अन्दर चोरी कर रहे अपने दूसरे साथियों को विशेष विभिन्न प्रकार की आवाजे निकालकर सतर्क करते है । यह गिरोह मूलतः बिहार प्रान्त के रहने वाला है।

## एनटीपीसी में अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस कार्यक्रम संपन्न



**ऊंचाहार।** एनटीपीसी में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर दिव्यांग कर्मचारियों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक अभय कुमार समैयार ने की। श्री समैयार ने अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के उपलक्ष में सभी कर्मचारियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं और उनके सुझावों पर अमल करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य महाप्रबंधक ने सभी कर्मचारियों को भारतीय सांकेतिक भाषा शपथ दिलाई तथा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सांकेतिक भाषा की महत्ता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। श्री समैयार ने कहा कि दिव्यांग कर्मचारी अपने कार्य दायित्वों के निर्वहन में अपेक्षा से अधिक कार्य करते हैं। एनटीपीसी को अपने इन कर्मियों पर गर्व है और हम सभी को इन कर्मचारियों के कार्य क्षेत्र में भेदभाव रहित सकारात्मक वातावरण प्रदान करना चाहिए। ताकि वे अपनी कार्य क्षमताओं का अधिकतम सदुपयोग कर सकें। मानव संसाधन विभागाध्यक्ष श्रीमती वंदना चतुर्वेदी ने बताया कि दिव्यांग कर्मचारियों के साथ समय-समय पर बैठक करके उनकी समस्याओं को निरंतर दूर करने का प्रयास किया जाता है। निश्चित रूप से ये कर्मचारी कंपनी के लिए मानवीय संपदा हैं। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अजय सिंह, मानव संसाधन विभाग के अन्य अधिकारी तथा परियोजना में कार्यरत सभी दिव्यांग कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## क्विक न्यूज

### जहरीले जंतु के डसने से युवक की मौत

**ऊंचाहार।** सोते समय युवक को जहरीले जंतु ने डस लिया। जिसकी सीएचसी से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हटवा गांव निवासी गुरुदेव शरण 34 वर्ष पुत्र बालक राम बृहस्पतिवार की रात घर के बरामदे में जमीन पर बिस्तर लगा कर सो रहा था। तभी शुक्रवार की भोर में उसे किसी जहरीले जंतु ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर आनन-फानन में परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि शव को पंचनामे की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### मारपीट कर घर से भगाने का आरोप

**ऊंचाहार।** पचखरा गांव निवासी विवाहिता ने पति व सास पर मारपीट कर घर से भगाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। गांव निवासी रेनू देवी का कहना है कि उसकी शादी को ग्यारह वर्ष बीत गए हैं और उसके तीन बच्चे भी है, शादी के कुछ सालों के बाद से ही पति व सास द्वारा उसके साथ मारपीट की जाती है,और आरोप है कि गुरुवार की शाम उसके पति व सास ने मारपीट कर घर से निकाल दिया है, पीड़िता ने शुक्रवार को बच्चों संग कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि तहरीर मिली ,जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### गोवध अधिनियम के क़ई मामलों में वांछित 5 हजार के इनमिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**ऊंचाहार।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गोवध अधिनियम के क़ई मामलों में वांछित 5 हजार के इनमिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गुरुवार की रात नगर के बस स्टैंड पर पुलिस गोवध निवारण अधिनियम के कई मामलों में वांछित 5 हजार के इनमिया को गिरफ्तार कर कोतवाली लेकर आई, जिसके बाद शुक्रवार को उसे जेल भेजा गया है। कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि मो सईद पुत्र स्व मो जहूर निवासी महगांव मलाक थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जिसके ऊपर 5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था और उसके विरुद्ध वाराणसी, प्रयागराज, कौशाम्बी व ऊंचाहार में गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के दस मुकदमे दर्ज है जो अपने साथियों के साथ ऐसी घटनाओं को कारित किया करता था।

### पुलिस लाइन परिसर में सौ अपराधियों को बुलाकर लगाई गई उनकी कार्यशाला

**रायबरेली।** आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी जिले की अपराधियों को बुलाया जिनके ऊपर कई सारे संगीत आरोप लगे थे जो जेल जा चुके थे उनकी एक कार्यशाला का आयोजन पुलिस लाइन परिसर में किया गया जिसमें उनको सुधारने का मौका दिया गया साथ ही हिदायत भी दी गई कि अगर आपके क्षेत्र में कोई भी घटना होती है तो जांच के तौर पर पुलिस पहले आपसे ही बात करेगी और आप लोगों के द्वारा अतीत में जो भी अपराध किए थे उनको भूल कर एक आम इंसान की तरह जीवन का आनंद लीजिए इसके साथ ही अगर आपके क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध आपको दिखता है तो उसकी सूचना आप तुरंत पुलिस विभाग के किसी भी अधिकारी को दें जिससे कि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके और समाज में अमन-चैन की स्थापना की जा सके।

### खेत में खाद छिड़क रहे व्यक्ति की अचानक मौत

**सताँव (रायबरेली)।** गुरुबख्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के गाँव पूरे बजरंग बली में शुक्रवार की दोपहर उस समय कोहराम मच गया जब खेत मे खाद का बिखराव कर रहे, एक व्यक्ति की अचानक मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है घटना के बारे मे मिली जानकारी के मुताबिक गाँव पूरे बजरंगबली निवासी जगन्नाथ का 38 वर्षीय बेटा बीरेन्द्र शुक्रवार को अपने खेत मे खाद डाल रहा था। दोपहर बाद उसको पेट में दर्द महसूस हुआ तो वह खेत मे ही बैठ गया। बाद मे किसी तरह बीरेन्द्र घर पहुँचा, जहाँ उसके मुँह से खून की उल्टियां हुईं। कोई कुछ समझ पाता, उसके पहले ही बीरेन्द्र की मौत हो गई। घर के कमाऊ सदस्य की अकाल मौत से घर मे कोहराम मच गया। बीरेन्द्र की मौत से उसकी पत्नी व दो बच्चे बेसहारा हो गये। बीरेन्द्र की मौत की सूचना पुलिस को दी गई, तो पुलिस ने शव का पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### गरुण चेकिंग अभियान चलाया गया

**सतांव रायबरेली।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जिले की पुलिस समय-समय पर पुलिसिंग व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए पुलिस मुखिया अलोक प्रियदर्शी द्वारा आपरेशन गरूण वाहिनी का नया प्रयोग किया। इस गरूण वाहिनी आपरेशन में थानाध्यक्ष गुरूबक्शगंज की अगुवाई में थान क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध लोगों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। अपराध को रोकने के लिए अपराधियों के विरूद्ध पुलिस मुखिया अलोक प्रियदर्शी द्वारा आपरेशन गरूण वाहिनी के नये प्रयोग गुरूबक्शगंज थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह की अगुवाई में थाना क्षेत्र बैंकों, चौराहों व सड़क के किनारे व ढाबों पर के किनारे खड़े संदिग्ध लोगों व वाहनों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाकर आम जन मानस में पुलिस मित्र का परिचय दिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर गरूण वाहिनी 5-10 मोटर साइकिलों में पुलिस के सिपाहियों द्वारा क्षेत्र में भृमण कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ व उनके वाहनों के विरूद्ध चेकिंग की जाती है। इस अभियान में अपराधियों को पकड़ने तथा अपराध को रोकने में मदद मिलेगी।

### करंट लगने से भैंस मरी

मुसाफिरखाना, अमेठी। करेंट की चपेट में आने से भैंस की मौत को लेकर मंझेरिया निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में कार्रवाई की मांग की। गांव निवासी राजेश कुमार ने तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की शाम उनकी भैंस चरने गयी थी। शाम को वापसी के समय तालाब में पानी पीने गयी। तालाब में गड़े विद्युत पोल से करेंट उतरने की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गयी। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत पुलिस की पाठशाला में छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

**अमेठी।** आज रानी सुषमा देवी महाविद्यालय अमेठी में श्पुलिस की पाठशालाश् कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें क्षेत्राधिकारी अमेठी लल्लन सिंह द्वारा रानी सुषमा महाविद्यालय के छात्र.छात्राओं व उपस्थित शिक्षकों को श्मिशन शक्तिश् नारी सुरक्षाए नारी सम्मानए नारी स्वावलम्बन के तहत महिला शिक्षाए सुरक्षाए अधिकार व आत्मरक्षा पर विशेष जोर देकर जागरूक किया गया । आपात स्थिति में पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर फोन कर सकती हैं । छात्राओं को 1090.वीमेन पॉवर लाइन, 181.महिला हेल्प लाइन, 108.एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्रीहेल्पलाइन, 112.पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098.चाइल्ड लाइऩ, 102.स्वास्थ्य सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया । प्रत्येक थानों पर महिला शिकायतकर्ता के लिए स्थापित श्महिला हेल्प डेस्कश् के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयीएजहाँ पर कोई भी महिलाध्बालिका अपनी शिकायत गोपनीय तरीके से दर्ज करा सकती है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने 'वोकल फार लोकल' ओडीओपी प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ



**रायबरेली।** शासन के निर्देशानुसार जनपद- में वोकल फार लोकल की अवधारणा पर ओ0डी0ओ0पी0 उत्पाद एवं हस्त शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पाद की प्रदर्शनी का आयोजन 23 से 25 सितम्बर 2022 तक स्थान-सामुदायिक केन्द्र-आईटीआई0 परिसर (निकट निफ्ट) रायबरेली में आयोजित कराया गया है। कार्यक्रम में जनपद के 30 ओडीओपी उत्पाद के उद्यमियों एवं हस्त शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पाद के स्टॉल लगाये गये। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजना चौधरी ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रदर्शनी में आये सभी अतिथियों का उपायुक्त उद्योग नेहा सिंह एवं खादी ग्रामोद्योग अधिकारी ए0के0 गौतम द्वारा सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजना चौधरी एवं पुष्पेन्द्र सिंह आदि द्वारा ओडीओपी उत्पाद एवं हस्त शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पाद की प्रदर्शनी में लगे स्टालों का अवलोकन किया गया। उन्होंने उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा स्टाल की तारीफकी गई। वोकल फार लोकल ओडीओपी उत्पाद एवं हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पाद की प्रदर्शनी कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव, पुष्पेन्द्र सिंह, उपायुक्त उद्योग सुश्री नेहा सिंह, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अवधेश कुमार गौतम, अपर सांख्यिकीय अधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार गौतम, सहायक प्रबंधक रण विजय सिंह एवं नवीन कुमार, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, रायबरेली एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहें।

# पत्नी ने तीन साल बाद पति पर दर्ज कराया छेड़छाड़ का मुकदमा

**संवाददाता। बस्ती**

● क्रिकेट के 'यूथ आईकान' के भविष्य को बर्बाद कर रही पुलिस

● जिस खिलाड़ी ने सुरक्षा मांगी, उसके खिलाफ ही दर्ज कर दिया मुकदमा

**....जिस** लड़की की शादी तीन साल पहले कोर्ट और आर्य समाज मंदिर में रस्मो रिवाज के साथ हुई हो, अगर वही लड़की इतने सालों बाद अपने पति के खिलाफयह कहते हुए छेड़छाड़ सहित अन्य आरोप में मुकदमा दर्ज कराती है, कि उसकी शादी हुई ही नहीं और लड़का उसे रास्ते में छेड़ता है। इसे समाज क्या समझे और क्या माने। जो लड़की शादी के बाद पति-पत्नी की तरह एक सप्ताह तक रही हो, अगर वही लड़की अपने पति को ही लोफर और लफंगा बताकर मुकदमा दर्ज कराती है, तो इसे किसका दोष माना जाए समाज का या फिर लड़की का। हैरान करने वाली बात यह है, कि लड़का कोर्ट और आर्य समाज मंदिर में हुए षादी का प्रमाण-पत्र भी दे रहा है, मगर उसकी सुनने वाला कोई नहीं, मुकदमा दर्ज करने से पहले पुलिस ने भी ऐसे क्रिकेट के होनहार खिलाड़ी जिसे डीएम ने जिले का क्रिकेट का 'यूथ आइकोन' घोषित किया के बारे में छानबीन करना जरुरी नहीं समझा। सवाल उठ रहा है, कि मुकदमा दर्ज करने से पहले पुलिस ने खिलाड़ी के उन पत्रों पर क्यों नहीं ध्यान दिया जिसमें उसने लड़की के परिवार पर जान से मारने की बात लिखते हुए सुरक्षा की मांग की गई है। यह पत्र मुकदमा दर्ज करने के 15 दिन पहले लिखी गई। भले ही चाहे यह मुकदमा एसपी के आदेष पर दर्ज हुआ हैं, मगर कहीं न कहीं इस पूरे मामले में पुलिस प्रशासन पर चूक करने का आरोप लग रहा है। डीआईजी खुद बस्ती पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देष दे चुके है। बावजूद अगर कोई जिले का यूथ आइकान को पुलिस के चलते परेशान होना पड़ रहा है, तो यह पूरे पुलिस के लिए गंभीर बात है। जिस खिलाड़ी को पुलिस की ओर से सुरक्षा मिलनी चाहिए थी, उसके उपर मुकदमे का बोझ लाद दिया गया। मीडिया में भी यह मामला खूब उछल रहा है। मामला थाना परसरामपुर के ग्राम केषवपुर का है। लड़का और लड़की दोनों एक ही समाज के हैं, और दोनों केशवपुर के ही रहने वाले है। इस पूरे मामले में लड़की की मां, पिता, भाई, मामा और मामा के साले की भूमिका एक पक्षीय नजर आ रही है। लड़के का आरोप है, कि जायदाद





के लालच में उसकी पत्नी की षादी बिना तलाक के कराने की साजिश परिवार के लोग कर रहे हैं, जबकि वह पहले ही लड़की को कह चुका है, कि अगर उसे कहीं और षादी करनी है, तो वह तलाक देने को तैयार है। शादीशुदा होने के बाद भी लड़की का इस तरह अपने पति के विरोध में जाना और पहचानने से ही इंकार करना चर्चा का विषय बना हुआ। अब सवाल उठ रहा है, कि जब लड़का खुद तलाक देने को तैयार है, तो फिर क्यों लड़की की शादी बिना तलाक कराए कराने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सहित पुलिस के आला अधिकारियों को लिखे पत्र में भारत की ओर से टी-20 मैच खेलने और मैन आफ मैच का पुरस्कार पाने वाले केषवपुर निवासी विनय कुमार मिश्र ने बताया कि तत्कालीन डीएम आशुतोष निरंजन ने उसे जिले के क्रिकेट का यूथ आइकान घोषित किया। बताया कि 17 दिसंबर 2019 को केशवपुर की रहने वाली ज्योति मिश्रा से पहले अयोध्या के सिविल कोर्ट में और उसके बाद अयोध्या के आर्य समाज मंदिर में 11 जनवरी 2020 को हुआ। बताया कि षादी कर दोनों सर्टिफिकेट उसके पास है, और उसने पुलिस के आला अधिकारियों को दिया भी। बताया कि ज्योति के मामा हेमंत मिश्र उनके साले सुरेष कुमार उपाध्याय, ज्योति की नानी षकुंतला, नाना हनुमान षरण उनकी मम्मी प्रेमलता और भाई अमन पांडेय तथा ज्योति का पुरुष मित्र षिवम पांडेय हमपर तलाक लेने का दबाव बना रहे है। बताया कि उक्त सभी लोग मिलकर मेरी हत्या करवाने और फर्जी मुकदमें में फंसाना चाहते है। बताया कि यह पत्र आठ सितंबर 22 को लिखित में सीएम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, डीआईजी बस्ती मंडल और एसपी को दिया जा चुका है। बताया कि फर्जी मुकदमें में फंसाने की बात लिखकर देने के बावजूद परसरामपुर पुलिस ने इतना आवश्यक नहीं समझा कि मुकदमा दर्ज करने से पूछताछ तो कर लेते। बताया कि होना तो यह चाहिए था, कि मेरे द्वारा पहले दिए गए आवेदन पर पुलिस को मुकदमा दर्ज करना चाहिए था, मगर पुलिस ने एक भी नहीं सुनी और पैसे वालों के दबाव में आकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। सवाल करते है, कि क्या कोई पति तीन साल बाद अपनी पत्नी को छेड़ेगा। कहते हैं, कि मेरी माता कृष्णा देवी 35 साल तक गांव की प्रधान रही और पिता रिटायर टीचर है। कहते हैं, कि मुझे बराबर वाट्सअप और फोन के जरिए धमकी दी जा रही है। क्रिकेट ग्राउंड पर पहुंचकर जान से मारने की धमकी दी गई। जब उनसे यह पूछा गया कि षादी के बाद दोनों क्यों नहीं साथ-साथ रहे थे, पर कहा कि यह हम दोनों का फैसला था, कि पहले हम दोनों अपने कैरियर पर ध्यान देगें उसके बाद जब दोनों परिवार राजी हो जाएगें तो आर्षीवाद ले लेगें, चूंकि लड़की पढ़ रही थी, और उसे भी खेलने के लिए अक्सर बाहर जाना पड़ता था, इस लिए हम दोनों ने यी निर्णय लिया कि बाद में सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार षादी कर लेगे। कहते हैं, कि अगर उसे यह मालूम होता तो वह अपनी पत्नी को कभी गांव नहीं भेजता और उसे साथ में रखता। कहा कि दूसरी षादी सिर्फ जायदाद के लिए कराने की साजिष हो रही है। कहते हैं, कि आज भी वह ज्योति के लिए तलाक देने को तैयार हैं, मगर कम से कम लड़की और उसके परिवार को कहना ही होगा।

# पीएम पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का समापन



प्रदर्शनी का अवलोकन करते कमिश्नर पायनियर

**संवाददाता। बस्ती**

**प्रधानमंत्री** के जीवन चरित्र एवं उनके द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की चित्र प्रदर्शनी का टाउनक्लब में अवलोकन करके जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, मंडलायुक्त गोविंदराजू एन.एस. तथा डीएम प्रियंका निरंजन के द्वारा समापन किया गया।

चित्र प्रदर्शनी में चेहरों पर लौटी मुस्कान किसानों का बढ़ाया मान, मिला स्वच्छ जल बेहतर हुआ कल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण देश का किया नवनिर्माण, धुआ से मिली निजात आई खुशियों की सौगात, टीकाकरण का दिखा असर आसान हुई जीवन की डगर, स्वास्थ्य सुरक्षा का रखा ध्यान बहू-बेटियों का बढ़ाया सम्मान, दूर हुआ अंधियारा घर-घर फैला उजियारा, मिला स्वच्छ जल बेहतर हुआ कल, उज्जवला योजना, एक ग्रिड एक राशन कार्ड, एक राष्ट्र, एक कर एक बाजार किट द्वारा विकास कार्यो को प्रदर्शित किया गया है, जो नये भारत की झाकी प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर निर्धारित हो रहा पथ स्वतंत्र भारत के 100 वर्ष, देशभक्ति की शक्ति, गॉव एक तो लोगों में भेद क्यो, शिक्षा का एक नया अध्याय, मां से मिला ईमानदारी का संस्कार, कर्म के प्रति समर्पण, एक संविधान, आजकल एक रूपये में क्या मिलता है, स्टार्ट अप इंडिया, युवाओं को रोजगार, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, किसान समृद्ध होता है तो भारत समृद्ध होता है, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, बचपन पाठशाला से, गॉव वही पहचान नई किट द्वारा प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व को प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर चेम्बर्स आफ इंडस्ट्री के अध्यक्ष अशोक सिंह, महासचिव हरिशचन्द्र शुक्ला, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी पी.एम. सिंह, जगदीश शुक्ला, लाइब्रेरियन अमित शुक्ला, उद्यमी अनिल सिंह रैंकवार, मो. लतीफ प्रहलाद, वीरेन्द्र मिश्रा, परमेश्वर शुक्ला, सरोज मिश्र, अर्जुन उपाध्याय, अमीर चन्द्र गुप्ता, रघुनाथ सिंह उपस्थित रहें।

## सीएम ने उड़न खटोला से जाना बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हाल

**बस्ती।** मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों हर्रैया तहसील के दुबौलिया ब्लाक में सुविखाबाबू, विशुनदासपुरा, चांदपुर कटरिया, टेढवा आदि गांव का हवाई सर्वेक्षण किया। बंधे पर उप जिलाधिकारी हर्रैया गुलाबचंद, तहसीलदार इंद्रमणि त्रिपाठी, बीडीओ एसपी सिंह, थानाध्यक्ष दुबौलिया विनोद कुमार, बाढ़ खंड के अवर अभियंता जितेंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी हर्रैया ने बताया कि तहसील के दुबौलिया ब्लाक के सुविखाबाबू गांव में 86, विशुनदासपुरा में 36, तथा टेढवा में 50 परिवारों को राहत सामग्री का पैकेट वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कुल 12 बाढ चौकी, 30 शरणालय, 04 राहत केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां पर राजस्व, ग्राम विकास, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, पशु चिकित्सा, आपूर्ति आदि विभागों के कर्मचारी तैनात हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में नदी का जलस्तर घट रहा है। इस वर्ष बरसात में अधिकतम 84.62 मीटर नदी का जलस्तर रहा है, जबकि नदी का डेंजर लेवल 83.64 मीटर है। वर्तमान में 81.93 मीटर जल स्तर है जो चेतावनी बिंदु 82.64 मीटर से कम हैं।

# प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देनाः कमिश्नर

● फर्नीचर एंव सिरका व्यवसाय के लिए 25 लाख तक का अनुदान उपलब्धः डीएम

● ऐसी प्रदर्शनी अन्य क्षेत्रों में भी लगनी चाहिएः अध्यक्ष

**संवाददाता। बस्ती**

**वोकल** फॉर लोकल के माध्यम से जिला स्तर पर लोगों को स्थानीय उत्पादों और व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए 'एक जिला एक उत्पाद' प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, मंडलायुक्त गोविंदराजू एन.एस. तथा प्रियंका निरंजन ने फीता काटकर एंव दीप प्रज्ज्वलित करके आचार्य रामचन्द्र शुक्ल मेमोरियल पुस्तकालय, टाउनक्लब में किया। प्रत्येक स्टाल पर जाकर उत्पादों को देखा तथा उसकी सराहना किया। उल्लेखनीय है कि 24 जनवरी 2018 से प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना में फर्नीचर एवं सिरका उत्पाद को चुना गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने जनपद वासियों से



एक जिला एक उत्पाद का अवलोकन करते कमिश्नर पायनियर

अपील किया कि प्रदर्शनी में पहुंचकर अपने जनपद के उत्पाद फर्नीचर, सिरका, रेडीमेड कपडे, खिलौने को खरीदकर जनपद के उत्पाद को प्रोत्साहित करें। उन्होने कहा कि ऐसी प्रदर्शनी जिले के अन्य क्षेत्रों में लगायी जानी चाहिए ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होने कहा कि बस्ती जिले में उत्पादित सिरके की एक अलग ही पहचान है। यह उत्पाद आसपास के जिलों एंव अन्य राज्यों में निर्यात किया जाता है। मण्डलायुक्त गोविंदराजू एन.एस. ने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढावा देना है। उन्होने बताया कि जिले के महत्वपूर्ण उत्पाद जैसे-फर्नीचर, सिरका, रेडिमेड कपड़े की प्रदर्शनी लखनऊ, दिल्ली हाट तथा सूरजकुण्ड मेला में भी लगायी जाती है, जिससे की उद्यमियों को बाजार मिल सके। कहा कि एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत उद्यमियों को बैंक के ऋण, अनुदान, विद्युत एवं अन्य विभागीय सुविधाए उपलब्ध करायी जाती है। जनपद में परसरामपुर ब्लाक के सिकन्दरपुर में लगभग 80 इकाईया स्थापित है, जिनके द्वारा कलात्मक एवं घरेलू उपयोग के फर्नीचर बनाये जाते है। इसमें कुर्सी, मेज, बेड, सोफा, सिंगारदान, डयानिग टेबुल, खिड़की, दरवाले बनाये जाते है। इसके अलावा हर्रैया में सिरका का उत्पादन किया जाता है, जिसमें लगभग 250 लोग रोजगार प्राप्त कर रहे है। इसके लिए जिले में गन्ना कच्चा माल के रूप में उपलब्ध है। सिरका औषधीय गुड के रूप में जाना जाता है। डीएम ने कहा कि फर्नीचर एंव सिरका व्यवसाय के लिए रू0 25 लाख तक 25 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। योजना के प्रारम्भ से अब तक 88 व्यक्तियों को रू0 7.56 करोड़ बैंक ऋण दिलाया गया है। 775 व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान कर टूलकिट दिया गया है। जिला अध्यक्ष महेश शुक्ला ने कहा कि प्रदर्शनी में खरीददारी करते हुए फोटो/वीडियो मीडिया, सोशल मीडिया और नमो ऐप पर डालें, जिससे एक जिला एक उत्पाद में अपना जनपद प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त कर सके। कार्यक्रम का संचालन महासचिव हरीशचन्द्र शुक्ला ने किया। इस प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप ने बताया कि यह प्रदर्शनी 25 सितम्बर तक टाउनक्लब में रहेंगी। उन्होने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर चेम्बर्स आफ इंडस्ट्री के अध्यक्ष अशोक सिंह, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी पी.एम. सिंह, जगदीश शुक्ला, रामचरन चौधरी, रोली सिंह उद्यमी अनिल सिंह रैंकवार, मो. लतीफ प्रहलाद, वीरेन्द्र मिश्रा, परमेश्वर शुक्ला, सरोज मिश्र, अर्जुन उपाध्याय, अमीर चन्द्र गुप्ता, रघुनाथ सिंह, अरविन्द्र श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अनिल पाण्डेय, मल्लू काका उपस्थित रहें।

# एक जनपद-एक उत्पाद की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का डीएम ने किया शुभारम्भ

● 'वोकल फार लोकल' उत्पादकों का जिलाधिकारी ने बढ़ाया हौसला

**संवाददाता। संतकबीरनगर**

**जिलाधिकारी** प्रेम रंजन सिंह ने प्रधानमंत्री के उद्घोष 'वोकल फार लोकल' कॉन्सेप्ट पर आधारित प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन/शुभारम्भ किया। जनपद के स्थानीय मैरेज हाल में शुक्रवार को जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में 'एक जनपद एक उत्पाद' (ओडीओपी) सहित स्थानीय स्तर के उत्पादकों द्वारा स्टॉलों के माध्यम से अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। नवागत जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने प्रदर्शनी में लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन करते हुए स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों की सराहना किया तथा कहा कि जनपद में ओ0डी0ओ0पी0 के तहत चिन्हित उद्योगों जैसे-पीतल के वर्तन, होजरी सहित अन्य स्थानीय उद्यमियों को योजनाओं के माध्यम से हर सम्भव लाभ दिलाया जायेगा तथा उनके उत्पादों के उचित मूल्य हेतु स्थानीय स्तर पर बाजार एवं प्रचार-प्रसार की भी व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने ई-मार्केटिंग प्लेटफार्म के माध्यम से भी ग्लोबल मार्केट में उत्पादों को लॉन्च



प्रदर्शनी का अवलोकन कर जानकारी लेते नवागत जिलाधिकारी पायनियर

किये जाने सम्बधी व्यवस्था बनाये जाने का भी सुझाव दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अभय कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र, नगर पंचायत अध्यक्षा मगहर श्रीमती संगीता वर्मा, अध्यक्ष उ0प्र0 इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन अरविंद पाठक, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती सुनीता अग्रहरि, उर्मिला त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष भाजपा सुधांसु सिंह, औद्योगिक/व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारीगण, उद्यमीगण, बबलू गुप्ता (शासन द्वारा नामित जि0उ0ब0 सदस्य), परियोजना निदेशक, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 जीशान रिजवी, जिला उद्यान अधिकारी संतोष दूबे, श्रम परिवर्तन अधिकारी मो0 अब्बास, डीएम ओ0एस0डी0 बलदाऊ जी शर्मा, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# घर के अन्दर महिला का शव बरामद, एसपी ने घटना स्थल का लिया जायजा

**संवाददाता। संतकबीरनगर**

**बीती** रात को दुधारा थाना क्षेत्र के डिगेश्वरनाथ (डिघवा) में 28 वर्षीय महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में छत की कुंडी से लटकता हुआ मिला घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने भी मामले का बारीकी से जांच किया। तो वही मृतका के पिता हरिप्रसाद पुत्र जैश्री निवासी जखनी थाना कोतवाली बस्ती के तहरीर पर पति विकास, देवर बृजेश कुमार,ननद कुसुम के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। बस्ती



घटना स्थल पर पूछताछ करते पुलिस अधीक्षक

कोतवाली के गांव जखनी निवासी हरी प्रसाद पुत्र जयश्री ने मुकामी पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा है कि मृतका सावित्री देवी की शादी 15 जून 2019 को विकास पुत्र जवाहर लाल निवासी डिगेश्वरनाथ डिघवा के साथ किया गया था। शादी के बाद से लड़की को प्रताड़ित करते थे। देवर बृजेश कुमार, पति विकास व ननद कुसुम द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। गत 22 सितंबर 2022 को उपरोक्त द्वारा प्रताड़ित किया गया। उसके उपरांत लड़की सावित्री देवी बस्ती रेलवे स्टेशन गई थी जहां पर उसका पति सही से रखने हेतु लाया था। मेरी पुत्री का शव घर पर मिला। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 390/22 धारा 498ए, 304बी, 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# एक जनपद एक उत्पाद प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**संवाददाता। श्रावस्ती, भिनगा**

**वोकल** फॉर लोकल के माध्यम से जिला स्तर पर लोगों को स्थानीय उत्पादों और व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए एक जनपद एक उत्पादष् प्रदर्शनी का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टाल का जिलाधिकारीए मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक कुंवर पंकज ने अवलोकन कर जायजा लिया। आयोजित प्रदर्शनी का प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व सांसद पद्मसेन चौधरी व जिलाध्यक्ष बीजेपी महेश मिश्रा ओम ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रत्येक स्टाल पर जाकर उत्पादों को देख उसकी सराहना किया। इस अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में जनपद वासियों से अपील किया कि प्रदर्शनी में पहुंचकर अपने जनपद के



कलेक्ट्रेट के तथागत हाल में लगी प्रदर्शनी पायनियर

उत्पाद फर्नीचरए खिलौने को खरीदकर जनपद के उत्पाद को प्रोत्साहित करें। उन्होने कहा कि इस जनपद में ष्एक जनपद एक उत्पादष् के तहत फर्नीचर उद्योग एवं ट्राइवल क्राफ्ट वुडेन फर्नीचर को बढावा दिया जा रहा है। जिससे निश्चित ही इससे लोगों को लाभ मिलेगा। इस प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त उद्योग अरविन्द कुमार भास्कर ने बताया कि यह प्रदर्शनी 25 सितम्बर तक तथागत हाल में लगी रहेंगी। उन्होने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रमए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद शुक्लाए पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर दयाल पाण्डेयए पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैरातीए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमन सिंहए महामंत्री दिवाकर शुक्लाए उपजिलाधिकारी रोहितए उद्योग व्यापार के जिलाध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता व अधिकारीए कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रक कंटेनर में लदे झाड़ूओं के बीच से 1 करोड़ 39 लाख का विदेशी सिगरेट बरामद

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने मीडिया सेल के माध्यम से बताया है कि शुक्रवार को एसओजी टीम व थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा टेमा रहमत चौराहे के पास से एक कंटेनर रजि0नं0 आर0जे0 07 जी0डी0 6317 से झाड़ूओं के बीच में छुपाकर रखे 47 बोरी एस्से लाइटस (कोरिया निर्मित) में 13,40,000 पीस सिगरेट प्रति पीस 10 रु0 ( कुल मूल्य 1,34,00,000 रु0) एवं 10 गत्तों विन ( चीन निर्मित) में 1,00,000 पीस सिगरेट प्रति पीस 05 रु0 ( कुल मूल्य 5,00,000 रु0) के साथ 02 अभियुक्तों कमलेश गोदारा पुत्र जगदीश गोदारा ( मालिक व ड्राइवर) जे0 नारायण स्वामी ( खलासी) निवासीगण जेतासर तहसील डूणगढ़ जनपद बीकानेर राजस्थान को ट्रक कन्टेनर व 9050 किलोग्राम फूल झाडू ( मूल्य 4,56,120 रु0) के साथ बरामद करते हुए सीमा शुल्क निवारण मण्डल गोरखपुर ( कस्टम ) को अन्य विधिक कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया।

# एसपी ने विवेचकों के साथ बैठक कर लम्बित विवेचनाओं की प्रगति की ली जानकारी

**संवाददाता। संतकबीरनगर**

**पुलिस** अधीक्षक सोनम कुमार ने बृहस्पतिवार की देर रात्रि रिजर्व पुलिस लाइन सभागार पर जनपद के समस्त विवेचकगणों के साथ गोष्ठी कर लम्बित विवेचनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। पुलिस अधीक्षक ने थानों पर 06 माह से अधिक समय से लम्बित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये लम्बित होने के कारण की समीक्षा की गई एवं अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने को लेकर सख्त हिदायत देते हुए विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने तथा क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। विवेचकों को भविष्य में विवेचनाओं के प्रति लापरवाही एवं शिथिलता न बरतने हेतु चेतावनी दी गई व प्रभारी निरीक्षक को अपने अधीनस्थ



नियुक्त समस्त विवेचकों के विवेचनाओं की निरंतर समीक्षा कर विवेचनाओं का समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया । गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्रीमती दीपांशी राठौर सहित पुलिस आकिारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्रीमती दीपांशी राठौर की उपस्थित में वादियों से संवाद स्थापित किया गया। वादी संवाद के दौरान सर्किल धनघटा अन्तर्गत पंजीकृत मुकदमा वादियों से सीधे संवाद स्थापित किया गया एवं मुकदमा संबंधी मामलों में वादीगणों को विवेचना की प्रगति से अवगत कराते हुए निष्पक्ष कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया गया। पुलिस अधीक्षक ने विवेचको को अतिशीघ्र गुण-दोष के आधार पर विवेचनाओं के निस्तारण करने हेतु विवेचकों को सख्ती के साथ चेताया कि हर हाल में जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाले आगंतुकों के साथ शालीनता पूर्वक विनम्र व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल उन पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

## जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिषद की बैठक सम्पन्न

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व सेनानी परिषद के मंत्री एवं कार्यवाहक अध्यक्ष ने जिलाधिकारीए मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को राधाकृष्ण की प्रतिमाए पुष्पगुच्छ देकर एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सेनानी परिषद के पदाधिकारियों एवं जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारियों से उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। बैठक में मंत्री रमेश कुमार मिश्रा एवं कार्यवाहक अध्यक्ष यदुनाथ प्रसाद यादव द्वारा जिले के ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जिन्होने स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन में अपना योगदान दिया है। उनके योगदान से सम्बन्धित पुस्तिका का प्रकाशन कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने की मांग की गई।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 24 सितम्बर 2022



# 'युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पित है मोदी-योगी सरकार'

## ● सांसद ने किया वोकल फार लोकल उत्पादों की प्रदर्शनी का शुभारम्भ

संवाददाता। चित्रकूट



**देश** के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाडा के तहत वोकल फार लोकल योजना के तहत क्षेत्रीय उत्पादों की प्रदर्शनी का शुभारम्भ सांसद आर के सिंह पटेल ने मन्दाकिनी उत्सव भवन में कर कहा कि कैसे लोग आत्मनिर्भर बनें। लोगों को क्षेत्र में ही रोजगार मिले और कैसे उनकी आमदनी बढे। शुक्रवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने क्षेत्रीय उत्पादों की प्रदर्शनी का शुभारम्भ कर कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों में निर्मित क्षेत्रीय वस्तुओं की पहचान कर उनके निर्माण व बिक्री को बाजार कैसे उपलब्ध हो। इसके लिए अलग-अलग ढंग से प्रचार किया जा रहा है। सब लोगों को स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना चाहिए, ताकि क्षेत्रीय उद्योग का बढावा मिल सके। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि देशी उत्पादों को बढावा मिलने से लोगों को रोजगार मिलेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि लोकल वस्तुओं की पहचान धीरे-धीरे खो रही है। विदेशी वस्तुओं का जाल देश के बाजार में बिछा है। देव त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना से खुद की बेरोजगारी दूर लोगों को रोजगार दे सकते हैं। नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के परिप्रेक्ष में वोकल फार लोकल को बढावा दिया जायेगा।

## बिदोखर के राम जानकी मंदिर में गिरी आकाशीय बिजली

**सुमेरपुर ( हमीरपुर )।** क्षेत्रीय ग्राम बिदोखर पुरई में गुरूवार की रात करीब 2 बजे आकाशीय बिजली तगिरने से देवी तलैया के पास स्थापित रामजानकी मंदिर की आगे के हिस्से की एक दीवार जमींदोज हो गई । जिससे मंदिर की भव्यता क्षीण हो गई है। इसी तरह ग्राम खडेही जार में बिजली गिरने से एक भैंस की मौत हो गई।

मंदिर के पुजारी रणविजय सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात तेज गर्जना के साथ रुक कर बारिश हो रही थी, उसी बीच आकाशीय बिजली मंदिर की दीवार पर जा गिरी तो मन्दिर के मुख्य गेट के आगे की दीवार मलबे में तब्दील हो गई, उन्होंने बताया कि मदिर के मुख्य कक्ष जहां राम लक्ष्मण जानकी आदि की मूर्तियां विराजमान हैं उसी के आगे मलबा जमा होने से पूजा अर्चना बाधित हो गई है।

# शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के विरूद्ध करें कड़ी कार्रवाई: अभिषेक आनंद

## ● सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने कसे परिवहन अधिकारियों के पेंच



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला ने बताया कि सड़क सुरक्षा को प्रमुख चौराहों में सिग्नल व्यवस्था, जेब्रा क्रासिंग, फुटपाथ चिन्हांकन, ब्लैक स्पाट आदि की व्यवस्था की जानी है। हेलमेट और सीटबेल्ट, मोबाइल फोन, ड्राइविंग, ओवरस्पीड और लोडिंग मॉडीफाइड सायलेंसर के खिलाफ कार्यवाही की जानी है। शुक्रवार को कलेक्टेज्ट सभागार में सडक सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी को सीओ यातायात एसपी सोनकर ने बताया कि जिले में 23 ब्लैक स्पाट चिन्हित हैं। अधिशाषी अभियंता लोनिवि प्रान्तीय खण्ड सत्येन्द्र नाथ ने बताया कि 12 ब्लैक स्पाट पर कार्य हो चुका है। 11 जगहों पर कार्य कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने एक्सईएन लोनिवि को निर्देश दिये कि प्रान्तीय खण्ड, निर्माण खण्ड तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से सम्पर्क कर चिन्हित ब्लैक स्पाट में चिन्हों की व्यवस्था करें। पुलिस क्षेत्राधिकारियों तथा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि बिना हेलमेट, सीटबेल्ट, मोबाइल फोन, शराब पीकर गाडी चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को स्कूल बसों की सूची देकर विद्यालय में नोटिस जारी करायें।

## क्विक न्यूज

### आईओ की लापरवाही से कोर्ट से बरी हुआ हत्यारोपी, कार्रवाई के आदेश

**हमीरपुर।** बिवार क्षेत्र में पांच साल पहले डबल मर्डर केश में विवेचना अधिकारी(आईओ) की लापरवाही से आरोपी के बरी हो जाने पर जनपद न्यायाधीश ने आईओ के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने को एसपी से कहा है। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2017 में क्षेत्र के सायर गांव में दोनो पक्षो से हुये विवाद में दो लोगों की मृत्यु हो गयी थी जिसमे सायर गांव के बलबीर व मुन्ना पट्टीदार को अभियुक्त बनाया गया था। इस मामले की विवेचना दारोगा प्रदीप कुमार यादव कर रहे थे जो इस समय चित्रकूट जिले में नियुक्त है। विवेचना में लापरवाही बरतने व साक्ष्यों के अभाव में आरोपी बलबीर को स्थानीय अदालत ने रिहा कर दिया इस पर जिला जज ने नाराजगी जाहिर करते हुये एसपी को पत्र लिखकर कहा है कि आईओ के खिलाफइस मामले में 28 सितम्बर तक कड़ी कार्यवाही की जाये। एडीएम सुरेन्द्र कुमार ने जनपद न्यायाधीश के आदेश का हवाला देते हुये एसपी शुभम पटेल को पत्र लिखा है। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

### सीडीओ ने मनरेगा कार्यों का भौतिक सत्यापन किया

**जालौन (उरई)।** मनरेगा में मजदूरी की उपस्थिति प्रतिदिन चढ़ाई जाए। मनरेगा के कार्य का विवरण साइट पर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। यह निर्देश सीडीओ ने मनरेगा के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों के भौतिक सत्यापन के दौरान अधीनस्थों को दिए। सीडीओ अभय कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मांडरी, गायर, हरकौती, छानी खास, धंतौली, छिरिया सलेमपुर, हरदोई राजा आदि गांवों में मनरेगा के अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन किया। उक्त गांवों में 15 स्थानों पर कार्य चलता हुआ मिला। जिसमें 5 जगहों पर पुराने कार्यों को कराया जा रहा था। जबकि अन्य स्थानों पर नए कार्य होते हुए मिले। कुछ साइटों पर कराए जा रहे कार्यों का विवरण पीवीसी बोर्ड पर अंकित नहीं मिला। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि साइट पर कराए जा रहे कार्य का संपूर्ण विवरण पीवीसी बोर्ड पर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मनरेगा से संबंधित कार्यों के रजिस्टर भी उन्होंने हर समय अपडेट रखने के निर्देश दिए। कार्यों की स्थिति को उन्होंने एरिया इंस्पेक्शन एप के माध्यम से भी देखा। एप पर कार्य का विवरण मिलने पर उन्होंने संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश देकर कहा कि श्रमिकों के जॉब कार्ड हमेशा अपडेट रहें इसका ध्यान रखा जाए एवं जॉब कार्ड श्रमिकों के पास ही होना चाहिए। साथ ही उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में 25-25 श्रमिकों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उसमें सभी प्रकार की जानकारी अपडेट करते रहने के भी निर्देश दिए।

### महुबुलिया पर्व में पितरों के तर्पण का काम करती है लड़कियां

**मौदहा (हमीरपुर)।** बुंदेलखंड में महबुलिया प्रथा में बदलाव कर यहां लड़किया पितरो के तर्पण का काम अनूठे ढंग से करती है। महबुलिया एक ऐसी अनूठी परंपरा है, जिसे घर के बुजुर्गों के स्थान पर छोटे बच्चे मनाते है। समय में बदलाव के साथ हालांकि अब यह परम्परा गांवों तक ही सिमट चली है। बुंदेलखंड में लोक जीवन के विविध रंगों में पितृपक्ष पर पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और समर्पण का भी अंदाज जुदा है। पुरखों के तर्पण के लिए यहां पूजन अनुष्ठान श्राद्ध आदि के आयोजनों के अतिरिक्त बच्चों (बालिकाओं) की महबुलिया पूजा बेहद खास है। जो नई पीढ़ी को संस्कार सिखाती है।पूरे पंद्रह दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में गोधूलि वेला पर हर रोज पितृ आवाहन ओर विसर्जन के साथ इसका आयोजन सम्पन्न होता है। इस दौरान यहाँ के गांवो की गलियां तथा चौबारे बच्चों की मीठी तोतली आवाज में गाये जाने वाले महबुलिया के पारम्परिक लोक गीतों से झंकृत हो उठते है। समूचे विध्य क्षेत्र में लोकपर्व का दर्जा प्राप्त महबुलिया की पूजा का भी अपना अलग ही तरीका है। बच्चे कई समूहों में बंटकर इसका आयोजन करते है। महबुल को एक कांटेदार झाड़ में रंग बिरंगे फूलों और पत्तियों से सजाया जाता है। विधिवत पूजन के उपरांत उक्त सजे हुए झाड़ को बच्चे गाते बजाते हुए गांव के किसी तालाब या पोखर में ले जाते है जहां फूलों को कांटो से अलग कर पानी मे विसर्जित कर दिया जाता है।

### मूविन अब 28 शहरों में

**कानपुर।** यूपीएस और इंटरग्लोबल एंटरप्राईज़ेस के बीच संयुक्त उपक्रम के साथ इस साल मई में लॉन्च किए गए लॉजिस्टिक्स ब्रांडए मूविन ने टियर 1 और टियर 2 बाजारों में 28 शहरों तक अपने नेटवर्क का विस्तार करने की घोषणा की है। इस सामरिक विस्तार के तहतए मूविन देश में अपने हब्स की स्थापना भी करता जा रहा है, जिसमें से सबसे नया हब भिवांडी, महाराष्ट्र में स्थापित किया गया है। मूविन 2023 की पहली तिमाही तक और ज्यादा क्षेत्रीय केंद्र शुरू करने की अपनी कार्ययोजना के तहत 10 और हब्स विकसित करने की योजना बना रहा है। इससे इसकी प्रस्तुतियों का विस्तार होगा और बी2बी लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में लगातार बढ़ते अवसर का लाभ उठाने की इसकी क्षमता बढ़ेगी। जेबी सिंह डायरेक्टर इंटरग्लोब एंटरप्राईज़ेस एवं बोर्ड मेंबरने विस्तार से यह जानकारी दी।

### आपदा में अवसर तलाशना शुरू किया नगर पंचायत के भावी प्रत्याशी

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा क्षेत्र में पिछले दो दिनों तक हुई तेज बारिश में जहां लोगो के घरों में पानी भर जाने से लोग परेशान है वही जल्द ही होने वाले नगर निकाय चुनाव के करीब दो दर्जन प्रत्याशियों ने इसे मौका समझ असहाय बेघर हुए लोगो को राहत सामग्री सहित लंच पैकेट आदि बटवाना शुरू कर दिए है। लगभग दो माह उपरांत नगर निकाय के चुनाव होने की उम्मीद में कस्बे में चेयरमैन सहित वार्ड मेंबरों के चुनाव के चुनाव में अपने को प्रत्यासी साबित कर रहे लोगो ने बेसहारा हुए लोगो की ध्यान से सुध लेना शुरू कर दिया है और राहत सामग्री सहित लंच आदि के पैकेट भी बांटना शुरू कर दिए है। फिलहाल बेसहारा लोगो को राहत मिल रही है बाकी समय आने पर पता चलेगा कि लोगो को किसके लंच पैकेट का स्वाद रास आता है। पानकुमारी पत्नी मुरलीधर ने बताया कि बरसात के पानी घर में भर जाने से उसका कच्चा मकान गिर गया है। जिससे गृहस्थी का सामान दब गया है। रहने की व्यवस्था नही हो पा रही है।कस्बे में नाला किनारे बसी बस्ती में सैकड़ों मकान पानी भर जाने से जमीदोज हो गए हैं। लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिक बरसात होने से लोगो का हाल बेहाल हैं। अभी तक शासन से सहायता भीनही मिल पा रही है। कस्बा निवासी बशीर मोहम्मद ने बताया कि बरसात का पानी सीमेंट की दुकान में भर जाने से 300 बोरी सीमेंट खराब हो गई है। इस में दो दिन तक पानी भरा रहा था। आज खाली हुआ है।

### मानसिक विकारों से ग्रसित मरीजों और तीमारदारों की हुई काउंसिलिंग

**हमीरपुर।** जनपद में चल रहे राष्ट्रीय अल्जाइमर डिमेंशिया जागरूकता सप्ताह के तहत शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कम्हरिया स्थित एक धार्मिक स्थान पर जागरूकता शिविर लगाया। इस मौके पर लोगों को बताया गया कि मानसिक विकारों से ग्रसित मरीजों के लिए जितनी दुआ की आवश्यकता है उतना ही दवा भी जरूरी है। इसकी अनदेखी करने से समस्या बढ़ सकती है। । स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव-गांव भ्रमण कर लोगों को मानसिक विकारों के प्रति जागरूक कर रही है। शुक्रवार को जिला अस्पताल की साइको थेरिपिस्ट डॉ.नीता, कम्युनिटी नर्स प्रगति गुप्ता ने मानसिक विकारों के प्रकारों के पंफलेट वितरित किए गए। साथ ही इनसे बचाव के लक्षणों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मरीजों और उनके तीमारदारों को बताया गया कि मानसिक रोग न तो कलंक हैं और न ही विचित्र हैं। यह एक प्रकार का विकार है, जो नियमित उपचार से ठीक हो जाता है। डॉ.नीता ने बताया कि एक दर्जन से अधिक मानसिक मरीजों को कानपुर में उपचार कराने की सलाह दी गई। कुछ मरीजों को जिला अस्पताल के मनरूकक्ष में काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया है।

# चार प्रतिद्वंद्वियों को परास्त कर हरीसिंह बार एसोसियेशन अध्यक्ष बने

## ● महामंत्री नरेंद्र पुरोहित, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा ने जीत दर्ज करायी

संवाददाता। कोंच (जालौन)



**बार एसोसिएशन** कोंच के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में शुक्रवार को भारी गहमागहमी के बीच शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ जिसमें सर्वाधिक प्रतिष्ठित अध्यक्ष पद पर हरी सिंह निरंजन विजयी रहे। उन्होंने अपने चार प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त देकर यह पद अपने नाम कर लिया। उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र कुशवाहा तथा महामंत्री पद पर नरेंद्र पुरोहित गुरु विजयी रहे। इसके अलावा कार्यकारिणी के अन्य पदों पर पहले ही निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हो गया था। कोंच बार एसोसिएशन के सालाना चुनाव में शुक्रवार को वोट डाले गए जिसमें 217 के सापेक्ष 210 वकीलों ने वोट डाले। ऐल्डर्स कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश कुमार मिश्रा, सदस्य संतोष अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार लिटौरिया की देखरेख में चली निर्वाचन प्रक्रिया में मुख्य चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश अग्रवाल (प्रथम) व चुनाव अधिकारियों केके श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह गुर्जर, रामवीर सिंह गुर्जर, रामबिहारी दुवे, अरुण कुमार वाजपेयी, शशांक मोहन श्रीवास्तव द्वारा शुक्रवार सुबह 10 बजे से मतदान शुरू करा दिया गया था। हालांकि शुरू में मतदान की रफ्तार काफी धीमी रही लेकिन दोपहर बाद इसमें तेजी आई और निर्धारित समय 4 बजे तक करीब 97 फीसदी मतदान हुआ, 217 के सापेक्ष 210 मतदाताओं ने अपने वोट डाले। यद्यपि अधिकांश पदों पर पहले ही निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हो गया था लेकिन सर्वाधिक प्रतिष्ठित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष (दस वर्ष से कम) तथा महामंत्री पद पर मतदान की स्थिति नहीं टल सकी थी। अध्यक्ष पद पर पांच प्रत्याशी राकेश कुमार तिवारी, रामशरण सिंह, तेजराम जाटव, हरी सिंह निरंजन व राजेंद्र सिंह निरंजन मैदान में होने के कारण मुकाबला काफी दिलचस्प रहा। हरीसिंह निरंजन ने 70 वोट पाकर अध्यक्ष पद अपने नाम कर लिया। तेजराम जाटव को 15, राजेंद्र प्रसाद निरंजन को 47, रामशरण कुशवाहा को 33 तथा राकेश कुमार तिवारी को 40 वोट मिले, 5 मत अवैध रहे। महामंत्री पद पर नरेंद्र पुरोहित गुरु ने आमने सामने की लड़ाई में रामलखन कुशवाहा को 84 वोटों के लंबे अंतराल से शिकस्त देकर अपनी जीत दर्ज कराई। इसी तरह उपाध्यक्ष दस वर्ष से कम के एक पद के लिए सौरभ कुमार द्विवेदी (97) व जितेंद्र कुमार (101) के बीच सीधा मुकाबला था जिसमें जितेंद्र कुमार 4 वोट से विजयी रहे, 2 मत अवैध रहे। विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने जीत की घोषणा होते ही खुशी का इजहार करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से लाद दिया और ढोल नगाड़ों के बीच मिष्ठान्न वितरित किया।

# आगरा में होने वाली दौड़ में शामिल होने गये युवक की करंट से मौत

**कोंच ( जालौन )।** अग्निवीर (सेना भर्ती) के तहत गत रोज गुरुवार को आगरा में होने वाली दौड़ में शामिल होने गये कोंच नगर के एक युवक की विधुत हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो जाने की घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच नगर के मोहल्ला जयप्रकाश नगर निवासी 21 वर्षीय युवा निशांत उर्फ बाबा पुत्र कमल यादव उर्फ कल्लू अग्निवीर सेना भर्ती हेतु गत रोज गुरुवार को आगरा में होने वाली दौड़ में शामिल होने के लिए बुधवार को नगर क्षेत्र के ही करीब आधा सैकड़ा अन्य युवकों के साथ एक प्राइवेट बस से रवाना हुआ था।वहीं अत्यधिक बारिश के चलते दौड़ स्थगित कर दी गई थी जिसके बाद शुक्रवार की अल सुबह करीब 3-4 बजे उक्त सभी युवा बस में सवार होकर वापस लौट रहे थे।बताया जा रहा है कि निशांत बस की छत पर था और भर्ती स्थल के समीप ही माँ वैष्णो होटल के सामने जैसे ही बस पहुंची तभी ऊपर से निकली बिधुत हाईटेंशन लाइन की चपेट में निशांत आ गया और वह गंभीर रूप से झुलस गया।उसके साथी उसे आनन फानन में एसएन इमरजेंसी सेंटर आगरा लेकर गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।वहीं घटना की सूचना मिलते ही परिजन कोंच से आगरा के लिए रवाना हो गये थे।आगरा पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।देर शाम तक शव कोंच नहीं आ सका है।मृतक निशांत एमपीडीसी कॉलिज कोंच से बीए की डिग्री पूरी कर आईटीआई में दाखिला लेने की तैयारी कर रहा था।वह दो भाइयों में छोटा था।उसके पिता खेतीबाड़ी करते हैं।

## अज्ञात कारणों के चलते अधेड़ फांसी पर झूला

**कोंच ( जालौन )।** ग्राम पनयारा में एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनयारा निवासी 45 वर्षीय उत्तम पटेल पुत्र आशाराम घर पर रहकर खेती किसानी करता है जबकि उसका एकमात्र पुत्र 20 वर्षीय अमन दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहा है। घटना के तहत उत्तम ने शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे घर में अकेला मौका पाकर दरवाजे के ऊपर लगे लोहे के वेंटिलेटर के सहारे अंगौछा से फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना के कुछ देर बाद परिजनों ने उत्तम को फाँसी पर झूलता देखा तो चीख पुकार मच गई।घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद सागर चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताया जा रहा है कि मृतक उत्तम गांव में ही एक स्कूल में कुछ वर्षों पूर्व तक पढ़ाता था और फिलहाल वह मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा था।

# ट्रक की टक्कर से लोडर सवार तेल व्यापारी की मृत्यु, दो घायल

## ● सरसों का सात ड्रम तेल सड़क पर फैला

संवाददाता। हमीरपुर

**नगर सीमा** से लगे सजेती क्षेत्र में ड्रमों में सरसो के तेल लेकर जा रहे लोडर को तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तेल व्यापारी की मौत हो गयी। चालक व उसका जीजा बुरी तरह घायल हो गया। दोनो को जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने कानपुर इलाज के लिये रिफर कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक कानपुर देहात क्षेत्र के थाना गजनेर के रठगांव गांव निवासी लोडर चालक उमेश पांडेय पुत्र देवशंकर अपने जीजा राहुल शुक्ला पुत्र शिवचरण शुक्ला निवासी पतारा थाना घाटमपुर व साथी प्रदीप के साथ सुमेरपुर से लोडर में सरसो का तेल लादकर कानपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह यमुना पुल के उस पार पहुंचा। वैसे ही कानपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार खाली ट्रक ने लोडर में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे लोडर की दिशा बदल गई और आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। जिसमें तीनों लोग फंस गए। इस दौरान चालक के साथी प्रदीप(30) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायल उमेश व उसके जीजा राहुल को पुलिस व लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद लोडर से बाहर निकाला जा सका और 108 एंबुलेंस के ईएमटी प्रमोद कुमार व पायलट शिवम द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से दोनों को कानपुर रेफर कर दिया गया।



लोडर से घायलों को निकालती पुलिस — पायनियर

वही घटना के बाद लोडर में लदा सात ड्रम कड़वा तेल हाईवे पर ही फैल गया। जिससे वहां फिसलन हो गई। इस दौरान एक बाइक सवार भी फिसल गया। जिसमें बैठी गर्भवती ममता पत्नी आशीष भी घायल हो गई। महिला पुलिस कर्मियों द्वारा उसे उठाकर सड़क किनारे किया गया

## सीओ घाटमपुर के आदेश से सक्रिय हुई सजेती पुलिस

**हमीरपुर।** यू तो नगर सीमा को लेकर सजेती पुलिस व हमीरपुर पुलिस में अक्सर विवाद होता रहता है आज लोडर व ट्रक की टक्कर में भी हमीरपुर पुलिस मृतक व घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया मगर सजेती पुलिस ने शव को शाम तक अस्पताल से लेने नही आयी। इस मामले में घाटमपुर सीओ तेजबहादुर सिंह ने जब हस्तक्षेप करते हुए सजेती पुलिस को सख्त आदेश दिया तब सजेती पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। यह मामला पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बनी रही है। सीओ घाटमपुर का कहना है कि सजेती पुलिस की जिम्मेदारी पीएम कराने की है क्योकि घटना स्थल सजेती क्षेत्र है।

## आवारा पशु को बचाने के चक्कर में कार पेड़ से टकरायी, चालक घायल

**जालौन ( उरई )।** अन्ना जानवर को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकराई। कार के पेड़ से टकराने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया। शुक्रवार की सुबह पनहरा निवासी आशीष उपाध्याय (35) पुत्र हरीमोहन अपनी अल्टो कार से किसी काम के चलते जालौन आ रहे थे। सूरजपुरा के पास अचानक उनकी कार के सामने अन्ना जानवर आ गया। एक साइड में अन्ना जानवर व दूसरी साइड में बाइक होने के चलते वह कार से अपना संतुलन खो बैठे और उनकी कार सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे को देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों ने पिकअप से कार को खींच कर निकाला एवं कार का दरवाजा तोड़कर कार चालक आशीष उपाध्याय बाहर निकाला। घायल को सीएचसी ले जाया गया।

# मेडिकल एसेसमेन्ट कैम्प में बने 77 छात्र-छात्राओं के दिव्यांग प्रमाण पत्र

## ● बेसिक शिक्षा विभाग ने बीआरसी पहाडी में किया कैम्प का आयोजन

**चित्रकूट।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के अन्तर्गत जनपद के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत् सभी प्रकार के दिव्यांग छात्र/छात्राओं के दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक दिवसीय मेडिकल एसेसमेन्ट कैम्प का आयोजन बी0आर0सी0 पहाडी मे सम्पन्न हुआ। जिसमे 89 नामांकन के सापेक्ष 77 छात्र-छात्राओं का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया एवं 05 को रिफर किया गया। शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद में दिव्यांग छात्र/छात्राओ को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यू0 डी0आई0 डी0 कार्ड बनवाने के लिए एक दिवसीय मेडिकल एसेसमेन्ट कैम्प का आयोजन शुक्रवार को बी0आर0सी0 पहाडी मे किया गया। जिसमे विभिन्न संकुलों एवं ब्लाक के 89 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिनका परीक्षण डा0 संतोष कुमार आर्थोपेडिक सर्जन, (अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, चित्रकूट) के नेतृत्व में डा0 विनोद ई0एन0टी0सर्जन, डा0 रमेश भारती आई सर्जन, डा0 नरेन्द्र पटेल साइकिट्रिशियन, डा0 रिजवाना साइकोलाजिस्ट एवं डा0 शिवशरन सिंह आडियोलाजिस्ट के द्वारा किया गया। जिसमे चिकित्सक दल द्वारा 89 के सापेक्ष 08 वी0आई0, 25 एम0आर0, 11 ओ0एच0, 13 सी0पी0, एवं 20 एच0 आई0 बच्चो सहित कुल 77 छात्र/छात्राओ के प्रमाण पत्र बनाये गये। जबकि 05 बच्चों को उच्च मेडिकल संस्थान में परीक्षण के लिए रिफर किया गया तथा 2 छात्रों को सर्जरी की सलाह दी गयी। मेडिकल कैम्प में खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाडी मिथलेश कुमार, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा संदीप कुमार सिंह, अनिमेष मिश्रा, स्पेशल एजुकेटर गुडिया त्रिपाठी, सुशील पाण्डेय, कमलेश विश्वकर्मा, अनिरूद्ध सिंह, संजय पाण्डेय, चन्द्रकेश, ध्यान सिंह, रेनू, संजय सिंह, उमेश कुमार, राकेश, एवं हरीश कुमार ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

# देश को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने में सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण: डा. नाथ

## ● राजकीय मेडिकल कालेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान

संवाददाता। उरई (जालौन)

**शुक्रवार** को राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई) में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा (एक सप्ताह तक कार्यक्रमों का आयोजन) के तहत प्रधानाचार्य डा. द्विजेन्द्र नाथ के नेतृत्व में मेडिकल कालेज मेन गेट से ओपीडी मुख्य द्वार तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान समस्त स्टाफ ने सफाई करते हुये एकत्रित कूड़े को इकट्ठा कर डस्टबिन में डाला गया। स्वच्छता अभियान में सभी फैकल्टी सदस्यों, नर्सिंग स्टाफ एवं कार्मिकों नें इस सफाई अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

मेडिकल कालेज परिसर में प्रधानाचार्य की अगुवाई में मेन गेट से सफाई करते हुए सभी सदस्य ओपीडी द्वार तक आये। मार्ग में दोनों तरफ कूड़ें को हटाते हुए तथा डस्टबिन में कूड़ा एकत्रित कराते हुए सफाई की गयी। प्रधानाचार्य नें सभी उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का मूल अभिप्राय मात्र औपचारिकता नहीं है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सभी को अपने घर, परिवेश तथा कार्यालय को स्वच्छ बनानें से है। सभी को व्यक्तिगत रूप से स्वयं इसके लिए जिम्मेदारी लेनी होगी। यदि आपका फैलाया गया कूड़ा किसी और को उठाना पड़ रहा है तो यह शर्म की बात है। कूड़ा कचरा ना फैलाना सबकी जिम्मेदारी होनी चाहिए। देश को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनानें में सभी की भागीदारी बहुत ही महत्वपूर्ण है। मच्छरों एवं कीड़ों को मारनें के लिए दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग में मच्छररोधी दवा का छिड़काव करा लें। आयोजन में डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहायक आचार्य, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, डा. चरक सांगवान सहायक आचार्य, फरेंसिक मेडिसिन विभाग, डा. प्रशांत निरंजन चिकित्सा अधीक्षक, डा. सुशील कुमार सहायक आचार्य, सर्जरी विभाग, डा. अरूण अहिरवार सहायक आचार्य, एनेस्थीसिया विभाग डा. जितेन्द्र मिश्रा चिकित्सा अधीक्षक, नर्सिंग स्टाफ से सुश्री सुमन दुबे कार्यवाहक मैट्रन, सुश्री मिलन सिंह स्टाफनर्स, सुश्री ऋतु भाटी स्टाफ नर्स, सुश्री पूर्णिमा शर्मा, सुश्री आकांक्षा भट्ट, सुश्री संगीता यादव, सुश्री शांतिदेवी, सुश्री प्रीती कुमारी इत्यादि, प्रधानाचार्य कार्यालय से अभिषेक दीक्षित स्टेनो, अवधेश श्रीवास्तव लिपिक, रविप्रकाश राय लिपिक सहित समस्त चिकित्सा शिक्षक, नर्सिंग स्टाफ एवं चतुर्थ श्रेणी कार्मिक वार्ड ब्वाय, स्वीपर उपस्थित रहे।




मेडिकल कालेज परिसर की साफसफाई करता स्टाफ — पायनियर